There is however one identifiable fault in these five definitions of Vyapti. All the five Vyapti definitions are not existing in the Saddhetu—Jneyatva[25] which is used to infer Vachyatva (as desribed earlier in the preface). For example in pot, cloth etc., because everywhere the Sadhya (major term) Vachyatva (ability to express in words) is present, so we cannot find Sadhyabhava—(negation of Vachyatva) anywhere. In the Kevalanvayee inference, it is not possible to determine the negation of the Sadhya and hence, the five negation based definitions of Vyapti become inapplicable. In this manner, these five definitions of Vyapti are not acceptable due to the Avyapti error in this enstence.

To avoid this error, the Siddhanta Lakshana or final accepted definition of Vyapti was proposed by Acharya Sh. Gangesha Upadhyaya in the text of the Chintamani. The final definition of Vyapti is given below—

"Pratiyogyasamaanaadhikarana - Hetusamaanaadhikarana - Atyantaabhaava Pratiyogita Anavachchhedako yo

---

25. केवलान्वयिन्यभावात्। व्या0 स0 सा0, चि0, पृ0262
सर्वाण्येव लक्षणानि केवलान्वय्यव्याप्त्या दूषयति- **केलान्वयिन्यभावात्** इति। व्या0 स0 सा0, चि0मा0 पृ0262

Dharmah Taddharmaavachchhinnena yena-kenapi samam Saamaanadhikaranyam." [26]

In other words, we can define this Sidhanta Vyapti as "Hetu-Vyaapaka Saadhya-Saamaanaadhikaranyam." (co-existence in the locus of the Sadhya that is Vyapaka or overcovering of Hetu). In this Siddhanta-Vyapti definition, nowhere is "Sadhyabhava" (negation of Sadhya) mentioned and so it is free from above given Avyapti error in the Kevalanvayee Hetu - Jneyatva.

Concluding the preface, I want to clarify that if we have mastery in Anumanam or the inference process through proper knowledge of texts like the Panchalakshani (Five definitions of Vyapti), then we can achieve our aims in life easily because our every aspect of living is surrounded by Anuman and the cognition of Vyapti.

Even on a daily basis, the omnipresence of the need to perform Anumana and Vyapti is very evident. This can be shown through a simple experience which occurred recently. I bought milk packets from local milk diary in the morning and felt that one of the packets was different to handle from the other three. When I informed the booth-owner that I felt a very minor difference in that packet, he handled the packet and replied that there may be a leakage. This was confirmed when he applied pressure on the packet. At every step of this incident there are numerous instances of Anumana. Applying Anumana properly is an unspoken and necessary aspect of our daily life.

Here, it might be said that even those who are not aware about concepts like Vyapti or Anumana conduct their life properly and are able to use the faculty of inference properly. This observation is right and I wish to add something more. Not only do common people infer in the manner described in sophisticated

---

26. प्रतियोग्यसमानाधिकरणयत्समानाधिकरणात्यन्ताभावप्रतियोगितावच्छेदकावच्छिन्नं यन्न भवति तेन समं तस्य सामानाधिकरण्यं व्याप्तिः। सि0ल0चि0 पृ01

Indian logicial texts, but in this world even animals are able to use the faculty of inference. According to Acharya Shankara, when any cow looks at a man taking green grass in his hand then the cow infers that "this man wants to give me grass". When the same animal sees the man with a stick in hand then the cow infers that "he wants to beat me" and reacts[27] . Accordingly to the Hetu (middle term), the cow comes near to man or goes away from the man.

We would say that there is much difference between man's and an animal's inference. In the same way, we can say that there is an assured difference in the inference process between a common man and a man who is aware about the intricacies of Vyapti and the inference process as detailed in texts like the Panchalakshanee. We should study this text book properly at least once in our life to aid and improve our powers of discrimination.

To make the subject matter available to the common man, a Hindi commentary on the Panchalakshanee has been prepared by the scholars of Nyaya-Vaisheshika and Sarvadarshana Department of the Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit Vidyapitha. I hope that this effort will help students as well as the common man to understand the intent and use of Vyapti and Anumana properly.

It is our great pleasure that with the special effort of our renowned Vice-chancellor, Professor Vachaspati Upadhyaya we

---

27. यथा हि पश्वादय: शब्दादिभि: श्रोत्रादीनां सम्बन्धे सति शब्दादिविज्ञाने प्रतिकूले जाते ततो निवर्तन्ते अनुकूले च प्रवर्तन्ते, यथा दण्डोद्यतकरं पुरुषमभिमुखमुपलम्भ्य मां हन्तुमयमिच्छितीति पलायितुमारभन्ते, हरिततृणपूर्णपाणिमुपलभ्य तं प्रत्यभिमुखीभवन्ति, एवं पुरुषा अपि व्युत्पन्नचित्ता: क्रूरदृष्टीनाक्रोशत: खड्गोद्यतकरान् बलवत उपलभ्य ततो निवर्तन्ते, तद्विपरीतान् (सम्भावनाहस्तान्) प्रत्यभिमुखीभवन्ति। अत: समान: पश्वादिभि: पुरुषाणां प्रमाणप्रमेयव्यवहार:। पश्वादीनां च प्रसिद्ध एव अविवेकपूर्वक: प्रत्यक्षादिव्यवहार:। तत्सामान्यदर्शनात् व्युत्पत्तिमतामपि पुरुषाणां प्रत्यक्षादिव्यवहारस्तत्काल: समान इति निश्चियते। ब्र0सू0शां0भा0 अ01पा0.1. सू.1 पृ0 3-4 समताबुक्स चेन्नई, पुनर्मुद्रणम्- 1999

got this unique opportunity to organise an all India workshop in the Darshan faculty of Shri Lal Bahadur Shastri Rashtriya Sanskrit University with the financial assistance of Indian council of Philosophical Research (ICPR). Upon his directions, we decided to discuss the Vyapti-Panchaka in this workshop. It was also decided in the very starting that we would publish the main text book with the Mathuri commentary of Sh. Mathuranath Tarkavageesha along with a Hindi commentary. In my view our Vice-chancellor is a great visionary. It is our fortune that his visions have become true. This publication is the direct result of his vision. I express my deep gratitude to him and hope that through his inspiring guidance we will be able to achieve greater heights in the coming future.

Without the assistance of our Darshan faculty members, this function and publication would not have been possible. Either as a member or as a leader of different committees, faculty members and officials performed their duty very effectively. I thank all of them for their generous co-operation and convey my best wishes for success in their life.

In our tradition any group discussion or seminar is not possible without the guidance of experienced scholars. We invited two world famous scholars of Navya-Nyaya stream to guide our efforts. Pt. Sh. Vashishtha Tripathi and Pt. Sh. Sudhakar Dixit were invited to lead and traditionally moderate this workshop. We are much obliged by the presence of both in this scholarly meet. All discussions in the workshop were well guided with their clear and firm view based on Shastric and traditional perspectives.

I am sure that to understand the text of Panchalakshanee, a Hindi commentary as published here, will be helpful to my learned readers. I convey my heartiest gratitude to the writers of the Hindi commentary.

For success in such a venture, just as experienced scholars are needed, the presence of young scholars is also very much

necessary. In this workshop more than forty young scholars were present and participated actively in the lively discussions. I express my heartiest thanks to my young friends for their co-operation and hope that their assistance will be available in the future too whenever it is required to promote the Shastras.

I am very grateful to the ‘Indian council of Philosophical Research'. Without their generous financial assistance this event would not have been possible.


I convey my thanks with best wishes to my colleagues Prof. Harerama Triparhi, Prof. Vishnupad Mahapatra, Prof. Mahanand Jha and Prof. Prabhakar Prasad and would like to acknowledge that they assisted me in proof reading and other related works besides writing the Hindi commentary of the second, third, fourth and fifth definitions of Vyapti respectively.

I am very thankful to our University's research and publication department for their assistance in publishing this volume. Specifically I want to mention the name of Prof. Ramesh Kumar Pandeya and Dr. Jnandhar Pathaka who provided their services untiringly.

I got immense co-operation of our dear students not only to organise this workshop but also for effective proof reading. My blessings are with them. I pray to Goddess Saraswati for their bright future. Among these students I want to name Advocate Sh. Krishnan Venkatraman who was always ready to assist me whenever it was required. Studying in the Acharya class of the Nyaya-Vaisheshika department my dear student Siddh Raj Vyas was also ever ready to assist me during this workshop. I wish success for their life too.

I take this opportunity to express my sincere thanks to our Registrar Sh. Bijaya Kumar Mohapatra and his official team for their support. Without their moral and material assistance it would have been most difficult – if at all possible to prepare the present work.

This beautiful publication is the gift of Amar Printing press. This publication agency is serving the cause of Sanskrit dedicatedly for a very long span of time. I hope that this dedication towards Sanskrit will continue in the future too. I thank the owner of this publication agency, Sh. Hiralal ji and pray to Vagdevi for his successful life.



Piyushkant Dixit
Editor

विषय-सूची

प्रथम लक्षण

क्र.सं.	विषय	पृ.सं.
	नैवेद्यम्	v
	PREFACE	xvii
	सङ्केताक्षर-सूची	xlii
1.	व्याप्तिविषयिणी जिज्ञासा	1
2.	व्याप्ति-निरूपण में अनुमानप्रामाण्य से निरूपित उपोद्घात सङ्गति का प्रदर्शन	2
3.	व्याप्तिस्वरूपनिरूपण में अनुमितिलक्षण से निरूपित उपोद्घात सङ्गति का प्रदर्शन	4
4.	अव्यभिचरितत्व को व्याप्ति मानने का निरसन	7
5.	अव्यभिचरितत्व पद का अर्थ	9
6.	विशेषाभावकूट में सामान्याभाव की हेतुता	10
7.	'साध्याभाववदवृत्तित्व' का प्राचीन मत में समास आदि की दृष्टि से विश्लेषण	14
8.	प्राचीन-सम्मत विश्लेषण का खण्डन	16
9.	अव्ययीभावसमास के अव्यय होने से इसके साथ दूसरे समास की सम्भावना का निरसन	19
10.	त्रिपदव्यधिकरणबहुव्रीहि समास स्वीकार कर सिद्धान्त पक्ष में साध्याभाववदवृत्तित्व की निष्पत्ति	20

11. साध्याभावाधिकरणवृत्यभाव का तात्पर्य साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व के सामान्याभाव में मान्य 22

12. साध्याभाववद् में वृत्ति हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध से अपेक्षित 29

13. साध्याभाव, साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यतावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक अभाव अपेक्षित 32

14. गुणत्ववान्, ज्ञानत्वात् एवं सत्तावान् जातेः इन सद्धेतु वाले स्थलों में अव्याप्ति का प्रदर्शन 36

15. साध्याभाव का अधिकरण, अभावीयविशेषणताविशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से विवक्षित 40

16. अत्यन्ताभाव एवं अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव की अतिरिक्त सप्तम पदार्थ (अभाव) रूपता 40

17. अत्यन्ताभाव एवं अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगि आदि स्वरूप स्वीकार करने पर साध्याभाव का अधिकरण साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध से विवक्षित 43

18. साध्यसामन्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध में 'सामान्य' पद की सार्थकता एवं साध्यसामान्यीयत्व का परिष्कार 46

19. व्याप्ति के लक्षण में, भाव साध्य वाले स्थल में साध्याभाव का अधिकरण स्वरूपसम्बन्ध से, अभाव साध्य वाले स्थल में समवाय आदि सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण अपेक्षित

20. साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध 50 से साध्याभाव का अधिकरण स्वीकार करने पर भी घटान्योन्याभाववान् पटत्वात् यहाँ अव्याप्ति दोष के यथास्थिति की आपत्ति एवं इस आपत्ति का निराकरण 53

21. घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव घटभेदरूप नहीं होता है अपितु घटत्वात्यन्ताभावरूप होता है इस सिद्धान्त का प्रतिपादन एवं खण्डन 57

22. विनिगमना न होने के कारण भी, घट भेद को भी घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभावरूप मानने की अपेक्षा तथा ऐसा मानने में गङ्गेश उपाध्याय की सम्मति 60

23. घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव जैसे घटत्वाभावरूप होता है वैसे ही घटभेद रूप भी होता है इस सिद्धान्त की स्थापना। इस सन्दर्भ में गङ्गा व्याख्याकार का अभिमत 62

24. 'अभावविरहात्मत्व' इस उदयनाचार्य सम्मत प्रतियोगिता के लक्षण की घटभेद में अव्याप्ति एवं घटत्व के अत्यन्ताभाव में अतिव्याप्ति का प्रदर्शन 62

25. 'तदत्यन्ताभावत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकात्यन्ताभाव ही तत् स्वरूप होता है' इस नियम का उपपादन तथा श्रीगङ्गेश उपाध्याय के मत में घटत्वत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक घटत्वात्यन्ताभाव के भी घटभेद स्वरूपता का निर्धारण 65

26. मात्र 'साध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध' से साध्याभाव का अधिकरण स्वीकार करने पर प्रतियोगिता में 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्याभाववृत्तित्व, विशेषण न देने पर अव्याप्ति दोष का प्रदर्शन 67

27. अन्योन्याभाव का अत्यन्ताभाव जैसे प्रतियोगितावच्छेदक स्वरूप होता है वैसे ही प्रतियोगी स्वरूप भी होता है इस मत का निरूपण 72

28. साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता में अत्यन्ताभावत्वनिरूपितत्व के निवेश से अव्याप्ति दोष का निरास 73

29. साध्याभाव का अधिकरण 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धा-वच्छिन्न साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीय निरुक्त-प्रतियोगित्वतदवच्छेदकत्व अन्यतरावच्छेदकसम्बन्ध से ग्राह्य है' इस यद्वा कल्प का प्रतिपादन 76

30. ‘कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्’ इस अव्याप्यवृत्ति साध्यवाले सद्धेतुक स्थल में अव्याप्ति का ‘निरुक्त साध्याभावत्व-विशिष्ट निरूपित जो निरुक्त सम्बन्ध संसर्गक निरवच्छि-न्नाधिकरणता तदाश्रयावृत्तित्व’ रूप में लक्षण का परिष्कार कर निवारण 78

31. ‘कपिसंयोगाभाववान्, सत्त्वात्’ इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्याभाव का निरवच्छिन्न अधिकरण अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति का प्रदर्शन तथा ग्रन्थकार को यह अव्याप्ति स्वीकार्य है, यह प्रतिपादन 83

32. अन्योन्याभाव को व्याप्यवृत्ति मानने के नियम को स्वीकार करने पर अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को प्रतियोगितावच्छेदक स्वरूप मानने पर भी अव्याप्यवृत्तिमत् के अन्योन्याभाव के अभाव को व्याप्यवृत्ति एवं अतिरिक्त मानने के सिद्धान्त का निरूपण 85

33. ‘इदं वह्निमद् गगनात्’ यहाँ अतिव्याप्ति का प्रदर्शन गगन हेतु के लक्ष्यत्व का विकल्प एवं इसका निरास 87

34. ‘गुणे गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता’ इस प्रामाणिक प्रतीति के आधार पर ‘द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात्’ इस स्थल में अव्याप्ति का प्रदर्शन 89

35. ‘सत्तावान् द्रव्यत्वात्’ इस स्थल में हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति का भी प्रतिपादन। इस अव्याप्ति के निरास के लिये व्याप्ति के लक्षण का विशेष रूप में परिष्कार 92

36. ‘द्रव्यं विशिष्टसत्त्वात्’ यहाँ अव्याप्ति के निवारणार्थ आधेयता में प्रतियोगिकान्तविशेषण है यह प्रतिपादन 96

37. परिष्कृत लक्षण को स्वीकार करने वाले के मत में विशिष्ट-सत्ता, विशिष्टनिरूपित आधारता सम्बन्ध से ही द्रव्यत्व की व्याप्य होती है समवाय आदि सम्बन्ध से नहीं, इस मत का विश्लेषण 98

38.	'उभयत्वं उभयत्रैव पर्याप्तं न त्वेकत्र' इस सिद्धान्त को मानने वाले के मत में 'घटत्ववान्, घटत्वतदभाववदु-भयत्वात्' इस स्थल में अतिव्याप्ति का प्रदर्शन तथा इस दोष का निरास	100
39.	केचित्तु मत के अनुसार व्याप्ति के प्रथम लक्षण का परिष्कार	103
40.	अन्ये तु मत के अनुसार व्याप्ति के प्रथम लक्षण का परिष्कार तथा इस लक्षण को स्वीकार करने पर 'कपिसंयोगाभाववान्, सत्त्वात्' एवं 'कपिसंयोगिभिन्नं, गुणत्वात्' इत्यादि स्थलों में भी अव्याप्ति दोष के निरास का निरूपण	107

द्वितीय लक्षण

1.	अव्यभिचरितत्व के अर्थ	114
2.	द्वितीयलक्षणनिरूपणप्रयोजन	115
3.	द्वितीय लक्षण	113
4.	आचार्य श्यामसुन्दर झा के द्वारा अव्याप्ति प्रदर्शन	115
5.	वामाचरण भट्टाचार्य का मत	116
6.	नव्य मत का निरूपण	117
7.	द्वितीय लक्षण में सप्तमी तत्पुरुष के अनन्तर मत्त्वर्थीय प्रत्यय करने पर दोषोद्भावन	117
8.	केचित्तु मत का निरूपण	118
9.	"तस्यापि लक्षणान्तरत्वात्" इस ग्रन्थ की वामाचरण के अनुसार व्याख्या	119
10.	साध्यवद्भिन्न पद का अर्थ	121
11.	साध्याभाववत्त्व की व्याख्या	122
12.	साध्याभाव पद की व्यर्थता	124

13.	द्वितीयलक्षणघटक साध्यपद की यद्वा कल्प के अनुसार सार्थकता	125
14.	प्राहुः पद की सार्थकता	127

तृतीय लक्षण

1.	तृतीय लक्षण की प्रयोजनीयता	132
2.	तृतीय लक्षण में अव्याप्तिवारणप्रकार	137
3.	तृतीय लक्षण की चिन्तामणि	138
4.	पुनरुक्तिदोष प्रदर्शन	145
5.	पुनरुक्तिदोष का वारण	146

चतुर्थ लक्षण

1.	चतुर्थ लक्षण की पूर्वपीठिका	153
2.	चतुर्थलक्षणचिन्तामणि	154
3.	साध्याभावविचार	160
4.	'कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात्' इस स्थल में अव्याप्ति एवं इसका निरास	161
5.	'पृथिवी कपिसंयोगात्' इस स्थल में अव्याप्ति एवं इसका निरास	166
6.	वस्तुतस्तु कल्प का उत्थापन	169

पञ्चम लक्षण

1.	पञ्चम लक्षण का उपक्रम	177
2.	वृत्तित्वाभाव का विवरण	178
3.	साध्यवदन्यत्व की व्याख्या	182
4.	साध्यवत्त्व का विवरण	184
5.	पञ्चम एवं तृतीय लक्षणों में भेद का वर्णन	185

6. सब लक्षणों में अव्याप्ति प्रदर्शन 186

7. द्वितीय आदि लक्षणों का विशेष दोष प्रदर्शन 188

परिशिष्ट

1. पञ्चलक्षणी में प्राप्त न्यायदर्शन के पारिभाषिक शब्दों का अंग्रेजी अनुवाद 195

2. अनुमान सूची 203

3. साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वसामान्याभावः (परिचायक रेखाचित्र) 205

सङ्केताक्षर-सूची

1.	अ. श्लो.	–	अध्याय: श्लोक:
2.	त. भा.	–	तर्कभाषा
3.	त. सं.	–	तर्कसंग्रह:
4.	त. सं. दी.	–	तर्कसंग्रह-दीपिका
5.	त. सं. दी. नी.	-	तर्कसंग्रह-दीपिका-नीलकण्ठी
6.	न्या. सू. भा.	–	न्यायसूत्र-भाष्यम्
7.	न्या. सू. भा. वा.	–	न्यायसूत्रभाष्यवार्तिकम्
8.	न्या. सू. भा. वा. टी.	–	न्यायसूत्र-भाष्य-वार्तिक-टीका
9.	न्या. सू. वृ.	–	न्यायसूत्र-वृत्ति:
10.	ब्र. सू. शां. भा.	–	ब्रह्मसूत्रशाङ्करभाष्यम्
11.	व्या. स. सा. चि.	–	व्याप्तिसप्तकसार:, चिन्तामणि:
12.	व्या. स. सा. दी.	–	व्याप्तिसप्तकसार:, दीधिति:
13.	व्या. स. सा. मा.	–	व्याप्तिसप्तकसार:, माथुरी
14.	व्या. स. सा. चि. मा.	–	व्याप्तिसप्तकसार: चिन्तामणि-माथुरी
15.	सि. ल. चि.	–	सिद्धान्त-लक्षण-चिन्तामणि:

प्रथमं व्याप्तिलक्षणम्

प्रथमलक्षणहिन्दीव्याख्याकार:

प्रो० पीयूषकान्तदीक्षित:

साध्याभाववदवृत्तित्वम्

श्रीगुरवे नमः

कुञ्चिताधरपुटेन पूरयन् वंशिकां प्रचलदङ्गुलिपङ्क्तिः।
मोहयन्नखिलवामलोचनाः पातु कोऽपि नवनीरदच्छविः॥

आचार्यगङ्गेशोपाध्यायकृता

पञ्चलक्षणी

श्रीमथुरानाथतर्कवागीशरचितमाथुरीसहिता

हिन्दीव्याख्यया च समन्विता

प्रथमं व्याप्तिलक्षणम्

प्रथमलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

प्रो० पीयूषकान्तदीक्षितः

व्याप्ति पञ्चक नामक प्रकरण ग्रन्थ में व्याप्ति के पाँच लक्षणों का विवेचन किया गया है। इस ग्रन्थ के आरम्भ में नव्यन्याय के प्रथम आचार्य गङ्गेश उपाध्याय जी ने जिज्ञासा की है—

चिन्तामणिः

नन्वनुमितिहेतुव्याप्तिज्ञाने का व्याप्तिः?

(ननु अनुमिति—हेतु—व्याप्ति—ज्ञाने का व्याप्तिः?)

''अनुमिति के हेतु व्याप्ति—ज्ञान में व्याप्ति क्या है?''

इस जिज्ञासा वाक्य में जो संस्कृत में है प्रथम शब्द 'ननु' है। इसका प्रयोग सन्देह के उपस्थापन के लिए शास्त्रकारों द्वारा प्रायः किया जाता है।

माथुरी

अनुमानप्रामाण्यं निरूप्य व्याप्तिस्वरूपनिरूपणमारभते 'ननु' इत्यादिना। 'अनुमितिहेतु' इत्यस्य 'अनुमाननिष्ठप्रामाण्यानुमितिहेतु' इत्यर्थः। 'व्याप्तिज्ञाने' इत्यत्र च विषयत्वं सप्तम्यर्थः, तथा च अनुमाननिष्ठप्रामाण्यानुमितिहेतुव्याप्तिज्ञानविषयीभूता व्याप्तिः का? इत्यर्थः। अनुमाननिष्ठप्रामाण्यानुमितिहेत्वित्यनेन व्याप्तेरनुमान–प्रामाण्योपपादकत्वकथनादनुमानप्रामाण्यनिरूपणानन्तरं व्याप्ति–निरूपणे उपोद्घात एव सङ्गतिः सूचिता। उपपादकत्वञ्चात्र ज्ञापकत्वम्।

आचार्य गङ्गेश उपाध्याय, अनुमान के प्रामाण्य का निरूपण करने के अनन्तर व्याप्ति के स्वरूप का निरूपण आरम्भ करते हैं। यह आरम्भ 'ननु' इत्यादि वाक्य के माध्यम से किया जा रहा है। इस वाक्य में 'अनुमिति–हेतु' पद का अर्थ– 'अनुमान में होने वाली प्रामाण्य की अनुमिति का हेतु' है। वाक्य का अगला पद 'व्याप्ति–ज्ञाने' है। यहाँ व्याप्ति–ज्ञान पद के बाद जो सप्तमी विभक्ति है उसका अर्थ विषयत्व है; यह मथुरानाथ तर्कवागीश का स्पष्ट अभिमत है। इस प्रकार सम्पूर्ण वाक्य का अर्थ– 'अनुमान में होने वाली प्रामाण्य की अनुमिति का हेतु जो व्याप्ति–ज्ञान, उसमें विषय होने वाली व्याप्ति क्या है?' यह होता है। अनुमान में होने वाली प्रामाण्य की अनुमिति का हेतु

यह कहने से व्याप्ति में अनुमान–प्रामाण्य के उपपादकत्व का कथन स्वतः ही हो जाता है। फलतः अनुमान–प्रामाण्य के निरूपण के अनन्तर व्याप्ति के निरूपण में उपोद्घात ही सङ्गति है, यह सूचना प्राप्त होती है। प्रस्तुत सन्दर्भ में उपपादकत्व, ज्ञापकत्व अर्थ का बोधक है।

'अनुमिति' पद का अर्थ अनुमान में होने वाली प्रामाण्य की अनुमिति है। इस प्रामाण्य की अनुमिति का हेतु व्याप्ति–ज्ञान, प्रमितिकरणता का अवच्छेदक धर्म, प्रमाणत्व की व्याप्ति से विशिष्ट है; इस प्रकार होता है। इस व्याप्ति के ज्ञान में विषय जो प्रमाणत्व की व्याप्ति है, वह क्या है? यह उपर्युक्त जिज्ञासा का एक अर्थ है।

इस प्रामाण्य की अनुमिति में पक्ष अनुमान है। प्रमाणत्व या प्रामाण्य साध्य है। प्रमितिकरणतावच्छेदक धर्म हेतु है।

'अनुमानं प्रमाणम्' इस आकार वाले, अनुमान निष्ठ प्रामाण्यानुमिति का हेतु व्याप्ति–ज्ञान है, अर्थात् प्रमितिकरणतावच्छेदक धर्म, प्रमाणत्व की व्याप्ति से विशिष्ट है, इस प्रकार के आकार वाला, व्याप्ति–ज्ञान है। यह कहने से, अनुमान में होने वाले प्रामाण्य के ज्ञान (अनुमिति) का जनक ज्ञान, उपर्युक्त हेतु में होने वाले व्याप्ति–ज्ञान, का विषय व्याप्ति है, यह सिद्ध हो जाता है।

दूसरे शब्दों में संक्षेप में हम शास्त्रीय भाषा में कह सकते हैं कि, अनुमान के प्रामाण्य की उपपादक व्याप्ति है। इन दोनों कथनों में मात्र भाषा का ही भेद है। दोनों ही कथनों का आशय एक ही है। ज्ञान–जनक–ज्ञान–विषयत्व ही उपपादकत्व शब्द का अर्थ होता है। उपपादकत्व या ज्ञापकत्व पद वास्तव में समानार्थक होते हैं।

इस प्रकार प्रकृत अर्थात् अनुमानप्रामाण्य का उपपादकत्व या ज्ञापकत्व अथवा ज्ञानजनकज्ञानविषयत्व, व्याप्ति में है यह स्पष्ट हो जाता है। फलतः व्याप्ति में रहने वाला यह अनुमानप्रामाण्य का उपपादकत्व ही उपोद्घात नाम

की सङ्गति है यह भी अनायास ही सिद्ध हो जाता है। इतनी चर्चा से, पूर्व प्रकरण में अनुमान के प्रामाण्य का निरूपण करने के अनन्तर उपोद्घात नामक सङ्गति होने के कारण ही इस समय व्याप्ति का निरूपण आचार्य गङ्गेश उपाध्याय कर रहे हैं, यह रहस्य प्रकाशित होता है।

जब कभी भी हम किसी कार्य को करने के अनन्तर कोई अन्य कार्य करते हैं, तब सदा, अनन्तर किये जा रहे कार्य में क्या सङ्गति है यह जिज्ञासा अवश्य होती है। यदि कोई व्यक्ति बिना किसी सङ्गति के ही कुछ करने के अनन्तर कुछ करता है तो उसके द्वारा किये जा रहे प्रयास को सभ्य समाज नितान्त उपेक्षणीय ही मानता है। यही कारण है कि भारतीय प्रामाणिक ग्रन्थों में सङ्गति के सन्दर्भ में जिज्ञासा अवश्य की जाती है।

व्याप्ति के निरूपण में उपोद्घात सङ्गति है। इस सन्दर्भ में कोई मतभेद नहीं है, परन्तु व्याप्ति के निरूपण के पूर्व किस विषय का निरूपण या विवेचन आचार्य गङ्गेश उपाध्याय ने अपने ग्रन्थ चिन्तामणि में किया है इस प्रसङ्ग में अवश्य मतभेद है। ऐसे आचार्यों के अभिमत को मथुरानाथ तर्कवागीश ने अपनी व्याख्या 'रहस्य' या 'माथुरी' में केचित्तु अर्थात् कुछ लोगों का मत कह कर प्रस्तुत किया है।

माथुरी

केचित्तु अनुमितिपदम् अनुमितिनिष्ठेतरभेदानुमितिपरम्, तथा चानुमितिनिष्ठेतरभेदानुमितौ यो हेतुः प्रागुक्तव्याप्तिप्रकारकपक्ष–धर्मताज्ञानजन्यज्ञानत्वरूपः, तद्घटकं यद्व्याप्तिज्ञानं, तदंशे विशेषणीभूता व्याप्तिः का ? इत्यर्थः। घटकत्वार्थकसप्तम्या तत्पुरुषसमासात्, तथा च प्रागुक्तानुमितिलक्षणोपोद्घात एव सङ्गतिः अनेन सूचिता इत्याहुः।

कुछ लोगों के मत में तो अनुमिति पद का अर्थ– अनुमिति में होने वाली स्व से इतर के भेद की अनुमिति है। इस प्रकार

अनुमिति में होने वाली स्वेतरभेदानुमिति में जो पूर्व में उक्त व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानजन्यज्ञानत्व (अनुमिति–लक्षण) के रूप में प्रसिद्ध हेतु है। इस हेतु का घटक जो व्याप्ति–ज्ञान है, इसमें विशेषण के रूपमें भासमान व्याप्ति क्या है ? इस तरह उपर्युक्त चिन्तामणि–वाक्य का अर्थ करते हैं। घटकत्व अर्थ को बताने वाली सप्तमी विभक्ति मान कर यहाँ तत्पुरुष समास माना गया है। इस प्रकार व्याप्ति के स्वरूप निरूपण में पूर्वोक्त अनुमिति–लक्षण की उपोद्‌घात–सङ्गति है यह इस मत में सूचित होता है।

कुछ लोगों के मत में व्याप्ति निरूपण के पूर्व आचार्य गङ्गेश उपाध्याय ने चिन्तामणि नामक अपने ग्रन्थ में अनुमिति के लक्षण का विवेचन या निरूपण किया है। फलतः इन आचार्यों के मत में अनुमिति–लक्षण के निरूपण करने के अनन्तर व्याप्ति का निरूपण होने के कारण व्याप्ति में अनुमिति लक्षण से निरूपित उपोद्‌घात सङ्गति सिद्ध होती है।

इन कुछ आचार्यों के मत में 'ननु अनुमिति–हेतु–व्याप्ति–ज्ञाने का व्याप्तिः?' इस वाक्य में अनुमिति पद का अर्थ मथुरानाथ तर्कवागीश ने अनुमिति में होने वाली 'स्वेतरभेद की अनुमिति' किया है। इस स्वेतरभेद की अनुमिति का आकार 'अनुमितिः, स्वेतरभिन्ना' यह होता है। अनुमिति में इस स्व–इतरभेद को सिद्ध करने के लिए हेतु 'व्याप्तिप्रकारकपक्षधर्मताज्ञानजन्यज्ञानत्व' माना जाता है। पुनः इस हेतु का घटक अर्थात् इस हेतु में अन्तर्भूत जो व्याप्ति–ज्ञान है उस व्याप्ति–ज्ञान में विशेषण के रूप में विद्यमान जो व्याप्ति है, उस व्याप्ति का स्वरूप क्या है? इस प्रकार उपर्युक्त समग्र जिज्ञासा–वाक्य का अर्थ पर्यवसित होता है।

उपर्युक्त वाक्य में अनुमिति–हेतु यह पद अनुमितौ हेतुः इस प्रकार सप्तमी तत्पुरुष समास करने के बाद निष्पन्न हुआ है। यहाँ अनुमिति पद में

जो सप्तमी विभक्ति है उसका अर्थ प्रयोजकत्व माना जाता है। अनुमिति–हेतु–व्याप्तिज्ञान पद, अनुमिति–हेतौ व्याप्तिज्ञानं इस प्रकार सप्तमी तत्पुरुष समास करने के अनन्तर व्युत्पन्न होता है। यहाँ अनुमिति–हेतु पद में जो सप्तमी विभक्ति है उसका अर्थ घटकत्व माना जाता है। किसी बड़े समूह के भीतर समाविष्ट वस्तु को घटक कहते हैं। इस घटक में रहने वाले धर्म को ही घटकत्व कहा जाता है।

प्रस्तुत सन्दर्भ में स्व–इतरभेद की जो अनुमिति हो रही है उस अनुमिति में हेतु 'व्याप्ति–प्रकारक–पक्षधर्मता–ज्ञान–जन्य–ज्ञानत्व' है। इस बड़े हेतु के भीतर समाविष्ट जो व्याप्ति–ज्ञान है वह इस अनुमिति हेतु का घटक व्याप्ति–ज्ञान माना जायेगा। इस प्रकार यह सुस्पष्ट हो जाता है कि यहाँ घटकत्व अर्थ का बोध कराने वाली सप्तमी विभक्ति है तथा घटकत्वार्थक सप्तमी तत्पुरुष समास किया गया है।

इस निष्कर्ष से; पूर्व–प्रकरण में विवेचित अनुमिति के लक्षण से निरूपित उपोद्घात सङ्गति व्याप्ति के निरूपण में है यह कुछ विशिष्ट विद्वानों का आशय निर्धारित हो जाता है।

व्याप्ति क्या है? इस प्रश्न का स्वयं समाधान करते हुए आचार्य गङ्गेश उपाध्याय कहते हैं कि व्याप्ति अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य पदार्थ नहीं है। इस संसार में अव्यभिचरितत्व पाँच प्रकार के ही सम्भव हैं। ये पाँच प्रकार अधोनिर्दिष्ट हैं–

१. साध्याभाववदवृत्तित्वम्

२. साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्वम्

३. साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्यम्

४. सकलसाध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वम्

५. साध्यवदन्यावृत्तित्वम्

यदि इन पाँच अव्यभिचरितत्व विशेष के बोधक पदों से व्याप्ति प्रतिपाद्य नहीं होती है, तो व्याप्ति अव्यभिचरितत्व सामान्य (इन सभी अव्यभिचरितत्व विशेष) के बोधक अव्यभिचरितत्व पद से भी प्रतिपाद्य नहीं हो सकती यह अनायास ही सिद्ध हो जाता है।

यदि कोई कहे कि पशु मनुष्य नहीं है, तो लोग इस कथन से यही अर्थ निकालते हैं कि मनुष्य पद से पशु का ज्ञान नहीं होता है। पशु मनुष्य नहीं है यह सिद्ध करने के लिए जब कोई कहता है कि पशु चूँकि ब्राह्मण नहीं है, क्षत्रिय नहीं है, वैश्य नहीं है, शूद्र नहीं है अतः मनुष्य नहीं है, तब वह यही कहना चाहता है कि पशु मनुष्य पद से प्रतिपाद्य नहीं है क्यों कि पशु ब्राह्मण 'क्षत्रिय' वैश्य एवं शूद्र पद से प्रतिपाद्य नहीं है। इस प्रकार इस लौकिक उदाहरण से भी सिद्ध हो जाता है कि किसी वस्तु के सभी विशेष का यदि कहीं अभाव हो तो उस वस्तु का सामान्याभाव भी अनायास ही वहाँ सिद्ध हो जाता है।

इसी तथ्य की ओर आचार्य गङ्गेश उपाध्याय ने भी अधोलिखित पङ्क्तियों में सङ्केत किया है—

चिन्तामणिः

न तावदव्यभिचरितत्वम्।

तद्धि न साध्याभाववदवृत्तित्वम्, साध्य–वद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्वम्, साध्यवत्प्रति–योगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्यम्, सकल–साध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वम्, साध्य–वदन्यावृत्तित्वम् वा केवलान्वयिन्यभावात्।

(न तावद्–अव्यभिचरितत्वम्, तद्–हि न साध्याभाव–वद्–अवृत्तित्वम्, साध्यवद्–भिन्न–साध्याभाववद्–अवृत्तित्वम्, साध्यवत्–प्रतियोगिक–अन्योन्याभाव–असामानाधिकरण्यम्, सकल–साध्याभाववत्–निष्ठ–अभाव–प्रतियोगित्वम्, साध्यवद्–अन्य–अवृत्तित्वम् वा केवलान्वयिनि अभावात्।)

व्याप्ति, 'अव्यभिचरितत्व' नहीं है। क्योंकि वह 'साध्याभाव–वद्–अवृत्तित्व' नहीं है, 'साध्यवद्–भिन्न–साध्याभाव–वद्–अवृत्तित्व नहीं है, साध्यवत्–प्रतियोगिक–अन्योन्याभाव–असामानाधिकरण्य नहीं है, सकल–साध्याभाववत्–निष्ठ–अभाव–प्रतियोगित्व नहीं है, साध्यवद्–अन्य–अवृत्तित्व नहीं है।

इस तरह साध्याभाव–वद्–अवृत्तित्व आदि व्याप्ति इस लिए नहीं है क्यों कि केवलान्वयि[१] साध्य वाले सद्धेतुक स्थल के हेतु में इन व्याप्ति के लक्षणों का अभाव होता है।

इदम्, वाच्यम्, ज्ञेयत्वात् इस प्रकार के स्थल केवलान्वयि साध्यक सद्धेतुक स्थल होते हैं। इस स्थल में इदम् अर्थात् अँगुलि से इङ्गित वस्तु पक्ष है। वाच्यत्व साध्य है। एवं ज्ञेयत्व हेतु है।[२]

---

१. जिस साध्य का संसार में केवल अन्वय अर्थात् भाव या सत्ता हो, व्यतिरेक अर्थात् अभाव या असत्त्व न हो उस साध्य को केवल अन्वयी अर्थात् केवलान्वयी कहते हैं।

२. स्थल का सामान्य रूप से अर्थ स्थान या जगह होता है। न्याय शास्त्र में इस शब्द का प्रयोग अनुमान के सन्दर्भ में व्याप्ति के लक्षण में दोष या समन्वय के सन्दर्भ में होता है। उदाहरणार्थ, पर्वतः, वह्निमान्, धूमात् यह सद्धेतुक स्थल है तथा पर्वतः, धूमवान्, वह्नेः यह असद्धेतुक स्थल है यह व्यवहार निराबाध रूप में व्याप्ति के लक्षण को समझाने के क्रम में

माथुरी

'न तावद्' इति। 'तावत्' वाक्यालङ्कारे। 'अव्यभिचरितत्वम्' अव्यभिचरितत्वपदप्रतिपाद्यम्। तत्र हेतुमाह 'तद्धि' इत्यादि 'हि' यस्मात् 'तत्' अव्यभिचरितत्वपदप्रतिपाद्यम्। 'न' इति सर्वस्मिन्नेव लक्षणे सम्बद्ध्यते। तथा च व्याप्तिर्यतः साध्याऽभाव–वदवृत्तित्वादिरूपाऽव्यभिचरितत्वशब्दप्रतिपाद्यस्वरूपा[1] न,

---

नैयायिकों द्वारा किया जाता है। इस व्यवहार के परीक्षण से सिद्ध होता है कि न्याय दर्शन में जब हम किसी स्थल या स्थान को, विशेष क्रम में पक्ष,साध्य एवं हेतु का वाक्य रूप में प्रयोग करते हुए निर्दिष्ट करते हैं तो उस विशिष्ट वाक्यावली को स्थल कह देते हैं। यहाँ यह अवधेय है कि स्थल का निर्देश करते हुए नैयायिक; पक्ष, साध्य एवं हेतु का जब प्रयोग करता है तब पक्ष वाचक पद में प्रथमा विभक्ति का प्रयोग करता है, साध्य वाचक पद में वान् या मान् शब्द का प्रयोग या प्रथमा विभक्ति का प्रयोग करता है तथा हेतु वाचक पद में पञ्चमी विभक्ति का प्रयोग करता है हेतु में कभी–कभी तृतीया विभक्ति का प्रयोग भी देखा जाता है। पञ्चमी या तृतीया विभक्ति को हटा कर जो पद का भाग बचता है उसका अर्थ ही हेतु होता है। वान् या मान् शब्द हटा कर जो शब्द बचता है उसका अर्थ साध्य होता है। जहाँ साध्य वाचक पद में प्रथमा विभक्ति हो वहाँ इस विभक्ति को हटा कर त्व जोड़ देने से जो शब्द बनता है उसका अर्थ साध्य होता है। इस प्रकार स्थल; स्थान या जगह के साथ–साथ विशिष्ट वाक्यावली का भी बोधक है यह माना जा सकता है। जिस स्थल में हेतु दोष रहित होता है अथवा सद्धेतु होता है उसे सद्धेतुक स्थल कहा जाता है। इसी प्रकार जिस स्थल में हेतु सदोष या असद्धेतु होता है उसे असद्धेतुकस्थल कहते हैं।

१. साध्याभाववदवृत्तित्वादिरूपाव्यभिचरितत्वशब्दप्रतिपाद्यं स्वरूपं यस्याः सा–व्याप्तिः, अव्यभिचरितत्वशब्दप्रतिपाद्यस्वरूपा।

अतोऽव्यभिचरितत्वशब्दप्रतिपाद्यरूपा[१] नेत्यर्थः पर्यवसितः। विशेषाऽभावकूटस्य सामान्याऽभावहेतुता च प्रसिद्धैवेति। अत एतन्नञ्द्वयोपादानं न निरर्थकम्।

'न तावद्' इत्यादि मथुरानाथ द्वारा लिखित वाक्य में 'तावत्' शब्द वाक्य को अलङ्कृत मात्र करने के लिए है। 'अव्यभि–चरितत्व'[२] पद का अर्थ अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य माना जाता है। व्याप्ति, अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य नहीं है, इसमें हेतु क्या है? इस प्रश्न का समाधान मथुरानाथ 'तद्धि' इत्यादि वाक्य से कर रहे हैं। इस वाक्य में 'हि' का अर्थ चूँकि या क्यों कि है। 'तत्' पद का इस वाक्य में अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य यह अर्थ किया जाता है। इस वाक्य में आये 'न' पद

---

१. अव्यभिचरितत्वशब्दप्रतिपाद्यं रूपं यस्याः सा व्याप्तिः, अव्यभिचरितत्व–शब्दप्रतिपाद्यरूपा।

२. मथुरानाथ ने 'न तावत्' आदि मूल ग्रन्थ के सन्दर्भ में मूलस्थ 'तावत्' पद के सम्बन्ध में यह कहा है कि इस पद का कोई अर्थ विवक्षित नहीं है, किन्तु यह वाक्य की शोभा का आधायक है। उनके कहने का आशय है कि 'तावत्' शब्द का प्रयोग न कर केवल 'नाऽव्यभिचरितत्वम्' कहने पर वाक्य के उच्चारण में चारुता और सुनने में सौष्ठव नहीं आता है, क्यों कि उच्चारण करते समय तत्काल ही संयुक्त वर्ण का प्रयोग होने से उच्चारण अचारु हो जाता है और जब उच्चारण अचारु हुआ तो अचारु उच्चारण से उत्पन्न वाक्य के श्रवण का समीचीन न होना स्वाभाविक है। अतः 'तावत्' पद का प्रयोग कर मूलकार ने वाक्य की मनोहारिता और श्रवण की सुखप्रदता का सम्पादन कर दिया है। – माथुरी पञ्चलक्षणी, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, हिन्दी व्याख्या, व्याख्याकार– आचार्य बदरीनाथ शुक्ल, पृ० ११–१२

का अग्रिम वाक्यों में समागत व्याप्ति के सभी लक्षणों से सम्बन्ध अपेक्षित है।

इस प्रकार, व्याप्ति, चूँकि साध्याऽभाववदवृत्तित्व आदि रूप अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली नहीं है, अतः अव्यभिचरितत्व शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली भी नहीं है यह समग्र वाक्य का अर्थ पर्यवसित अर्थात् निर्णीत होता है। किसी वस्तु के सभी विशेष के अभाव का कूट अर्थात् समूह यदि कहीं हो तो उस वस्तु का सामान्याभाव वहाँ अवश्य होता है। इसी लिए विशेषाभाव कूट की सामान्याभावहेतुता प्रसिद्ध ही है। यही कारण है कि चिन्तामणि में दो नञ् का उपादान निरर्थक नहीं है।

अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य व्याप्ति नहीं है। क्यों कि अव्यभिचरितत्व विशेष उपर्युक्त व्याप्ति के पाँच लक्षण ही हैं तथा व्याप्ति; इन पाँच लक्षणों से अर्थात् साध्याभाववदवृत्तित्व रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली नहीं है, साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्व रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली नहीं है, साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्य रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली नहीं है, सकल–साध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली नहीं है तथा साध्यवदन्यावृत्तित्व रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप वाली भी नहीं है।

मथुरानाथ की पङ्क्तियों के आधार पर यहाँ पक्ष–व्याप्ति है। साध्य–अव्यभिचरितत्व–पद–प्रतिपाद्य–स्वरूप का भेद है और हेतु, साध्या–भाववदवृत्तित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप का भेद, साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप का भेद, साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्य–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप का भेद, सकलसाध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व–रूप

अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप का भेद तथा साध्यवदन्यावृत्तित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य स्वरूप का जो भेद इनका कूट अर्थात् समूह है।

यदि मथुरानाथ की पङ्क्तियों का आशय समझ कर यहाँ पक्ष साध्य एवं हेतु का निर्धारण करें तो इस अनुमिति में पक्ष–व्याप्तिस्वरूप होगा। साध्य–अव्यभिचरितत्व–पद–प्रतिपाद्य का भेद होगा तथा हेतु, साध्याभाव–वदवृत्तित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य का भेद, साध्यवद्भिन्न–साध्याभाववदवृत्तित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य का भेद, साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्य–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य का भेद, सकलसाध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य का भेद तथा साध्यवदन्यावृत्तित्व–रूप अव्यभिचरितत्व–शब्द से प्रतिपाद्य का जो भेद इनका कूट अर्थात् समूह होगा।

'साध्याभाववदवृत्तित्व' आदि पदों से प्रतिपाद्य व्याप्ति का स्वरूप क्यों नहीं है? इस प्रश्न का समाधान देते हुए गङ्गेश उपाध्याय ने अपनी चिन्तामणि में स्पष्ट कहा है कि पाँचो व्याप्ति के लक्षण केवलान्वयि साध्य वाले स्थल में अव्याप्ति दोष[१] से ग्रस्त हो जाते हैं, इस लिए अव्यभिचरितत्व–विशेष रूप

---

१. व्याप्ति में, (पक्ष में) इन पाँच लक्षणों में प्रत्येक के, मिलित–भेद (भेद–कूट) रूप हेतु को सिद्ध करने के लिए मूलकार ने 'केवलान्वयिन्यभावात्' इस ग्रन्थ से केवलान्वयि साध्यक हेतु में प्रत्येक लक्षण के अभाव को हेतु बताया है। इस प्रकार उक्त पूरे ग्रन्थ का तात्पर्य यह है कि व्याप्ति का स्वरूप अव्यभिचरितत्व पद के प्रतिपाद्य अर्थ से भिन्न है, क्यों कि अव्यभिचरितत्व पद के साध्याभाववदवृत्तित्व आदि पाँच ही अर्थ सम्भव हैं और व्याप्ति का स्वरूप उन पाँचों में प्रत्येक से भिन्न है क्यों कि उक्त पाँचों ही लक्षणों का केवलान्वयि साध्यक हेतु में–प्रमेयत्वादि साध्यक वाच्यत्वादि हेतु में अभाव–अव्याप्ति है, वह इस लिए कि अव्यभिचरितत्व पद के उक्त पाँचों प्रतिपाद्यों में किसी में साध्याभाव और किसी में साध्य–वद्भेद का प्रवेश होने से केवलान्वयिसाध्यक स्थल में साध्याभाव और

इन पाँचों लक्षणों से प्रतिपाद्य व्याप्ति का स्वरूप[1] नहीं है अत: अव्यभिचरितत्व–सामान्य पद से प्रतिपाद्य भी व्याप्ति का स्वरूप नहीं है यह सहज ही सिद्ध हो जाता है। इस निष्कर्ष तक पहुँचने में, सामान्याभाव को सिद्ध करने में विशेषाभाव समूह की प्रसिद्ध हेतुता सहायक सिद्ध होती है।

पूर्वोक्त चिन्तामणि वाक्य में दो नञ् अर्थात् दो बार न पद का उपादान भी इसी कारण निरर्थक नहीं सिद्ध होता है। क्यों कि 'न तावदव्यभिचरितत्वम्'

साध्यवद्भेद से घटित लक्षण अप्रसिद्ध है। उक्त लक्षणों के भेदपञ्चक से व्याप्तिस्वरूप में अव्यभिचरितत्वपदप्रतिपाद्य के भेद की सिद्धि में अप्रयोजकत्व की शङ्का नहीं की जा सकती क्यों कि विशेषाभावकूट में सामान्याभाव की साधकता प्रसिद्ध है। यत: किसी भी विशेषाभावकूट को यदि सामान्याभाव का व्यभिचारी माना जायेगा तो 'य: यदीयविशेषाभावकूटवान् स तत् सामान्याभाववान्–जो जिस वस्तु के विशेषाभावकूट का आश्रय होता है वह उसके सामान्याभाव का भी आश्रय होता है' इस सर्वसम्मत व्याप्ति का लोप हो जायेगा। अत: केवलान्वयि–साध्यक सद् हेतु में साध्याभाववदवृत्तित्व आदि लक्षणों के अव्याप्त होने से, व्याप्ति को, जो केवलान्वयिसाध्यक सद् हेतु में भी रहती है, उसे साध्याभाववदवृत्तित्व आदि प्रत्येक लक्षण से भिन्न होना अनिवार्य है, और व्याप्ति जब साध्याभाववदवृत्तित्व आदि सभी अव्यभिचरितत्वपदप्रतिपाद्यों से भिन्न है तो उसका अव्यभिचरितत्वपदप्रतिपाद्यसामान्य से भिन्न होना अनिवार्य है क्योंकि उक्त पाँचों लक्षणों से अतिरिक्त अव्यभिचरितत्व पद से प्रतिपाद्य सम्भव नहीं है। – माथुरी पञ्चलक्षणी, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, हिन्दी व्याख्या, व्याख्याकार–आचार्य बदरीनाथ शुक्ल, पृ० १२–१३

१. व्याप्ति पञ्चक में व्याप्ति के स्वरूप का निरूपण कर्त्तव्य है, फलत: यहाँ प्रतिपादित सभी लक्षण व्याप्ति के स्वरूप–लक्षण हैं, तटस्थ–लक्षण नहीं हैं। व्याप्ति के स्वरूप–लक्षण जहाँ होते हैं, उसे व्याप्य या सद्धेतु कहते हैं। इस प्रकार ये सभी लक्षण व्याप्य या सद्धेतु के तटस्थ–लक्षण के रूप में भी न्यायशास्त्र में माने गये हैं।

इस वाक्य में विद्यमान न पद का अर्थ सामान्याभाव[१] माना जाता है तथा 'तद्भि न साध्याभाववदवृत्तित्वम्' इस वाक्य में विद्यमान न पद का अर्थ विशेषाभाव[२] मान लिया जाता है।

माथुरी

'साध्याभाववदवृत्तित्वम्' इति। 'वृत्तम्' वृत्तिः, भावे निष्ठाप्रत्ययात्। वृत्तस्याऽभावोऽवृत्तम्, वृत्त्यभाव इति यावत्। साध्याऽभाववतोऽवृत्तं साध्याभाववदवृत्तम्, साध्याभाववद्वृत्त्यभाव इति यावत्। तद् यत्रास्ति स साध्याभाववदवृत्ती, मत्त्वर्थीयेन्–प्रत्ययात्। तस्य भावः साध्याभाववदवृत्तित्वम्। तथा च साध्याभाववद्वृत्त्यभाववत्त्वमिति फलितमिति प्राञ्चः।

चिन्तामणि ग्रन्थ में निर्दिष्ट प्रथम अव्यभिचरितत्व– साध्याभाववदवृत्तित्व का विश्लेषण करते हुए मथुरानाथ तर्कवागीश, वर्त्तन अर्थ वाले 'वृतु वर्त्तने' धातु से भाव में[३] निष्ठा प्रत्यय–'क्त'[४] करने के बाद 'वृत्त' शब्द को व्युत्पन्न करते हैं जिसका अर्थ वृत्ति मानते हैं। इस प्रकार वृत्त के अभाव अर्थ को बताने वाले नञ् पद के साथ वृत्त शब्द का अव्ययीभाव समास करने पर अवृत्त शब्द निष्पन्न होता है जिसका अर्थ वृत्यभाव होता है। पुनः साध्या–भाववत् शब्द का इस अवृत्त शब्द के साथ साध्याभाववतः अवृत्तम् इस अर्थ को बताने के लिए अव्ययीभावान्त तत्पुरुष

---

१. यहाँ अभाव का तात्पर्य अन्योन्याभाव अर्थात् भेद से है।
२. यहाँ भी अभाव का तात्पर्य अन्योन्याभाव अर्थात् भेद से ही है।
३. धात्वर्थ के सन्दर्भ में। भाव शब्द का अर्थ धातु का अर्थ ही होता है।
४. क्त–क्तवतू निष्ठा

समास किया जाता है जिसका अर्थ साध्याभाववद्वृत्यभाव के रूप में प्रसिद्ध होता है। साध्याभाववत् निरूपित अवृत्त जहाँ है इस अर्थ में मत्त्वर्थीय 'इन्' प्रत्यय करने के उपरान्त साध्या–भाववदवृत्ती शब्द निष्पन्न होता है। साध्याभाववदवृत्ती का भाव साध्याभाववदवृत्तित्व माना जाता है। इस तरह सम्पूर्ण प्रथम लक्षण का प्राचीन नैयायिकों के मत में अर्थ–साध्याभाव–वद्वृत्यभाववत्त्व रूप में प्रतिफलित होता है।

पाँच प्रकार के जो अव्यभिचरितत्व विशेष बताए गये हैं उनमें प्रथम अव्यभिचरितत्व विशेष 'साध्याभाववदवृत्तित्व' है। इस वाक्य का अर्थ– साध्याभाव के अधिकरण में न रहना' किया जा सकता है। 'वृतु वर्त्तने' धातु से भावार्थक निष्ठासंज्ञक 'क्त' प्रत्यय करने पर 'वृत्तम् यह शब्द निष्पन्न होता है, जिसका अर्थ वृत्ति या रहना होता है। भाव का अर्थ व्याकरण के अनुसार धातु का अर्थ ही होता है। फलत: 'वृत्' धातु का अर्थ और भाव अर्थ में निष्ठा प्रत्यय करने पर निष्पन्न 'वृत्तम्' इस पद का अर्थ वर्त्तन ही है। वर्त्तन का अर्थ वृत्ति या रहना यह स्पष्ट हो जाता है। वृत्ति के अभाव को अवृत्ति कहेंगे, जिसका अर्थ वृत्ति का अभाव होगा, क्योंकि वृत्त और वृत्ति समानार्थक हैं। साध्याभाववत् में जो अवृत्त होगा उसको साध्याभाववदवृत्त कहेंगे, अर्थात् साध्याभावाधिकरण में न रहने वाला कहेंगे। 'साध्याभाववदवृत्त' का अर्थ साध्याभाववद्वृत्यभाव भी होता है। साध्याभाववद्वृत्यभाव जहाँ रहेगा उसे साध्याभाववदवृत्ती कहेंगे, क्यों कि साध्याभाववदवृत्ति पद के बाद मत्त्वर्थीय 'इन्'[१] प्रत्यय करने के अनन्तर यह शब्द निष्पन्न होता है। इस प्रकार साध्याभाववदवृत्ती इस पद का अर्थ साध्याभाववद्वृत्यभाव वाला हो जाता है। साध्याभाववदवृत्ती का भाव साध्याभाववदवृत्तित्व माना जाता है। फलत: साध्याभाववदवृत्यभाववत्त्व या साध्याभाववद्वृत्त्यभाव व्याप्ति या अव्यभिचरितत्व विशेष का प्रथम स्वरूप प्राचीन आचार्यों के अनुसार पर्यवसित होता है।

---

१. सध्याभाववदवृत्ति + इन् ।

माथुरी

तदसत्, 'न कर्मधारयान्मत्वर्थीयो बहुव्रीहिश्चेत्तदर्थप्रति–पत्तिकरः' इत्यनुशासनविरोधात्। तत्र कर्मधारयपदस्य बहुव्रीहीतर–समासपरत्वात्, तच्च अगुणवत्त्वमिति साधर्म्यव्याख्यानावसरे गुणप्रकाशरहस्ये तद्दीधितिरहस्ये च स्फुटम्, अव्ययीभावसमासोत्तरपदार्थेन समं तत्समासानिविष्टपदार्थान्तरान्वयस्याव्युत्पन्नत्वात् यथा भूतले उपकुम्भं भूतले अघटमित्यादौ भूतलवृत्तिघटसमीप– तदत्यन्ता–भावयोः अप्रतीतेः।

यह प्राचीन मत समीचीन नहीं है। 'कर्मधारय समास के बाद मत्वर्थीय प्रत्यय नहीं होता है, यदि बहुव्रीहि समास उस अर्थ की प्रतिपत्ति कराता हो', इस नियम में 'कर्मधार' पद का अर्थ बहुव्रीहि से भिन्न समास है, यह तथ्य 'अगुणवत्त्वम्' इस प्रकार द्रव्य से भिन्न पदार्थों के साधर्म्य के व्याख्यान के अवसर पर, गुण–प्रकाश पर की गई रहस्य व्याख्या में तथा गुण–प्रकाश पर की गई दीधिति व्याख्या की रहस्य व्याख्या में मथुरानाथ ने स्पष्ट किया है। अव्ययीभाव समास के उत्तर–पदार्थ के साथ इस समास में अनिविष्ट दूसरे पदार्थ का अन्वय भी अव्युत्पन्न माना जाता है। जैसे 'भूतले उपकुम्भम्' 'भूतले अघटम्' इत्यादि उदाहरणों में भूतल–वृत्ति घट–समीप, भूतल–वृत्ति घट के अत्यन्ताभाव की प्रतीति नहीं होती है।

इस प्राचीन मत का खण्डन करते हुए आचार्य मथुरानाथ ने कहा है कि यदि पूर्वोक्त रीति से समास कर साध्याभाववदवृत्तित्व पद का व्याख्यान करेंगे तो 'न कर्माधारयान्मत्वर्थीयो बहुव्रीहिश्चेत्तदर्थप्रतिपत्तिकरः' इस नियम का

विरोध होगा। इस नियम का अर्थ इस प्रकार है–

कर्मधारय समास करने के बाद मत्वर्थीय प्रत्यय नहीं होता है अर्थात् मतुप् अर्थ बताने वाला प्रत्यय नहीं होता है यदि कर्मधारय समास करने के अनन्तर मत्वर्थीय प्रत्यय करने के बाद जो अर्थ प्राप्त होता है, उस अर्थ का बोध कराने वाला बहुव्रीहि समास सम्भव होता है। इस नियम में निर्दिष्ट कर्मधारय पद बहुव्रीहि से भिन्न समास इस अर्थ का बोध कराने वाला है।

इस प्रकार 'न कर्माधारयान्मत्वर्थीयः' का अर्थ होगा–'बहुव्रीहि से भिन्न समास करने के बाद मत्वर्थीय अर्थात् मतुप् अर्थ को बताने वाला प्रत्यय नहीं होता है, यदि बहुव्रीहि इतर समास से मतुप् अर्थ वाला प्रत्यय करने के बाद जो अर्थ प्राप्त होता है उस अर्थ को बहुव्रीहि समास के द्वारा जान लिया जाय।

मथुरानाथ तर्कवागीश ने इस नियम का उदाहरण के साथ समन्वय; गुणादि षड् पदार्थों के साधर्म्य 'अगुणवत्त्व' की व्याख्या करते हुए, प्रशस्तपादभाष्य की उदयनाचार्य द्वारा विरचित किरणावली व्याख्या की वर्धमान उपाध्याय द्वारा रचित प्रकाश व्याख्या पर निबद्ध अपनी रहस्य नाम की व्याख्या में किया है।

वर्धमान उपाध्याय द्वारा रचित इस प्रकाश व्याख्या पर रघुनाथशिरोमणि द्वारा निबद्ध दीधिति व्याख्या का अपनी दीधिति–रहस्य नामक व्याख्या में विश्लेषण करते हुए भी उपर्युक्त नियम का सोदाहरण समन्वय मथुरानाथ ने स्पष्ट रूप में किया है।

वैशेषिक दर्शन में सात पदार्थ स्वीकार किये गये हैं। इन पदार्थों का यथार्थ ज्ञान करने की दृष्टि से इनके समान एवं विरुद्ध धर्म का ज्ञान अपेक्षित होता है। फलतः इन पदार्थों का क्या समान धर्म है तथा क्या विरुद्ध धर्म है, यह न्याय वैशेषिक दर्शन में विशेष रूप से बतलाया गया है। इस क्रम में गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय एवं अभाव इन छः पदार्थों का समान धर्म 'अगुणवत्त्व' है यह स्पष्ट किया गया है। अर्थात् इन छः पदार्थों में 'अगुणवत्त्व' समान रूप से रहता है।

अगुणवत्त्व शब्द दो प्रकार का समास करके बनाया जा सकता है। गुणस्य अभावः अगुणम्, तद् यत्रास्ति इति अगुणवान्, तस्य भावः अगुणवत्त्वम्। इस प्रकार अव्ययीभाव समास करने के अनन्तर मत्त्वर्थीय प्रत्यय करने के उपरान्त अगुणवत्त्व शब्द निष्पन्न होता है।

अगुणवत्त्व शब्द को व्युत्पन्न करने का दूसरा प्रकार विद्वानों ने इस प्रकार स्वीकार किया है– गुणाः यत्र विद्यन्ते ते गुणवन्तः, न गुणवन्तः अगुणवन्तः, तेषां भावः अगुणवत्त्वम्। इसका तात्पर्य है कि गुण जहाँ रहते हैं उनको गुणवान् कहा जाता है तथा जो गुणवान् नहीं होते हैं उनको अगुणवान् कहा जाएगा और उनके भावों को ही अगुणवत्त्व कहेंगे।

इन दोनों पक्षों में द्वितीय पक्ष के अनुसार अगुणवत्त्व शब्द का निष्पादन युक्तियुक्त है।[१] क्योंकि इस पक्ष में मात्र बहुव्रीहि समास करने से उस अर्थ का बोध हो जाता है जिस अर्थ का बोध प्रथम पक्ष में बहुव्रीहि से भिन्न अव्ययी भाव समास करने के अनन्तर मतुप् अर्थ बतलाने वाले प्रत्यय को करने के उपरान्त होता है। परिणामतः, 'बहुव्रीहि से भिन्न समास करने के बाद मत्त्वर्थीय प्रत्यय नहीं किया जाता, यदि इस अर्थ का लाभ मात्र बहुव्रीहि करने से हो जाता हो' इस नियम का अपलाप भी नहीं होता है।

इस व्याकरण शास्त्र के नियम के अतिरिक्त एक और नियम है जिसका अपलाप साध्याभाववदवृत्तित्वम् इस लक्षण में अव्ययीभाव समास स्वीकार करने पर होता है। यह द्वितीय नियम इस प्रकार है–

---

१. इन व्याख्याओं में प्रथम व्याख्या की उपेक्षा उक्त ग्रन्थों में यह कह कर की गई है कि इस व्याख्या में 'अगुण' इस अव्ययीभाव समास से मतुप् प्रत्यय करना होता है जो 'न कर्मधारयान् मत्त्वर्थीय' इस अनुशासन से विरुद्ध है। प्रथम व्याख्या की उपेक्षा का यह कारण तभी सम्भव हो सकता है जब अनुशासन में कर्मधारय शब्द को बहुव्रीहीतरसमासपरक माना जाय। **अतः उक्त कारण से प्रथम व्याख्या का परित्याग करने से यह स्पष्ट है कि उक्त अनुशासन में कर्मधारय पद बहुव्रीहीतरसमासपरक है।**

'अव्ययी भाव समास में उत्तर पदार्थ के साथ इस समास में अनिविष्ट किसी दूसरे पदार्थ का अन्वय अव्युत्पन्न माना जाता है' उदाहरण के लिए 'भूतले उपकुम्भम्' एवं 'भूतले अघटम्' इन दो स्थानों में इस नियम की सङ्गति देखी जा सकती है।

इन दोनों उदाहरणों में, कुम्भस्य समीपं उपकुम्भम् इस प्रकार अव्ययीभाव समास करके उपकुम्भ शब्द निष्पन्न होता है तथा घटस्य अभावः अघटम् इस प्रकार अव्ययीभाव समास करके अघट शब्द की निष्पत्ति की जाती है। इन दोनों उदाहरणों में क्रमानुसार भूतले शब्द के अर्थ भूतल निरूपित वृत्तित्व का अन्वय अव्ययीभाव समास करने के अनन्तर व्युत्पन्न अघट इस समस्त पद के उत्तर पद घट के अर्थ कम्बुग्रीवादिमान् के साथ नहीं होता है, अर्थात् भूतल वृत्ति जो घट उसके समीप, यह अर्थ, भूतले उपकुम्भम्, इस वाक्य से नहीं समझा जाता है। इसी प्रकार अव्ययीभाव समास करने के बाद व्युत्पन्न अघट शब्द के उत्तर पदार्थ घट के साथ भूतल–वृत्तित्व का अन्वय नहीं स्वीकार किया जाता है, अर्थात् भूतल वृत्ति जो घट उसका अत्यन्ताभाव यह अर्थ 'भूतले अघटम्' इस वाक्य के अर्थ के रूप में प्रामाणिकों द्वारा मान्य नहीं है।

माथुरी

एतेन वृत्तेरभावोऽवृत्तीत्यव्ययीभावानन्तरम् साध्याभाव–वतोऽवृत्तिः यत्रेति बहुव्रीहिरित्यपि प्रत्युक्तम्, वृत्तौ साध्याभाव–वतोऽनन्वयापत्तेः, अव्ययीभाव–समासस्याव्ययतया तेन समं समासान्तरासम्भवाच्च, नञुपाध्यादिरूपाव्यय–विशेषाणामेव समस्यमानत्वेन परिगणितत्वात्।

इस नियम के अनुसार वृत्तेः अभावः अवृत्तिः यह अव्ययीभाव समास करने के अनन्तर, साध्याभाववतः अवृत्तिः यत्र इस प्रकार बहुव्रीहि समास कर के साध्याभाववदवृत्तित्व का निर्वचन भी

मान्य नहीं होता है, क्यों कि अव्ययीभाव समास करने के बाद निष्पन्न अवृत्ति पद के उत्तर पदार्थ वृत्ति के साथ इस समास में अनिविष्ट साध्याभाववत् पदार्थ का अन्वय उपर्युक्त नियम के अनुसार सम्भव नहीं है।

अव्ययी भाव समास के अव्यय होने के कारण, अव्ययीभाव समास करने के अनन्तर व्युत्पन्न पद के साथ दूसरा समास भी नहीं किया जा सकता है, क्यों कि नञ्, उप, अधि आदि परिगणित अव्यय विशेष ही दूसरे पद के साथ समस्त होते हैं ऐसी विद्वानों की मान्यता है।

माथुरी

वस्तुतस्तु 'साध्याभाववतो न वृत्तिः यत्र' इति त्रिपद–व्यधिकरणबहुव्रीह्युत्तरं त्वप्रत्ययः, साध्याभाववत इत्यत्र निरूपितत्वं षष्ठ्यर्थः, अन्वयश्चास्य वृत्तौ। तथा च साध्याभावाधि–करणनिरूपितवृत्त्यभाववत्त्वम् अव्यभिचरितत्वमिति फलितम्। न च व्यधिकरणबहुव्रीहिः सर्वत्र न साधुरिति वाच्यम्, अयं हेतुः साध्याभाववदवृत्तिरित्यादौ व्यधिकरणबहुव्रीहिं विना गत्यन्तराभावेनाऽत्रापि व्यधिकरणबहुव्रीहेः साधुत्वात्।

सिद्धान्त रूप में 'साध्याभाववतः न वृत्तिः यत्र' इस प्रकार तीन पद वाली व्यधिकरण बहुव्रीहि समास करने के उपरान्त त्व प्रत्यय कर के साध्याभाववदवृत्तित्व शब्द को निष्पन्न करना ही युक्तियुक्त है। यहाँ पर साध्याभाववतः इस पद में वर्त्तमान जो षष्ठी विभक्ति है, उसका निरूपितत्व अर्थ स्वीकार करते हैं। इस

निरूपितत्व अर्थ का अन्वय वृत्ति पद के अर्थ में करते हैं। इस तरह 'साध्याभाववदवृत्तित्व' इस लक्षण वाक्य का अर्थ 'साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्त्यभाव' ही निष्कर्ष रूप में प्राप्त होता है। और यह 'साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्त्यभाववत्त्व' ही 'अव्यभिचरितत्व' पद का अर्थ है, यह अत्यन्त स्पष्ट हो जाता है।

यहाँ यह प्रश्न नहीं करना चाहिए कि, व्यधिकरण बहुव्रीहि हर जगह मान्य नहीं है, फलतः इस लक्षण—वाक्य में भी व्यधिकरणबहुव्रीहि स्वीकार करना उपयुक्त नहीं है, क्यों कि यह हेतु 'साध्याभाववदवृत्ती' है यह व्यवहार व्यधिकरण बहुव्रीहि के बिना किसी और प्रकार से सम्भव नहीं हो सकता, अतः इस विशेष स्थल में भी व्यधिकरण—बहुव्रीहि को उपयुक्त मानना ही श्रेयस्कर होता है।

अब तक की चर्चा से स्पष्ट हो जाता कि 'साध्याभावाधिकरण—निरूपितवृत्त्यभाववत्त्व' का अर्थ साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्त्यभाव होता है। यद्यपि मूल ग्रन्थ के अनुसार व्याप्ति का स्वरूप लक्षण साध्याभावाधिकरण—निरूपितवृत्त्यभाव है तथापि व्याप्ति का लक्षण 'साध्याभावाधिकरण—निरूपितवृत्तित्वाभाव' है ऐसा परम्परा से अध्ययन अध्यापन के क्रम में मुक्त कण्ठ से स्वीकार किया जाता है।

वास्तव में सूक्ष्मता से विचार करें तो साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्त्यभाव या साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव में कोई विशेष अन्तर नहीं है। आरम्भ में यह बताया जा चुका है कि वृत्ति शब्द का अर्थ वर्त्तन या रहना होता है। साध्याभावाधिकरण में जो वस्तु रहती है वह वस्तु 'रहना' इस क्रिया का आश्रय होती है अर्थात् साध्याभावाधिकरणवृत्ती होती है। साध्याभावाधिकरण में

जो वस्तु है, उसमें रहने वाली वर्त्तन–क्रिया, साध्याभावाधिकरणवृत्ती में है, फलतः साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्ती का भाव वृत्तित्व भी यह वर्त्तन–क्रिया ही होगी।

इस प्रकार यद्यपि साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्यभाव एवं साध्या–भावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव में कोई भेद नहीं है फिर भी साध्याभावाधि–करणनिरूपित वृत्तित्वाभाव व्याप्ति का स्वरूपलक्षण है यह कहने में एवं समझने में सुविधा होती है यही कारण है कि शास्त्रार्थ एवं अध्ययन अध्यापन के सन्दर्भ में व्याप्ति का लक्षण 'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव' के रूप में ही प्रचलित है। प्रथम पक्ष में, साध्याभावाधिकरण मे रहना कहकर हम सीधे साध्याभावाधिकरण में रहने वाली वस्तु में विद्यमान क्रिया का सङ्ग्रह करते हैं जो समझने एवं समझाने की दृष्टि से कठिन होता है। द्वितीय पक्ष में, साध्याभावाधिकरण में रहने वाली वस्तु का 'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्ति शब्द से ग्रहण कर भावार्थक 'त्व' पद से रहना क्रिया का सङ्ग्रह अनायास ही कर लेते हैं जिससे विषय के अवबोध में सुविधा होती है, यह सुस्पष्ट है।

माथुरी

साध्याभावाधिकरणवृत्त्यभावश्च तादृशवृत्तित्वसामान्याभावो[1] बोध्यः। तेन धूमवान् वह्नेरित्यादौ धूमाभाववज्जलह्रदादिवृत्त्य–भावस्य धूमाभाववद्वृत्तित्वजलत्वोभयत्वावच्छिन्नाभावस्य च वह्नौ सत्त्वेऽपि नातिव्याप्तिः।

'साध्याभाववदवृत्तित्व' इस लक्षण वाक्य का अर्थ 'साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्त्यभाव' ही निष्कर्ष रूप में प्राप्त

---

१. तदृशवृत्तिसामान्याभावो बोध्यः। – माथुरी पञ्चलक्षणी, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, हिन्दी व्याख्या, व्याख्याकार–आचार्य बदरीनाथ शुक्ल, पृ० १२–१३

होता है और यह साध्याभावाधिकरणवृत्ति का अभाव साध्याभावा धिकरणनिरूपितवृत्तित्व का सामान्याभाव मानना चाहिए। ऐसा मानने से पर्वतः, धूमवान्, वह्नेः, इस प्रकार के असद्धेतु वाले स्थल में, धूमाभाववत् जलह्रद आदि वृत्ति अर्थात् वृत्तित्व के अभाव के एवं धूमाभाववत् वृत्तित्व—जलत्व उभयत्व से अवच्छिन्न अभाव के, असद्धेतु—वह्नि में रहने पर भी अतिव्याप्ति नामक लक्षण—दोष नहीं होता है।

पाँच अव्यभिचरितत्व विशेषों में प्रथम अव्यभिचरितत्वविशेष साध्याभावाधिकरणवृत्त्यभाव अर्थात् 'साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव' है। यह व्याप्ति का स्वरूप लक्षण है तथा व्याप्ति से युक्त सद्धेतु या व्याप्य का तटस्थ लक्षण[१] है। प्रस्तुत ग्रन्थ में व्याप्य के तटस्थ लक्षण के रूप में

---

१. लक्षण से किसी भी वस्तु को पहचानते हैं। किसी वस्तु का स्वरूप ही उस वस्तु का स्वरूप लक्षण होता है। तटस्थ लक्षण किसी वस्तु में रहने वाला वह असाधारण धर्म होता है जिससे हम उस वस्तु की पहचान नियमित रूप में करते हैं। इस प्रकार स्वरूप होने के साथ—साथ जो उस वस्तु का व्यावर्त्तक भी होता है उसे स्वरूप लक्षण कहते हैं दूसरे शब्दों में वस्तु में नियमित रूप से विद्यमान होते हुए जो वस्तु को अन्य वस्तुओं से अलग करता है उसे स्वरूप लक्षण कहते हैं। तटस्थ लक्षण वस्तु का वह असाधारण धर्म होता है जो उस वस्तु में सदा न रह कर भी उस वस्तु को और वस्तुओं से अलग सिद्ध करता है।

उदाहरणार्थ पृथ्वी का स्वरूपलक्षण पृथ्वीत्व है जो पृथ्वी को छोड़ कर कभी भी कहीं नहीं रहता है तथा पृथ्वी में हर स्थिति में रहता है। पृथ्वी का तटस्थ लक्षण गन्ध माना गया है। यह गन्ध पृथ्वी को छोड़ कर कभी भी कहीं नहीं रहता है परन्तु पृथ्वी में हर स्थिति में नहीं रहता है, जब पृथ्वी उत्पत्ति की स्थिति में होती है तब पहले क्षण में बिना किसी गुण के ही होती है। हम गन्ध के आधार पर भी पृथ्वी को अन्य पदार्थों से अलग करते हैं अतः 'गन्ध' पृथ्वी का तटस्थ लक्षण सिद्ध होता है।

इसकी विवेचना की गई है। इसी लिए कभी इस लक्षण में असम्भव तो कभी अव्याप्ति तो कभी अतिव्याप्ति दोष का निर्देश विभिन्न हेतुओं के सन्दर्भ में मिलता है। यद्यपि कहा यही जाता है कि व्याप्ति के लक्षण में अतिव्याप्ति,अव्याप्ति या असम्भव दोष[१] है क्यों कि यह लक्षण असद्–हेतु में है, या किसी सद्–हेतु में नहीं है, अथवा किसी भी सद्–हेतु में नहीं है, तथापि कथन का तात्पर्य यही समझना चाहिए कि व्याप्य के लक्षण में उपर्युक्त दोष हैं।

गन्ध पृथ्वी में उत्पत्ति की अवस्था में नहीं होता है यह तथ्य **' उत्पन्नं द्रव्यं क्षणमगुणं निष्क्रियं च तिष्ठति'** पैदा हुआ कोई भी द्रव्य प्रथम क्षण में बिना किसी गुण एवं बिना किसी क्रिया के होता है, इस दार्शनिक मान्यता के आधार पर सिद्ध होता है।

यह नियम इस लिए मानना पड़ता है क्यों कि कोई भी कारण कार्य के पूर्व में नियमित रूप में अवश्य रहता है, तथा गुणों एवं क्रियाओं का कारण द्रव्य माना गया है अत: द्रव्य को गुण एवं क्रिया से पहले क्षणमें नियमित रूप से अवश्य होना चाहिए। यह तभी सम्भव है जब उपर्युक्त नियम के अनुसार उत्पन्न किसी भी द्रव्य को प्रथम क्षण में निर्गुण एवं निष्क्रिय माना जाय।

१. किसी लक्षण में अव्याप्ति तब होती है जब कोई लक्षण, जिसका किया जाय उन्हीं में से कुछ में रहे एवं कुछ में न रहे। इसी लिए अव्याप्ति का लक्षण **'लक्ष्यैकदेशावृत्तित्वम्'** इस प्रकार शास्त्रों में प्राप्त होता है। लक्ष्य के किसी एक देश या भाग में लक्षण का न होना ही अव्याप्ति है।

किसी लक्षण में अतिव्याप्ति तब होती है जब कोई लक्षण, जिसका किया जाय उसमें सर्वत्र रहे एवं जिसका वह लक्षण नहीं है उसमें भी रहे। इसी लिए अतिव्याप्ति का लक्षण **'लक्ष्यवृत्तित्वे सति अलक्ष्यवृत्तित्वम्'** इस प्रकार शास्त्रों में प्राप्त होता है। लक्ष्य में सर्वत्र रहता हुआ जब लक्षण अलक्ष्य में भी रहता है तब अतिव्याप्ति दोष से ग्रस्त होता है।

किसी लक्षण में असम्भव दोष तब होता है जब कोई लक्षण, जिसका किया जाय उसी में कहीं भी न रहे। इसी लिए असम्भव का लक्षण **'लक्ष्यमात्रावृत्तित्वम्'** इस प्रकार शास्त्रों में प्राप्त होता है।

व्याप्ति के इस लक्षण का समन्वय सद्धेतु में अपेक्षित है तथा असद्धेतु में इसका समन्वय अभीष्ट नहीं है, साथ ही इस लक्षण को ऐसा होना चाहिए कि यह व्याप्य या सद्धेतु में सर्वथा असम्भव या न रहने वाला न हो। ऐसी स्थिति में ही हम इस लक्षण को अव्याप्ति, अतिव्याप्ति एवं असम्भव रूप तीन लक्षण के दोषों से मुक्त मान सकते हैं। किसी भी लक्षण में इन दोषों का राहित्य आवश्यक रूप में अपेक्षित होता है।

जब भी किसी का कोई लक्षण किया जाता है तब सर्व प्रथम उसका किसी लक्ष्य में समन्वय किया जाता है। ऐसा करने से यह सिद्ध हो जाता है कि इस लक्षण का किसी एक लक्ष्य में समन्वय हो जाने से, यहाँ असम्भव नामक लक्षण–दोष नहीं है साथ ही लक्ष्य में लक्षण के समन्वय होने से अव्याप्ति भी नहीं है।[1] इसके अनन्तर अलक्ष्य में लक्षण का समन्वय नहीं हो रहा है यह भी बताने की आप्त परम्परा है जिससे लक्षण में अतिव्याप्ति–दोष का न होना भी सिद्ध होता है।

जन सामान्य भी जब किसी वस्तु को पहचानने के क्रम में उस वस्तु का कोई विशेष या असाधारण धर्म बताता है तब वह अवश्य सहज रूप में

---

१. एक देश में लक्षण जा रहा है ऐसा सिद्ध होने पर लक्षण में अव्याप्ति नहीं है यह कैसे समझा जा सकता है। एक देश में लक्षण है यह कहने पर लक्षण में अव्याप्ति दोष है यह भी तो कहा जा सकता है? इस प्रकार की आशङ्का नहीं करनी चाहिए।
लक्षण एक देश में है यह कहने से , एक देश में ही है अन्य देश में नहीं है यह भाव यदि निकलता तो अव्याप्ति है यह शङ्का सम्भव होती, पर इस वाक्य से ऐसा आशय कथमपि नहीं निकलता है।
वायु सर्वत्र व्याप्त है, यह शाश्वत तथ्य है । ऐसी स्थिति में जब हम कहते हैं कि इस कक्ष में वायु है, तब इस कथन का तात्पर्य यह कथमपि नहीं निकलता है कि अन्य स्थान या कक्षों में वायु नहीं है या इसी कक्ष में वायु है। फलतः लक्ष्य के एक देश में लक्षण का समन्वय करने से लक्षण में अव्याप्ति नहीं है यह सङ्केत भी प्राप्त होता ही है।

यह सिद्ध करता ही है कि यह विशेष उस वस्तु में है तथा अन्य वस्तुओं में वह विशेष या असाधारण धर्म नहीं है। ऐसा बताकर जन सामान्य भी यही स्पष्ट करता है कि उसके द्वारा बताई गई पहचान यथार्थ एवं दोष शून्य है।

प्रस्तुत सन्दर्भ में भी व्याप्ति के लक्षण का समन्वय सद्धेतु में हो रहा है तथा असद्धेतु में नहीं हो रहा है यह सुनिश्चित करना नितान्त अपेक्षित है। पर्वत, आग वाला है। धूआँ होने के कारण। इस प्रकार जब कोई पर्वत पर आग का अनुमान धूएँ को हेतु बना कर करता है तब यहाँ धूएँ को सद्धेतु माना जाता है।

सद्धेतु धूएँ में व्याप्ति के प्रथम लक्षण का समन्वय इस प्रकार होता है— उपर्युक्त स्थल में साध्य आग है। साध्य का अभाव आग का अभाव है। साध्य के अभाव का अर्थात् आग के अभाव का अधिकरण धूएँ का अधिकरण नहीं होता है क्यों कि तालाब आदि में जहाँ भी आग का अभाव मिलता है वहाँ सभी जगह धूआँ नहीं होता है। इस प्रकार आग के अभाव के अधिकरण तालाब आदि में धूआँ वृत्ति नहीं होता है अर्थात् अवृत्ति होता है फलत: हेतु धूएँ में आग के अभाव के अधिकरण तालाब आदि से निरूपित अवृत्तित्व या वृत्तित्व का अभाव निराबाध सिद्ध हो जाता है। फलस्वरूप सद्धेतु में व्याप्ति के लक्षण का समन्वय हो जाने से व्याप्ति के लक्षण में असम्भव एवं अव्याप्ति दोष का न होना सिद्ध हो जाता है।

'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव' यह व्याप्ति का प्रथम लक्षण असद्धेतु वाले—स्थल के असद्धेतु में समन्वित नहीं होता है। पर्वत, धूम वाला है। आग होने के कारण। इस प्रकार जब कोई पर्वत में धूएँ का अनुमान आग को हेतु बना कर करता है तब यहाँ आग को असद्धेतु माना जाता है। क्यों कि 'जहाँ—जहाँ आग है वहाँ—वहाँ धूआँ है' इस प्रकार धूएँ के साथ रहने का नियम आग में नहीं देखा जाता है। आग तो रसोई घर, चौराहे एवं गोशाला में जैसे उपलब्ध होती है उसी तरह तपते हुए लोहे के गोले में भी रहती ही है परन्तु आग से दहकते लोहे के गोले में आग तो होती है पर वहाँ धूआँ नहीं होता है। यही कारण है कि धूएँ के साथ रहने का नियम आग में नहीं बन पाता

है।

असद्धेतु आग में व्याप्ति के प्रथम लक्षण का समन्वय इस प्रकार नहीं होता है— उपर्युक्त स्थल में साध्य धूआँ है। साध्य का अभाव धूएँ का अभाव है। साध्य के अभाव का अर्थात् धूएँ के अभाव का अधिकरण तलाब, नदी, कूप आदि की तरह हेतु—आग का अधिकरण दहकता हुआ आग का गोला भी होता है । इस प्रकार साध्य—धूएँ, के अभाव का अधिकरण तपता हुआ लोहे का गोला, गैस एवं विद्युत् आदि से उत्पन्न आग वाला चूल्हा आदि होगा। इन साध्य के अभाव के अधिकरणों में रहने वाला अर्थात् वृत्ति ही हेतु—आग हो जाता है फलत: वृत्तित्व अर्थात् रहना—क्रिया, हेतु—आग में सुनिश्चित हो जाती है, न रहना अर्थात् वृत्तित्व का अभाव या अवृत्तित्व स्वरूप व्याप्ति का लक्षण असद्धेतु आग में नहीं होता है। इस प्रकार हेतु आग में, धूएँ के अभाव के अधिकरण—तपते लोहे के गोले आदि से निरूपित वृत्तित्व के ही होने से वृत्तित्व का अभाव नहीं सिद्ध हो पाता है। अन्तत: असद्धेतु में व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न हो पाने से, व्याप्ति के लक्षण में अतिव्याप्ति दोष का न होना भी स्वत: सिद्ध हो जाता है।

इतनी चर्चा से यह स्पष्ट होता है कि व्याप्ति का यह प्रथम लक्षण अव्याप्ति अतिव्याप्ति एवं असम्भव दोषों से विहीन होने के कारण निर्दुष्ट एवं उपादेय है।

व्याप्ति का जो प्रथम—**लक्षण 'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व का अभाव'** है वह **'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व का सामान्याभाव'** मानना चाहिए। **'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व नहीं है'** इस प्रकार की प्रतीति के आधार पर जो अभाव सिद्ध होता है वही साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व का सामान्याभाव होता है। कल्पना कीजिए कि उपर्युक्त स्थल में साध्याभावाधि—करणनिरूपितवृत्तित्व मात्र चार प्रकार के हैं, धूएँ के अभाव के अधिकरण तालाब निरूपित वृत्तित्व, धूएँ के अभाव के अधिकरण नदी निरूपित वृत्तित्व, धूएँ के अभाव के अधिकरण कूप निरूपित वृत्तित्व एवं धूएँ के अभाव के अधिकरण तपते लोहे के गोले से निरूपित वृत्तित्व, आरम्भ के तीन वृत्तित्व

के असद्धेतु आग में न होने पर भी अन्तिम तपते लोहे के गोले से निरूपित वृत्तित्व के आग में होने के कारण, आग में साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व का सामान्याभाव है अर्थात् आग में 'साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व नहीं है' यह नहीं कह सकते हैं।

यदि व्याप्ति के लक्षण में प्रविष्ट वृत्तित्वाभाव वृत्तित्वसामान्याभाव के रूप में ग्राह्य है यह नहीं मानेंगे तो पर्वतः धूमवान् वह्नेः इस असद्धेतुक स्थल के असद्धेतु वह्नि में धूमाभावाधिकरण—जलह्रद निरूपित वृत्तित्व का अभाव होने से लक्षण समन्वय हो जाता है, फलस्वरूप अतिव्याप्तिदोष की आपत्ति होती है।

यद्यपि धूमाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व उपर्युक्त असद्धेतु—वह्नि में है या नहीं? यह प्रश्न होने पर हर व्यक्ति उत्तर यही देता है कि उपर्युक्त असद्धेतु—वह्नि में धूमाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व है, क्यों कि धूम के अभाव के अधिकरण तपते हुए लोहे के गोले में आग वृत्ति है यह हम सब को विज्ञात है।

अब यदि फिर प्रश्न हो कि असद्धेतु—वह्नि में धूमाभावाधि—करणनिरूपितवृत्तित्व के होने पर भी जलत्व है कि नहीं? तो स्पष्ट उत्तर होगा कि असद्धेतु—वह्नि में जलत्व नहीं है। इस प्रकार असद्धेतु—वह्नि में धूमा—भावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व है, जलत्व नहीं है यह सिद्ध हो जाता है।

पुनः जब यहाँ प्रश्न होता है कि उपर्युक्त असद्धेतु—वह्नि में धूमाभावा—धिकरणनिरूपितवृत्तित्व जलत्व दोनों हैं कि नहीं? तो सामान्य व्यक्ति का भी यही उत्तर होता है कि असद्धेतु—वह्नि में धूमाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व के होने पर भी जलत्व के न होने से धूमाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्व जलत्व दोनों नहीं हैं।

किसी स्थान पर एक वस्तु के होने पर भी दूसरी वस्तु के न होने पर उस जगह दोनों वस्तु नहीं हैं[1] यही जन सामान्य का व्यवहार होता है। इस आप्त व्यवहार के आधार पर ही जनसामान्य उपर्युक्त उत्तर देता है।

१. एक सत्त्वेऽपि द्वयं नास्ति।

इस प्रकार यदि व्याप्ति के लक्षण में प्रविष्ट वृत्तित्वाभाव वृत्तित्वसामान्याभाव के रूप में ग्राह्य है यह नहीं मानेंगे तो पर्वत: धूमवान् वह्नेः इस असद्धेतुक स्थल के असद्धेतु वह्नि में धूमाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वजलत्वोभयाभाव रूप धूमाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव होने से भी असद्धेतु वह्नि में अतिव्याप्ति की आपत्ति सुस्थिर हो जाती है।

आइए इसी तथ्य को एक लौकिक उदाहरण से समझने का भी प्रयास किया जाय। यदि हम आपसे कहें कि आपके पास रूपये नहीं हैं। तो इस कथन का तात्पर्य होगा कि आप के पास एक रूपया भी नहीं है। दूसरे शब्दों में रूपये का सामान्याभाव है।

यदि किसी के पास दो रूपये का नोट न हो, पाँच रूपये का नोट न हो, दस रूपये का नोट न हो, बीस रूपये का नोट न हो, पचास रूपये का नोट न हो, सौ रूपये का नोट न हो, पाँच सौ रूपये का नोट न हो तथा एक हजार रूपये का नोट न हो, पर एक रूपये का नोट हो, तो उसके पास 'रूपया नहीं है' यह कोई भी बुद्धिमान् व्यक्ति नहीं कहता है। क्यों कि इस व्यक्ति के पास एक रूपये के होने के कारण रूपये का सामान्याभाव है यह नहीं कहा जा सकता है।

ठीक इसी प्रकार असद्धेतु आग में, आग के अभाव के अधिकरण तपते लोहे के गोले से निरूपित एक वृत्तित्व के होने के कारण आग में, साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्व नहीं है यह व्यवहार कथमपि नहीं हो सकता है। अत: आग में लक्षण के समन्वित न होने से अतिव्याप्ति दोष नहीं है यह स्थिर हो जाता है।

माथुरी

साध्याभाववद्वृत्तिश्च हेतुतावच्छेदकसम्बन्धेन विवक्षणीया, तेन वह्न्यभाववति धूमावयवे जलह्रदादौ च समवायेन कालिकविशेषणतादिना च धूमस्य वृत्तावपि न क्षतिः।

साध्याभावाधिकरण में वृत्ति हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध से विवक्षित है। ऐसा मानने से वह्नि के अभाव वाले धूम के अवयव में तथा जल से पूरित ह्रद में क्रमशः समवाय सम्बन्ध से एवं कालिकविशेषणता (कालिक) सम्बन्ध से धूम—सद्धेतु के रहने पर भी कोई क्षति अर्थात् अव्याप्ति—दोष नहीं होता है।

प्रस्तुत व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव के अधिकरण में कोई किस सम्बन्ध से वृत्ति होना चाहिए यह प्रश्न उपस्थित होता है। इसका समाधान करते हुए आचार्य मथुरानाथ कहते हैं कि साध्याभाव के अधिकरण में कोई वृत्ति, हेतुतावच्छेदक—सम्बन्ध से होना चाहिए।

प्रस्तुत सन्दर्भ में हेतुता का अवच्छेदक सम्बन्ध क्या है? उत्तर है, पर्वत में वह्नि को सिद्ध करने के लिए धूम को जिस सम्बन्ध से हेतु माना जाता है, वही हेतुता का अवच्छेदक सम्बन्ध है। हम सब जानते हैं कि पर्वत पर संयोग सम्बन्ध से अग्नि को सिद्ध करने के लिए हम संयोग सम्बन्ध से ही धूम को हेतु मानते हैं। फलतः धूम में रहने वाली हेतुता का अवच्छेदक सम्बन्ध संयोग सम्बन्ध ही होगा।

साध्याभाव के अधिकरण में कोई वृत्ति हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से ही होना चाहिए यह सुनिश्चित न होने पर पर्वतः, वह्निमान्, धूमात् इस सद्धेतुकस्थल में अव्याप्ति दोष इस प्रकार होता है—

साध्य—वह्नि, के संयोग सम्बन्ध से अभाव का अधिकरण, धूम का अवयव अर्थात् धूम का एक भाग होता है। इसी प्रकार इस अभाव का अधिकरण जल से भरा तालाब भी होता ही है। हेतु—धूम, साध्य के अभाव के प्रथम अधिकरण धूम के अवयव या धूम के एक भाग में समवाय सम्बन्ध से वृत्ति या रहता है इसी प्रकार साध्य के अभाव के दूसरे अधिकरण जल से भरे तालाब में धूम—हेतु, कालिक सम्बन्ध से रहता है। फलतः साध्याभाव के अधिकरण से निरूपित वृत्तित्व के धूम—सद्धेतु में होने से साध्या—

भावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष सुस्पष्ट है।

जब हम यह कह देते हैं कि साध्याभाव के अधिकरण में कोई वृत्ति हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से ही होना चाहिए तब साध्य के अभाव के प्रथम अधिकरण धूम के अवयव या धूम के एक भाग में समवाय सम्बन्ध से तथा साध्य के अभाव के दूसरे अधिकरण जल से भरे तालाब में कालिक सम्बन्ध से हेतु–धूम, के वृत्ति होने पर भी हेतुतावच्छेदक संयोग सम्बन्ध से धूम के अवयव या धूम के एक भाग में तथा जल से भरे तालाब में धूम–हेतु के वृत्ति न होने के कारण व्याप्ति के लक्षण–**साध्याभावाधिकरणनिरूपित–हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न–वृत्तित्वसामान्याभाव**[१], का समन्वय सद्धेतु धूम

१. इस परिष्कार के पूर्व 'साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वसामान्याभाव' व्याप्ति के लक्षण के रूप में स्वीकार किया गया था और अब व्याप्ति के लक्षण के रूप में साध्याभावाधिकरणनिरूपित–हेतुतावच्छेदकसम्बन्धा–वच्छिन्न–वृत्तित्वसामान्याभाव स्वीकार किया जा रहा है। इन दोनों वृत्तित्वसामान्याभाव के अन्तर को यहाँ समझ लेना अनिवार्य है।

पहला सामान्याभाव, साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्व किसी भी सम्बन्ध से धूम में होने पर नहीं स्वीकार किया जाता है। यह बात अलग है कि धूम में समवाय एवं कालिक सम्बन्ध से वृत्तित्व के होने के साथ ही संयोग सम्बन्ध से वृत्तित्व का अभाव भी होता है, परन्तु यह वृत्तित्व का अभाव साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वसामान्याभाव नहीं हो सकता है। धूम में कितने भी वृत्तित्व के अभाव हों परन्तु यदि एक भी वृत्तित्व धूम में हो तो धूम में वृत्तित्व नहीं है (धूमे वृत्तित्वं नास्ति) यह व्यवहार नहीं हो सकता है।

शास्त्रीय भाषा में इस आशय को हम इस प्रकार कह सकते हैं– साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वसामान्याभाव का नव्यन्याय की भाषा में तात्पर्य होता है, साध्यनिष्ठ अवच्छेदकता भिन्न, अभावत्वनिष्ठ अवच्छेदकता भिन्न अवच्छेदकता से अनिरूपित एतत् अवच्छेदकता द्वय (साध्यनिष्ठ अवच्छेदकता एवं अभावत्वनिष्ठ अवच्छेदकता) से निरूपित

में निराबाध हो जाता है। इस तरह पूर्व दर्शित अव्याप्ति दोष का निराकरण भी अनायास ही हो जाता है।

माथुरी

साध्याभावश्च साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यता–वच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताको बोध्यः। तेन वह्निमान् धूमादित्यादौ समवायादिसम्बन्धेन वह्निसामान्याभाववति संयोगसम्बन्धेन तत्तद्वह्नित्व–वह्निजलत्वोभयत्वाद्यवच्छिन्नाभाववति च पर्वतादौ संयोगेन धूमस्य वृत्तावपि न क्षतिः।

जो अधिकरण निष्ठ अवच्छेदकता, इस अधिकरणनिष्ठ अवच्छेदकता से भिन्न वृत्तितात्वनिष्ठ अवच्छेदकता से भिन्न अवच्छेदकता से अनिरूपित एतत् अवच्छेदकता द्वय (अधिकरणनिष्ठ अवच्छेदकता एवं वृत्तितात्वनिष्ठ अवच्छेदकता) से निरूपित जो वृत्तित्व निष्ठ प्रतियोगिता, ऐसी प्रतियोगिता का निरूपक अभाव।

इस प्रकार का अभाव, साध्याभावाधिकरणनिरूपित–हेतुतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्न–वृत्तित्वसामान्याभाव नहीं हो सकता है, क्यों कि इस अभाव की वृत्तित्व में रहने वाली प्रतियोगिता, अधिकरणनिष्ठ अवच्छेदकता से भिन्न वृत्तितात्वनिष्ठ अवच्छेदकता से भिन्न अवच्छेदकता से अनिरूपित नहीं है, बल्कि इन दोनों अवच्छेदकताओं से भिन्न जो हेतुतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्नत्व निष्ठ अवच्छेदकता है, उससे भी निरूपित ही है।

अन्त में इस स्थिति का आकलन कर व्याप्ति का लक्षण साध्या–भावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वसामान्याभाव न मान कर, साध्या–भावाधिकरणनिरूपित–हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न–वृत्तित्वसामान्याभाव ही अगत्या मान लिया जाता है।

ऐसा मान लेने से उपर्युक्त स्थल में साध्याभाव के अधिकरण धूम के अवयव एवं जलह्रद में धूम के संयोग सम्बन्ध से न रहने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय असानी से हो जाता है, फलस्वरूप अव्याप्ति दूर हो जाती है।

इस व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव, साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न एवं साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक जानना चाहिए। साध्याभाव का ऐसा परिष्कार करने से वह्निमान्, धूमात् इत्यादि सद्धेतुक स्थल में समवाय आदि सम्बन्ध से वह्निसामान्याभाव के अधिकरण में और संयोग सम्बन्ध से तत् तत् वह्नित्व अथवा वह्निजलत्वोभयत्व आदि धर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक अभाव वाले पर्वत आदि में संयोग सम्बन्ध से धूम के रहने पर भी कोई क्षति (अव्याप्ति) नहीं होती है।

व्याप्ति के इस प्रथम लक्षण में दो अभाव आये हैं। एक है वृत्तित्व का अभाव। दूसरा है साध्य का अभाव। अब तक की चर्चा में वृत्तित्वाभाव कैसा होना चाहिए यह विस्तार से बताया गया। अब साध्याभाव कैसा अभिप्रेत है यह प्रस्तुत अनुच्छेद में बताया जा रहा है।

यहाँ साध्याभाव ऐसा अपेक्षित है जिसकी प्रतियोगिता साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हो तथा साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हो। किसी स्थल में जिस सम्बन्ध से कोई साध्य होता है अर्थात् सिद्ध किया जाता है वही साध्यता का अवच्छेदक सम्बन्ध होता है तथा जिस रूप में या धर्म से कोई साध्य होता है वही साध्यता का अवच्छेदक धर्म होता है।

साध्याभाव का इस प्रकार परिष्कार कर देने से पर्वतः, वह्निमान्, धूमात् इस सद्धेतुक स्थल में समवाय सम्बन्ध से साध्य–वह्नि के अभाव के अधिकरण पर्वत,महानस आदि में संयोग सम्बन्ध से धूम के वृत्ति होने पर भी कोई क्षति (अव्याप्ति) नहीं होती है।

संयोग सम्बन्ध से तद्वह्नित्व रूप से वह्नि के अभाव के अधिकरण पर्वत महानस आदि में संयोग सम्बन्ध से धूम के वृत्ति होने पर भी कोई क्षति (अव्याप्ति) नहीं होती है।

संयोग सम्बन्ध से वह्नि–जलत्वोभयत्व रूप से वह्नि के अभाव के अधिकरण पर्वत महानस आदि में संयोग सम्बन्ध से धूम के वृत्ति होने पर भी कोई क्षति (अव्याप्ति) नहीं होती है।

यदि साध्याभाव का परिष्कार उपर्युक्त रूप में नहीं करेंगे तो पर्वतः, वह्निमान्, धूमात् इस सद्धेतुकस्थल में अव्याप्ति होगी यह मथुरा नाथ तर्कवागीश का यहाँ अभिमत है।

अव्याप्ति दोष इस प्रकार होता है – व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव ऐसा अपेक्षित है जिसकी प्रतियोगिता साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हो यदि यह नहीं कहेंगे तो पर्वतः, वह्निमान्, धूमात् इस सद्धेतुक स्थल में समवाय सम्बन्ध से साध्य–वह्नि के अभाव का अधिकरण पर्वत,महानस आदि हो जाएगा। महानस एवं पर्वत आदि में वह्नि संयोग सम्बन्ध से रहता है तथा समवाय सम्बन्ध से वह्नि अपने अवयव में रहता है न कि महानस एवं पर्वत में क्यों कि महानस एवं पर्वत वह्नि के अवयव नहीं हैं। इस तरह समवाय सम्बन्ध से साध्य वह्नि के अभाव का अधिकरण, धूम–हेतु का संयोग सम्बन्ध से अधिकरण महानस एवं पर्वत आदि भी हो जाता है। इस महानस पर्वत आदि में संयोग सम्बन्ध से धूम सद्धेतु के वृत्ति होने से साध्याभावाधि–करण निरूपित वृत्तित्व ही धूम में आता है फलतः साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वसामान्याभाव रूप व्याप्ति के धूम में न होने से अव्याप्ति होती है।

व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव ऐसा अपेक्षित है जिसकी प्रतियोगिता साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हो यदि यह नहीं कहेंगे तो पर्वतः, वह्निमान्, धूमात् इस सद्धेतुक स्थल में संयोग सम्बन्ध से वह्नि का अभाव भले महानस पर्वत आदि में न मिले परन्तु संयोग सम्बन्ध से तद्वह्नित्व रूप से वह्नि विशेष का अभाव मिलेगा ही इसी प्रकार से संयोग सम्बन्ध से महानस आदि में वह्नि के होने पर भी जलत्व के न होने से वह्नि एवं जलत्व उभय (दोनों) के न होने के कारण 'महनसादौ वह्नि–जलत्वोभयं नास्ति' इस प्रतीति के आधार पर सिद्ध वह्निजलत्वोभयत्व रूप से वह्नि का अभाव महानस पर्वत आदि में मिल जाता है। इस प्रकार वह्नि के अभाव के अधिकरण महानस आदि

से निरूपित वृत्तित्व के ही धूम–सद्धेतु में होने से वृत्तित्वसामान्याभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न हो पाने के कारण अव्याप्ति दोष सुस्थिर हो जाता है, जिसका निरास साध्याभाव के पूर्व निर्दिष्ट परिष्कार[१] से हो जाता है।

---

१. साध्याभाव ऐसा अपेक्षित है जिसकी प्रतियोगिता साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हो तथा साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हो (साध्याभावश्च साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकावच्छिन्न–प्रतियोगिताको बोध्य:) इस प्रकार साध्याभाव का परिष्कार कर लेने पर भी पर्वत:, वह्निमान्, धूमात् इस सद्धेतुक स्थल में संयोग समवाय उभय सम्बन्ध से वह्नि का अभाव पुन: साध्याभाव के रूप में महानस एवं पर्वत आदि में आसानी से मिल जायेगा क्यों कि महानस आदि में संयोग सम्बन्ध से वह्नि के रहने पर भी समवाय सम्बन्ध से वह्नि के न रहने के कारण संयोग समवाय उभय सम्बन्ध से वह्नि, पर्वत पर नहीं है यह प्रामाणिक व्यवहार होने के फलस्वरूप साध्यतावच्छेदक–संयोगसम्बन्धा–वच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–वह्नित्वावच्छिन्नप्रतियोगिताक (प्रतियोगिता निरूपक) अभाव संयोग समवाय उभय सम्बन्ध से वह्नि का अभाव साध्याभाव के रूप में महानस एवं पर्वत आदि में सुलभ हो जाता है।

इसी प्रकार साध्याभाव का परिष्कार कर लेने पर भी संयोग सम्बन्ध से महानस आदि में वह्नि के होने पर भी जलत्व के न होने से वह्नि एवं जलत्व उभय (दोनों) के न होने के कारण 'महनसादौ वह्नि–जलत्वोभयं नास्ति' इस प्रतीति के आधार पर सिद्ध वह्निजलत्वोभयत्व रूप से वह्नि का अभाव महानस पर्वत आदि में मिल जाता है क्यों कि इस अभाव की प्रतियोगिता साध्यता के अवच्छेदक संयोग संम्बन्ध से अवच्छिन्न होने के साथ साथ साध्यता के अवच्छेदक धर्म वह्नित्व से भी अवच्छिन्न है ही। इस अभाव के अधिकरण महानसादि से निरूपित संयोग सम्बन्ध से वृत्तित्व ही धूम में होने के कारण वृत्तित्वसामान्याभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का सद्धेतु धूम में समन्वय न हो पाने से अव्याप्ति दोष तदवस्थ रहता है। अव्याप्ति दोष की तदवस्थता को दूर करने के लिए साध्याभाव का परिष्कार साध्यतावच्छेदक संम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से भिन्न सम्बन्ध से अनवच्छिन्न एवं साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न

माथुरी

ननु तथापि गुणत्ववान् ज्ञानत्वात्, सत्तावान् जातेरित्यादौ विषयित्वाव्याप्यत्वादिसम्बन्धेन तादृशसाध्याभाववति ज्ञानादौ ज्ञानत्वजात्यादेर्वर्त्तमानत्वाद् अव्याप्तिः।

इतने परिष्कार के बाद भी यह शङ्का उपस्थित होती है कि गुणत्ववान्, ज्ञानत्वात् एवं सत्तावान्, जातेः ; इन दोनों सद्हेतु वाले स्थल में क्रमशः विषयित्व एवं अव्याप्यत्व सम्बन्ध से अभी–अभी परिष्कृत–साध्याभाव वाले ज्ञान आदि में हेतु ज्ञानत्व एवं जाति आदि के वर्त्तमान होने से अव्याप्ति दोष होता है।

साध्याभाव का यद्यपि परिष्कार कर दिया गया है, परन्तु साध्याभाव का अधिकरण किस सम्बन्ध से लेना है यह अब तक स्पष्ट नहीं किया गया है

साध्यतावच्छेदकधर्म से भिन्न धर्म से अनवच्छिन्न जो प्रतियोगिता ऐसी प्रतियोगिता का निरूपक अभाव के रूप में करना पड़ता है।

ऐसा परिष्कार कर देने के अनन्तर, 'संयोग समवाय उभय सम्बन्ध से वह्नि का अभाव' साध्याभाव के रूप में नहीं मिल पाता है क्यों कि इस अभाव की प्रतियोगिता साध्यता के अवच्छेदक संयोग सम्बन्ध से अतिरिक्त समावाय सम्बन्ध से भी अवच्छिन्न है। इसी तरह संयोग सम्बन्ध से महानस आदि में वह्नि के होने पर भी जलत्व के न होने से वह्नि एवं जलत्व उभय (दोनों) के न होने के कारण 'महनसादौ वह्नि–जलत्वोभयं नास्ति' इस प्रतीति के आधार पर सिद्ध वह्निजलत्वोभयत्व रूप से वह्नि का अभाव महानस पर्वत आदि में मिल जाता है परन्तु अब यह अभाव साध्यता के अवच्छेदक धर्म वह्नित्व से अवच्छिन्न होने के साथ–साथ साध्यता के अवच्छेदक वह्नित्व से भिन्न जलत्वत्व एवं उभयत्व से भी अवच्छिन्न है परिणामस्वरूप परिष्कृत साध्याभाव के रूप में इन अभावों को ले कर अब अव्याप्ति नहीं दी जा सकती है।

फलतः उपर्युक्त शङ्का सहज रूप में अवतरित होती है।

पहला स्थल जहाँ अव्याप्ति दी गयी है वह है— गुणत्ववान्, ज्ञानत्वात् यहाँ किसी भी बोध को हम पक्ष बना सकते हैं जहाँ हमें ज्ञानत्व का संदेह हो। उदाहरण के लिए यदि किसी को यह संदेह हो कि साइंस अर्थात् विज्ञान के बोध में गुणत्व है कि नहीं तो उसे हम समझाएँगे कि विज्ञान का बोध गुणत्व वाला है क्यों कि जैसे घट के बोध में, पट के बोध में, वृक्ष के बोध में ज्ञानत्व होने के कारण गुणत्व मान्य है ठीक उसी प्रकार विज्ञान—साइंस के बोध में भी ज्ञानत्व होने के कारण गुणत्व सिद्ध होता है। इस प्रकार 'विज्ञानावबोधः, गुणत्ववान्, ज्ञानत्वात्' यह सद्धेतुक स्थल है यह सुस्पष्ट है।

तादृश साध्याभाव अर्थात् साध्यतावच्छेदक—समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक—गुणत्वत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताक (प्रतियोगिता निरूपक) अभाव समवाय सम्बन्ध से गुणत्व का अभाव साध्याभाव के रूप में प्रसिद्ध हो जाता है। यह गुणत्वाभाव सामान्य रूप से गुण को छोड़ कर द्रव्य आदि में रहता है परन्तु यही गुणत्व का अभाव विषयिता[१] सम्बन्ध से गुणत्वाभाव को विषय

१. संसार की हर वस्तु जाने जाने योग्य (ज्ञेय) है। हर वस्तु का हमें ज्ञान हो सकता है। यहाँ यह जिज्ञासा सहज ही होती है कि वस्तु एवं ज्ञान के बीच क्या सम्बन्ध है? इसका सरल उत्तर है विषय—विषयिभाव। हम वस्तु को विषय कहते हैं तथा ज्ञान को विषयी कहते हैं। विषय के भाव का तात्पर्य विषयता से है। इसी प्रकार विषयी के भाव का अर्थ विषयिता ही होता है। इस तरह विषय—विषयिभाव का अर्थ विषयता एवं विषयिता पर्यवसित होता है।

अनुयोगी में रहने वाला धर्म ही संसर्ग होता है **(अनुयोगिवृत्तिधर्मः संसर्गः)** इस नियम के अनुसार जो वस्तु जहाँ रहती है उसमें रहने वाला धर्म ही रहने वाली वस्तु का सम्बन्ध होता है। प्रस्तुत सन्दर्भ में, यदि विषय या वस्तु ज्ञान में रहता है तो ज्ञान में रहने वाला धर्म विषयिता ही विषय या वस्तु का ज्ञान के साथ सम्बन्ध माना जायेगा, और यदि विषय या वस्तु में ज्ञान रहता है तो विषय या वस्तु में रहने वाला धर्म विषयता ही ज्ञान का वस्तु के साथ सम्बन्ध होगा। ऐसी स्थिति में साध्याभाव—गुणत्वाभाव,

करने वाले ज्ञान में भी मिल जायेगा अत: विषयिता सम्बन्ध से साध्याभाव–गुणत्व के अभाव का अधिकरण गुणत्वाभावविषयक ज्ञान हो जाने के कारण तथा गुणत्वाभाव को विषय करने वाले ज्ञान में ज्ञानत्व हेतु के समवाय सम्बन्ध (हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध) से वृत्ति होने से वृत्तित्वसामान्याभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय ज्ञानत्व–सद्धेतु में नहीं हो पाता है और इस प्रकार पुन: अव्याप्ति स्थिर हो जाती है।

दूसरा स्थल[१] जहाँ अव्याप्ति दी गयी है वह है– सत्तावान्,जाते: यहाँ किसी भी जाति वाले को हम पक्ष बना सकते हैं जहाँ हमें सत्ता का संदेह हो। उदाहरण के लिए यदि किसी को यह संदेह हो कि जाति वाले गुण में सत्ता है कि नहीं तो उसे हम समझाएँगे कि गुण सत्ता वाला है क्यों कि जैसे द्रव्य में, कर्म में, द्रव्यत्व एवं कर्मत्व रूप जाति होने के कारण सत्ता मान्य है ठीक उसी प्रकार गुण में भी गुणत्व–जाति होने के कारण सत्ता सिद्ध होती है। इस प्रकार गुण:, सत्तावान्, जाते: यह सद्धेतुक स्थल है यह सुस्पष्ट है।

विषय या वस्तु होने के कारण, अपने ज्ञान–गुणत्वाभाव को विषय करने वाले ज्ञान, में विषयिता सम्बन्ध से रहेगा यह तथ्य करामलक (हाथ में स्थित आँवले) की तरह स्पष्ट हो जाता है।

१. 'विज्ञानावबोध:, गुणत्ववान्, ज्ञानत्वात्' इस प्रथम स्थल में अव्याप्ति है तो पुन: दूसरे स्थल गुण:, सत्तावान्, जाते:, यहाँ पर अव्याप्ति का उद्भावन व्यर्थ में मथुरानाथ तर्क वागीश क्यों कर रहे हैं? ऐसी जिज्ञासा नहीं करनी चाहिए। क्यों कि प्रथम स्थल में साध्याभाव का अधिकरण विषयिता सम्बन्ध से ले कर दोष दिया गया है जो कि विषयिता सम्बन्ध के वृत्तिता का नियामक न होने के कारण सम्भव नहीं है। वृत्तिता के नियामक सम्बन्ध स्वरूप सम्बन्ध से गुणत्वाभाव का अधिकरण कभी भी ज्ञान नहीं होगा अपितु गुण को छोड़ कर द्रव्य आदि ही होंगें यहाँ ज्ञानत्व हेतु के अवृत्ति होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय हो जाता है फलत: प्रथम स्थल में अव्याप्ति न होने के कारण दूसरे स्थल का अनुसरण मथुरानाथ ने किया है यह विशेष रूप से यहाँ अवधेय है।

तादृश साध्याभाव अर्थात् साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–सत्तात्वावच्छिन्नप्रतियोगिताक (प्रतियोगिता निरूपक) अभाव समवाय सम्बन्ध से सत्ता का अभाव साध्याभाव के रूप में प्रसिद्ध हो जाता है। यह सत्ताभाव सामान्य रूप से द्रव्य–गुण–कर्म को छोड़ कर सामान्य आदि में रहता है परन्तु यही सत्ता का अभाव अव्याप्यत्व (स्वाभाववद् वृत्तित्व)[१] सम्बन्ध से द्रव्य–गुण–कर्म में भी मिल जायेगा अत: अव्याप्यत्व (स्वाभाववद्–

---

१. व्याप्यत्व या व्याप्ति का अर्थ होता है 'स्वाभाववद् अवृत्तित्व' जैसे आग और धूएँ के बीच व्याप्यत्व या 'स्व–आग के अभाववद्–तलाब आदि में अवृत्तित्व'–धूम में है, जो आग का धूएँ के साथ सम्बन्ध है। फलस्वरूप आग, 'स्वाभाववदवृत्तित्व' सम्बन्ध से धूएँ में है यह हम कहते हैं। इसी प्रकार अव्याप्यत्व का अर्थ व्याप्यत्व–स्वाभाववद् अवृत्तित्व का उल्टा अव्याप्यत्व–स्वाभाववद् वृत्तित्व होता है। आग की व्याप्ति धूम में होने से आग व्याप्ति या व्याप्यत्व या स्वाभाववद् अवृत्तित्व सम्बन्ध से जैसे धूम में रहता है ठीक इसी तरह धूम की व्याप्ति आग में न होने के कारण धूम अव्याप्यत्व या स्वाभाववद् वृत्तित्व या व्यभिचार या व्यभिचरितत्व सम्बन्ध से आग में अवस्थित होता है।

प्रस्तुत प्रकरण में साध्याभाव–सत्ता का अभाव है। यह अव्याप्यत्व अर्थात् स्व–सत्ताभाव, अभाव–सत्ता के अभाव का अभाव–सत्ता स्वरूप, वद्–द्रव्य (अवयव कपाल आदि रूप एवं अवयवी घट आदि रूप) में वृत्तित्व–द्रव्य, गुण एवं कर्म में स्पष्ट है। अवयव कपाल आदि में अवयवी घट आदि समवाय सम्बन्ध से रहते हैं साथ ही अवयव द्रव्य तथा अवयवी द्रव्य घटादि में गुण एवं कर्म भी समवाय सम्बन्ध से रहता है यह तथ्य अत्यन्त स्पष्ट है। इस प्रकार अव्याप्यत्व सम्बन्ध या स्वाभाववद् वृत्तित्व सम्बन्ध से सत्ताभाव–साध्याभाव का अधिकरण द्रव्य,गुण एवं कर्म हो जाते हैं और इनमें जाति हेतु के होने से व्याप्ति लक्षण की अव्याप्ति हो जाती है।

वृत्तित्व) सम्बन्ध[१] से साध्याभाव–सत्ता के अभाव का अधिकरण द्रव्य–गुण–कर्म हो जाने के कारण तथा द्रव्य–गुण–कर्म में जाति हेतु के समवाय सम्बन्ध (हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध) से वृत्ति होने से वृत्तित्वसामान्याभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय जाति–सद्धेतु में नहीं हो पाता है और इस प्रकार पुनः इस सद्धेतु वाले स्थल में भी अव्याप्ति स्थिर हो जाती है।

माथुरी

न च साध्याभावाधिकरणत्वम् अभावीयविशेषणताविशेष–सम्बन्धेन विवक्षितमिति वाच्यम्, तथा सति घटत्वात्यन्ताभाववान् घटान्योन्याभाववान् वा पटत्वादित्यादौ साध्याभावस्य घटत्वादेर्विशेषणताविशेषसम्बन्धेनाधिकरणस्य अप्रसिद्ध्या अव्याप्तिरिति चेत्, न, अत्यन्ताभावान्योन्याभावयोरत्यन्ताभावस्य सप्तमपदार्थस्वरूपत्वात्।

इस अव्याप्ति का निवारण करने के लिए व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव का अधिकरण अभावीय–विशेषणता–विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से विवक्षित है यह नहीं कहा जा सकता है। अभावीय–विशेषणता–विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से साध्याभाव

---

१. प्रथम स्थल में जैसे विषयिता सम्बन्ध वृत्तिता का नियामक नहीं माना जाता है उसी तरह इस दूसरे स्थल में भी अव्याप्यत्व या स्वाभाववद्वृत्तित्व सम्बन्ध भी वृत्तिता का नियामक नहीं है, यह नहीं माना जा सकता। ऐसा इस लिए क्यों कि 'इह हेतौ उपाधिः' इस प्रकार प्रामाणिकों को प्रतीति होती है। हेतु में उपाधि की वृतिता को अव्याप्यत्व या स्वाभाववद् वृत्तित्व सम्बन्ध से बताया जा रहा है जो अव्याप्यत्व या स्वाभाववद् वृत्तित्व सम्बन्ध को वृत्तिता का नियामक मानने पर ही सम्भव है। इस प्रकार दूसरे स्थल गुणः, सत्तावान्, जातेः, यहाँ पर अव्याप्ति सुस्थिर है।

का अधिकरण लक्षण में विवक्षित है, ऐसा मानने पर, उपर्युक्त दोनों स्थलों में अव्याप्ति का वारण तो हो जाता है परन्तु पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्, एवं पटः, घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्, इत्यादि सद्धेतुकस्थल में घटत्व आदि रूप साध्याभाव का विशेषणता विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से अधिकरण के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति होने लगती है, यह आपत्ति नहीं दे सकते हैं, क्यों कि अत्यन्ताभाव एवं अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को भावरूप न मान कर सप्तम पदार्थ (अभाव) स्वरूप मानते हैं।

यह प्रायः सभी विद्वानों को मान्य है कि अभाव सहज रूप में स्वरूप सम्बन्ध से रहता है। पूर्व में विषयिता एवं अव्याप्यत्व सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण ले कर अव्याप्ति दोष की बात की गई। ऐसी स्थिति में यदि व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव का अधिकरण अभावीय–विशेषणता–विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से विवक्षित है ऐसा निवेश कर दें तो दोनों स्थलों में अव्याप्ति का वारण सहज रूप में हो जाता है, यह नहीं कहा जा सकता है। क्यों कि स्वरूप सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण मानने पर भी अव्याप्ति दोष से तो मुक्ति नहीं ही मिलती है। यह बात अलग है कि बोधः, गुणत्ववान् ज्ञानत्वात् एवं 'गुणः, सत्तावान्, जातेः' इन स्थलों में अव्याप्ति नहीं होती है पर अभाव साध्य वाले पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्, एवं पटः, घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्, इत्यादि सद्धेतुकस्थल में घटत्व आदि रूप साध्याभाव का विशेषणता विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से अधिकरण के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति तो होती ही है।

पहला स्थल, पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्, है। यहाँ पर पट पक्ष है, घटत्व का समवाय सम्बन्ध से जो अत्यन्ताभाव वह स्वरूप सम्बन्ध से साध्य है तथा पटत्व समवाय सम्बन्ध से हेतु है। साध्य–घटत्वात्यन्ताभाव, घटत्व जहाँ (घट) में समवाय सम्बन्ध से रहता है उसे छोड़ कर संसार की हर वस्तु में स्वरूप सम्बन्ध से रहेगा। इस साध्य–घटत्वात्यन्ताभाव का स्वरूप

सम्बन्धसे अभाव पुन: घट में ही मिलेगा। इस प्रकार घटत्व के अत्यन्ताभाव का अभाव स्वरूप सम्बन्ध से घट में ही है एवं घट में घटत्व भी समवाय सम्बन्ध से रहता है अत: दोनों सम–नियत अर्थात् समान स्थानों में नियमित रूप से रहने के कारण एक ही हैं यह तार्किकों द्वारा मान लिया जाता है। इस मान्यता के अनुसार लाघव बल से घटत्व के अत्यन्ताभाव का अभाव घटत्व रूप प्रामाणिकों द्वारा माना जाता है।

ऐसी स्थिति में यदि साध्याभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से ही लेना है ऐसा व्याप्ति लक्षण में निवेश कर देते हैं तो यहाँ घटत्व रूप साध्याभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से अप्रसिद्ध हो जाने से लक्षण समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष हो जाता है।

दूसरा स्थल, पट:, घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्, है। यहाँ पर पट पक्ष है, घट का तदात्म्य सम्बन्ध से जो अभाव (अन्योन्याभाव) वह स्वरूप सम्बन्ध से साध्य है तथा पटत्व समवाय सम्बन्ध से हेतु है। साध्य–घटान्योन्याभाव, घट जहाँ (घट) में तादात्म्य सम्बन्ध से रहता है उसे छोड़ कर संसार की हर वस्तु में स्वरूप सम्बन्ध से रहेगा। इस साध्य–घटान्योन्याभाव का स्वरूप सम्बन्धसे अभाव पुन: घट में ही मिलेगा। इस प्रकार घट के अन्योन्याभाव का अभाव स्वरूप सम्बन्ध से घट में ही है एवं घट में घटत्व भी समवाय सम्बन्ध से रहता है अत: दोनों सम–नियत अर्थात् समान स्थानों में निमित रूप से रहने के कारण एक ही हैं यह तार्किकों द्वारा मान लिया जाता है। इस मान्यता के अनुसार लाघव बल से घट के अन्योन्याभाव का अभाव घटत्व रूप प्रामाणिकों द्वारा माना जाता है।

ऐसी स्थिति में यदि साध्याभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से ही लेना है ऐसा व्याप्ति लक्षण में निवेश कर देते हैं तो यहाँ घटत्व रूप साध्याभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से अप्रसिद्ध हो जाने से लक्षण समन्वय न होने के कारण इस अन्योन्याभाव साध्य वाले स्थल में भी अव्याप्ति दोष हो जाता है।

फलतः स्वरूप सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण लेना है इस प्रकार व्याप्ति के लक्षण में निवेश सम्भव नहीं है, यह कहना समुचित नहीं है, क्यों कि अत्यन्ताभाव के अभाव को एवं अन्योन्याभाव के अभाव को भाव रूप न मान कर अतिरिक्त सप्तम पदार्थ—अभाव रूप ही माना जाता है।

अन्ततः साध्याभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से ही लेना है ऐसा व्याप्ति के लक्षण में निवेश कर देने से अत्यन्ताभाव साध्य वाले स्थल में स्वरूप सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण प्रसिद्ध हो जाने से अव्याप्ति नहीं होगी साथ ही बोधः, गुणत्ववान् ज्ञानत्वात् एवं 'गुणः, सत्तावान्, जातेः' इन स्थलों में भी अव्याप्ति निरस्त हो जाती है।

माथुरी

अत्यन्ताभावान्योन्याभावयोरत्यन्ताभावस्य प्रतियोग्यादि—स्वरूपत्वनये तु साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यता—वच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीय—प्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्धेन साध्याभावाधिकरणत्वं वक्तव्यम्; वृत्त्यन्तं प्रतियोगिताविशेषणम्, तादृशसम्बन्धश्च वह्निमान् धूमादित्याद्यभावसाध्यकस्थले विशेषणताविशेष एव, घटत्वाभाववान् पटत्वादित्याद्यभावसाध्यकस्थले तु समवायादिरेव।

अत्यन्ताभाव एवं अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को प्रतियोगि एवं प्रतियोगितावच्छेदक रूप मानने के सिद्धान्त में तो, साध्य—तावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकावच्छिन्न—प्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदक—सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण कहना चाहिए; इस सम्बन्ध में वृत्ति तक का भाग प्रतियोगिता में विशेषण है और

ऐसा सम्बन्ध 'पर्वतः, वह्निमान्, धूमात्' इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में विशेषणता–विशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध ही होगा, 'पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्' इत्यादि अभाव साध्य वाले स्थल में तो समवाय आदि सम्बन्ध ही होगा।

यदि अत्यन्ताभाव के अभाव को एवं अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को अतिरिक्त अभाव–स्वरूप मानने वालों के सिद्धान्त को नहीं मानेंगे तथा अत्यन्ताभाव के अभाव को प्रतियोगि–स्वरूप एवं अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को प्रतियोगितावच्छेदक–स्वरूप मानने वालों का सिद्धान्त ही स्वीकार करेंगे तो साध्याभाव का अधिकरण, स्वरूप सम्बन्ध से ही लेना है ऐसा व्याप्ति लक्षण में निवेश कर देने पर पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्, एवं पटः, घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्,यहाँ घटत्व रूप साध्याभाव का अधिकरण, स्वरूप सम्बन्ध से अप्रसिद्ध हो जाने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष सुस्थिर हो जाता है।

यदि साध्याभाव का अधिकरण किस सम्बन्ध से लेना है यह निर्धारित न करें तो गुणः, सत्तावान्, जातेः एवं 'विज्ञानावबोधः, गुणत्ववान्, ज्ञानत्वात्' इन दोनों सद्धेतुक स्थलों में पूर्व दर्शित रीति से अव्याप्ति स्थिर हो जाती है।

ऐसी परिस्थिति में, साध्याभाव का अधिकरण हमें ऐसे सम्बन्ध से लेना होगा जिससे उपर्युक्त तीनों स्थलों में साध्याभाव का अधिकरण अभीष्ट सम्बन्ध से ले कर लक्षण समन्वय किया जा सके। इसी दृष्टि से मथुरानाथ तर्कवागीश ने साध्याभाव का अधिकरण **'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न–साध्यतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगि–तावच्छेदकसम्बन्ध'** से लेने का निर्देश दिया है। साध्याभाव का अधिकरण लेने के लिए यह सम्बन्ध ऐसा है जो भाव साध्य वाले (गुणः, सत्तावान्, जातेः) स्थल में एवं अभाव साध्यवाले (पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्) स्थल

में साध्याभाव का अधिकरण लेने के लिए एक सम्बन्ध माना जा सकता है।[१]

स्थाली पुलाकन्याय से इस सम्बन्ध की समीक्षा गुणः,सत्तावान्,जातेः इस भाव साध्य वाले स्थल में करते हैं – इस स्थल में साध्याभाव है गुणत्व का अभाव, इसका स्वरूप सम्बन्ध से अधिकरण अभीष्ट है। यह स्वरूप सम्बन्ध; साध्यता के अवच्छेदक समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यता के अवच्छेदक गुणत्वत्व से अवच्छिन्न, साध्याभाव गुणत्वाभाव में वृत्ति, जो गुणत्वाभाव के अभाव रूप साध्य की प्रतियोगिता उस प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध है। अतः इस सम्बन्ध से यहाँ साध्याभाव का गुणत्वाभाव का अधिकरण कर्म आदि को ले कर, इस अधिकरण से निरूपित वृत्तिता का अभाव ज्ञानत्व हेतु में होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय कर लिया जाता है।

अभाव साध्यवाले (पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्) स्थल में साध्याभाव है घटत्वात्यन्ताभाव का अभाव अर्थात् घटत्व, इसका समवाय

१. गुणत्ववान् ज्ञानत्वात्, एवं सत्तावान् जातेः इन दोनों स्थलों में विषयिता एवं अव्याप्यत्व सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण ले कर अव्याप्ति दी गयी थी जो अब सम्भव नहीं है। क्यों कि गुणत्ववान् ज्ञानत्वात् इस स्थल में विषयिता सम्बन्ध; साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध–समवायसम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यतावच्छेदक धर्म–गुणत्वत्व से अवच्छिन्न साध्याभाव–गुणत्वाभाव में वृत्ति जो गुणत्वाभावाभाव रूप साध्य–गुणत्व–सामान्य की प्रतियोगिता उसका अवच्छेदक सम्बन्ध नहीं है। चूँकि गुणत्व के अभाव का स्वरूप सम्बन्ध से लिया गया अभाव ही गुणत्वाभावाभाव अर्थात् गुणत्व होता है न कि किसी अन्य सम्बन्ध से लिया गया अभाव, अतः गुणत्वाभावाभाव रूप साध्य–गुणत्व सामान्य की प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध स्वरूप सम्बन्ध ही स्वीकार किया जायेगा। इस प्रकार इस स्थल में साध्याभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से गुण से भिन्न कर्म आदि ही होगा। इससे निरूपित वृत्तिता कर्मत्व आदि में आयेगी, वृत्तिता का अभाव ज्ञानत्व हेतु में अक्षुण्ण होने से अव्याप्ति वारित हो जाती है।

सम्बन्ध से अधिकरण अभीष्ट है। यह समवाय सम्बन्ध; साध्यता के अवच्छेदक स्वरूप सम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यता के अवच्छेदक घटत्वात्यन्ताभावत्व से अवच्छिन्न, साध्याभाव घटत्वात्यन्ताभावाभाव अर्थात् घटत्व में वृत्ति, जो घटत्वात्यन्ताभावाभाव के अभाव अर्थात् घटत्वात्यन्ताभाव रूप साध्य की प्रतियोगिता उस प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध है। अत: इस सम्बन्ध से यहाँ साध्याभाव का, घटत्वात्यन्ताभावाभाव अर्थात् घटत्व का अधिकरण घट को ले कर, इस अधिकरण से निरूपित वृत्तिता का अभाव पटत्व हेतु में होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय कर लिया जाता है।

माथुरी

समवाय, विषयित्वादिसम्बन्धेन प्रमेयादिसाध्यके ज्ञानत्वादिहेतौ साध्यतावच्छेदकसमवायादिसम्बन्धावच्छिन्नप्रमेयाद्यभावस्य कालिकादिसम्बन्धेन योऽभाव: सोऽपि प्रमेयतया साध्यान्तर्गत– स्तदीयप्रतियोगितावच्छेदककालिकादिसम्बन्धेन साध्याभावाधिकरणे ज्ञानत्वादेर्वृत्याऽव्याप्तिवारणाय सामान्यपदोपादानम्। साध्य– सामान्यीयत्वञ्च यावत्साध्यनिरूपितत्वं स्वानिरूपकसाध्य– कभिन्नत्वमिति यावत्।

समवाय विषयिता आदि सम्बन्ध से प्रमेय आदि साध्य वाले ज्ञानत्व आदि हेतु वाले स्थल में, साध्यता के अवच्छेदक समवाय आदि सम्बन्ध से अवच्छिन्न प्रमेय आदि के अभाव का कालिक आदि सम्बन्ध से जो अभाव वह भी प्रमेय होने के कारण साध्य के अन्तर्गत आता है। इसकी प्रतियोगिता के अवच्छेदक कालिक आदि सम्बन्ध से साध्याभाव के अधिकरण में ज्ञानत्व आदि हेतु के रहने से अव्याप्ति होती है, जिसका वारण करने के लिए सामान्य पद का उपादान किया गया है।

साध्यसामान्यीयत्व का अर्थ यावत्साध्यनिरूपितत्व है, जिसका फलितार्थ स्वानिरूपकसाध्यकभिन्नत्व होता है।

इस अनुच्छेद में, प्रतियोगिता में साध्यसामान्यीयत्व का प्रवेश न कर केवल साध्यीयत्व का ही निवेश क्यों नहीं किया गया? इस प्रश्न का समाधान प्रस्तुत किया गया है। यदि प्रतियोगिता में केवल साध्यीयत्व का निवेश करेंगे तो पर्वतः वह्निमान् धूमात्, विज्ञानावबोधः गुणत्ववान् ज्ञानत्वात्, गुणः सत्तावान् जातेः, पटः घटत्वात्यन्ताभाववान् पटत्वात् एवं पटः घटान्योन्याभाववान् पटत्वात् इन सद्धेतु वाले स्थलों में यथा–क्रम पहले के दो स्थलों में स्वरूप सम्बन्ध से एवं अन्त के दो स्थलों में समवाय सम्बन्ध से साध्य के अभाव का अधिकरण ले कर लक्षण समन्वय हो जाता है।

फिर भी विज्ञानावबोधः प्रमेयवान् ज्ञानत्वात् इस सद्धेतु वाले स्थल में लक्षण समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष पुनः स्थिर हो जाता है। विज्ञानावबोधः गुणत्ववान् ज्ञानत्वात् इस स्थल में पहले अव्याप्ति दी गयी थी जो वारित हो गयी है परन्तु विज्ञानावबोधः प्रमेयवान् ज्ञानत्वात् इस स्थल में अव्याप्ति हो रही है क्यों? इन दोनों स्थलों में क्या भेद है? यह प्रश्न सहज रूप में उपस्थित होता है। वास्तव में दोनों स्थलों में कोई तात्त्विक भेद नहीं है। अन्तर मात्र इतना है कि गुणत्व को ही हम दूसरे स्थल में भी सिद्ध करते हैं परन्तु गुणत्वत्व रूप से नहीं अपितु प्रमेयत्व रूप से, गुणत्व का गुणत्व शब्द से उल्लेख न कर हम प्रमेय शब्द से यहाँ उल्लेख करते हैं।

इस स्थल में साध्य–प्रमेय (गुणत्व) का समवाय सम्बन्ध से अभाव साध्याभाव है। साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यता–वच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव वृत्ति साध्यीय प्रतियोगिता के रूप में साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव के कालिक सम्बन्ध से अभाव (इसके भी एक प्रमेय होने से) की प्रतियोगिता भी मान ली जाती है। इस प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध–कालिक सम्बन्ध, से साध्याभाव–समवाय सम्बन्ध से प्रमेयाभाव, का

अधिकरण जन्य–ज्ञान भी हो जाता है। फलस्वरूप, इस जन्य ज्ञान में ज्ञानत्व हेतु के निराबाध विद्यमान होने से अव्याप्ति दोष स्थिर होता है।

साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव में साध्यतावच्छेदक–समवाय–सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव के कालिक सम्बन्ध से अभाव रूप, एक साध्य–प्रमेय की प्रतियोगिता है परन्तु साध्यसामान्य अर्थात् सभी साध्य–प्रमेय की प्रतियोगिता नहीं है।

जब हम साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव का स्वरूप सम्बन्ध से अभाव लेते हैं तब यह अभाव सभी प्रमेय रूप अर्थात् यावत् साध्य रूप हो जाता है। इस सभी साध्य से निरूपित प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध स्वरूप सम्बन्ध होता है। समवाय सम्बन्ध से प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव का स्वरूप सम्बन्ध से अधिकरण ज्ञान कभी भी नहीं होता है। इस प्रकार समवाय सम्बन्ध से प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव का स्वरूप सम्बन्ध से अधिकरण सामान्य आदि पदार्थ होगा। सामान्य आदि में ज्ञानत्व हेतु के न होने से साध्या–भावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय ज्ञानत्व हेतु में सहज ही हो जाता है। परिणाम स्वरूप, प्रतियोगिता में साध्यसामान्यीयत्व[१] का निवेश करने से उपर्युक्त अव्याप्ति का निरास, हो जाता है।

१. यद्यपि साध्याभावाधिकरणता के नियामक उपर्युक्त सम्बन्ध में प्रतियोगिता अंश में 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से वृत्तिमत्साध्यनिरूपितत्व के निवेश मात्र कर देने से भी अव्याप्ति का निरास सम्भव है। कारण स्पष्ट है, प्रमेयवान्, ज्ञानत्वात् इस सद्धेतुक स्थल में प्रमेयाभाव का कालिक–सम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताक अभाव, अतिरिक्त अभावस्वरूप होने के कारण साध्यतावच्छेदक समवाय सम्बन्ध से वृत्तिमत् नहीं है। फलतः इस अभाव की प्रतियोगिता, 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यता–वच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्ति, साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से वृत्तिमत् साध्य से निरूपित प्रतियोगिता के रूप में स्वीकार नहीं की जा

जिस प्रतियोगिता का अनिरूपक कोई साध्य होगा वह प्रतियोगिता स्वानिरूपकसाध्यिका होगी अर्थात् साध्यसामान्यीया नहीं होगी। इसी तरह जिस प्रतियोगिता का अनिरूपक कोई साध्य नहीं होगा वह प्रतियोगिता स्वानिरूपक–साध्यकभिन्ना होगी अर्थात् साध्यसामान्यीया होगी।

उपर्युक्त स्थल में साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव में साध्यतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव के कालिक सम्बन्ध से अभाव रूप, एक साध्य–प्रमेय की

सकती है। इस प्रकार इस प्रतियोगिता के अवच्छेदक कालिक सम्बन्ध से साध्याभावाधिकरण के रूप में हेतु के अधिकरण जन्य ज्ञान को ले कर अव्याप्ति कथमपि सम्भव नहीं है।

फिर भी, 'प्रमेयवान् तज्ज्ञानत्वात्' इस सद्धेतु वाले स्थल में तज्ज्ञानत्व–प्रमेयविषयक ज्ञानत्व, हेतु से विषयिता सम्बन्ध से प्रमेय को साध्य करने पर अव्याप्ति अवश्य होगी। इस स्थल में, साध्यतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकसाध्याभाव 'विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्नप्रमेयत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक प्रमेयाभाव' है। इस अभाव में वृत्ति 'साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से वृत्तिमत्–साध्य निरूपित प्रतियोगिता, उपर्युक्त साध्याभाव की कालिकसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताक अभाव की कालिकसम्बन्धावच्छिन्न प्रतियोगिता निराबाध हो जायेगी, क्यों कि प्रमेयाभाव का कालिकसम्बन्धावच्छिन्न प्रतियोगिताक अभाव विषयिता सम्बन्ध से स्वविषयक ज्ञान में वृत्तिमत् है। फलतः इस अभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक कालिक सम्बन्ध से विषयित्वसम्बन्धावच्छिन्न प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव के अधिकरण प्रमेय विषयक ज्ञान में तज्ज्ञानत्व रूप उपर्युक्त हेतु के रहने से अव्याप्ति दोष तो हो ही जाता है। यही कारण है कि, साध्याभावनिरूपित अधिकरणता के नियामक उपर्युक्त सम्बन्ध में प्रतियोगिता अंश में साध्यनिरूपितत्व का निवेश न कर के साध्यसामान्यीयत्व–साध्यसामान्यनिरूपितत्व का प्रवेश मथुरानाथ को अभीष्ट है।

प्रतियोगिता है। यही कारण है कि साध्यतावच्छेदक—समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक—प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव में रहने वाली यह प्रतियोगिता स्वानिरूपक अन्य प्रमेय रूप साध्य की निरूपिका ही है। फलत: स्वानिरूपक साध्यकभिन्ना अर्थात् साध्यसामान्यीया नहीं है।

इसके विपरीत साध्यतावच्छेदक—समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यता—वच्छेदक—प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव रूप साध्याभाव में साध्यताव—च्छेदक—समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक—प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव के स्वरूप सम्बन्ध से अभाव रूप, समस्त साध्य—प्रमेय की प्रतियोगिता है। यही कारण है कि साध्यतावच्छेदक—समवायसम्बन्धावच्छिन्न साध्यता—वच्छेदक—प्रमेयत्वावच्छिन्न प्रमेयाभाव में रहने वाली यह प्रतियोगिता स्वानिरूपक अन्य प्रमेय रूप साध्य की निरूपिका नहीं हो पाती है। फलत: स्वानिरूपक साध्यकभिन्ना अर्थात् साध्यसामान्यीया हो जाती है। इस तरह साध्यसामान्यीयत्व का निष्कर्ष रूप में अर्थ स्वानिरूपकसाध्यकभिन्नत्व मान लेने से अव्याप्ति दोष का भी परिहार अनायास ही हो जाता है।

माथुरी

अस्यैकोक्तिमात्रपरतया गौरवस्यादोषत्वात्, अनुमिति—कारणतावच्छेदके च भावसाध्यकस्थले अभावीयविशेषणताविशेषेण साध्याभावाधिकरणत्वम् अभावसाध्यकस्थले च यथायथं समवायादिसम्बन्धेन साध्याभावाधिकरणत्वमुपादेयम्, साध्य—साधनभेदेन कार्यकारणभावभेदात्।

इस एक उक्ति मात्र के कारण, (सम्बन्ध शरीर के दीर्घ होने पर भी) गौरव दोष नहीं है। अनुमिति की कारणता (व्याप्ति—ज्ञान में रहने वाली) के अवच्छेदक व्याप्ति में प्रविष्ट अभाव का, भाव साध्य वाले स्थल में अभावीय विशेषणताविशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण लेना है और अभाव साध्य

वाले स्थल में जहाँ जैसा सम्भव हो वैसे, समवाय आदि सम्बन्ध से साध्याभाव की अधिकरणता उपादेय (लेनी) है, क्यों कि साध्य एवं साधन के भेद से कार्यकारणभाव भिन्न होता है।

अनुमिति की कारणता के अवच्छेदक–व्याप्ति (लक्षण) में घटक अर्थात् सन्निविष्ट साध्य के अभाव का अधिकरण **'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धा–वच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीय–प्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध'** से ग्राह्य है यह कथन गौरवग्रस्त है। यद्यपि इस कथन की अपेक्षा भाव साध्य वाले 'पर्वतो, वह्निमान्, धूमात्' इस तरह के स्थल में, साध्य के अभाव का अधिकरण स्वरूप सम्बन्ध से लेना है तथा अभाव साध्य वाले 'पटः, घटत्वात्यन्ताभाववान्, पटत्वात्' इस प्रकार के स्थल में साध्य के अभाव का अधिकरण समवाय आदि सम्बन्ध से लेना है, यह कहने में लाघव है। तथापि प्रस्तुत सन्दर्भ में इस प्रकार का सन्देह नहीं करना चाहिए, क्यों कि उपर्युक्त कथन, भाव एवं अभाव दोनों प्रकार के साध्यवाले स्थलों में व्याप्ति के लक्षण का कथन एक स्वरूप[१] में हो सके, मात्र इस आशय से ही है।

एक प्रकार के व्याप्ति लक्षण वाक्य से व्याप्ति की उक्ति का यह तात्पर्य कथमपि नहीं समझना चाहिए कि व्याप्ति–ज्ञान में जो अनुमिति की कारणता है उसके अवच्छेदक विषय के रूपमें इस गुरु भूत लम्बे संसर्ग का निवेश (अनुमिति कारणता की अवच्छेदकता की अवच्छेदक परम्परा में) अभीष्ट है। वास्तव में व्याप्ति के ज्ञान में जो अनुमिति की कारणता होती है उसकी अवच्छेदकता के अवच्छेदक परम्परा में निविष्ट संसर्ग तो भाव साध्य

---

१. भाव साध्य वाला स्थल हो या अभाव साध्य वाला स्थल हो दोनों स्थलों को ध्यान में रखते हुए यदि व्याप्ति का क्या लक्षण है? यह पूछा जाय तो **'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताक–साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध' से साध्या–भावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव** व्याप्ति का लक्षण है इस तरह एक ही लक्षण वाक्य से व्याप्ति की उक्ति हो सकती है

वाले स्थलों में स्वरूपत्व रूप से स्वरूप ही होता है तथा आभाव साध्य वाले स्थलों में समवायत्व आदि रूप से समवाय आदि ही प्रामाणिकों द्वारा स्वीकृत होता है।

विभिन्न स्थलों में साध्य एवं साधन के भेद से अलग–अलग प्रकार के व्याप्ति ज्ञान होते हैं। अत: अलग–अलग साध्य एवं हेतु वाली अनुमिति की कारणता अलग–अलग प्रकार[१] के व्याप्ति ज्ञान में अनिवार्य रूप से मानी ही जाती है।[२] फलत: अनुमिति की कारणता के अवच्छेदकता के अवच्छेदक

---

१. उदाहरण के लिये वह्नि साध्य वाली अनुमिति में वह्न्यभावाधिकरण–निरूपितवृत्तित्वाभाव स्वरूप व्याप्ति का ज्ञान एवं प्रमेय साध्य वाली अनुमिति में प्रमेयाभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति का ज्ञान कारण के रूप में प्रामाणिकों द्वारा स्वीकार किया जाता है।

२. यदि सामान्य रूप से अनुमिति के प्रति व्याप्ति का ज्ञान कारण है यह माना जाएगा तो किसी एक साध्य के व्याप्ति का ज्ञान होने पर किसी अन्य साध्य की अनुमिति की आपत्ति होने लगेगी। इसी प्रकार किसी एक साध्य के व्याप्ति का ज्ञान यदि किसी को हो गया तो उसे किसी भी साध्य की या सभी साध्यों की अनुमिति होने लगे यह आपत्ति सुनिश्चित हो जायेगी। उदाहरणार्थ, धूम–हेतु में वह्नि–साध्य की वह्न्यभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति का ज्ञान होने के बाद पर्वत में धूम–साध्य है, इस प्रकार धूम की अनुमिति की आपत्ति होने लगेगी। फलत: अनुमिति में रहने वाली कार्यता एवं व्याप्ति के ज्ञान में रहने वाली कारणता के अवच्छेदक परम्परा में भिन्न–भिन्न साध्यों का भिन्न–भिन्न रूप से निवेश कर उन–उन साध्य वाली अनुमिति में उन–उन साध्य से निरूपित व्याप्ति के ज्ञान को अलग–अलग कारण स्वीकार करना अनिवार्य हो जाता है। इस तरह जब साध्य एवं साधन के भेद से हम अनुमिति एवं व्याप्ति ज्ञान में विद्यमान कार्यकारणभाव को अलग मान लेते हैं, तब जिस स्थल में साध्याभाव की अधिकरणता का अवच्छेदक या नियामक जो सम्बन्ध होगा उसका भी स्वरूपत्व या समवायत्व आदि विशेष धर्म से ही व्याप्ति के ज्ञान में रहने वाली कारणता की अवच्छेदक परम्परा में निवेश समुचित

परम्परा में अलग–अलग सम्बन्धों के निवेश से अलग–अलग कार्यकारणभाव मानने में कोई अलग से गौरव होगा ऐसा नहीं कहा जा सकता है।

माथुरी

न च तथापि घटान्योन्याभाववान् पटत्वादित्यत्रा–न्योन्याभावसाध्यकस्थले घटत्वादिरूपे साध्याभावे न साध्य–प्रतियोगित्वम्, न वा समवायादिसम्बन्धस्तदवच्छेदकः, तादात्म्यस्यैव तदवच्छेदकत्वादित्यव्याप्तिस्तदवस्थेति वाच्यम्; अत्यन्ताभावाभावस्य प्रतियोगिरूपत्वेन घटभेदस्य घटभेदात्यन्ता–भावत्वावच्छिन्न–प्रतियोगिताकाभावरूपतया घटभेदात्यन्ता–भावरूपस्य घटभेदप्रतियोगितावच्छेदकीभूतघटत्वस्यापि समवायसम्बन्धेन घटभेदप्रतियोगित्वात्।

साध्य के अभाव का अधिकरण 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से वच्छिन्न साध्यतावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक जो साध्याभाव इसमें वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध' से ग्राह्य है ऐसा निवेश करने के बाद भी 'घटान्योन्याभाववान् पटत्वात्' इस अन्योन्याभावसाध्य वाले स्थल

होगा। अन्ततः निष्कर्ष यही निकलता है कि विभिन्न स्थलों की व्याप्तियों का एक ही लक्षण वाक्य से कथन करने के लिए विभिन्न साध्यों का साध्य इस पद से एवं साध्याभावाधिकरणता के अवच्छेदक या नियामक विभिन्न स्वरूप समवाय आदि सम्बन्धों का **'साध्यतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्ति–साध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध** इस एक शब्द से उल्लेख किया जाता है। इस प्रकार एक लक्षण–वाक्य की दृष्टि से यह कथन कार्यकारणभाव में गौरव का आधायक कथमपि नहीं होता है यह विशेष रूप से यहाँ समझ लेना चाहिए।

में घटत्व रूप साध्याभाव में न तो साध्य की प्रतियोगिता है और न ही समवाय आदि सम्बन्ध प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध है, क्यों कि यहाँ तादात्म्य सम्बन्ध ही प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध होता है। फलस्वरूप अव्याप्ति तदवस्थ है इस प्रकार प्रश्न नहीं करना चाहिए।

अत्यन्ताभाव के अभाव को प्रतियोगी रूप मानने के कारण घटभेद, घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभावत्व से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक अभाव स्वरूप होता है जिस के कारण, घटभेद के अत्यन्ताभाव रूप, घटभेद की प्रतियोगिता का अवच्छेदक घटत्व, भी समवाय सम्बन्ध से घटभेद का प्रतियोगी हो ही जाता है।

साध्य के अभाव का अधिकरण 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यतावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक जो साध्याभाव इसमें वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध' से ग्राह्य है ऐसा निवेश करने के बाद भी अयं, घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात् इस सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्ति हो जाती है।

इस स्थल में साध्याभाव–घटान्योन्याभावाभाव अर्थात् घटत्व है। साध्याभाव घटत्व में साध्यसामान्य अर्थात् घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अप्रसिद्ध होने[१] से तथा इस प्रतियोगिता के घट में ही मान्य होने से

१. जैसे अत्यन्ताभाव का अभाव प्रतियोगी रूप होता है वैसे ही यदि अन्योन्याभाव के अभाव को भी प्रतियोगी रूप ही मानेगे तो अयं, घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात् इस स्थल में साध्याभाव–घटान्योन्याभाव के अभाव अर्थात् घट, में साध्य सामान्य–घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता प्रसिद्ध हो जाएगी अत: प्रतियोगिता की अप्रसिद्धि के कारण हुई अव्याप्ति

'साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यतावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न

का निवारण अवश्य हो जायेगा परन्तु इस प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध—तादात्म्य सम्बन्ध से साध्य के अभाव का अधिकरण अप्रसिद्ध होने के कारण पुनः आगे लक्षण समन्वय न होने से अव्याप्ति इसी स्थल में बनी रहेगी क्यों कि न्याय दर्शन में तादात्म्य सम्बन्ध को सर्वसम्मति से वृत्तिता का नियामक सम्बन्ध नहीं माना जाता है। यदि इस अव्याप्ति का वारण करने के लिए 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यतावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक जो साध्याभाव इसमें वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध' से साध्याभाव (का अधिकरण न कह कर) से सम्बद्ध जो उससे निरूपित वृत्तित्व का सामान्याभाव ही व्याप्ति का लक्षण है ऐसा स्वीकार करेंगे तो उपर्युक्त स्थल में तादात्म्य सम्बन्ध से घट स्वरूप साध्याभाव का 'अधिकरण' भले अप्रसिद्ध हो पर 'सम्बद्ध' तो स्वयं घट प्रसिद्ध हो ही जायेगा फलस्वरूप इससे निरूपित वृत्तिता घटत्व में आयेगी तथा वृत्तिता का अभाव सद्धेतु पटत्व में अक्षुण्ण होने से लक्षण का समन्वय होता है तथा अव्याप्ति नहीं होती है यह सहज ही सिद्ध हो जाता है। फिर भी इस लक्षण में अयं (घटत्वम्), घटान्योन्याभाववान्, घटत्वत्वात् यहाँ अव्याप्ति होगी ही। क्यों कि घटान्योन्याभाव का अत्यन्ताभाव रूप साध्याभाव जैसे घट रूप होता है वैसे ही घटत्व रूप भी होता है, अर्थात् अन्योन्याभाव का अत्यन्ताभाव, अन्योन्याभाव के प्रतियोगी एवं प्रतियोगितावच्छेदक उभय रूप ही, आवश्यक रूप से मानना पड़ता है। इसका कारण यह है कि जहाँ अन्योन्याभाव का प्रतियोगी एक ही व्यक्ति होता है वहाँ अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को प्रतियोगि स्वरूप स्वीकार करने में लाघव स्पष्ट है, जैसे— आकाशभेद के अत्यन्ताभाव को आकाशस्वरूप स्वीकार करने में लाघव होता है परन्तु जहाँ अन्योन्याभाव के प्रतियोगी अनेक होते हैं, परन्तु प्रतियोगिता का अवच्छेदक धर्म एक ही होता है वहाँ अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को प्रतियोगितावच्छेदकस्वरूप स्वीकार करने में अत्यन्त लाघव होता है, जैसे— घटान्योन्याभाव के प्रतियोगी घट अनन्त हैं पर प्रतियोगितावच्छेदक घटत्व एक है, फलतः

प्रतियोगिता का निरूपक जो साध्याभाव इसमें वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध' से इस घटत्व स्वरूप साध्याभाव का अधिकरण, प्रसिद्ध नहीं हो सकता है। फलस्वरूप आगे लक्षण का समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष सुस्पष्ट ही है।

इस अव्याप्ति दोष का निवारण करने के लिए मथुरानाथ समाधान देते हुए कहते हैं कि घटत्व में भी घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता है। इसका कारण यह है कि घटत्व में घटत्व के अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता तो सबको निर्विवाद रूप में मान्य है ही तथा घटत्व का अत्यन्ताभाव एवं घट का अन्योन्याभाव, व्यवहार एवं युक्ति के आधार पर एक ही है, फलस्वरूप यदि घटत्व के अत्यन्ताभाव की प्रतियोगिता घटत्व में है तो घटत्व में घट के अन्योन्याभाव की भी प्रतियोगिता प्रसिद्ध है यह स्वत: सिद्ध हो जाता है।

घटत्व का अत्यन्ताभाव एवं घट का अन्योन्याभाव एक कैसे सिद्ध होता है? इस सन्दर्भ में रहस्यकार मथुरानाथ का कथन है कि अत्यन्ताभाव का अत्यन्ताभाव यत: प्रतियोगी स्वरूप होता है अत: प्रस्तुत सन्दर्भ में घटभेद या घट के अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव का अत्यन्ताभाव भी घट के अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी स्वरूप अर्थात् घटान्योन्याभाव या घटभेद स्वरूप होगा। इसी प्रकार यत: घटभेद या घट के अन्योन्याभाव का अत्यन्ताभाव

घटान्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव को घटत्वरूप स्वीकार करने में लाघव है। इतने विवेचन से यह स्पष्ट होता है कि अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव के सन्दर्भ में एक सामान्य नियम इस प्रकार सम्भव है कि अन्योन्याभाव का अत्यन्ताभाव प्रतियोगि एवं प्रतियोगितावच्छेदक अन्यतरस्वरूप होता है। फलत: उपर्युक्त स्थल में 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्य–तावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक जो साध्याभाव इसमें वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध' तादात्म्य सम्बन्ध से साध्याभाव घट या घटत्व में से घटत्व से सम्बद्ध स्वयं घटत्व ही होगा तथा इसमें वृत्ति ही घटत्वत्व हो जायेगा वृत्तित्वाभाव सद्धेतु घटत्वत्व में नहीं आयेगा परिणामस्वरूप अव्याप्ति का निरास नहीं हो पाता है।

लाघव के कारण घटत्व स्वरूप होता है, अतः पुनः घटभेद या घट के अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव (अर्थात् घटत्व) का अत्यन्ताभाव, घटत्व का अत्यन्ताभाव ही होगा यह सहज ही सिद्ध हो जाता है। अन्ततः यह तथ्य भली भाँति सिद्ध हो जाता है कि जैसे घटत्वाभाव की प्रतियोगिता घटत्व में है उसी प्रकार घटभेद या घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता समवाय सम्बन्ध से रहने वाले घटत्व में है ही।

फलतः, प्रस्तुत सद्धेतु वाले स्थल में साध्य के अभाव घटत्व में साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के प्रसिद्ध हो जाने से इस प्रतियोगिता के अवच्छेदक समवाय सम्बन्ध से साध्याभाव घटत्व का अधिकरण घट होगा, इस घट से निरूपित वृत्तिता घटत्व में होगी तथा इस वृत्तिता का अभाव सद्धेतु पटत्व में होने के कारण व्याप्ति के लक्षण की अव्याप्ति की आपत्ति सहज ही निरस्त हो जाती है।

माथुरी

न चाऽन्यत्रात्यन्ताभावाभावस्य प्रतियोगिरूपत्वेऽपि घटादि–भेदात्यन्ताभावत्वावच्छिन्नाभावो न घटादिभेदस्वरूपः, किन्तु तत्प्रतियोगितावच्छेदकीभूत–घटत्वात्यन्ताभावस्वरूप एवेति सिद्धान्त इति वाच्यम्; यथा हि घटत्वावच्छिन्नघटवत्ताग्रहे घटात्यन्ताभावाग्रहात् घटात्यन्ताभावाभावव्यवहाराच्च घटात्यन्ता–भावाभावो घटस्वरूपः तथा घटभेदवत्ताग्रहे घटभेदात्यन्ताभावाग्रहात् घटभेदात्यन्ताभावाभावव्यवहाराच्च घटभेद एव तदत्यन्ताभावत्वा–वच्छिन–प्रतियोगिताकाभाव इति तत्सिद्धान्तो न युक्तिसह इति।

और जगह अत्यन्ताभावाभाव के प्रतियोगि रूप होने पर भी, घट आदि के भेद के अत्यन्ताभावत्व से अवच्छिन्न (प्रतियोगिता का निरूपक) अभाव, घट आदि के भेद स्वरूप नहीं होता है

किन्तु घटभेद की प्रतियोगिता के अवच्छेदक भूत घटत्व के अत्यन्ताभाव स्वरूप ही होता है, ऐसा सिद्धान्त है यह नहीं माना जा सकता है।

क्यों कि जैसे घटत्व से अवच्छिन्न (विशिष्ट) घटवत्ता का ग्रह होने पर घट के अत्यन्ताभाव का ग्रह नहीं होने से तथा घट के अत्यन्ताभाव के अभाव का व्यवहार होने से घट के अत्यन्ताभाव का अभाव घट स्वरूप होता है, वैसे घटभेदवत्ता का ग्रह होने पर घटभेद के अत्यन्ताभाव का ग्रह नहीं होने से घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव का व्यवहार होने से घट भेद ही घटभेद के अत्यन्ताभावत्व से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक अभाव होता है, यह युक्तिसिद्ध है। यही कारण है कि उपर्युक्त सिद्धान्त युक्ति की कसौटी पर प्रामाणिक नहीं सिद्ध हो पाता है।

घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेद रूप नहीं माना जा सकता है, भले ही घटत्व आदि के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटत्व रूप मानें या घटत्वात्यन्ताभाव के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटत्वात्यन्ताभाव रूप मान लें। घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेद रूप न मान कर घटत्व के अत्यन्ताभाव रूप ही यदि सिद्धान्त रूप में मानेंगे तो पूर्व में प्रदत्त अव्याप्ति, साध्याभाव घटत्व में साध्यसामान्य—घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अप्रसिद्ध होने के कारण पुनः जैसे के तैसे बनी रहेगी। परन्तु ऐसा सिद्धान्त स्वीकार ही नहीं किया जा सकता है।

जब घट एवं घट के अत्यन्ताभाव के अभाव को एक स्वरूप स्वीकार करते हैं अर्थात् घट के अत्यन्ताभाव के अभाव को घट के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी स्वरूप मानते हैं, तब इस सिद्धान्त को मानने के पीछे, प्रामाणिक अनुभव पर आधारित युक्ति होती है।

प्रामाणिकों का यह अनुभव है कि जब किसी स्थान (भूतल आदि) पर घटत्व से विशिष्ट घट होता है तब वहाँ घट के अत्यन्ताभाव का बोध नहीं होता है अर्थात् घट नहीं है ऐसी प्रतीति नहीं होती है तथा घट के अत्यन्ताभाव का अभाव है अर्थात् घट का अत्यन्ताभाव नहीं है यह प्रतीति सहज रूप में होती है। इस प्रतीति में यह देखा जाता है कि जब भूतल में 'घट है' यह व्यवहार होता है तब उस भूतल में 'घट के अत्यन्ताभाव का अभाव है' यह भी व्यवहार होता है, फलत: इस प्रामाणिक व्यवहार के आधार पर घट एवं घट के अत्यन्ताभाव के अभाव को एक मानना युक्तियुक्त सिद्ध होता है।

इस तथ्य को एक लौकिक उदाहरण से भी समझा जा सकता है। यदि समाज में कोई धनाढ्य व्यक्ति होता है तो हम दो तरह से उसके बारे में बातें करते हैं। हम यह कहते हैं कि ''यह व्यक्ति धनवान् है'' साथ ही इसी तथ्य को बताने के लिए हम इसी व्यक्ति के बारे में प्रकारान्तर से यह भी कहते हैं कि ''इस व्यक्ति के पास धन का अभाव नहीं है।'' वास्तव में ये दोनों कथन एक ही तथ्य को प्रकाशित कर रहे होते हैं। परिणामस्वरूप इस व्यवहार के आधार पर हम यह निष्कर्ष या सिद्धान्त स्थापित कर सकते हैं कि 'धन एवं धन के अभाव का अभाव' एक ही बात है।

ठीक इसी प्रकार प्रामाणिकों का यह भी अनुभव है कि जब किसी वस्तु (पट आदि) में घटभेद का बोध होता है तब वहाँ घटभेद के अत्यन्ताभाव का बोध नहीं होता है अर्थात् घटभेद नहीं है ऐसी प्रतीति नहीं होती है तथा घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव है अर्थात् घटभेद का अत्यन्ताभाव नहीं है यह प्रतीति सहज रूप में होती है। इस प्रतीति में यह देखा जाता है कि जब पट आदि में घटभेद है यह व्यवहार होता है तब उस पट आदि में घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव है यह भी व्यवहार होता है, फलत: इस प्रामाणिक व्यवहार के आधार पर घटभेद एवं घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को भी एक मानना ही युक्तियुक्त सिद्ध होता है।

इस प्रकार घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेद स्वरूप न मानकर घटत्वात्यन्ताभाव स्वरूप मानने का सिद्धान्त आधार हीन ही सिद्ध होता

है। ऐसी स्थिति में अव्याप्ति की तदवस्थता का भी प्रश्न अनायास ही समाहित हो जाता है।

माथुरी

विनिगमकाभावेनापि घटत्वत्वावच्छिन्नप्रतियोगिता–कात्यन्ताभावाभाववद् घटभेदस्यापि घटभेदात्यन्ताभावाभावत्व–सिद्धेरप्रत्यूहत्वाच्च। अत एव तादृशसिद्धान्तो न उपाध्यायसम्मतः।

विनिगमक का अभाव होने से (किसी एक पक्ष में युक्ति न होने के कारण) भी घटत्वत्व से अवच्छिन्न (घटत्व में रहने वाली) प्रतियोगिता के निरूपक अत्यन्ताभाव के अभाव की तरह घटभेद भी घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव स्वरूप निष्प्रत्यूह (बिना प्रत्यूह अर्थात् बाधा के) ही सिद्ध हो जाता है।

इसी लिए वैसा सिद्धान्त (घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेद स्वरूप न मानकर घटत्वात्यन्ताभाव स्वरूप मानने का सिद्धान्त) उपाध्याय (गङ्गेश उपाध्याय) को सम्मत नहीं है।

पूर्व अनुच्छेद में व्यवहार के आधार पर जैसे घट एवं घट के अत्यन्ताभाव के अभाव को तथा इसी प्रकार घटभेद एवं घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को एक सिद्ध किया गया, ठीक वैसे ही प्रस्तुत अनुच्छेद में मथुरानाथ तर्कवागीश, विनिगमना अर्थात् '' किसी एक पक्ष को पुष्ट करने वाली युक्ति '' के न होने के आधार पर भी उपर्युक्त तथ्य को ही सम्पुष्ट कर रहे हैं।

घटत्वत्व से अवच्छिन्न घटत्व में रहने वाली प्रतियोगिता के निरूपक अत्यन्ताभाव के अभाव को घटत्वात्यन्ताभाव के प्रतियोगी–घटत्व स्वरूप

मानेंगे, परन्तु घटभेदत्व से अवच्छिन्न घटभेद में रहने वाली प्रतियोगिता के निरूपक अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेदात्यन्ताभाव के प्रतियोगी—घटभेद स्वरूप नहीं मानेंगे इस प्रकार इस एक ही पक्ष को सिद्ध करने वाली कोई युक्ति (विनिगमना) न होने के कारण भी घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव का घटभेद स्वरूप होना, बिना किसी बाधा के सिद्ध हो जाता है।

न्याय शास्त्र के विख्यात विद्वान् अचार्य बदरीनाथ शुक्ल ने इस अनुच्छेद की हिन्दी व्याख्या करते हुए अपना आशय अधो निर्दिष्ट रूप में व्यक्त किया है, जो मेरी दृष्टि में युक्ति युक्त तो अवश्य है परन्तु ग्रन्थारूढ नहीं हो पा रहा है —

''दूसरी बात यह है कि घटभेद का अत्यन्ताभाव घटत्वस्वरूप होता है अत: उसके दो धर्म होते हैं — घटत्वत्व और घटभेदात्यन्ताभावत्व, इन दो रूपों से उसके दो प्रकार के अभाव हो सकते हैं एक घटत्वत्वावच्छिन्न प्रतियोगितानिरूपक अभाव और दूसरा घटभेदात्यन्ताभावत्वावच्छिन्न प्रतियोगिता निरूपक अभाव। इनमें प्रथम अभाव सर्वसम्मत है, दूसरे अभाव के सम्बन्ध में यह प्रश्न है कि उसे अतिरिक्त अभाव माना जाय अथवा घटत्वत्वावच्छिन्न प्रतियोगिता निरूपक अभाव स्वरूप किं वा घटभेदस्वरूप माना जाय। अतिरिक्त मानने में गौरव स्पष्ट है, अत: उसे उक्त दोनों अभावों में किसी एक अभाव स्वरूप ही मानना होगा ऐसी स्थिति में उसे घटत्वात्यन्ताभावस्वरूप माना जाय या घटभेदस्वरूप माना जाय इसमें कोई विनिगमक—निश्चित रूप से किसी एक को स्वीकार करने में युक्ति, नहीं है। अत: घटत्वात्यन्ताभाव के समान घटभेद में भी घटभेदात्यन्ताभावाभावत्व की सिद्धि निर्बाध है। इसी लिए यह सिद्धान्त है कि अन्य अत्यन्ताभाव का अभाव प्रतियोगीस्वरूप होता है किन्तु घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव घटभेदात्यन्ताभाव के प्रतियोगी घटभेद के स्वरूप नहीं होता किन्तु घटभेद के प्रतियोगितावच्छेदक घटत्व के अत्यन्ताभाव के स्वरूप होता है, उपाध्याय सम्मत नहीं है।''

आचार्य श्रीशुक्ल जी द्वारा किया गया यह अर्थ जिस ग्रन्थ पर आधारित है वह सम्भवत: इसी ग्रन्थ के कुछ अन्य प्रामाणिक संस्करणों में

अधो निर्दिष्ट रूप में प्राप्त होता है –

माथुरी

विनिगमकाभावेनाऽपि घटत्वत्वावच्छिन्नप्रतियोगिता–काभाववद् घटभेदस्यापि घटभेदात्यन्ताभावाभावत्वसिद्धेर–प्रत्यूहत्वाच्च।

इस माथुरी की व्याख्या करते हुए गङ्गा नाम की व्याख्या में स्पष्ट अर्थ इस प्रकार किया गया है–

''अप्रत्यूहत्वाच्चेति। अतर्क्यत्वादित्यर्थः। घटभेदाभावाभावो घटत्वाभावरूपो घटभेदरूपो वेत्यत्र विनिगमनाविरहात्तस्य घटभेदरूपतायां बाधकाभावादिति भावः। अत एव–प्रतीतिबलादेव। न च यथा त्वन्मते विनिगमनाविरहस्तथा मन्मते विनिगमनाविरहाद् घटत्वाभावरूपतापि तस्य स्यादिति वाच्यम्। प्रतीतेरेव गमकत्वात् धर्मिभेदधर्मात्यन्ताभावयोः समनियततया लाघवाच्चैक्येनेष्टापत्तेश्च।''

अस्तु दोनों ही संस्करणों के ग्रन्थों के आधार पर यह तो सिद्ध होता ही है कि घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव जैसे घटत्वाभाव रूप होता है वैसे ही घटभेद स्वरूप भी होता है।

माथुरी

अत एव च अभावविरहात्मत्वं वस्तुनः प्रतियोगिता इत्याचार्याः, अन्यथा घटभेदात्यन्ताभावप्रतियोगिनि घटभेदे तल्लक्षणाव्याप्त्यापत्तेः अन्योन्याभावप्रतियोगितावच्छेद–कघटत्वात्यन्ताभावे तल्लक्षणातिव्याप्त्यापत्तेश्च।

इसी लिए (उक्त प्रामाणिक प्रतीति के कारण ही)

'अभावविरहात्मत्व' ही वस्तु में रहने वाली प्रतियोगिता होती है, ऐसा आचार्य अर्थात् श्री उदयनाचार्य ने (न्यायकुसुमाञ्जलि कारिका में) कहा है। ऐसा न मानने पर घटभेद के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी घटभेद में उसके (प्रतियोगिता के) लक्षण की अव्याप्ति की आपत्ति होगी तथा अन्योन्याभाव के (घट के अन्योन्याभाव के) प्रतियोगितावच्छेदक—घटत्व के अत्यन्ताभाव में उसके (प्रतियोगिता के) लक्षण की अतिव्याप्ति की आपत्ति होगी।

प्रामाणिकों का यह भी अनुभव है कि जब किसी वस्तु (पट आदि) में घटभेद का बोध होता है तब वहाँ घटभेद के अत्यन्ताभाव का बोध नहीं होता है अर्थात् घटभेद नहीं है ऐसी प्रतीति नहीं होती है तथा घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव है अर्थात् घटभेद का अत्यन्ताभाव नहीं है यह प्रतीति सहज रूप में होती है। इस प्रतीति में यह देखा जाता है कि जब पट आदि में घटभेद है यह व्यवहार होता है तब उस पट आदि में घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव है यह भी व्यवहार होता है, फलतः इस प्रामाणिक व्यवहार के आधार पर घटभेद एवं घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को भी एक माना जाता है।

इस प्रतीति मूलक व्यवहार के कारण ही उदयनाचार्य ने अभाव की प्रतियोगिता का लक्षण 'अभावविरहात्मत्व' किया है। विरह[१] का अर्थ अभाव होता है तथा आत्मा का अर्थ होता है स्वरूप, अतः अभावविरहात्मत्व का अर्थ है अभावाभावस्वरूपत्व।

'यस्याभावः सः प्रतियोगी', इस नियम के अनुसार यदि हम घट का अभाव लेते हैं तो इस अभाव का प्रतियोगी घट माना जायेगा। क्यों कि हम जिसका अभाव लेते हैं उस अभाव का प्रतियोगी वही होता है। अब यहाँ प्रश्न यह होता है कि घट के अत्यन्ताभाव का प्रतियोगी जो घट है उसमें रहने वाली

१. लोक में साहित्यिक भाषा में 'विरह' शब्द का अर्थ 'वियोग' होता है पर यहाँ न्याय शास्त्र में विरह शब्द का अर्थ अत्यन्ताभाव माना जाता है।

प्रतियोगिता का क्या लक्षण है? इसका समाधान उदयनाचार्य ने प्रतियोगिता का लक्षण 'अभावविरहात्मत्व' है यह कह कर किया है। यह लक्षण प्रतियोगिता का स्वरूप लक्षण है तथा प्रतियोगी का तटस्थ लक्षण होता है। लक्षण लक्ष्य का असाधारण धर्म होता है। यहाँ प्रतियोगिता घट में है तथा यहीं पर घटाभावाभावस्वरूपता भी सुस्पष्ट है। फलत: प्रतियोगिता एवं घटाभावाभावस्वरूपता की एक रूपता सिद्ध हो जाती है।

यदि घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेद के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी घटभेदस्वरूप नहीं मानेंगे तो उदयनाचार्य के द्वारा स्वीकृत प्रतियोगिता के लक्षण 'अभावविरहात्मत्व' या अभावाभावस्वरूपत्व का घटभेदाभाव के प्रतियोगी घटभेद में समन्वय न होने से अव्याप्ति होगी। अत: इस अव्याप्ति का वारण करने के लिये घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेदस्वरूप भी अनिवार्य रूप से मानना पड़ेगा।

इसी प्रकार घटभेदात्यन्ताभाव की प्रतियोगिता के लक्षण का लक्ष्य घटभेद है तथा अलक्ष्य जो घटत्वाभाव है उसमें इस प्रतियोगिता के लक्षण घटभेदात्यन्ताभावाभावस्वरूपत्व का समन्वय हो जाने से अतिव्याप्ति की भी आपत्ति होने लगती है।

यहाँ घटभेद के प्रतियोगी घट में घटभेद की प्रतियोगिता के लक्षण 'घटभेदाभावस्वरूपत्व' की अव्याप्ति होती है एवं घटभेद के प्रतियोगिता के अवच्छेदक घटत्व में (अलक्ष्य में) इस लक्षण का समन्वय हो जाने से अतिव्याप्ति होती है यह भी समझना चाहिए।

इतनी चर्चा से यह सुस्पष्ट होता है कि जैसे घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटभेदस्वरूप माना जाना अभीष्ट है उसी प्रकार घटभेद के अभाव को भी घटत्वस्वरूप मानने के साथ ही घटस्वरूप भी मानना चाहिए।

माथुरी

न चैवं घटत्वत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकघटत्वात्यन्ताभावस्यापि घटभेदस्वरूपत्वापत्तिरिति वाच्यम्; तदत्यन्ताभावत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकात्यन्ताभावस्यैव तत्स्वरूपत्वाभ्युपगमात्, तद्वत्ताग्रहे तादृशतदत्यन्ताभावाभावस्यैव व्यवहारात्। उपाध्यायैर्घटत्वत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकघटत्वात्यन्ताभावस्यापि घटभेदस्वरूपत्वाभ्युपगमाच्च।

इस प्रकार घटत्वत्व से अवच्छिन्न (घटत्व निष्ठ) प्रतियोगिता के निरूपक घटत्व के अत्यन्ताभाव को भी घटभेदस्वरूप मानने की आपत्ति होगी ऐसा सन्देह नहीं करना चाहिए। उसके अत्यन्ताभावत्व से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक अभाव को ही उस स्वरूप मानते हैं, क्यों कि उस वस्तु का जहाँ ज्ञान होता है वहाँ वैसे अत्यन्ताभाव के अभाव का ही व्यवहार होता है। उपाध्याय के द्वारा घटत्वत्व से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक घटत्व के अत्यन्ताभाव को भी घटभेद स्वरूप माना जाता है।

घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को घटत्वात्यन्ताभाव एवं घटभेदस्वरूप मानने पर घटत्वत्व से अवच्छिन्न (घटत्व निष्ठ) प्रतियोगिता के निरूपक घटत्व के अत्यन्ताभाव को भी घटभेदस्वरूप मानने की आपत्ति होगी, क्यों कि दोनों में घटभेदात्यन्ताभावाभावस्वरूपत्व अथवा घटभेदात्यन्ताभावाभावत्व रूप एक धर्म है। जैसे दो घटों में एक घटत्वरूप धर्म के होने से दोनों में ऐक्य की प्रतीति होती है वैसे यहाँ भी ऐक्य की आपत्ति होने लगेगी यह सन्देह नहीं करना चाहिए।

किसी भी वस्तु के अत्यन्ताभावत्व से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक अभाव को ही उस वस्तु स्वरूप मानने की आप्त परम्परा है। इसके आधार पर घटभेद के अत्यन्ताभावत्व से अवच्छिन्न घटभेदात्यन्ताभाव निष्ठ प्रतियोगिता के निरूपक घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को ही घटभेद स्वरूप माना जा सकता है। जब किसी वस्तु (पट आदि) में घटभेद का बोध होता है तब वहाँ घटभेद के अत्यन्ताभाव का बोध नहीं होता है अर्थात् घटभेद नहीं है ऐसी प्रतीति नहीं होती है तथा घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव है अर्थात् घटभेद का अत्यन्ताभाव नहीं है यह प्रतीति सहज रूप में होती है। इस प्रतीति में यह देखा जाता है कि जब पट आदि में घटभेद है यह व्यवहार होता है तब उस पट आदि में घटभेद के अत्यन्ताभाव का अभाव है यह भी व्यवहार होता है, फलतः इस प्रामाणिक व्यवहार के आधार पर घटभेद एवं घटभेद के अत्यन्ताभाव के अभाव को ही एक माना जा सकता है। इस प्रकार घटत्वात्यन्ताभाव को घटभेद स्वरूप मानने की आपत्ति सम्भव नहीं है।

इस प्रकार उपर्युक्त आपत्ति का वारण करने के अनन्तर इस आपत्ति को इष्ट मान कर भी समाधान प्रस्तुत करते हुए मथुरानाथ कहते हैं कि गङ्गेश उपाध्याय के मत में घटत्व के अत्यन्ताभाव को घटभेदस्वरूप माना भी गया है फलतः उपाध्याय के मत में इष्टापत्ति ही है।

घट को छोड़ कर संसार की सभी वस्तुओं में घट का भेद रहता है। इसी प्रकार घट को छोड़ घटत्व का अत्यन्ताभाव भी संसार में सब जगह रहता है। फलतः दोनों अभाव समान स्थान में रहने वाले हैं अर्थात् समनियत हैं। समनियत रहने वाले दो अभावों को एक मानते हैं इस सिद्धान्त के अनुसार इन दोनों अभावों को एक मानने में कोई कठिनाई नहीं है।

माथुरी

न चैवं साध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्धेनैव साध्याभावाधिकरणत्वं विवक्ष्यतां किं साध्यतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्नसाध्याभाववृत्तित्वस्य प्रतियोगिताविशेषणत्वेनेति

वाच्यम्, कालिकसम्बन्धावच्छिन्नात्मत्वप्रकारक– प्रमाविशेष्यत्वा–भावस्य विशेषणताविशेषेण साध्यत्वे आत्मत्वादिहेतावव्याप्त्यापत्तेः, कालिकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्याभावस्य विशेषणताविशेषेण योऽभावस्तस्यापि साध्यस्वरूपतया कालिकसम्बन्धवद्विशेषणता–विशेषोऽपि साध्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्धस्तेन सम्बन्धेनात्म–त्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वरूपसाध्याभाववति आत्मनि हेतोरात्म–त्वस्य वृत्तेः।

साध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध से ही साध्याभाव का अधिकरण कहें, साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्याभाव–वृत्तित्व को प्रतियोगिता के विशेषण के रूप में क्यों मानते है? यह प्रश्न नहीं करना चाहिए, क्यों कि ऐसा न करने से कालिकसम्बन्धावच्छिन्न आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभाव को विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से साध्य करने पर आत्मत्व आदि हेतु में अव्याप्ति की आपत्ति होने लगती है। कालिक सम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्याभाव का विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूपसम्बन्ध से जो अभाव उसके भी साध्यस्वरूप होने से कालिकसम्बन्ध की तरह विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूप–सम्बन्ध भी साध्यीय प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध होगा, इस सम्बन्ध से आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वरूप साध्याभाव वाले आत्मा में हेतु आत्मत्व के वृत्ति होने से अव्याप्ति सुस्पष्ट है।

अब तक की चर्चा के अनुसार व्याप्ति के लक्षण में, साध्य के अभाव का अधिकरण 'साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यतावच्छेकावच्छि–न्नप्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध से लेना

है यह निर्णय लिया गया है। पर्वतः, वह्निमान्, धूमात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्य वह्नि है, साध्य का अभाव वह्नि का अभाव हुआ। इस वह्नि के अभाव का अधिकरण, साध्यता के अवच्छेदक संयोग सम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यता के अवच्छेदक वह्नित्व धर्म से अवच्छिन्न वह्नि में रहने वाली प्रतियोगिता के निरूपक अभाव—वह्नि के अभाव में वृत्ति जो साध्य सामान्य—वह्नि के अभाव के अभाव रूप साध्य—वह्नि की प्रतियोगिता उसके अवच्छेदक सम्बन्ध—स्वरूप सम्बन्ध से, जलह्रद आदि होता है। इस अधिकरण से निरूपित वृत्तित्व मीन शैवाल आदि में है तथा वृत्तित्व का अभाव धूम रूप सद्धेतु में होने से लक्षण समन्वय हो जाता है।

यहाँ यह प्रश्न उपस्थित होता है कि साध्य के अभाव का अधिकरण यदि केवल साध्यसामन्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध से लें तब भी उपर्युक्त सद्धेतु वाले स्थल में साध्य सामान्य—वह्नि के अभाव के अभाव रूप साध्य—वह्नि की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध—स्वरूप सम्बन्ध से अधिकरण जलह्रद आदि ही होता है। इस अधिकरण से निरूपित वृत्तित्व मीन शैवाल आदि में है तथा वृत्तित्व का अभाव धूम रूप सद्धेतु में होने से लक्षण समन्वय हो जाने के कारण साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताक—साध्याभाववृत्तित्व यह विशेषण साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता में देना निरर्थक है।

पर यहाँ यह प्रश्न नहीं करना चाहिए क्यों कि कालिकसम्बन्धावच्छिन्न आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभाव को विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से साध्य करने पर आत्मत्व आदि सद् हेतु में व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने से अव्याप्ति की आपत्ति होने लगती है। सामान्य रूप से आत्मत्व प्रकार है जिस प्रमा में ऐसी प्रमा का आकार होता है 'आत्मा'। जैसे 'घटः' इस प्रमा में घटत्व प्रकार होता है तथा घट विशेष्य होता है, वैसे ही 'आत्मा' इस प्रमात्मक ज्ञान में आत्मत्व प्रकार होता है तथा आत्मा विशेष्य होता है। इस प्रकार आत्मत्व है प्रकार जिस प्रमा में ऐसी प्रमा की विशेष्यता अर्थात् 'आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता' स्वरूप सम्बन्ध से आत्मा में रहेगी। परन्तु यह आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता कालिक सम्बन्ध से कभी भी आत्मा में नहीं रह

सकती क्यों कि न्याय दर्शन के अनुसार नित्य पदार्थों में कोई भी पदार्थ कालिक सम्बन्ध से नहीं रहता है।[१] एतावता आत्मा आदि नित्य पदार्थों में आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का कालिक सम्बन्ध से अभाव स्वरूप सम्बन्ध से अवश्य रहेगा। आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव को ही हम दूसरे शब्दों में 'कालिकसम्बन्धावच्छिन्न आत्मत्वप्रकारक–प्रमाविशेष्यत्वाभाव' भी कह सकते हैं; कालिक सम्बन्धावच्छिन्न–आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता में रहने वाली जो प्रतियोगिता उस प्रतियोगिता का निरूपक अभाव इसका तात्पर्य होता है। इतनी चर्चा से यह स्पष्ट हो जाता है कि आत्मा, कालिकसम्बन्धावच्छिन्नात्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभाववान्, आत्मत्वात् यह सद्धेतुक स्थल है। क्यों कि जहाँ–जहाँ आत्मत्व हेतु रहता है वहाँ–वहाँ कालिकसम्बन्ध से अवच्छिन्न आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभाव–साध्य; स्वरूप सम्बन्ध से रहता है।

इस सद्धेतु वाले स्थल में आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का जो कालिक सम्बन्ध से अभाव उसका जो कालिक सम्बन्ध से अभाव उसका पुन: जो विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से अत्यन्ताभाव वह आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव रूप अर्थात् साध्य स्वरूप होगा। आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का जो कालिक सम्बन्ध से अभाव उसका जो कालिक सम्बन्ध से अभाव उसका पुन: जो विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से अत्यन्ताभाव, यह भी यत: साध्य है अत: इसकी प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध स्वरूपसम्बन्ध होगा तथा इस स्वरूप सम्बन्ध से अर्थात् साध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध से साध्याभाव–कालिकसम्बन्धावच्छिन्न आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभाव का जो स्वरूपसम्बन्ध से अभाव जो आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वरूप होता है, उसका अधिकरण आत्मा हो जायेगा। इस साध्याभाव के अधिकरण में आत्मत्व के वृत्ति होने से अव्याप्ति दोष हो जाता है।

---

१. नित्येषु कालिकायोगात्।

इस अव्याप्ति का निराकरण करने के लिए केवल साध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण नहीं कहा जा सकता है, अपितु साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता में साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न—साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न—प्रतियोगिताक—साध्याभाववृत्तित्व भी विशेषण देना आवश्यक होता है।

आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का कालिक सम्बन्ध से अभाव जैसे साध्य है वैसे ही आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का जो कालिक सम्बन्ध से अभाव उसका जो कालिक सम्बन्ध से अभाव उसका पुन: जो विशेषणताविशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से अत्यन्ताभाव वह भी साध्य अवश्य है क्यों कि किसी भी वस्तु का तृतीय अभाव प्रथम अभाव स्वरूप होता है। परन्तु इस साध्य की प्रतियोगिता, आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव के कालिक सम्बन्ध से अभाव में है, जो कि साध्याभाव नहीं है, क्यों कि साध्याभाव—आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव का स्वरूप सम्बन्ध से अभाव होता है जो आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता रूप होता है। इस प्रकार ऐसे साध्याभाव में वृत्ति जिस साध्यसामान्य की प्रतियोगिता होगी वह आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का कालिक सम्बन्ध से अभाव ही होगा।[१] इस अभाव की प्रतियोगिता कालिकसम्बन्धावच्छिन्न आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता में है।

---

१. आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का कालिक सम्बन्ध से अभाव, स्वरूप सम्बन्ध से साध्य है। साध्यतावच्छेदकस्वरूपसम्बन्ध से अवच्छिन्न एवं साध्यतावच्छेदक—कालिकसम्बन्धावच्छिन्नात्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभावत्व—धर्म से अवच्छिन्न जो प्रतियोगिता उसका निरूपक जो साध्य का अभाव—आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव (साध्य) का स्वरूप सम्बन्ध से अभाव, साध्याभाव है। किसी भी वस्तु के अत्यन्ताभाव का अभाव उस वस्तु स्वरूप ही होता है, अथवा दूसरे शब्दों में उस वस्तु के अभाव के प्रतियोगी (वस्तु) स्वरूप होता है, यह सर्वमान्य नियम है। इस नियम के अनुसार प्रस्तुत साध्याभाव—आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता स्वरूप हो जायेगा। इस साध्याभाव में साध्य—आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव की

प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध कालिक सम्बन्ध होता है। इस कालिक सम्बन्ध से साध्याभाव–आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का अधिकरण आत्मा कथमपि नहीं हो सकेगा कोई अनित्य पदार्थ घट पट आदि ही साध्याभाव के अधिकरण के रूप में मिलेगा। साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तिता घटत्व पटत्व आदि में होगी, तथा इस वृत्तिता का अभाव आत्मत्व हेतु में सुलभ होने से लक्षण समन्वय हो जाता है। फलस्वरूप अव्याप्ति दोष का निवारण हो जाता है।

प्रतियोगिता अक्षुण्ण है। इस प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध–कालिक सम्बन्ध है क्यों कि आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता (प्रतियोगी) का कालिक सम्बन्ध से अभाव–साध्य है।

आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता का कालिक सम्बन्ध से अभाव, स्वरूप सम्बन्ध से साध्य है। साध्यतावच्छेदकस्वरूपसम्बन्ध से अवच्छिन्न एवं साध्यतावच्छेदक–कालिकसम्बन्धावच्छिन्नात्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यत्वाभावत्व–धर्म से अवच्छिन्न जो प्रतियोगिता उसका निरूपक जो साध्य का अभाव–आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव (साध्य) का स्वरूप सम्बन्ध से अभाव, साध्याभाव है। इस साध्याभाव–आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव (साध्य) के स्वरूप सम्बन्ध से अभाव का जो कालिक सम्बन्ध से पुनः अभाव होगा वह भी साध्य सामान्य ही होगा। इसकी प्रतियोगिता, आत्मत्व–प्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव (साध्य) के स्वरूप सम्बन्ध से अभाव में रहेगी तथा प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध कालिक सम्बन्ध ही होगा क्यों कि आत्मत्वप्रकारकप्रमाविशेष्यता के कालिक सम्बन्ध से अभाव (साध्य) के स्वरूप सम्बन्ध से अभाव का कालिक सम्बन्ध से अभाव ही साध्य होता है। इस तरह साध्याभाव में वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध किसी भी तरह कालिक सम्बन्ध ही होगा, फलस्वरूप अव्याप्ति का वारण सम्भव हो पाता है।

माथुरी

प्रतियोगितावच्छेदकवत् प्रतियोग्यप्यन्योन्याभावाभावः, तेन तादात्म्यसम्बन्धेन साध्यतायां साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न–साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगित्वस्य नाप्रसिद्धिः।

प्रतियोगितावच्छेदक की तरह प्रतियोगी (रूप) भी अन्योन्याभाव का अभाव होता है। ऐसा मानने से, तादात्म्य सम्बन्ध से साध्यता की स्थिति में साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्याभाव में वृत्ति साध्य सामान्य की प्रतियोगिता की अप्रसिद्धि नहीं होती है।

किसी भी वस्तु के अन्योन्याभाव का अभाव जैसे उस वस्तु के अन्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक स्वरूप होता है, उसी तरह उस वस्तु के अन्योन्याभाव के प्रतियोगी स्वरूप भी होता है। उदाहरणार्थ घट के अन्योन्याभाव का अभाव जैसे घट के अन्योन्याभाव की घट में रहने वाली प्रतियोगिता के अवच्छेदक धर्म घटत्व स्वरूप होता है, वैसे ही घट के अन्योन्याभाव के प्रतियोगी घट स्वरूप भी होता है।

पूर्व प्रदर्शित रीति से यदि किसी वस्तु के अन्योन्याभाव के अभाव को मात्र उस वस्तु की प्रतियोगिता के अवच्छेदक घटत्व आदि धर्म स्वरूप ही मानेगे तो 'अयं, घटवान्, एतत्त्वात्' इस सद्धेतु वाले स्थल में सद्धेतु एतत्त्व में व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने से अव्याप्ति दोष की आपत्ति होगी।

इस स्थल में अयं इस पद का अर्थ समक्ष स्थित घट ही पक्ष है। इस पक्ष में तादात्म्य सम्बन्ध से स्वयं घट ही साध्य है। इसी घट में विद्यमान एतत्त्व स्वरूप सम्बन्ध से हेतु है। इस प्रकार जहाँ–जहाँ घट में एतत्त्व है वहाँ–वहाँ घट में तादात्म्य सम्बन्ध से घट के रहने से यह सद्धेतु वाला स्थल है यह निर्विवाद रूप में सिद्ध होता है।

इस सद्धेतु वाले स्थल में व्याप्ति के इस प्रथम लक्षण का समन्वय नहीं होता है। यहाँ साध्याभाव तादात्म्य सम्बन्ध से घट का अभाव अर्थात् घटान्योन्याभाव होता है। इस साध्याभाव का अधिकरण 'साध्यतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव वृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध' से लेना अभीष्ट है। परन्तु प्रस्तुत स्थल में साध्याभाव–घटान्योन्याभाव में घटान्योन्याभाव के स्वरूपसम्बन्ध से अभाव का मात्र घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक घटत्व स्वरूप मानने पर घटत्व की ही प्रतियोगिता माननी होगी तथा घटत्व के साध्य न होने से यह साध्याभाव में रहने वाली साध्यसामान्य घट की प्रतियोगिता नहीं मानी जा सकेगी। फलत: साध्याभाव घटान्योन्याभाव में वृत्ति साध्यसामान्य घट की प्रतियोगिता के अप्रसिद्ध होने से साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगिता–वच्छेदकसम्बन्ध से साध्याभाव का अधिकरण अप्रसिद्ध हो जाता है। फलत: उपर्युक्त स्थल में अव्याप्ति दोष सुस्थिर हो जाता है।

इस अव्याप्ति दोष का निवारण घटान्योन्याभाव के स्वरूप सम्बन्ध से अभाव को घटान्योन्याभाव के प्रतियोगी घट स्वरूप भी मान लेने से अनायास ही हो जाता है। इस प्रकार अयं, घटवान्, एतत्त्वात् इस सद्धेतु वाले स्थल में अब साध्याभाव–घटान्योन्याभाव का साध्याभावघटान्योन्याभाव में वृत्ति घटान्योन्याभाव के स्वरूप सम्बन्ध से अभाव–घट अर्थात् साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक स्वरूप सम्बन्ध से अधिकरण पट आदि प्रसिद्ध हो जाता है। इस अधिकरण से निरूपित वृत्तिता पटत्व में है न कि एतत्त्व हेतु में इस प्रकार हेतु एतत्त्व में साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तिता का अभाव अक्षत होने से लक्षण समन्वय निराबाध ही हो जाता है।

माथुरी

इत्थञ्च अत्यन्ताभावत्वनिरूपितत्वेनापि साध्यसामान्यीय–प्रतियोगिता विशेषणीया, अन्यथा घटान्योन्याभाववान् घटत्वत्वादित्यादौ अव्याप्त्यापत्ते: तादात्म्यसम्बन्धस्यापि साध्या–

भाववृत्तिसाध्यीयप्रतियोगितावच्छेदकत्वात्।

इस प्रकार अत्याभावत्वनिरूपितत्व से भी साध्यसामान्य की प्रतियोगिता को विशेषित करना चाहिए। ऐसा न करने पर घटान्योन्याभाववान् घटत्वत्वात्, इत्यादि स्थल में अव्याप्ति की आपत्ति होगी, क्यों कि तादात्म्य सम्बन्ध भी साध्याभाव में वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता का अवच्छेदक होता है।

किसी वस्तु के अन्योन्याभाव के अभाव को उस वस्तु के अन्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक धर्मस्वरूप जैसे मानते हैं वैसे ही उस वस्तु के अन्योन्याभाव के प्रतियोगी स्वरूप भी यदि मानेंगे तो साध्याभाव का अधिकरण जिस सम्बन्ध (साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न–साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न–प्रतियोगिताक साध्याभाववृत्ति साध्य–सामन्यीयप्रतियोगितावच्छेदकसम्बन्ध) से लेना है उस सम्बन्ध के अन्तर्गत आये 'साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता' में 'अत्यन्ताभावत्वनिरूपितत्व' यह विशेषण देना आवश्यक हो जाता है।

इस प्रकार साध्याभाव का अधिकरण साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय अत्यन्ताभावत्वनिरूपित प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध से लेना है यह निर्णीत होता है।

यदि साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता में अत्यन्ताभावत्वनिरूपितत्व विशेषण नहीं देंगे तो अयम्, घटान्योन्याभाववान्, घटत्वत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्ति दोष की आपत्ति होने लगेगी। यह स्थल सद्धेतु वाला स्थल है क्यों कि जहाँ–जहाँ घटत्व में घटत्वत्व हेतु स्वरूप सम्बन्ध से रहता है वहाँ–वहाँ घटत्व में स्वरूप सम्बन्ध से साध्य–घटान्योन्याभाव भी रहता है।

इस स्थल के सद्धेतु–घटत्वत्व में साध्याभाव–घटान्योन्याभावाभाव–घटत्व का, साध्यतावच्छेदक–स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक–घटान्योन्याभावत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव–घटान्योन्याभावाभाव–घट

वृत्ति साध्यसामान्यीय (घटान्योन्याभावीय) प्रतियोगिता के अवच्छेदक तादात्म्य सम्बन्ध से अधिकरण, घटत्व ही हो जायेगा। इस अधिकरण घटत्व से निरूपित स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता ही घटत्वत्व सद्धेतु में होने के कारण अव्याप्ति सुस्पष्ट ही है।

जब साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता में अत्यन्ताभावत्वनिरूपितत्व विशेषण दे देते हैं तब उपर्युक्त स्थल में साध्याभाव—घटान्योन्याभावाभाव—घट (प्रतियोगी) एवं घटत्व (प्रतियोगितावच्छेदक) दोनों में से घटत्वरूप साध्याभाव में रहने वाली प्रतियोगिता ही मिलती है क्यों कि यह प्रतियोगिता ही अत्यन्ताभावत्व से निरूपित होती है।[१] अभाव की जो प्रतियोगिता तादात्म्य सम्बन्ध से अवच्छिन्न नहीं होती है वही प्रतियोगिता अत्यन्ताभावत्व से निरूपित होती है[२] तथा अभाव की जो प्रतियोगिता तादात्म्य सम्बन्ध से अवच्छिन्न होती है वह अन्योन्याभावत्व से निरूपित मानी जाती है।[३] साध्याभाव घटत्व में रहने वाली अत्यन्ताभावत्व से निरूपित प्रतियोगिता का अवच्छेदक सम्बन्ध समवाय सम्बन्ध होता है। इस समवाय सम्बन्ध से साध्याभाव—घटत्व का अधिकरण घट होता है न कि घटत्व। घट से निरूपित स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता

---

१. किसी भी वस्तु के अन्योन्याभाव का अभाव जैसे उस वस्तु के अन्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक धर्म स्वरूप होता है वैसे ही उस वस्तु के अन्योन्याभाव के प्रतियोगी स्वरूप भी होता है यह सिद्धान्त इस मत में मान्य है। जैसे घट के अन्योन्याभाव का अभाव घट के अन्योन्याभाव के प्रतियोगी—घट एवं प्रतियोगिता के अवच्छेदक—घटत्व स्वरूप होता है। यहाँ साध्याभाव—घट अथवा घटत्व में साध्यसामान्य—घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता है। घट मे जो घटान्योन्याभावाभावाभाव रूप घटान्योन्याभाव की प्रतियोगिता है वह अन्योन्याभावत्व से निरूपित है। इसी प्रकार घटत्व में जो घटान्योन्याभावाभावाभाव स्वरूप घटत्वाभाव की प्रतियोगिता है वह अत्यन्ताभावत्व से निरूपित है यह सुस्पष्ट है।

२. प्रतियोगितायां तादात्म्यसम्बन्धानवच्छिन्नत्वम् अत्यन्ताभावत्वनिरूपितत्वम्।

३. प्रतियोगितायां तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नत्वमेव अन्योन्याभावत्वनिरूपितत्वम्।

पटत्वाभाव आदि में आती है तथा वृत्तिता का अभाव सद्धेतु घटत्वत्व में निराबाध होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय सहज रूप में हो जाता है। फलस्वरूप घटत्वत्व सद्धेतु में हुई अव्याप्ति की आपत्ति निरस्त हो जाती है।

माथुरी

यद्वा साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्याभाववृत्ति–साध्यसामान्यीयनिरुक्तप्रतियोगित्वतदवच्छेदकत्वान्यतरा–वच्छेदकसम्बन्धेनैव साध्याभावधिकरणत्वं विवक्षणीयम्, वृत्त्यन्तमन्यतरविशेषणम्; एवञ्च घटान्योन्याभाववान् पटत्वादित्यादौ साध्याभावस्य घटत्वादेः साध्यीयप्रतियोगित्व–विरहेऽपि न क्षतिः। तादृशान्यतरस्य साध्यीयप्रतियोगिता–वच्छेदकत्वस्यैव तत्र सत्त्वात्।

अथवा साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्याभाव में वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगित्व, इस प्रतियोगिता के अवच्छेदकत्व इन दोनों में से किसी एक के अवच्छेदक सम्बन्ध से साध्य के अभाव का अधिकरण विवक्षित है। वृत्त्यन्त भाग अन्यतर में विशेषण है; इस प्रकार घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्, इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में साध्याभाव घटत्व आदि में साध्यीय प्रतियोगित्व के अभाव हाने पर भी कोई क्षति नहीं होती है, वैसे अन्यतर में से साध्यीयप्रतियोगिता के अवच्छेदत्व के वहाँ अक्षत होने से।

किसी भी भाव पदार्थ के अत्यन्ताभाव का अभाव भावपदार्थ के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी–भावपदार्थ रूप होता है, परन्तु अन्योन्याभाव रूप अभाव–पदार्थ के अत्यन्ताभाव का अभाव अन्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव के

प्रतियोगी अभाव पदार्थ—अन्योन्याभाव पदार्थ रूप नहीं होता है। अन्योन्याभाव रूप अभाव पदार्थ के अत्यन्ताभाव का अभाव अन्योन्याभाव—भेद के प्रतियोगितावच्छेदक के अत्यन्ताभाव स्वरूप ही होता है।

उदाहरणार्थ घट के अत्यन्ताभाव का अभाव घट के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी घट स्वरूप होता है, परन्तु घटान्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव का अभाव घटान्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव के प्रतियोगी घटान्योन्याभाव रूप नहीं होता है अपितु घटान्योन्याभाव के अत्यन्ताभाव का अभाव घटान्योन्याभाव—घटभेद के प्रतियोगितावच्छेदक—घटत्व के अत्यन्ताभाव स्वरूप ही होता है।

यह सिद्धान्त मानने पर घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्, इस तरह के अन्योन्याभाव साध्य वाले सभी सद्धेतुक स्थल में साध्याभाव—घटान्योन्याभाव के अभाव—घटत्व में साध्यसामान्य—घटान्योन्यभाव की प्रतियोगिता के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति दोष होगा ही।

इस दोष का निवारण करने के लिए व्याप्ति के लक्षण में साध्याभाव का अधिकरण, साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न—साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न—प्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्ति—साध्यसामान्यीय— निरुक्त प्रतियोगित्व—तदवच्छेदकत्व—एतदन्यतरावच्छेदकसम्बन्ध से ही लेना होगा। अन्यतर का अर्थ होता है दो में से कोई एक। यहाँ पर दो हैं—साध्यतावच्छेदकसम्बन्धा—वच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय निरुक्त प्रतियोगित्व एवं साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न—साध्यतावच्छेद—कावच्छिन्न—प्रतियोगिताकसाध्याभाववृत्ति—साध्यसामान्यीयनिरुक्त प्रतियोगिता—वच्छेदकत्व। इन दोनों में से किसी एक के अवच्छेदक सम्बन्ध से साध्य के अभाव का अधिकरण लेना यहाँ अभीष्ट है।

घटान्योन्याभाववान्, पटत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्यता—वच्छेदकस्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकघटान्योन्याभावत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताकसाध्याभाव—घटान्योन्याभावाभाव अर्थात् घटत्व में वृत्ति साध्यसामान्यीय अर्थात् घटान्योन्याभावसामान्यीय निरुक्त प्रतियोगित्व के अप्रसिद्ध होने पर भी

साध्यतावच्छेदकस्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकघटान्योन्याभावत्वावच्छिन्न प्रतियोगिताकसाध्याभाव–घटान्योन्याभावाभाव अर्थात् घटत्व में वृत्ति साध्यसामान्यीय अर्थात् घटान्योन्याभावसामान्यीय निरुक्त प्रतियोगिता के अवच्छेदकत्व के प्रसिद्ध हो जाने से इस प्रतियोगिता की अवच्छेदकता के अवच्छेदक सम्बन्ध–समवाय सम्बन्ध से साध्याभाव–घटान्योन्याभावाभाव अर्थात् घटत्व का अधिकरण घट होगा। इस घट से निरूपित वृत्तिता घटत्व में होगी तथा वृत्तिता का अभाव पटत्व सद्धेतु में अक्षुण्ण होने से लक्षण समन्वय निराबाध हो जाता है, फलतः अव्याप्ति दोष का निवारण सरलता से हो जाता है।

माथुरी

न च तथापि कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वादित्याद्यव्याप्यवृत्ति–साध्यकसद्धेतौ अव्याप्तिरिति वाच्यम्; निरुक्तसाध्याभाव–त्वविशिष्टनिरूपिता या निरुक्तसम्बन्धसंसर्गकनिरवच्छिन्नाधि–करणता तदाश्रयावृत्तित्वस्य विवक्षितत्वात्। गुणकर्मान्य–त्वविशिष्टसत्त्वाभाववान् गुणत्वादित्यादौ सत्त्वात्मकसाध्याभावा–धिकरणत्वस्य गुणादिवृत्तित्वेऽपि साध्याभावत्वविशिष्टनिरूपिता–धिकरणत्वस्य गुणाद्यवृत्तित्वान्नाव्याप्तिः।

इतना परिष्कार करने के बाद भी 'कपिसंयोगी, एतद्वृक्षत्वात्' इत्यादि अव्याप्यवृत्ति साध्य वाले सद्धेतु में अव्याप्ति होगी, यह नहीं कहा जा सकता है; क्यों कि पूर्वपरिष्कृत साध्याभावत्व विशिष्ट से निरूपित जो पूर्वपरिष्कृत सम्बन्ध संसर्ग वाली निरवच्छिन्न अधिकरणता उसके आश्रय से निरूपित अवृत्तित्व ही यहाँ (व्याप्ति के लक्षण के रूप में) विवक्षित है। गुणकर्मान्यत्व (गुण एवं कर्म के अन्यत्व–भेद से) विशिष्ट सत्त्वाभाववान्, गुणत्वात् इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में सत्त्व–सत्ता रूप साध्याभाव की

अधिकरणता के गुण आदि में रहने पर भी साध्याभावत्व से विशिष्ट से निरूपित अधिकरणता के गुण आदि में अवृत्ति होने से अव्याप्ति नहीं होती है।

अब तक की चर्चा से व्याप्ति का लक्षण परिष्कृत स्वरूप में इस प्रकार निष्पन्न होता है— साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न, प्रतियोगिता के निरूपक साध्याभाव में वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध से अथवा साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न, प्रतियोगिता के निरूपक साध्याभाव में वृत्ति साध्यसामान्य की प्रतियोगिता की अवच्छेदकता के अवच्छेदक सम्बन्ध से जो साध्य के अभाव का अधिकरण उससे निरूपित वृत्तित्व का अभाव।[१]

इस व्याप्ति के परिष्कृत लक्षण की भी अव्याप्ति 'अयं, कपिसंयोगी, एतद्वृक्षत्वात्' इस सद्धेतु वाले स्थल में होती है। अव्याप्ति दोष समझने से पूर्व इस स्थल की विशेषता के साथ–साथ यह समझना आवश्यक है कि यह सद्धेतु वाला स्थल कैसे सिद्ध होता है। कोई वृक्ष विशेष है जिस पर बन्दर बैठे हुए हैं यद्यपि ऐसे वृक्ष भी सम्भव हैं जिस पर एक भी बन्दर न बैठा हो परन्तु यहाँ वही वृक्ष पक्ष के रूप में अभीष्ट है जिसे हम अयं शब्द से अँगुली से निर्देश करते हुए दिखा रहे हैं, जहाँ बन्दर बैठे हुए दीख रहे हैं। ऐसे वृक्ष में हेतु–एतद्वृक्षत्व है तथा इस वृक्ष में कपि अर्थात् बन्दर का संयोग भी शाखा में स्पष्ट दीखता है। फलतः जहाँ–जहाँ हेतु–एतद्वृक्षत्व है वहाँ–वहाँ साध्य–कपिसंयोग के होने से यह सद्धेतु वाला स्थल है यह निर्णीत होता है।

इस स्थल में एक विशेष और ध्यान देने योग्य है कि साध्य कपिसंयोग एतद्वृक्ष में रहता भी है और नहीं भी रहता है। यही कारण है कि इसे

१. साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकावच्छिन्नप्रतियोगिताक–साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीयप्रतियोगित्वतदवच्छेदकत्व एतदन्यतरावच्छेदक–सम्बन्धेन साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभावो व्याप्तिः।

अव्याप्यवृत्ति साध्य के रूप में स्वीकार किया जाता है। एतद्वृक्ष में हर जगह व्याप्य हो कर कपिसंयोग नहीं रहता है। कपिसंयोग वृक्ष में शाखा में होता है तो वृक्ष में ही मूल में नहीं होता है। फलत: वृक्ष में कपिसंयोग भी है तथा कपि के संयोग का अभाव भी है यह स्पष्ट है।

अयं पद के अर्थ सामने स्थित एतद् वृक्ष में कपि का संयोग समवाय सम्बन्ध से साध्य है तथा एतद्वृक्षत्व समवाय सम्बन्ध से हेतु है। इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्य—कपिसंयोग के अभाव का 'साध्यतावच्छेदकसमवाय सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक कपिसंयोगत्व धर्मावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव—कपिसंयोगाभाव वृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध—स्वरूप सम्बन्ध' से अधिकरण मूलावच्छेदेन अर्थात् मूल में वृक्ष भी हो जाएगा। इस साध्याभाव के अधिकरण में एतद्वृक्षत्व हेतु के समवाय सम्बन्ध से वृत्ति होने से वृत्तित्वाभाव स्वरूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने से इस परिष्कृत व्याप्ति के लक्षण में भी अव्याप्ति दोष हो जाता है।

इस अव्याप्ति दोष का निवारण करने के लिये, साध्यता के अवच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यता के अवच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक साध्याभावत्वविशिष्ट से निरूपित जो 'साध्यतावच्छेदकसमवाय सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक कपिसंयोगत्व धर्मावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव—कपिसंयोगाभाव वृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगिता के अवच्छेदक सम्बन्ध—स्वरूप सम्बन्ध, से निरवच्छिन्न अधिकरणता उस अधिरणता वाले अधिकरण से निरूपित वृत्तित्व के अभाव को व्याप्ति के लक्षण के रूप में परिष्कृत करना पड़ता है। ऐसा परिष्कार कर देने के उपरान्त उपर्युक्त साध्याभाव—कपिसंयोगाभाव का मूलावच्छिन्न अधिकरण भले ही एतद्वृक्ष हो जाए पर निरवच्छिन्न अधिकरण तो गुण आदि ही होगा तथा गुण आदि में एतद्वृक्षत्व रूप हेतु के अवृत्ति होने से लक्षण समन्वय निराबाध हो जाने से अव्याप्ति दोष का परिहार हो जाता है।

यद्यपि अयं कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्ति दोष का वारण साध्याभाव की निरवच्छिन्नाधिकरणता के निवेश मात्र

से हो जाता है। साध्याभावत्वविशिष्ट निरूपित अधिकरणता के निवेश का कोई औचित्य आपाततः प्रतीत नहीं होता है फिर भी साध्याभावत्वविशिष्टनिरूपितत्व अधिकरणता में विशेषण नहीं देने पर 'गुणः, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वाभाववान्, गुणत्वात्' इस सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्ति होती है, जिसका निवारण करने के लिये साध्याभावत्वविशिष्टनिरूपितत्व का निवेश अधिकरणता में आवश्यक रूप से अपेक्षित होता है।

'गुणः, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वाभाववान्, गुणत्वात्' यह सद्धेतु वाला स्थल है, यहाँ पर गुण पक्ष है, गुणकर्मभेदविशिष्ट सत्ता का अभाव स्वरूपसम्बन्ध से साध्य है तथा गुणत्व समवाय सम्बन्ध से हेतु है। गुणत्व समवाय सम्बन्ध से जहाँ–जहाँ गुणों में रहता है वहाँ–वहाँ सब जगह गुणकर्मभेदविशिष्टसत्ता का अभाव होता है, क्यों कि गुणकर्मभेद अर्थात् गुण का भेद एवं कर्म का भेद दोनों से विशिष्ट सत्ता वही सत्ता होती है, जो गुण के भेद एवं कर्म के भेद के अधिकरण में रहती है। सत्ता नाम की जाति द्रव्य, गुण एवं कर्म में होती है। कर्म में जो सत्ता होती है वह गुण के भेद से विशिष्ट होती है क्यों कि कर्म में गुण का भेद भी होता है और सत्ता भी होती है। परन्तु यह कर्म में रहने वाली सत्ता, गुण के भेद एवं कर्म के भेद दोनों से विशिष्ट नहीं होती है क्यों कि कर्म में गुण का भेद होने पर भी कर्म का भेद नहीं होता है।

इसी प्रकार गुण में जो सत्ता है, वह कर्म के भेद से विशिष्ट है, क्यों कि गुण में कर्म का भेद होता है, परन्तु गुण में गुण का भेद न होने के कारण गुण में रहने वाली सत्ता कर्म भेद एवं गुण भेद दोनों से विशिष्ट सत्ता नहीं होती है। गुणभेद कर्मभेद इन दोनों भेदों से विशिष्ट सत्ता द्रव्य में होती है, क्यों कि द्रव्य में रहने वाली सत्ता के अधिकरण द्रव्य में गुण का भेद एवं कर्म का भेद दोनों होते हैं। इस प्रकार गुणभेद एवं कर्मभेद से विशिष्ट या गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता द्रव्य में ही रहती है तथा ऐसी सत्ता का अभाव गुण एवं कर्म में होता है। फलतः समवाय सम्बन्ध से गुणत्व जहाँ–जहाँ गुणों में रहता है वहाँ–वहाँ सब जगह गुणकर्मान्यत्व अथवा गुणकर्मभेद से विशिष्ट सत्ता का अभाव होने से यह स्थल सद्धेतु वाला स्थल सिद्ध होता है। इस स्थल

में अव्याप्ति इस प्रकार होती है—

इस सद्धेतु वाले स्थल में गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ताभाव साध्य है। साध्याभाव—गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वाभावाभाव होता है। यह साध्याभाव गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वाभाव के प्रतियोगी—गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्व स्वरूप होता है। इस गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्व का अधिकरण गुण भी हो जाता है। इस गुण से निरूपित वृत्तित्व ही गुणत्व रूप सद्धेतु में रहने से अव्याप्ति सुस्पष्ट है। गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता एवं शुद्धसत्ता के एक होने से सत्ता रूप साध्याभाव का अधिकरण गुण बिना किसी बाधा के हो जाता है। गुण, सत्ता रूप साध्याभाव का निरवच्छिन्न अधिकरण है यह भी करतलामलकवत् अत्यन्त स्पष्ट हो जाता है। कभी भी सत्ता गुण में किसी हिस्से में हो तथा किसी हिस्से में न हो ऐसा नहीं देखा जाता है। सत्ता सदा गुण में हर जगह व्याप्त होती है यह सभी विद्वानों का मत है।

इस प्रकार सत्ता रूप साध्याभाव के निरवच्छिन्न अधिकरण गुण में गुणत्व के रहने से जो अव्याप्ति दोष होता है उसका वारण करने के लिये अधिकरणता में साध्याभावत्वविशिष्टनिरूपितत्व यह विशेषण भी देना आवश्यक हो जाता है। गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ताभावाभाव एवं गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता एक है, इस लिये गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता साध्याभाव है ऐसा मान्य है। इस साध्याभाव में विद्यमान धर्म ही साध्याभावत्व होगा। और यह धर्म प्रस्तुत प्रसङ्ग में गुणकर्मान्यत्ववैशिष्ट्य और सत्तात्व होगा। ऐसे साध्याभावत्व से विशिष्ट गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता ही होगी केवल सत्ता अर्थात् शुद्ध सत्ता गुणकर्मान्यत्ववैशिष्ट्य सत्तात्व रूप साध्याभावत्व से विशिष्ट नहीं होगी। फलतः गुणकर्मान्यत्ववैशिष्ट्य सत्तात्व रूप साध्याभावत्व से विशिष्ट गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता से निरूपित निरवच्छिन्न अधिकरणता द्रव्य में ही होगी। द्रव्य में रहने वाली इस अधिकरणता से निरूपित वृत्तिता द्रव्यत्व में होगी तथा इस वृत्तिता का अभाव सद्धेतु—गुणत्व में होने के कारण व्याप्ति के लक्षण का समन्वय हो जाने से अव्याप्ति दोष सर्वथा निरस्त हो जाता है।

माथुरी

न चैवं कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वाद् इत्यादौ निरवच्छिन्न–साध्याभावाधिकरणत्वाप्रसिद्ध्या अव्याप्तिरिति वाच्यम्, केवलान्वयिनि अभावादित्यनेन ग्रन्थकृतैवास्य दोषस्य वक्ष्यमाणत्वात्।

साध्याभाव का निरवच्छिन्न अधिकरण ग्राह्य है ऐसा स्वीकार करने के अनन्तर भी कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात् इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में निरवच्छिन्न साध्याभाव की अधिकरणता के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति होगी यह नहीं कहा जा सकता है। क्यों कि ''केवलान्वयिनि अभावात्'' इस पङ्क्ति से ग्रन्थकार आचार्य गङ्गेशोपाध्याय ने आगे स्वयं इस दोष को प्रथम लक्षण में स्वीकार किया है।

अयं (गुणः) संयोगाभाववान् सत्त्वात् अर्थात् द्रव्य, गुण, कर्म इनमें से किसी को या सभी को पक्ष बना कर कपिसंयोगाभाव को स्वरूप सम्बन्ध से सत्त्व हेतु से यदि सिद्ध किया जाय तो यह हेतु सद्धेतु माना जायेगा। जहाँ–जहाँ सत्त्व या सत्ता समवाय सम्बन्ध से द्रव्य गुण एवं कर्म में रहती है वहाँ–वहाँ सभी जगह कपिसंयोग का अभाव भी स्वरूप सम्बन्ध से रहता ही है अतः यह सद्धेतुक स्थल है यह स्पष्ट हो जाता है। सत्ता के अधिकरण गुण एवं कर्म में कपिसंयोग का अभाव रहता है यह निर्विवाद है, परन्तु द्रव्य अर्थात् वृक्ष आदि में शाखा में कपिसंयोग होता है तथा मूल में कपिसंयोग नहीं होता है ऐसी स्थिति में वृक्ष को कपिसंयोग का अधिकरण माना जायेगा या कपिसंयोगाभाव का यह शङ्का अवश्य हो सकती है। इसका समाधान वृक्ष कपिसंयोग वाला भी है और कपिसंयोगाभाव वाला भी है, यह कह कर किया जा सकता है। इस प्रकार वृक्ष में कपिसंयोगाभाव नहीं है अथवा वृक्ष में

कपिसंयोग नहीं है यह नहीं कहा जा सकता। अन्ततः निष्कर्ष यह निकलता है कि गुण एवं कर्म में तो कपिसंयोगाभाव है ही द्रव्य में भी कपिसंयोगाभाव कपिसंयोग के अव्याप्यवृत्ति होने के कारण निराबाध है। दो द्रव्यों के बीच में ही संयोग होता है, इस नियम के अनुसार द्रव्य को छोड़ कर संसार के सभी पदार्थ में संयोग का अभाव अनुभव सिद्ध है तथा द्रव्य में भी जहाँ संयोग माना जाता है वहाँ भी संयोगाभाव है ही। इस प्रकार संयोगाभाव संसार में हर जगह है अर्थात् केवल संयोगाभाव का अन्वय ही हर स्थान पर है यह सिद्ध होता है, इसीलिये संयोगाभाव को न्यायदर्शन की भाषा में केवलान्वयी माना जाता है।

इतनी चर्चा से यह स्पष्ट होता है कि, अयं, कपिसंयोगाभाववान्, सत्त्वात्, यह जैसे सद्धेतु वाला स्थल है वैसे ही यह केवलान्वयी साध्य वाला स्थल भी है। इस स्थल में साध्य कपिसंयोगाभाव है, साध्य का अभाव कपिसंयोग के अभाव का अभाव अर्थात् कपिसंयोग है, तथा इस कपिसंयोग रूप साध्याभाव का निरवच्छिन्न अधिकरण अप्रसिद्ध होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय सद्धेतु सत्ता में नहीं हो पाता है जिससे अव्याप्ति दोष होता है, जैसी कि ऊपर चर्चा की गयी है कि संयोग दो द्रव्यों में ही होता है तथा यह संयोग द्रव्य में रहता तो है पर सभी जगह व्याप्य हो कर नहीं रहता है सभी स्थान पर व्याप्य हो कर न रहना ही निरवच्छिन्न न होना होता है। इस प्रकार कपिसंयोग स्वरूप साध्याभाव के निरवच्छिन्न अधिकरण का न मिलना समझा जा सकता है, साथ ही यह भी भली भाँति समझ में आ जाता है कि इस स्थल का साध्य कैसे केवलान्वयी है, तथा केवलान्वयी साध्यक स्थल होने के कारण इसमें अव्याप्ति दोष का होना कैसे आचार्य गङ्गेशोपाध्याय को अभिमत ही है।

माथुरी

न च तथापि कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वादित्यादौ निरवच्छिन्न–साध्याभावाधिकरणत्वाप्रसिद्ध्या अव्याप्तिः, अन्योन्याभावस्य व्याप्यवृत्तित्वनियमवादिनये तस्य केवलान्वय्यनन्तर्गतत्वादिति

वाच्यम्; अन्योन्याभावस्य व्याप्यवृत्तितानियमवादिनये अन्योन्याभावान्तरात्यन्ताभावस्य प्रतियोगितावच्छदक–स्वरूपत्वे अपि अव्याप्यवृत्तिमदन्योन्याभावाभावस्य व्याप्यवृत्तिस्वरूप–स्यातिरिक्तस्याभ्युपगमात्, तच्च अग्रे स्फुटीभविष्यति।

फिर भी कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में निरवच्छिन्न साध्याभाव की अधिकरणता के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति दोष होगा क्यों कि, अन्योन्याभाव को व्याप्यवृत्ति मानने के नियम वालों के सिद्धान्त में उसे '' कपिसंयोगी के भेद को'' केवलान्वयी के अन्तर्गत नहीं माना जाता है, ऐसी शङ्का नहीं करनी चाहिए, क्यों कि अन्योन्याभाव को व्याप्यवृत्ति मानने के नियम वालों के सिद्धान्त में अन्योन्याभाव के दूसरे अत्यन्ताभाव को प्रतियोगिता के अवच्छेदकस्वरूप मानने पर भी अव्याप्यवृत्ति वाले के अन्योन्याभाव के अभाव को व्याप्यवृत्ति स्वरूप एवं अतिरिक्त माना जाता है यह तथ्य आगे स्फुट होगा।

अयं कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात्, इस स्थल के केवलान्वयी साध्य वाला स्थल होने के कारण, यहाँ पर अव्याप्ति दोष ग्रन्थकार श्रीगङ्गेश उपाध्याय को स्वयं स्वीकार्य है, अत: इस स्थल में अव्याप्ति दोष का उद्भावन समुचित नहीं है। फिर भी गुण:, कपिसंयोगिभिन्नं, गुणत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्याभाव–कपिसंयोगिभेदाभाव, कपिसंयोगिभेद के प्रतियोगितावच्छेदक कपिसंयोग स्वरूप, का निरवच्छिन्न अधिकरण अप्रसिद्ध होने से आगे लक्षण समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष होगा ही।

धर्मिभेद एवं धर्म का अत्यन्ताभाव एक ही होता है, ऐसा नियम माना जाता है। इस नियम के अनुसार प्रस्तुत सन्दर्भ में कपिसंयोग रूप धर्म वाले

धर्मी अर्थात् कपिसंयोगी का भेद जो कपिसंयोगवान् वृक्ष आदि द्रव्य को छोड़ कर सब जगह रहेगा, तथा धर्म कपिसंयोग का अत्यन्ताभाव जो कपिसंयोगवान् वृक्ष आदि को छोड़ कर सर्वत्र रहेगा, समनियत—समान स्थान पर रहने वाले होने के कारण एक ही होते हैं।

फलस्वरूप कपिसंयोगाभाव को साध्य मानें या कपिसंयोगिभेद को साध्य मानें एक ही बात होती है, परन्तु कपिसंयोग के अभाव एवं कपिसंयोगी के भेद में यह विशेष अन्तर ध्यान देने योग्य है कि, कपिसंयोग का अत्यन्ताभाव संसार में हर जगह होने के साथ—साथ वृक्ष आदि द्रव्य में भी होता है, पर इसके विपरीत कपिसंयोगी का भेद गुण कर्म आदि सभी जगह तो होता है परन्तु वृक्ष आदि द्रव्य में कपिसंयोगी का भेद नहीं स्वीकार किया जाता है। इस अन्तर का प्रमुख कारण है कि अव्याप्यवृत्ति वस्तु का अत्यन्ताभाव तो अव्याप्यवृत्ती होता है परन्तु अव्याप्यवृत्ति वस्तु वाले का अन्योन्याभाव व्याप्यवृत्ती होता है। इस प्रकार कपिसंयोगी—अव्याप्यवृत्तिमत् का अन्योन्याभाव अर्थात् भेद व्याप्यवृत्ति होने के कारण कपिसंयोगाभाव की तरह द्रव्य में नहीं रहेगा। यही कारण है कि कपिसंयोगी का भेद केवलान्वयी भी नहीं माना जा सकता है, क्यों कि द्रव्य में कपिसंयोगी के भेद का अभाव—व्यतिरेक सुलभ होता है। इसका केवल अन्वय संसार में नहीं है। इस प्रकार इस सद्धेतु वाले स्थल में हुई अव्याप्ति की उपेक्षा यह कह कर नहीं की जा सकती है कि, 'यह केवलान्वयी साध्य वाला स्थल है और यहाँ अव्याप्ति ग्रन्थकार श्रीगङ्गेश की दृष्टि में स्वत: है।

यदि इस प्रकार कोई कपिसंयोगिभिन्नं, गुणत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्ति दोष का उद्भावन करता है तो यह उपयुक्त नहीं है क्यों कि, अन्योन्याभाव या भेद व्याप्यवृत्ती होता है, ऐसा मानने वालों के सिद्धान्त में सामान्य रूप से किसी वस्तु के अन्योन्याभाव के अभाव को अन्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदकस्वरूप मानने पर भी व्याप्यवृत्ति वाले के अन्योन्याभाव के अभाव को व्याप्यवृत्ति स्वरूप एवं अतिरिक्त अभाव स्वरूप ही माना जाता है, न कि अन्योन्याभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक स्वरूप माना जाता है।

इससे सम्बद्ध और तथ्य आगे स्पष्ट होंगे। ऐसी स्थिति में कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् इस सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्यवृत्तिमत्—कपिसंयोगी के अन्योन्याभाव का अभाव, अन्योन्याभाव के प्रतियोगितावच्छेदक—कपिसंयोग रूप न होकर अतिरिक्त कपिसंयोगी के अन्योन्याभाव के अभाव रूप ही होगा तथा यह साध्याभाव, द्रव्य में व्याप्यवृत्ति अर्थात् निरवच्छिन्न वृत्तिमान् होगा। इस प्रकार इस स्थल में भी साध्याभाव की निरवच्छिन्नाधिकरणता द्रव्य में प्रसिद्ध होगी तथा इस अधिकरणता से निरूपित वृत्तिता द्रव्यत्व आदि में आयेगी तथा वृत्तिता का अभाव गुणत्व रूप सद्धेतु में होने से लक्षण समन्वय हो जाता है। फलस्वरूप अव्याप्ति दोष इस स्थल में भी नहीं हो पाता है।

माथुरी

ननु तथापि समवायादिना गगनादिहेतुके इदं वह्निमद्—गगनादित्यादावतिव्याप्तिः, वह्न्यभाववति हेतुतावच्छेदक—समवायादिसम्बन्धेन गगनादेरवृत्तेः, न च तल्लक्ष्यमेव हेतुता—वच्छेदकसम्बन्धेन पक्षधर्मत्वाभावाच्चासद्धेतुत्वव्यवहार इति वाच्यम्, तत्रापि व्याप्तिभ्रमेणैवानुमितेरनुभवसिद्धत्वात्; अन्यथा धूमवान् वह्नेरित्यादेरपि लक्ष्यत्वस्य सुवचत्वात्।

फिर भी समवाय सम्बन्ध से गगन आदि असद्धेतु वाले इदं वह्निमत् गगनात् इत्यादि स्थल में अतिव्याप्ति होगी, इस स्थल में साध्य—वह्नि है, साध्य का अभाव—वह्नि का अभाव है, इसके अधिकरण जलह्रद आदि में हेतुता के अवच्छेदक समवाय सम्बन्ध से गगन के अवृत्ति होने से लक्षण समन्वय हो जाने के कारण अतिव्याप्ति दोष सुस्पष्ट है। इस स्थल में गगन हेतु लक्ष्य ही है, हेतुता के अवच्छेदक सम्बन्ध से हेतु—गगन में पक्षधर्मता का अभाव होने से असद्धेतुत्व का व्यवहार होता है, ऐसा नहीं

कहना चाहिये, वहाँ भी व्याप्ति के भ्रम से अनुमिति अनुभव सिद्ध है। यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो धूमवान्, वह्नेः, इत्यादि असद्धेतु वाले स्थल के वह्नि आदि हेतु को भी लक्ष्य सहजता से कहा जा सकेगा।

इदं वह्निमत् गगनात् यह स्थल असद्धेतु वाला स्थल है। यहाँ इदं पद का अर्थ—पर्वत आदि स्थान, पक्ष है। वह्नि संयोग सम्बन्ध से साध्य है, गगन समवाय सम्बन्ध से हेतु है। समवाय सम्बन्ध से कोई भी द्रव्य अपने अवयवों में ही रहता है। अवयव में अवयवी समवाय सम्बन्ध से रहता है यह सर्वमान्य सिद्धान्त है। फलतः जो द्रव्य निरवयव है अर्थात् नित्य है, ऐसे द्रव्यों का कोई अवयव न होने के कारण ये कहीं भी समवाय सम्बन्ध से नहीं रहते हैं। प्रस्तुत सन्दर्भ में, इदं, वह्निमद्, गगनात्, इस स्थल में गगन हेतु भी ऐसा ही द्रव्य है अतः यह समवाय सम्बन्ध से कहीं भी नहीं रहता है। इस प्रकार समवाय सम्बन्ध से जहाँ—जहाँ गगन होता है वहाँ—वहाँ साध्य—वह्नि होता है यह व्याप्ति नहीं बन सकती है। यही कारण है कि गगन असद्धेतु है यह व्यवहार उपपन्न होता है।

इस प्रकार साध्य—वह्नि के संयोग सम्बन्ध से अभाव के अधिकरण तालाब, नदी, कूप आदि से निरूपित समवाय सम्बन्ध से वृत्तिता तडागत्व, नदीत्व, कूपत्व आदि में आती है तथा गगन के समवाय सम्बन्ध से कहीं भी वृत्ति न होने के कारण वृत्तिता का अभाव इस गगन हेतु में अक्षुण्ण होने से गगन इस असद्धेतु में अतिव्याप्ति सुस्थिर होती है। यहाँ यदि कोई गगन को लक्ष्य मानते हुए इस अतिव्याप्ति का परिहार करना चाहता है तथा गगन में असद्धेतुता के व्यवहार को गगन में पक्षधर्मता न होने के कारण सार्थक सिद्ध करना चाहता है तो यह प्रयास समुचित नहीं है। यदि इदं, वह्निमत्, गगनात्; इस स्थल में अनुमिति होती भी है तो वह व्याप्ति के भ्रम से ही सम्भव है। इस प्रामाणिक अनुभव के आधार पर गगन वह्नि का व्याप्य है, यह नहीं माना जा सकता है। फलतः गगन व्याप्ति के लक्षण का लक्ष्य किसी भी प्रकार नहीं

हो सकता है। यदि इस अनुभव का अपलाप करते हुए गगन को वह्नि का व्याप्य सिद्ध करने का आग्रह करेंगे तो पर्वतः, धूमवान्, वह्नेः; इस असद्धेतु वाले स्थल के वह्नि हेतु में साध्याभाव–धूमाभाव के अधिकरण जलह्रद से निरूपित वृत्तित्वाभाव एवं धूमाभावाधिकरण अयोगोलक से निरूपित वृत्तित्व जलत्वोभयाभाव के वह्नि हेतु में होने के कारण वह्नि–हेतु को भी धूम की व्याप्ति के लक्षण का लक्ष्य मानते हुए वह्नि में भी धूम की व्याप्यता मानी जा सकती है। परिणाम स्वरूप इस आपत्ति का निरास करने के लिए जो व्याप्ति के लक्षण में वृत्तित्वसामान्याभाव का निवेश कर परिष्कार किया गया है वह अनावश्यक सिद्ध हाने लगेगा। जैसे यहाँ व्याप्ति के लक्षण का, वृत्तित्व सामान्याभाव का निवेश लक्षण में स्वीकार कर परिष्कार किया जाता है तथा वह्नि को व्याप्ति के लक्षण का लक्ष्य नहीं माना जाता है। वैसे ही इदं वह्निमत् गगनात्, इस स्थल के गगन हेतु को भी वह्नि की व्याप्ति के लक्षण का लक्ष्य मानना उचित नहीं है तथा गगन हेतु को अलक्ष्य मानते हुए यहाँ हुई अतिव्याप्ति के वारण का प्रयास ही समुचित होगा।

माथुरी

एवं द्रव्यं गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वादित्यादावव्याप्तिः, विशिष्टसत्त्वस्य केवलसत्त्वानतिरेकितया द्रव्यत्वाभाववत्यपि गुणादौ तस्य वृत्तेः, गुणे गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्तेति प्रतीतेः सर्वसिद्धत्वात्।

इस प्रकार व्याप्ति के इस परिष्कृत प्रथम लक्षण की द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात् इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल के सद्धेतु में अव्याप्ति होगी। गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्व एवं केवल सत्त्व अर्थात् शुद्ध सत्त्व के एक होने से द्रव्यत्वाभाव वाले भी गुण आदि में, इस सत्त्व रूप हेतु के वृत्ति होने से यह अव्याप्ति होती है। गुण में गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता है इस प्रकार की प्रतीति

सभी लोगों को मान्य है अतः गुण निरूपित वृत्तिता गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्व रूप हेतु में निराबाध है।

व्याप्ति के प्रथम लक्षण की जैसे इदं, वह्निमत्, गगनात्, इस असद्धेतु वाले स्थल के असद्धेतु गगन में अतिव्याप्ति होती है वैसे ही इदं, द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात् इस सद्धेतु वाले स्थल के गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्व रूप सद्धेतु में अव्याप्ति भी होती है। यह स्थल सद्धेतु वाला है क्यों कि जहाँ–जहाँ गुणकर्मान्यत्व अर्थात् गुणकर्मभेद, विशिष्ट सत्त्व होता है वहाँ–वहाँ सभी जगह द्रव्य में सत्ता रूप हेतु भी होता है। सत्ता नाम की सबसे बड़ी जाति द्रव्य, गुण एवं कर्म में समवाय सम्बन्ध से रहती है। गुणकर्मान्यत्व अर्थात् गुणान्यत्व एवं कर्मान्यत्व, दूसरे शब्दों में गुणभेद एवं कर्मभेद, द्रव्य में रहता है इस प्रकार गुणकर्मभेद और सत्ता दोनों जहाँ रहेंगे, वही गुणकर्मभेद विशिष्ट सत्ता वाला होगा। गुणभेद, कर्मभेद एवं सत्ता एक साथ द्रव्य में ही रहते हैं अतः गुणकर्मान्यत्व विशिष्ट सत्ता जहाँ–जहाँ द्रव्य में है वहाँ–वहाँ साध्य द्रव्यत्व है, यह साहचर्य नियम रूप व्याप्ति हेतु में सहज रूप में सिद्ध हो जाती है। विशिष्ट शुद्ध से अतिरिक्त नहीं होता है (विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यते) इस नियम के अनुसार गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता, शुद्ध सत्ता स्वरूप ही है। विशिष्ट सत्ता एवं शुद्ध सत्ता के एक होने से साध्य–द्रव्यत्व के अभाव के अधिकरण गुण एवं कर्म में सत्ता स्वरूप, विशिष्ट सत्ता के होने से साध्या–भावाधिकरण निरूपित वृत्तिता ही सद्धेतु गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता में मिलती है। वृत्तिता का अभाव सद्धेतु–गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता में न होने से अव्याप्ति दोष प्रसक्त होता है।

गुणे गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता यह प्रतीति प्रामाणिक मानी जाती है, परन्तु गुणः, गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट– सत्तावान् यह प्रतीति प्रामाणिक रूप में विद्वानों द्वारा नहीं स्वीकार की जाती है। इस लिये इस प्रतीति के आधार पर भी साध्याभाव–द्रव्यत्वाभाव के अधिकरण गुण आदि से निरूपित वृत्तिता गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता रूप हेतु में करतलामलकवत् स्पष्ट हो जाती है।

यहाँ यह सूक्ष्मता से अवश्य समझ लेना चाहिए कि गुणः, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्तावान् यह प्रतीति प्रामाणिक नहीं मानी जाती है तथा गुणे गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता यह प्रतीति प्रामाणिक होती है इसमें क्या युक्ति है?

जब भूतल पर घट होता है तथा भूतल पर पट भी होता है तो भूतल में घटवान् यह प्रतीति होती है परन्तु पट में घटवान् यह प्रतीति नहीं होती है, परन्तु पट में घट है यह प्रतीति होती है क्यों कि पटे घटः अथवा पट में घट है इस प्रतीति के लिये पट से घट का मात्र सम्बद्ध होना अपेक्षित होता है, तथा पट से घट का स्वाश्रय वृत्तित्व रूप सम्बन्ध यहाँ पर है ही। पर जैसे भूतलं घटवत् यह प्रतीति होती है वैसे ही पटः घटवान् यह प्रतीति नहीं होती है, क्यों कि पट में घट सीधे आश्रित नहीं है। इस उदाहरण से यह स्पष्ट होता है कि भूतलं घटवत् यह प्रतीति साक्षात् सम्बन्ध से आधाराधेय–भाव होने पर उपपन्न होती है, पर पटे घटः, यह प्रतीति पट में घट का संस्पर्श मात्र होने से हो जाती है।

ठीक इसी प्रकार भूतल की तरह द्रव्य है तथा द्रव्य में गुण, भूतल पर विद्यमान पट की तरह है तथा भूतल में रहने वाले घट की तरह गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता है। गुणभेद, कर्मभेद एवं सत्ता अर्थात् गुणकर्मभेदविशिष्ट सत्ता साक्षात् सम्बन्ध से द्रव्य में रहती है अतः द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्तावत् यह प्रतीति होती है किन्तु द्रव्य में समवाय सम्बन्ध से रहने वाले गुण में; गुणः, गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्तावान् यह प्रतीति नहीं होती है, परन्तु द्रव्य में रहने वाले गुण में गुणकर्मभेदविशिष्ट सत्ता स्वाश्रयवृत्तित्व सम्बन्ध से सम्बद्ध अवश्य है, फलतः गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता का गुण के साथ संस्पर्श होने के कारण गुणे गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता अर्थात् गुण में गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता है यह प्रामाणिक प्रतीति होती है। इस प्रकार प्रामाणिकों का व्यवहार ही उपर्युक्त प्रतीति में सबसे महत्त्वपूर्ण युक्ति है यह तथ्य समझ में आ जाता है।

माथुरी

सत्तावान् द्रव्यत्वादित्यादावव्याप्तिश्च सत्ताभाववति सामान्यादौ हेतुतावच्छेदकसमवायसम्बन्धेन वृत्तेरप्रसिद्धेरिति चेत्, न, हेतुतावच्छेदकावच्छिन्नहेत्वधिकरणताप्रतियोगिकहेतुता–वच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नाधेयतानिरूपितविशेषणताविशेषसम्बन्धेन निरुक्तसाध्याभावत्वविशिष्टनिरूपितनिरुक्तसम्बन्धसंसर्गकनिर–वच्छिन्नाधिकरणताश्रयवृत्तित्वसामान्याभावस्य विवक्षितत्वात्; वृत्तित्वञ्च न हेतुतावच्छेदकसम्बन्धेन विवक्षणीयम्। अस्ति च सत्तावान् द्रव्यत्वादित्यादौ सत्ताभावाधिकरणताश्रयवृत्तित्वस्य हेतुतावच्छेदकसमवायसम्बन्धावच्छिन्नाधेयतानिरूपित–विशेषणताविशेषसम्बन्धेन सामान्याभावो द्रव्यत्वादौ, समावाय–सम्बन्धावच्छिन्नाधेयतानिरूपित–विशेषणताविशेषसम्बन्धा–वच्छिन्नप्रतियोगिताक–सत्ताभावाधिकरणत्वाश्रयवृत्तित्वाभावस्य व्यधिकरणसम्बन्धावच्छिन्न–प्रतियोगिताकाभावतया संयोग–सम्बन्धावच्छिन्नगुणाभावादेरिव केवलान्वयित्वात्।

इसी प्रकार अयं, सत्तावान्, द्रव्यत्वात् इस सद्धेतु वाले स्थल में भी अव्याप्ति दोष होगा क्योंकि सत्ताभाव वाले सामान्यादि में हेतुता के अवच्छेदक समवाय सम्बन्ध से वृत्ति पदार्थ अप्रसिद्ध होता है ऐसी आशङ्का नहीं करनी चाहिए, क्यों कि हेतुता के अवच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हेत्वधिकरणताप्रतियोगिक अर्थात् हेत्वधिकरणता निरूपित हेतुता के अवच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न आधेयता निरूपित अर्थात् आधेयता प्रतियोगिक विशेषणता विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से पूर्व परिष्कृत साध्याभावत्वविशिष्ट से निरूपित

पूर्वपरिष्कृत सम्बन्ध—संसर्ग से निरूपित निरवच्छिन्नाधिकरणता के आश्रय से निरूपित वृत्तित्वसामान्याभाव ही व्याप्ति के लक्षण के रूप में विवक्षित है। यहाँ पर वृत्तिता (साध्याभाधिकरण निरूपिता वृत्तिता) हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से विवक्षित नहीं है।

अयं सत्तावान् द्रव्यत्वात् इस स्थल में द्रव्यत्व हेतु में सत्ताभाव की अधिकरणता के आश्रय से निरूपित वृत्तिता का हेतुतावच्छेदक समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न आधेयता निरूपित अर्थात् आधेयता प्रतियोगिक विशेषणता विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से सामान्याभाव बिना किसी बाधा के है, क्यों कि समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न आधेयता निरूपित अर्थात् आधेयता प्रतियोगिक विशेषणता विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक सत्ताभावाधिकरणताश्रयवृत्तित्व का अभाव व्यधिरण सम्बन्ध से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक अभाव होने से संयोग सम्बन्ध से अवच्छिन्न गुण के अभाव की तरह केवलान्वयी होता है।

जैसे इदं, वह्निमत्, गगनात्; यहाँ पर अतिव्याप्ति एवं इदं, द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात्; यहाँ पर अव्याप्ति होती है वैसे ही अयं, सत्तावान्, द्रव्यत्वात्; इस सद्धेतु वाले स्थल में भी अव्याप्ति दोष होता है। इस स्थल में घट आदि द्रव्य पक्ष है। सत्ता समवाय सम्बन्ध से साध्य है तथा द्रव्यत्व समवाय सम्बन्ध से हेतु है। जहाँ—जहाँ घट पृथ्वी जल तेज आदि में, द्रव्यत्व समवाय सम्बन्ध से रहता है, वहाँ—वहाँ सत्ता नामक जाति भी समवाय सम्बन्ध से नियमित रहती ही है। फलतः द्रव्यत्व यहाँ सद्धेतु है यह सुस्पष्ट है। साध्य—सत्ता के अभाव के अधिकरण द्रव्य गुण एवं कर्म को छोड़ कर सामान्य आदि में हेतुता के अवच्छेदक समवाय सम्बन्ध से किसी के भी वृत्ति

न होने से हेतुतावच्छेदक समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न वृत्तिता के अभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय सत्ता में न होने से अव्याप्ति दोष होता है। इस अव्याप्ति का वारण करने के लिये साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तिता में हेतुतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्नत्व का निवेश नहीं करना है यह निर्णय लिया जाता है। इस निर्णय के साथ ही यह भी निर्धारित किया जाता है कि साध्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तिता का अभाव अर्थात् पूर्व परिष्कृत साध्यतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न साध्याभावत्व विशिष्ट निरूपित, पूर्व परिष्कृत सम्बन्ध–साध्यतावच्छेदक–सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगित्व, तदवच्छेदकत्व एतदन्यतरावच्छेदकसम्बन्ध में रहने वाली संसर्गता से निरूपित निरवच्छिन्न अधिकरणताश्रयनिरूपित वृत्तिता का हेतुतावच्छेदक धर्म से विशिष्ट हेतु की अधिकरणता से निरूपित जो हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न आधेयता ऐसी आधेयता प्रतियोगिक विशेषणता विशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से सामान्याभाव विवक्षित है।

सत्तावान्, द्रव्यत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में सत्ताभावाधिकरणताश्रय सामान्य आदि से निरूपित वृत्तित्व का हेतुतावच्छेदक समवायसम्बन्धावच्छिन्न आधेता प्रतियोगिक स्वरूप सम्बन्ध से सामान्याभाव केवलान्वयी होने से संसार में सब जगह रहेगा। फलतः द्रव्यत्व इस सद्धेतु में भी इस वृत्तित्व सामान्याभाव के होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय हो जाता है, जिससे अव्याप्ति दोष का सहज ही निवारण हो जाता है। साध्याभाव–सत्ताभाव की अधिकरणता द्रव्य,गुण,कर्म को छोड़ कर सामान्य आदि पदार्थों में होती है। इस अधिकरणता के आश्रय सामान्य आदि से निरूपित सामान्यत्व आदि में जो वृत्तिता होती है वह स्वरूप सम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता होती है, क्यों कि सामान्य आदि में सामान्यत्व या कोई भी पदार्थ समवाय सम्बन्ध से नहीं रहता है, स्वरूप आदि सम्बन्ध से ही रहता है। फलतः सत्ताभावाधिकरणताश्रय निरूपित हेतुतावच्छेदक समवायसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता नहीं हो सकती है। यह वृत्तिता हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से भिन्न स्वरूप आदि सम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता है अतः प्रस्तुत स्थल

में सत्ताभावाधिकरणताश्रय निरूपित वृत्तिता, साध्याभावाधिकरणताश्रयनिरूपित स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता प्रतियोगिक स्वरूपसम्बन्ध से सामान्यत्व आदि में रहेगी लेकिन हेतुतावच्छेदक समवायसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता या आधेयता प्रतियोगिक स्वरूपसम्बन्ध से यह सत्ताभावधिकरणताश्रयनिरूपितवृत्तिता कहीं भी नहीं रहेगी, अर्थात् इस सम्बन्ध से सत्ताभावाधिकरणताश्रयनिरूपित वृत्तिता का अभाव सब जगह प्रसिद्ध होने से द्रव्यत्व इस सद्धेतु में भी प्रसिद्ध हो ही जाता है।

जिस सम्बन्ध से कोई वस्तु कभी भी कहीं भी नहीं रहती है, वह सम्बन्ध उस वस्तु का व्यधिकरण सम्बन्ध होता है और ऐसे व्यधिकरण सम्बन्ध से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक अभाव केवलान्वयी माना जाता है। इसी प्रकार जिस धर्म से कोई वस्तु कभी भी कहीं भी नहीं रहता है वह धर्म प्रतियोगिव्यधिकरण कहा जाता है, और ऐसे धर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक अभाव भी केवलान्वयी माना जाता है, अर्थात् ऐसा अभाव भी सब जगह रहता है यह प्रामाणिकों का अभिमत है।

उदाहरण के लिए गुण समवाय सम्बन्ध से द्रव्य में रहता है यह हम सभी जानते हैं तथा गुण संयोग सम्बन्ध से कहीं नहीं रहता है यह भी हम जानते है। ऐसी स्थिति में यदि हम गुण का अभाव संयोग सम्बन्ध से लेते हैं तो यह सम्बन्ध गुण का व्यधिकरण सम्बन्ध होगा और इस सम्बन्ध से अवच्छिन्न गुण में रहने वाली प्रतियोगिता का निरूपक अभाव संसार में सब जगह होने से केवलान्वयी कहा जएगा, क्यों कि इस अभाव का संसार में सर्वत्र अन्वय अर्थात् सत्ता है व्यतिरेक अर्थात् अभाव नहीं है। इसी प्रकार यदि गुण का द्रव्यत्व रूप से अभाव लें तो यह अभाव संसार में सब जगह रहेगा क्यों कि गुण द्रव्यत्व रूप से संसार में कहीं भी नहीं रहता है, गुण यदि कहीं रहता है तो वह गुणत्व रूप से रहता है, इस प्रकार गुण का द्रव्यत्व व्यधिकरण धर्म होता है तथा व्यधिकरण धर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिता का निरूपक अभाव भी केवलान्वयी होता है, यह प्रसङ्गतः यहाँ समझ लेना सर्वथा उपयुक्त होगा।

माथुरी

द्रव्यं सत्त्वादित्यादौ च द्रव्यत्वाभावाधिकरणगुणादि–वृत्तित्वस्यैव समावायसम्बन्धावच्छिन्नाधेतानिरूपितविशेषणता–विशेषसम्बन्धेन सत्तायां सत्त्वान्नातिव्याप्तिः, द्रव्यं विशिष्ट–सत्त्वादित्यादावव्याप्तिवारणाय प्रतियोगिकान्तमाधेयताविशेषणम्।

इदं द्रव्यं सत्त्वात्, इस असद्धेतु वाले स्थल में द्रव्यत्वाभाव के अधिकरण गुण आदि से निरूपित वृत्तित्व के ही समवाय सम्बन्ध से अवच्छिन्न आधेयता निरूपित अर्थात् आधेयताप्रतियोगिक विशेषणताविशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से सत्ता में होने के कारण अतिव्याप्ति दोष नहीं है, द्रव्यं विशिष्टसत्त्वादित्यादि सद्धेतु वाले स्थल में अव्याप्ति दोष का वारण करने के लिये प्रतियोगिक यहाँ तक का भाग (हेतुतावच्छेदकावच्छिन्न हेत्वधिकरणता प्रतियोगिक इतना भाग) आधेयता में विशेषण दिया गया है।

अभी सत्तावान्, द्रव्यत्वात् इस स्थल में अव्याप्ति का वारण किया गया है। इस स्थल में द्रव्य पक्ष था, सत्ता साध्य था तथा द्रव्यत्व हेतु था। इसके विपरीत यदि घट आदि द्रव्य को पक्ष बना कर द्रव्यत्व को सिद्ध किया जाय तथा हेतु सत्ता को बनाया जाय तो यह असद्धेतु वाला स्थल होता है, क्यों कि समवाय सम्बन्ध से जहाँ–जहाँ द्रव्य गुण कर्म में सत्ता होती है वहाँ–वहाँ अर्थात् गुण एवं कर्म में साध्य–द्रव्यत्व नहीं होता है। इस असद्धेतु वाले स्थल में लक्षण समन्वय न होने से परिष्कृत व्याप्ति लक्षण में अतिव्याप्ति दोष नहीं है यह भी स्पष्ट हो जाता है। इस असद्धेतु वाले स्थल में साध्य–द्रव्यत्व के अभाव के अधिकरण गुण आदि से निरूपित वृत्तित्व के ही हेतुतावच्छेदक–धर्मावच्छिन्न अर्थात् हेतुतावच्छेदक धर्म से विशिष्ट हेतु सत्ताधिकरण गुणादिनिरूपित (प्रतियोगिक) हेतुतावच्छेदकसमवायसम्बन्धावच्छिन्न आधेयता निरूपित अर्थात् आधेयता प्रतियोगिक विशेषणता विशेष (स्वरूप) सम्बन्ध से सत्ता हेतु में होने

के कारण वृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने से अतिव्याप्ति दोष नहीं है यह सुस्पष्ट होता है।

यहाँ यह प्रश्न होता है कि साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तिता का अभाव हेतुतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न आधेयता निरूपित अर्थात् आधेयता प्रतियोगिक स्वरूप सम्बन्ध से ही क्यों नहीं कहते हैं? इस सम्बन्ध के भीतर आने वाली आधेयता में हेतुतावच्छेदकावच्छिन्न हेत्वधिकरणताप्रतियोगिकत्व अर्थात् अधिकरणता निरूपितत्व यह विशेषण क्यों देते हैं ? इसका समाधान करते हुए मथुरानाथ तर्कवागीश ने कहा है कि यदि आधेयता में उपर्युक्त विशेषण नहीं देंगे तो इदं, द्रव्यं गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात् इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में सद्धेतु गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता में लक्षण का समन्वय न होने से अव्याप्ति होती है। इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्य द्रव्यत्व के अभाव के अधिकरण गुण आदि से निरूपित वृत्तिता (गुणे गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता इस प्रतीति के अधार पर) मात्र हेतुतावच्छेदकसमवाय सम्बन्धावच्छिन्न आधेयताप्रतियोगिक स्वरूप सम्बन्ध से गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता रूप सद्धेतु में भी होती है। फलतः वृत्तित्वाभाव स्वरूप व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने से अव्याप्ति प्रसक्त होती है।

जब हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध से अवच्छिन्न आधेयता में हेतुतावच्छेदकावच्छिन्न हेत्वधिकरणताप्रतियोगिकत्व अर्थात् निरूपितत्व का निवेश कर देते हैं तब साध्याभावाधिकरण गुण निरूपित गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता में रहने वाली वृत्तिता हेतुतावच्छेदक गुणकर्मान्यत्ववैशिष्ट्य सत्तात्व से विशिष्ट गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता गुण में अप्रसिद्ध होने से इस अधिकरणता से निरूपित (प्रतियोगिक) आधेयता, गुण निरूपित आधेयता नहीं होगी; फलतः साध्याभाव–द्रव्यत्वाभावाधिकरण गुण निरूपित वृत्तिता का हेतुतावच्छेदक धर्म गुणकर्मान्यत्ववैशिष्ट्य सत्तात्व से विशिष्ट गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्ता–हेतु की अधिकरणता से निरूपित हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न आधेयता प्रतियोगिक स्वरूप सम्बन्ध व्यधिकरण सम्बन्ध होगा तथा इस सम्बन्ध से अवच्छिन्न प्रतियोगिता के निरूपक अभाव केवलान्वयी होने से सद्धेतु–गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता में भी रहेगा। इस प्रकार लक्षण समन्वय होने से अव्याप्ति नहीं होती है।

जैसे साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति के प्रथम लक्षण का 'पर्वतः, वह्निमान् धूमात् इस सद्धेतु वाले स्थल में लक्षण समन्वय होने से अव्याप्ति नहीं होती है तथा इसके विपरीत अर्थात् इस सद्धेतु वाले स्थल में जो साध्य था उसे हेतु बना कर और जो हेतु था उसे साध्य बना कर 'पर्वतः, धूमवान्, वह्नेः, इस असद्धेतु वाले स्थल में लक्षण समन्वय न होने से अतिव्याप्ति नहीं होती है, यह आरम्भ में समझाते हैं। ठीक इसी प्रकार अब तक परिष्कृत व्याप्ति के प्रथम लक्षण का अयं, सत्तावान्, द्रव्यत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में लक्षण समन्वय होता है, तथा इसके विपरीत अर्थात् इस स्थल में जो साध्य है उसको हेतु बना कर तथा जो हेतु है उसको साध्य बना कर, इदं, द्रव्यं, सत्त्वात्, इस असद्धेतु वाले स्थल में असद्धेतु सत्ता में व्याप्ति के लक्षण का समन्वय न होने से अतिव्याप्ति दोष नहीं है यह उपर्युक्त पङ्क्तियों में स्पष्ट किया गया है, ऐसा उपर्युक्त सन्दर्भ की सूक्ष्म समालोचना से ज्ञात होता है।

माथुरी

वस्तुतस्तु एतल्लक्षणकर्तृमते विशिष्टसत्त्वं विशिष्ट–निरूपितआधारतासम्बन्धेनैव द्रव्यत्वव्याप्यं न तु समवायादि–सम्बन्धेन तथा च प्रतियोगिकान्तमाधेयताविशेषणमनुपादेयमेव, तदुपादाने हेतुतावच्छेदकभेदेन कार्यकारणभावभेदापत्तेः। हेतुतावच्छेदकसम्बन्धेन सम्बन्धित्वे सति इत्यनेनापि विशेषणाद्वह्निमान् गगनादित्यादौ नातिव्याप्तिः।

वास्तव में तो इस लक्षण को बनाने वाले के मत में विशिष्ट सत्ता अर्थात् गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता विशिष्ट निरूपित आधारता सम्बन्ध से ही द्रव्यत्व की व्याप्य होती है, समवाय सम्बन्ध से नहीं। ऐसी स्थिति में प्रतियोगिक पर्यन्त भाग आधेयता में विशेषण के रूप में अनुपादेय ही है। प्रतियोगिक पर्यन्त भाग

यदि आधेयता में विशेषण के रूप में दिया जाता है तो हेतुतावच्छेदक धर्म के भेद से कार्यकारणभाव में भेद की आपत्ति होगी। हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व यह विशेषण भी हेतु में देने से पूर्वदर्शित इदं, वह्निमद्, गगनात् इस स्थल के गगन हेतु में हुई अतिव्याप्ति का भी वारण हो जाता है।

सिद्धान्त रूप में इस लक्षण को परिष्कृत करने वाले के मत में, इदं, द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में विशिष्टसत्ता समवाय सम्बन्ध से हेतु नहीं है, अपितु विशिष्ट निरूपित आधारता सम्बन्ध से हेतु है, यह मान लेने से साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तिता का अभाव केवल हेतुतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न आधेयता प्रतियोगिक स्वरूपसम्बन्ध से लेने से भी कोई दोष नहीं होता है। द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्त्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में साध्याभावाधिकरण गुण से निरूपित वृत्तिता का हेतुतावच्छेदक गुणकर्मान्यत्ववैशिष्ट्य सत्तात्व विशिष्ट निरूपित आधारता स्वरूप हेतुतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न आधेयता प्रतियोगिक स्वरूप सम्बन्ध व्यधिकरण सम्बन्ध होता हैं अतः इस सम्बन्ध से साध्याभावाधिकरण गुणरूपित वृत्तिता का अभाव गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता में होने से अव्याप्ति का वारण सहज रूप में हो जाता है। आधेयता में हेतुतावच्छेदकावच्छिन्न हेत्वधिकरणता प्रतियोगिकत्व का निवेश करने से हेतुतावच्छेदक के अलग–अलग होने से कार्यकारणभाव में भी भेद की आपत्ति होती है। ऐसा निवेश आधेयता में न करने से इस कार्यकारणभाव के भेद की आपत्ति भी अनायास ही निरस्त हो जाती है।

व्याप्ति के इस लक्षण की इदं, वह्निमद्, गगनात् इस असद्धेतु वाले स्थल में पूर्वदर्शित रीति से जो अतिव्याप्ति होती है उस अतिव्याप्ति का निराकरण करने के लिए व्याप्ति के लक्षण में हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व यह एक अलग से विशेषण भी दे दिया जाता है। यह विशेषण देने के बाद हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध से सम्बन्धित्व विशिष्ट साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव यह व्याप्ति का लक्षण निष्पन्न होता है। यह लक्षण इदं,

वह्निमद्, गगनात्, इस असद्धेतु वाले स्थल में असद्धेतु गगन में समन्वित नहीं होता है यद्यपि गगन में साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव होता है लेकिन हेतुतावच्छेदक समवाय सम्बन्ध से सम्बन्धित्व गगन में नहीं होता है फलतः हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व विशिष्ट वृत्तित्वाभाव का अभाव गगन में होने से व्याप्ति के लक्षण का समन्वय नहीं होता है इस प्रकार अतिव्याप्ति दोष का वारण हो जाता है।

माथुरी

ननु तथापि उभयत्वमुभयत्रैव पर्याप्तं न तु एकत्रेति सिद्धान्तादरे घटत्ववान्, घटत्वतदभाववदुभयत्वादित्यादौ पर्याप्त्याख्यसम्बन्धेन हेतुत्वेऽतिव्याप्तिः, घटत्वाभाववति हेतुतावच्छेदकपर्याप्त्याख्यसम्बन्धेन हेतोरवृत्तेः। घटो न घटपटोभयमितिवत्, घटत्वाभाववान् न घटत्वतदभाव–वदुभयमित्यपि प्रतीतेरिति चेत्, न तादृशसिद्धान्तादरे हेतुतावच्छेदकसम्बन्धेन साध्यसमानाधिकरणत्वे सतीत्यनेनैव विशेषणीयत्वादिति। अत एव निविशतां वा वृत्तिमत्त्वं साध्य–समानाधिकरणत्वं वेति केवलान्वयिग्रन्थे दीधितिकृतः।

हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व का व्याप्ति के लक्षण में निवेश करने के बाद भी ''उभयत्व उभय में ही पर्याप्त अर्थात् पर्याप्ति सम्बन्ध से रहता है एक जगह नहीं'', इस सिद्धान्त का समादर करने पर घटत्ववान्, घटत्वतदभाववत् उभयत्वात्, इत्यादि असद्धेतु वाले स्थल में पर्याप्ति नामक सम्बन्ध से घटत्वतदभाववदुभयत्व को हेतु करने पर अतिव्याप्ति दोष होता है क्यों कि घटत्वाभाव के अधिकरण (घटत्वाभाववत्) में हेतुतावच्छेदक पर्याप्ति नामक सम्बन्ध से हेतु अवृत्ति होता है,

उभयत्व उभय में ही पर्याप्ति सम्बन्ध से रहता है एक में नहीं यह सिद्धान्त; 'घट', घट–पट उभय नहीं है इस प्रामाणिक प्रतीति की तरह, घटत्वाभाववान्, घटत्वतदभाववत् उभय नहीं है, इस प्रामाणिक प्रतीति के आधार पर सिद्ध होता है। इस प्रकार की आशङ्का नहीं करनी चाहिए क्यों कि ऐसे सिद्धान्त का समादर करने पर, हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से साध्यसमानाधिकरणत्वे सति, यही विशेषण व्याप्ति के लक्षण में देते हैं। इसी लिए वृत्तिमत्त्व का निवेश करें अथवा साध्यसमानाधिकरणत्व का (व्याप्ति–लक्षण में) निवेश करें इस प्रकार केवलान्वयि ग्रन्थ में दीधितिकार ने कहा है।

'हेतुतावच्छेदक सम्बन्धेन सम्बन्धित्वे सति साध्याभावाधिकरणनिरूपित–वृत्तित्वाभाव' अर्थात् हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध से सम्बन्धित्वविशिष्ट साध्या–भावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव इस प्रकार व्याप्ति के लक्षण का परिष्कार करते हैं। इस लक्षण के अनुसार वही सद्धेतु माना जायेगा जिस हेतु में साध्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव हो तथा हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व हो। उदाहरण के लिये, पर्वतः, वह्निमान्, धूमात्; इस सद्धेतु वाले स्थल के सद्धेतु धूम में साध्य–वह्नि के अभाव के अधिकरण–जलह्रद से निरूपित वृत्तित्व का अभाव भी है तथा इसी धूम में, हेतुता के अवच्छेदक सम्बन्ध– संयोग सम्बन्ध से पर्वत, महानस आदि से निरूपित सम्बन्धित्व भी है। फलतः धूम रूप एक अधिकरण में साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव एवं हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व दोनों धर्म होने के कारण सामाना–धिकरण्य या एकाधिकरणवृत्तित्व सम्बन्ध से, हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व विशिष्ट साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव रूप व्याप्ति का लक्षण धूम सद्धेतु में निराबाध सिद्ध होता है।

परन्तु इस व्याप्ति के लक्षण की अयं, घटत्ववान्, घटत्वतदभाव–वदुभयत्वात्; इस असद्धेतु वाले स्थल में अतिव्याप्ति होती है। इस असद्धेतु वाले स्थल में घट पक्ष है। घट में घटत्व समवाय सम्बन्ध से साध्य है।

घटत्वतदभाववदुभयत्व पर्याप्ति सम्बन्ध से हेतु है। उभयत्व उभय में रहने वाला धर्म है। उभयत्व समवाय सम्बन्ध से प्रत्येक में भी रहता है उभयत्व एवं द्वित्व समानार्थक है। द्वित्व, संख्या रूप गुण है जो दो में रहता है और ये दो यदि द्रव्य है तो उन दो द्रव्यों में यह द्वित्व या उभयत्व गुण रूप होने के कारण समवाय सम्बन्ध से दोनों में भी रहेगा तथा प्रत्येक द्रव्य में भी रहेगा। ऐसा न्याय के विद्वानों का अभिमत है परन्तु यही उभयत्व या द्वित्व यदि पर्याप्ति सम्बन्ध से रहेगा तो एक में नहीं रहेगा दो में ही रहेगा ऐसा सिद्धान्त स्वीकार करने पर घटत्ववान्, घटत्वतदभाववदुभयत्वात्; इस असद्धेतुक स्थल में अतिव्याप्ति होती है। जहाँ–जहाँ पर्याप्ति सम्बन्ध से घटत्व–तदभाववदुभयत्व घटत्ववत्–घट एवं घटत्वाभाववत्–घट से भिन्न सभी पट आदि पदार्थों में है वहाँ–वहाँ घटत्व है यह नहीं कह सकते, क्यों कि उभय में घटत्व समवाय सम्बन्ध से नहीं रहता है। फलत: यह स्थल असद्धेतु वाला स्थल है यह सिद्ध होता है। इस स्थल में साध्य–घटत्व है। साध्याभाव घटत्वाभाव है। उसका अधिकरण–घटत्वाभाववत् होता है। इस घटत्वाभाववत् में हेतुता के अवच्छेदक पर्याप्ति सम्बन्ध से घटत्वतदभाववदुभयत्व–हेतु, सम्बन्धी नहीं होता है। अत: घटत्व–तदभाववदुभयत्व इस हेतु में हेतुतावच्छेदकावच्छिन्न हेत्वधिकरणता निरूपित हेतुतावच्छेदक–पर्याप्तिसम्बन्धावच्छिन्न आधेयता प्रतियोगिक स्वरूपसम्बन्ध से साध्याभावाधि–करण निरूपित वृत्तित्व का अभाव होने से अतिव्याप्ति होती है। घटत्वाभाववत् में घटत्ववत् (घट) घटत्वाभाववत् (पट आदि) उभयं यह प्रतीति उसी प्रकार नहीं होती है जैसे घट में घटपटोभयं यह प्रतीति नहीं होती है। इस प्रकार घटत्वाभाववान् में, न घटत्वतदभाववदुभयं इस प्रतीति के आधार पर साध्या–भाव–घटत्वाभाव के अधिकरण–घटत्वाभाववत् में पर्याप्ति सम्बन्ध से घटत्वतदभाववत् उभयत्व अवृत्ति है यह सिद्ध हो जाता है।

इस अतिव्याप्ति का वारण करने के लिये मथुरानाथ तर्कवागीश कहते हैं कि, 'उभयत्वं उभयत्रैव पर्याप्तं न त्वेकत्र' इस सिद्धान्त को मानने पर व्याप्ति के लक्षण में हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से सम्बन्धित्व का निवेश न कर हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से साध्यसमानाधिकरणत्व का निवेश करना ही उपयुक्त है।

माथुरी

केचित्तु निरुक्तसाध्याभावत्वविशिष्टनिरूपिता या विशेषणताविशेषसम्बन्धेन यथोक्तसम्बन्धेन वा निरवच्छिन्ना–धिकरणता तदाश्रयव्यक्त्यवर्त्तमानं हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न–यद्धर्मावच्छिन्नाधिकरणत्वसामान्यं तद्धर्मवत्त्वं विवक्षितम्। धूमवान् वह्नेरित्यादौ पर्वतादिनिष्ठवह्न्यधिकरणताव्यक्तेर्धूमाभावाधि–करणावृत्तित्वेऽपि अयोगलकनिष्ठवह्न्यधिकरणताव्यक्तेरतथा–त्वान्नातिव्याप्तिरित्याहुः।

कुछ न्याय के मनीषियों का कथन है कि पूर्व परिष्कृत साध्याभावत्वविशिष्ट से निरूपित जो विशेषणताविशेष सम्बन्ध से अथवा पूर्वोक्त सम्बन्ध से निरवच्छिन्न अधिकरणता, उस अधिकरणता के आश्रय व्यक्ति में अवर्त्तमान जो हेतुतावच्छेदक–सम्बन्ध से अवच्छिन्न यद्धर्म से अवच्छिन्न अधिकरणत्व सामान्य तद्धर्मवत्त्व ही व्याप्ति के लक्षण के रूप में विवक्षित है। पर्वतः, धूमवान्, वह्नेः; इत्यादि असद्धेतु वाले स्थल में पर्वत आदि में रहने वाली वह्न्यधिकरणता व्यक्ति के धूमाभावाधिकरण में अवृत्ति होने पर भी अयोगोलक में रहने वाली वह्न्यधिकरणता व्यक्ति के वैसा न होने से अतिव्याप्ति दोष नहीं होता है।

अब तक इदं वह्निमद्, गगनात्; इस स्थल में अतिव्याप्ति दोष, द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्टसत्त्वात्; तथा सत्तावान्, द्रव्यत्वात्, इन दोनों स्थलों में अव्याप्ति दोष तथा घटत्ववान्, घटत्वतदभाववदुभयत्वात् अर्थात् घटपटोभयत्वात्; इस स्थल में अतिव्याप्ति दोष दिये गये तथा इनके निवारण का विशेष प्रयास भी किया गया। इन सारे दोषों को ध्यान में रखते हुए न्याय के कुछ विद्वानों

ने व्याप्ति के प्रथम लक्षण का परिष्कार इस प्रकार किया है जिससे इन सभी दोषों का निरास अनायास ही हो जाय।[1]

---

१. केचित्तु मत के अनुसार व्याप्ति के लक्षण का परिष्कार करने पर पीछे जिन–जिन स्थलों में अव्याप्ति एवं अतिव्याप्ति दोष हुए थे उनका क्रमशः वारण अधोनिर्दिष्ट रूप में हो जाता है। सर्व प्रथम इदं, वह्निमद्, गगनात् इस असद्धेतु वाले स्थल में असद्धेतु गगन में वह्न्यभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव के होने से जो अतिव्याप्ति होती थी वह इस परिष्कृत लक्षण में नहीं होती है। क्यों कि हेतुतावच्छेदक समवायसम्बन्धावच्छिन्न हेतुतावच्छेदक गगनत्वावच्छिन्न गगन निष्ठ आधेयता ही अप्रसिद्ध होती है, जिसके कारण आगे आधेयता निरूपित अधिकरणता सामान्य में पूर्व परिष्कृत साध्याभावत्व अर्थात् वह्न्यभावत्वविशिष्ट वह्न्यभावनिष्ठ आधेयता निरूपित स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न निरवच्छिन्नाधिकरणताश्रय निरूपित वृत्तित्वाभाव के भी न होने से लक्षण समन्वय नहीं होता है। इस प्रकार अतिव्याप्ति का निरास हो जाता है।

इसी प्रकार द्रव्यं, गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्त्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में सद्धेतु गुणकर्मान्यत्वविशिष्ट सत्ता में साध्य–द्रव्यत्व के अभाव के अधिकरण गुण निरूपित वृत्तिता के होने से जो अव्याप्ति होती थी उस अव्याप्ति का वारण भी हो जाता है। क्यों कि इस लक्षण के अनुसार हेतुतावच्छेदक समवाय सम्बन्धावच्छिन्न, हेतुतावच्छेदक गुणकर्मान्यत्व वैशिष्ट्य सत्तात्वावच्छिन्न आधेयता निरूपित द्रव्य निष्ठ अधिकरणता में पूर्वपरिष्कृत साध्याभावत्व–द्रव्यत्वाभावत्वविशिष्ट द्रव्यत्वाभावाधिकरण गुणनिरूपित वृत्तित्वाभाव निराबाध है। फलतः लक्षण समन्वय हो जाने से अव्याप्ति दोष नहीं है यह स्पष्ट है।

इसी प्रकार इस लक्षण में सत्तावान्, द्रव्यत्वात्, इस सद्धेतु वाले स्थल में द्रव्यत्व रूप सद्धेतु में पहले जो सत्ताभावाधिकरण सामान्य आदि से निरूपित हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तिता के अप्रसिद्ध होने से लक्षण के समन्वय न होने से जो अव्याप्ति होती थी उसका भी वारण केचित्तु मत में परिष्कृत लक्षण को स्वीकार करने से हो जाता है। क्यों कि इस

इन विद्वानों ने व्याप्ति के लक्षण का परिष्कार इस प्रकार किया है– साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न, साध्यतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभावत्वविशिष्ट से निरूपित जो विशेषणता विशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से अथवा साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदका–

लक्षण में साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तिता में हेतुतावच्छेदकसम्बन्धा–वच्छिन्नत्व का प्रवेश नहीं किया गया है। इस लक्षण का समन्वय सत्तावान्, द्रव्यत्वात् इस स्थल में इस प्रकार होता है– हेतुतावच्छेदक–समवायसम्बन्धावच्छिन्न, हेतुतावच्छेदक द्रव्यत्वत्वावच्छिन्न अधिकरणता सामान्य में अर्थात् सभी द्रव्य में रहने वाली अधिकरणता में पूर्वपरिष्कृत साध्याभावत्व अर्थात् सत्ताभावत्व विशिष्ट सत्ताभाव निष्ठ आधेयता से निरूपित स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न जो सामान्यादि निष्ठा–धिकरणता तादृश अधिकरणताश्रय सामान्य आदि से निरूपित वृत्तिता का अभाव अक्षुण्ण होता है।

पूर्व लक्षण में घटत्ववान्, घटत्वतदभाववत् उभयत्वात्, इस असद्धेतु वाले स्थल में भी असद्धेतु घटत्वतदभाववत् उभयत्व में घटत्वाभाववत् पट में घटत्वतदभाववत् उभयत्व रूप हेतु के पर्याप्ति सम्बन्ध से न रहने के कारण लक्षण समन्वय हो जाने से अतिव्याप्ति होती थी; इस अतिव्याप्ति का वारण भी केचित्तु मत समर्थित लक्षण को स्वीकार करने पर हो जाता है, क्यों कि हेतुतावच्छेदक पर्याप्तिसम्बन्धावच्छिन्न हेतुतावच्छेदक घटत्वतदभाववत् उभयत्वत्वावच्छिन्न घटत्वतदभाववत् उभयत्व निष्ठ आधेयता निरूपित अधिकरणता का आश्रय घटत्ववत् अर्थात् घट एवं घटत्वाभाववत् अर्थात् पट आदि प्रत्येक भी होंगे। उभयत्व पर्याप्ति सम्बन्ध से उभय में ही रहता है ऐसा नियम मानने वालों के मत में भी उभयत्व की अधिकरणता तो प्रत्येक में रहती है, फलस्वरूप हेत्व–धिकरणता सामान्य के अन्तर्गत घटत्वाभाववत् अर्थात् पट भी होगा इस अधिकरणता में पूर्वपरिष्कृत साध्याभावत्व घटत्वाभावत्व से विशिष्ट घटत्वाभावनिष्ठ आधेयता निरूपित स्वरूपसम्बन्धावच्छिन्न निरवच्छिन्न अधिकरणता के आश्रय पट से निरूपित वृत्तित्व के ही होने के कारण लक्षण समन्वय नहीं हो पाता है।

वच्छिन्नप्रतियोगिताक साध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगित्व तदवच्छेदकत्व एतदन्यतारावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न निरवच्छिन्न अधिकरणता, उस अधिकरणताश्रय व्यक्ति में अवर्त्तमान जो हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न यद्धर्म अर्थात् हेतुतावच्छेदकधर्म से अवच्छिन्न, अधिकरणत्व सामान्य तद्धर्मवत्त्व।

कुछ विद्वानों द्वारा परिष्कृत इस व्याप्ति के लक्षण में तथा पूर्वचर्चित व्याप्ति के लक्षण में जो मौलिक अन्तर है वह यह है कि, पहले हेतु में साध्याभावाधिकरण से निरूपित वृत्तित्व सामान्याभाव अपेक्षित था और अब हेत्वधिकरणता सामान्य में अर्थात् सभी हेत्वधिकरणताओं में साध्या—भावाधिकरणताश्रय निरूपित वृत्तित्वाभाव अपेक्षित है।

पर्वतः, वह्निमान्, धूमात्; इस सद्धेतु वाले स्थल में सद्धेतु धूम में लक्षण समन्वय इस प्रकार होता है— जितनी भी हेत्वधिकरणताएँ हैं अर्थात् प्रस्तुत स्थल में, धूमाधिकरणताएँ पर्वत, चत्वर, महानस, गोष्ठ आदि में जितनी भी हैं सभी में पूर्व परिष्कृत साध्याभावत्व अर्थात् वह्न्यभावत्वविशिष्ट वह्न्यभाव निष्ठ आधेयता निरूपित विशेषणता विशेष अर्थात् स्वरूपसम्बन्ध से अवच्छिन्न अथवा पूर्वोक्त सम्बन्ध से अवच्छिन्न निरवच्छिन्न अधिकरणता के आश्रय जलह्रद, कूप, नदी, समुद्र आदि से निरूपित वृत्तित्वाभाव है, फलतः लक्षण समन्वय होने से इस केचित्तु मत समर्थित व्याप्ति के लक्षण में असम्भव या अव्याप्ति नहीं है यह स्पष्ट हो जाता है।

इसी प्रकार पर्वतः, धूमवान्, वह्नेः; इस असद्धेतु वाले स्थल के असद्धेतु वह्नि में जितनी भी हेत्वधिकरणताएँ अर्थात् जितनी भी वह्नि की अधिकरणताएँ जिनमें पर्वत, चत्वर, महानस, गोष्ठ में रहने वाली अधि—करणताएँ हैं इनमें साध्य धूम के अभावत्व से विशिष्ट धूमाभाव में रहने वाली आधेयता से निरूपित विशेषणता विशेष अर्थात् स्वरूप सम्बन्ध से अथवा पूर्वोक्त सम्बन्ध से निरवच्छिन्न अधिकरणता तदाश्रय निरूपित वृत्तित्व का अभाव आ जाने पर भी एक अयोगोलक में रहने वाली जो हेत्वधिकरणता अर्थात् वह्न्यधिकरणता इसमें साध्याभावत्वविशिष्ट निरूपित निरवच्छिन्नाधि—

करणताश्रय निरूपित वृत्तित्व के ही होने से सभी वह्न्यधिकरणताओं में साध्याभावाधिकरणताश्रय निरूपित वृत्तित्वाभाव न आने से लक्षण समन्वय नहीं होता है, फलत: इस लक्षण में अतिव्याप्ति भी नहीं है यह सिद्ध होता है। इस प्रकार यह लक्षण अव्याप्ति अतिव्याप्ति एवं असम्भव इन तीनों दोषों से रहित है यह भली भाँति सिद्ध हो जाता है।

माथुरी

अन्ये तु हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न हेतुतावच्छेदका–वच्छिन्नस्वाधिकरणताश्रयवृत्ति यन्निरवच्छिन्नाधिकरणत्वं तदवृत्ति निरुक्तसाध्याभावत्वविशिष्टनिरूपितयथोक्तसम्बन्धावच्छिन्नाधि–करणतात्वकत्वमिति विशेषणविशेष्य–भावव्यत्यासे तात्पर्यम्, स्वपदं हेतुपरम्, इत्थञ्च कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात्, कपि–संयोगिभिन्नं गुणत्वादित्यादावपि नाव्याप्तिरित्याहुरिति सङ्क्षेपः।

किन्हीं अन्य नैयायिकों के मत में तो हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न, हेतुतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न, स्व अर्थात् हेतु की अधिकरणता के आश्रय में वृत्ति जो निरवच्छिन्ना–धिकरणत्व उसमें अवृत्ति पूर्वपरिष्कृत साध्याभावत्व विशिष्ट से निरूपित पूर्वोक्त सम्बन्ध से अवच्छिन्न अधिकरणतात्वकत्व ही व्याप्ति का लक्षण है ऐसा विशेषण विशेष्यभाव के व्यत्यास अर्थात् वैपरीत्य में इन विद्वानों का तात्पर्य है। इस लक्षण में स्व पद से हेतु का ग्रहण करना है। इस प्रकार कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात् तथा कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् इत्यादि सद्धेतु वाले स्थल में भी अव्याप्ति दोष नहीं होता है ऐसा सङ्क्षेप में समझना चाहिए।

किन्हीं अन्य नैयायिकों के द्वारा जो यह व्याप्ति का प्रथम लक्षण परिष्कृत हुआ है इसमें केचित्तु मत को मानने वाले अन्य विद्वानों के द्वारा जो लक्षण प्रस्तुत किया गया उससे भेद जो है वह केवल विशेषण विशेष्य भाव के परिवर्त्तन के कारण ही है।

केचित्तु मत के अनुयायी विद्वानों के मत में हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न, हेतुतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हेतु निष्ठ अधिकरणता सामान्य विशेष्य था और साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदक—धर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताक साध्याभावत्वविशिष्ट साध्याभावनिष्ठ स्वरूप—सम्बन्धावच्छिन्न अथवा साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव वृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगित्व तदवच्छेदकत्व एतदन्यतरावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न आधेयता निरूपित निरवच्छिन्न जो अधिकरणता तदाश्रयनिरूपित वृत्तित्वाभाव विशेषण था।

अन्ये तु मतानुयायी अन्य विद्वानों के मत में जो व्याप्ति का लक्षण परिष्कृत रूप में सामने आता है उसमें पूर्वपरिष्कृत साध्याभावत्व से अवच्छिन्न साध्याभाव निष्ठ आधेयता से निरूपित अधिकरणतात्व विशेष्य के रूप में माना गया है तथा हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हेतुतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हेतु निष्ठ आधेयता से निरूपित अधिकरणताश्रय वृत्ति निरवच्छिन्न अधिकरणता से निरूपित वृत्तित्वाभाव विशेषण माना गया है।

इन दोनों मतों में स्वीकृत व्याप्ति लक्षण में एक विशेष अन्तर यह भी है कि केचित्तु मत के अनुयायियों ने निरवच्छिन्नत्व का निवेश साध्याभाव की अधिकरणता में किया है परन्तु अन्ये तु मत के अनुयायियों ने हेत्वधिकरण वृत्ति अधिकरणता में निरवच्छिन्नत्व का निवेश किया है।

इस भेद के अतिरिक्त इस अन्ये तु मत के अनुसार परिष्कृत लक्षण में केचित्तु मत के अनुसार स्वीकृत लक्षण की अपेक्षा लाघव भी द्रष्टव्य है। केचित्तु मत के अनुसार प्रस्तुत लक्षण में हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हेतुतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न आधेयता से निरूपित अधिकरणता सामान्य

का निवेश होने के कारण साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव में हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हेतुतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न हेतु निष्ठ आधेयता से निरूपित अधिकरणतात्व की व्यापकता का प्रवेश माना जाता है परन्तु अन्ये तु मत के द्वारा अभिप्रेत लक्षण में हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से अवच्छिन्न हेतुतावच्छेदक धर्म से अवच्छिन्न अधिकरणता का इस अधिकरणताश्रय वृत्ति निरवच्छिन्न अधिकरणत्व से निरूपित वृत्तित्वाभाव की प्रतियोगिता के अवच्छेदक कोटि में प्रवेश है। फलत: वैसी अधिकरणता सामान्य का अन्ये तु मत में स्वतन्त्र रूप से निवेश न होने के कारण लाघव करतलामलकवत् अत्यन्त स्पष्ट है।

इस लक्षण में स्व पद हेतु का अवबोधक है। इस लक्षण में एक यह भी वैशिष्ट्य है कि साध्याभावधिकरणता में यहाँ निरवच्छिन्नत्व का प्रवेश न होने के कारण अयं कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात् एवं कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् इन सद्धेतु वाले स्थलों में कपिसंयोग रूप साध्याभाव की निरवच्छिन्न अधिकरणता के अप्रसिद्ध होने के कारण प्रथम व्याप्ति लक्षण की जो अव्याप्ति होती थी उसका भी यहाँ निरास अनायास ही हो जाता है।

।। इति शम्।।

प्रथम लक्षण का हिन्दी व्याख्यान सम्पन्न

आन्वीक्षिकीपण्डितमण्डलीषु सत्ताण्डवैरध्ययनं विनापि।
मदुक्तमेतत् परिचिन्त्य धीरा निःशङ्कमध्यापनमातनुध्वम्।।

–मथुरानाथतर्कवागीशः

द्वितीयं व्याप्तिलक्षणम्

द्वितीयलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

प्रो० हरेरामत्रिपाठी

साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्वम्

द्वितीयं व्याप्तिलक्षणम्

द्वितीयलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

डॉ॰ हरेराम त्रिपाठी

चिन्तामणिः

साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्वम्।

माथुरी

साध्यवद्भिन्नो यः साध्याभाववान् तदवृत्तित्वमित्यर्थः। कपि संयोगी एतद्वृक्षत्वादित्याद्यव्याप्यवृत्तिसाध्यकाव्याप्तिवारणाय साध्यवद्भिन्ने'ति साध्याभाववतो विशेषणमिति प्राञ्चः। तदसत्। 'साध्याभाववत्' इत्यस्य व्यर्थतापत्तेः, साध्यवद्भिन्नावृत्तित्वमित्यस्यैव सम्यक्त्वात्।

नव्यास्तु– साध्यवद्भिन्ने साध्याभावः साध्यवद्भिन्नसाध्याभावस्तद्वदवृत्तित्वमिति सप्तमीतत्पुरुषोत्तरं मतुप्प्रत्ययः। तथा च साध्यवद्भिन्नवृत्तिर्यः साध्याभावस्तद्वदवृत्तित्वमित्यर्थः। एवञ्च साध्यवद्भिन्नवृत्तीत्यनुक्तौ संयोगी द्रव्यत्वादित्यादावव्याप्तिः। संयोगाभाववति द्रव्ये द्रव्यत्वस्य वृत्तेः, तदुपादाने च संयोगवद्भिन्नवृत्तिः संयोगाभावो गुणादिवृत्तिः संयोगाभाव एव, अधिकरणभेदेनाभावभेदात्, तद्वदवृत्तित्वान्नाव्याप्तिः।

यथार्थ अनुभव को प्रमा कहते है। प्रमा के करण को प्रमाण शब्द से लोक में व्यवहार किया जाता है। चार प्रमाणों में अनुमान प्रमाण की महत्ता शास्त्र विहित है। अनुमान प्रमाण के दो मुख्य अङ्ग होते हैं, व्याप्ति एवं पक्षधर्मता। नव्य नैयायिकों ने तो व्याप्तिज्ञान को ही अनुमिति

प्रमा का करण स्वीकार किया है। इसलिए व्याप्तिज्ञान का विषय व्याप्ति क्या है इस प्रकार की जिज्ञासा होती है। तत्त्वचिन्तामणिकार व्याप्तिपञ्चकग्रन्थ के प्रारम्भ में ही कहते हैं "नन्वनुमितिहेतुव्याप्तिज्ञाने का व्याप्तिः" अर्थात् अनुमिति का कारणीभूत जो व्याप्तिज्ञान उसका विषयीभूता व्याप्ति क्या है। इसके अनन्तर "न तावद् अव्यभिचरितत्वम्" ग्रन्थ से पूर्वपक्षीय अव्यभिचरितत्व को व्याप्ति स्वीकार करके पुनः "केवलान्वयिन्यभावात्" ग्रन्थ से उसका खण्डन किया है। अव्यभिचरितत्व का पाँच अर्थ तत्त्वचिन्तामणिकार ने किया है। प्रथम अर्थ है "साध्याभाववदवृत्तित्वम्" अर्थात् साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्व का अभाव ही व्याप्ति है। "पर्वतः वह्निमान् धूमात्" यहाँ पर पर्वत पक्ष है वह्नि साध्य तथा धूम हेतु है। साध्य वह्नि के अभाव का जो अधिकरण जल उसमें वृत्ति मीन आदि है अवृत्ति धूम है अर्थात् जल निरूपित वृत्तित्व का अभाव धूम में होने से उक्त लक्षण का समन्वय होता है।

साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव रूप जो व्याप्ति इस लक्षण में अव्याप्यवृत्तिसाध्यक सद्धेतु "कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" यहाँ पर एतद्वृक्षत्व हेतु में अव्याप्ति दोष हो जायेगा। अतः तत्त्वचिन्तामणिकार ने प्रथम लक्षण का परित्याग करके द्वितीय लक्षण का निरूपण किया। "साध्यवद्भिन्न साध्याभाववदवृत्तित्वम्।"

मथुरानाथतर्कवागीश ने "लक्षणान्तरमाह" ग्रन्थ से द्वितीय लक्षण का प्रतिपादन किया है। उक्त ग्रन्थ का अर्थ है कि कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् स्थल में सद्धेतु जो एतद्वृक्षत्व उसमें प्रथम लक्षण का समन्वय न होने के कारण अव्याप्ति दोष होने लगेगा। उसके निवारण के लिए दूसरे लक्षण को तत्त्वचिन्तामणिकार ने कहा है।

साध्याधिकरण भेद का अधिकरण स्वरूप जो साध्याभाव के अधिकरणता का आश्रय तन्निरूपित वृत्तित्व का अभाव ही अव्यभिचरितत्व स्वरूप व्याप्ति है। पर्वतपक्षक वह्निसाध्यक धूमहेतुक सद्धेतु में लक्षण समन्वय हो जायेगा। क्योंकि वह्निमद् भेद का अधिकरण जल होगा वह वह्न्यभाव का भी अधिकरण है तन्निरूपित वृत्तिता मछली आदि में है वृत्तित्व का अभाव धूम में है। "धूमवान् वह्नेः" इस स्थल में वह्नि हेतु

असद्धेतु है उसमें लक्षण न जाने के कारण उक्त लक्षण में अतिव्याप्ति दोष भी नहीं होगा। क्योंकि धूमवद् भिन्न अयोगोलक जो धूमाभाव के अधिकरणता का आश्रय भी है, उसमें वह्नि के वृत्ति (से) होने से उक्त दोष नहीं होगा।

द्वितीय लक्षण के निरूपण का प्रयोजन को बतलाते हुए मथुरा नाथ तर्क वागीश जी कहते हैं कि "साध्यावद्भिन्न जो साध्याभाववान् तन्निरूपित वृत्तित्वाभाव" अर्थात् साध्यवद्भिन्न जो साध्याभाव का अधिकरण तन्निरूपित वृत्तित्व का अभाव ही व्याप्ति है। "कपि संयोगी एतद् वृक्षत्वात्" इस अव्याप्य वृत्ति साध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति दोष निराकरण के लिए साध्यवद्भिन्नपद साध्याभाववान् में विशेषण है ऐसा प्राचीन नैयायिकों का मत है। साध्यवद् भिन्न पद का निवेश यदि लक्षण में नहीं करते हैं तो कपिसंयोग साध्यक एतद्वृक्षत्व हेतुक स्थल में मूलावच्छेदेन (अर्थात् एतद् वृक्ष के मूल में कपिसंयोग का अभाव मिल जायेगा) कपि संयोग के अभाव का अधिकरण एतद्वृक्ष हो जायेगा तन्निरूपित वृत्तिता के एतद्वृक्षत्व में उपलब्ध होने के कारण अव्याप्ति दोष का वारण असम्भव है। साध्यवद् भिन्नत्व का निवेश विशेषण विधया साध्याभाववान् में करके साध्यवद्भिन्न जो साध्याभाववान् तन्निरूपितवृत्तित्वाभाव स्वरूप व्याप्ति का लक्षण करने पर उक्त स्थल में अव्याप्ति नहीं होगी। क्योंकि भेद के व्याप्यवृत्ति होने के कारण कपिसंयोगवद् भिन्न एतद्वृक्ष नहीं होगा अपि तु गुण ही होगा। एवञ्च कपिसंयोगवद्भेद रूप जो कपि संयोगाभाव का अधिकरण गुण तादृश गुण में एतद्वृक्षत्व के न रहने के कारण अव्याप्ति नही होगी।

माथुरी- ग्रन्थ के टीकाकार श्यामसुन्दर झा ने उक्त लक्षण की अव्याप्ति पर्वतपक्षक वह्निसाध्यक धूमहेतुकस्थल में दर्शाया है। क्योंकि साध्यवद्भिन्न अर्थात् वह्निमद् भिन्न जो वह्न्यभाव का अधिकरण ह्रद तन्निरूपित कालिकसम्बन्धेन वृत्तिता ही धूम हेतु में है। अतः हेतुतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्नत्व का वृत्तिता में विशेषण देना आवश्यक है। एवञ्च द्वितीय लक्षण का आकार होगा। साध्यवद्भेद के अधिकरण से अभिन्न जो साध्याभावाधिकरणताश्रय तन्निरूपित हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न वृत्तित्वाभाववत्त्व ही अव्यभिचरितत्वस्वरूप व्याप्ति है। "साध्यवद् भिन्नो

यः साध्याभाववान् तदवृत्तित्वम्" यह कर्मधारय समास घटित व्याप्ति का स्वरूप है। इस लक्षण में साध्यवद्भिन्नत्व साध्याभावाधिकरण में विशेषण है ऐसा प्राचीन नैयायिकों का मत है। "तदसत्" ग्रन्थ से मथुरानाथतर्क वागीश महोदय प्राचीन नैयायिकों के मत का खण्डन करते हैं। अर्थात् प्राचीनों का मत ठीक नहीं है। प्राचीन के मत को स्वीकार करने पर साध्याभाववत् पद की व्यर्थता होने लगेगी, क्योंकि साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व ही लक्षण अव्याप्यवृत्ति साध्यक सद्धेतु में अव्याप्तिवारण करने के लिए पर्याप्त है। वैयर्थ्य का तात्पर्य है स्वसमानाधिकरण प्रकृतसाध्यव्यापतावच्छेदक लघुभूत दूसरे धर्म से घटित होना। जैसे "वह्निमान् नीलधूमात्" यहाँ नीलधूमत्व व्यर्थविशेषण से घटित होने के कारण व्यर्थ हैं। इसी तरह प्रकृत ग्रन्थ में साध्यवद्भिन्न साध्याभाववद् अवृत्तित्व तथा साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व के अभिन्न होने से स्वपदग्राह्य साध्यवद्भिन्न साध्याभाववद् अवृत्तित्व समानाधिकरण प्रकृत साध्यव्याप्यतावच्छेदकलघुभूतधर्मान्तरसाध्यवद्भिन्ना-वृत्तित्व से घटित उक्त लक्षण है अतः साध्याभाववत् पद की व्यर्थता हो जायेगी।

श्रद्धेय वामाचरणभट्टाचार्य महोदय जी कहते हैं कि लक्षण वही हो सकता है जो इतरभेद का अनुमापक स्वसमानाधिकरण प्रकृत साध्य व्याप्यतावच्छेक धर्मान्तर से अघटित धर्माश्रयीभूत हो। स्व समानाधिकरण प्रकृतसाध्यव्याप्यतावच्छेदकधर्मान्तर से घटित धर्म के गुरु होने के कारण तादृश धर्म में व्याप्यतावच्छेदकत्व नहीं स्वीकार किया जाता है। अतः प्रकृत में व्याप्ति के इतरभेदानुमापक साध्यवद् भिन्न साध्याभावा-धिकरणवृत्तित्वाभाव रूप लक्षणात्मक धर्म नहीं हो सकता है। तादृश वृत्तित्वाभावत्व रूप स्वसमानाधिकरणीभूत जो प्रकृत साध्यीभूतव्याप्ति से इतरभेदव्याप्यतावच्छेदक धर्मान्तर साध्यवद् भिन्न वृत्तित्वाभावत्व उससे घटित जो साध्यवद्भिन्न साध्याभाववद्वृत्तित्वाभावत्व की आश्रयता का तादृश धर्म में रहने के कारण साध्याभाववत् पद की व्यर्थता हो जायेगी। क्योंकि इतरभेदव्यभिचार का वारक जो विशेषण नहीं होता है तादृश विशेषण से घटित समुदाय की ही व्यर्थता होने लगती है।

दीधितिकार के द्वारा अभिप्रेत द्वितीय लक्षणार्थ को प्रदर्शित करके समाधान देते हैं मथुरानाथतर्कवागीश "नव्यास्तु" इस ग्रन्थ से,

अर्थात् नव्यों के मत में कर्मधारय समास न करके सप्तमी तत्पुरुष के बाद मतुप् प्रत्यय किया जाता है। "साध्यवद् भिन्ने साध्याभावः साध्यवद्भिन्नसाध्याभावः तद्वद् अवृत्तित्वम्" यहाँ पर सप्तमी तत्पुरुष समास के बाद मतुप् प्रत्यय विवक्षित है। "साध्यवद् भिन्ने" यहाँ पर सप्तमी विभक्ति का अर्थ है वृत्तित्व तथाच साध्यवद् भिन्नवृत्ति जो साध्याभाव तदधिकरण निरूपित वृत्तित्व का अभाव ही व्याप्ति का स्वरूप होगा।

साध्यवद् भिन्न वृत्ति पद का निवेश लक्षण में न किया जाय तो "संयोगी द्रव्यत्वाद्" अर्थात् संयोगसाध्यक द्रव्यत्वहेतुक स्थल के द्रव्यत्वसद्धेतु में अव्याप्ति हो जायेगी। क्योंकि संयोग अव्याप्य वृत्ति है, इसलिए द्रव्य के किञ्चिद् देश में संयोग है किञ्चिद् देश में संयोगाभाव भी रहता है, अतः संयोगाभाव का अधिकरण जो द्रव्य उसमें द्रव्यत्व हेतु के रहने से अव्याप्ति हो जायेगी। साध्याभाव पद का व्याप्ति लक्षण में निवेश कर देने पर संयोगवद्भिन्न वृत्ति जो संयोगाभाव वह द्रव्य में नहीं रहता है अपितु गुणवृत्ति है, एवञ्च संयोगवद्भिन्न वृत्ति साध्याभाव का अधिकरण गुण आदि होंगे, अधिकरण के भेद से अभाव का भेद होता है इसी मत में उक्त व्याख्या की गयी है। तादृश गुण निरुपित वृत्तिता गुणत्व में, वृत्तित्वाभाव द्रव्यत्व में होने के कारण अव्याप्ति नहीं होगी।

"साध्यवद्भिन्ने यः साध्याभावः" यहाँ पर सप्तमी तत्पुरुष किया गया है इसके बाद मत्त्वर्थीय मतुप् प्रत्यय जो किया जाता है वह नहीं हो सकता है क्योंकि नियम है कि "न कर्मधारयान् मत्वर्थीयो बहुव्रीहिश्चेत्तदर्थप्रतिपत्तिकरः" अर्थात् कर्मधारय से मत्वर्थीय प्रत्यय करने पर जो अर्थ लब्ध होता है वही अर्थ बहुव्रीहि समास से प्राप्त होता है तो बहुव्रीहि समास ही करना चाहिए यहाँ पर कर्मधारय पद की बहुव्रीहीतर समास में लक्षणा की जाती है। अतः सप्तमी तत्पुरुष समास के अनन्तर मत्वर्थीय प्रत्यय करने पर उक्त अनुशासन का विरोध होगा अतः पूर्वोक्त समाधान ठीक नहीं है। ऐसा नहीं कह सकते। "साध्यरूपाभावो यस्य असौ साध्याभावः स अस्य अस्ति इति साध्याभाववान् साध्यवद्भिन्ने साध्याभाववान् साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववान् अर्थात् साध्य स्वरूप अभाव है जिसके वह साध्याभाव है जिस अधिकरण के वह साध्याभाववान् है,

साध्यवद्भिन्न में वृत्ति जो साध्याभाव तद्वान् साध्यवद् भिन्नवृत्ति साध्याभाववद् होगा इस प्रकार के विग्रह को स्वीकार करने पर बहुव्रीहि समास के बाद मतुप् प्रत्यय करने पर कोई बाधक नहीं होगा।

यहाँ पर शंका करते हैं कि साध्यवद्भिन्ने शब्द का अर्थ साध्यवद्भिन्नवृत्तित्व या साध्यवद्भिन्नवृत्तित्वसम्बन्धी होने से तादृश वृत्तित्व का साध्याभाववान् पदार्थ के एक देश साध्याभाव के साथ अन्वय होने से "पदार्थः पदार्थेनान्वेति न तु पदार्थैकदेशेन "इस व्युत्पत्ति का विरोध होगा, ऐसा भी आप नहीं कह सकते क्योंकि व्युत्पत्तिवाद ग्रन्थ में दर्शाया गया है कि "वेदाः प्रमाणम्" यहाँ पर प्रमाणपदोत्तर सुबर्थ एकत्व का प्रमाण का एकदेश प्रमाणत्व के साथ अन्वय होता है। अतः पूर्वोक्त नियम का संकोच किया जा सकता है। "साध्यवद्भिन्ने" पद का जो अर्थ होता है साध्यवद्भिन्नवृत्तित्व उसका स्वाश्रयाश्रयत्व सम्बन्ध से साध्याभाववान् में अन्वय करने पर कोई दोष नहीं होगा।

श्रद्धेय वामाचरण भट्टाचार्य जी केचित्तु के मत को प्रदर्शित करते हुए कहते हैं कि साध्यवद्भिन्ने साध्याभावो यत्र" इस व्यधिकरण बहुव्रीहि समास के साधु न होने के कारण स्वीकार नहीं किया जा सकता। अतः बहुव्रीहि समास से साध्यवद्भिन्न वृत्ति साध्याभावाधिकरण रूप अर्थ का ज्ञान सम्भव नहीं है इसलिए सप्तमी तत्पुरुष समास के कर्मधारय समास के तुल्य होने पर सप्तमी तत्पुरुष समास के बाद मतुप् प्रत्यय किया गया है। बहुव्रीहि समास से प्रतिपाद्य अर्थ का बोधक होने से कर्मधारय के बाद मतुप् प्रत्यय सम्भव नहीं है ऐसा केचित्तु का मत है। यह चिन्तनीय है।

माथुरी

न च तथापि साध्यवद्भिन्नावृत्तित्वमित्येवास्तु लक्षणं किं साध्याभाववदित्यनेनेति वाच्यम्। यथोक्तलक्षणे तस्याप्रवेशेन वैयर्थ्याभावात्। तस्यापि लक्षणान्तरत्वात्। न च तथापि साध्यवद्भिन्नवृत्तिर्यः तद्वदवृत्तित्वमेवास्तु किं साध्या-भावपदेनेति वाच्यम्, तादृशद्रव्यत्वादिमद् वृत्तित्वादसम्भ-

वापत्तेः। साध्याभावेत्यत्र साध्यपदमप्यत एव, द्रव्यत्वादेरपि द्रव्यत्वाभावाभावत्वात् भावरूपाभावस्य चाधिकरणभेदेन भेदाभावात्। ननु तथापि घटाकाशसंयोग- घटत्वान्यतराभाववान् गगनत्वादित्यादौ घटानधिकरणदेशावच्छेदेन घटाकाशसंयोगा-भावस्य गगने सत्त्वात् सद्धेतुतयाऽव्याप्तिः, साध्यवद्भिन्ने घटे वर्तमानस्य साध्याभावस्य घटाकाशसंयोगरूपस्य गगनेऽपि सत्त्वात् तत्र च हेतोर्वृत्तेः। न च साध्यवद्भिन्नवृत्तित्वविशिष्ट-साध्याभाववत्त्वं विवक्षितमिति वाच्यम्। साध्याभावपदवैयर्थ्या-पत्तेः।

नव्य के मत में अभिप्रेत साध्यवद्भिन्नवृत्ति साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव स्वरूप व्याप्ति के लक्षण की अपेक्षा लक्षणान्तर लघु लक्षण "साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व" को ही स्वीकार कर लिया जाय। एक ही लघु लक्षण से इष्ट की सिद्धि यदि हो जाय तो बृहद् दूसरे लक्षण साध्याभाव घटित करने की क्या आवश्यकता है। अर्थात् शंका करने वाले का आशय है कि "साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व" रूप लघु लक्षण ही ठीक है तो साध्याभाववद् घटित लक्षण की व्यर्थता हो जायेगी। एवञ्च "साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व" स्वरूप व्याप्ति के लक्षण में "साध्याभाववद्" पद का निवेश न करने पर कोई दोष नहीं होगा तथा लक्षण में व्यर्थता रूपी दोष भी नहीं होगा। "साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व" भी लक्षणान्तर ही है अतः इसी लक्षण को स्वीकार कर लिया जाय।

"तस्यापि लक्षणान्तरत्वात्" ग्रन्थ की व्याख्या करते हुए वामाचरण भट्टाचार्य जी कहते हैं कि कोई यह शंका करता है कि नव्य के मत में साध्याभाववद् घटित लक्षण निर्दुष्ट है तो उसको छोड़कर लक्षणान्तर का अनुसरण करना उचित नहीं है। यदि उचित है भी तो अन्य लक्षण से अन्य निर्दुष्ट लक्षण का अन्यथाकरण नहीं किया जा सकता है। "साध्यवद्भिन्नावृत्तित्व" लक्षणान्तर भी समीचीन ही है। इससे यह प्रतीत होता है कि नव्यों के मत में किया गया लक्षण भी समीचीन ही है।

पुनः यहाँ शंका उपस्थित करते हैं कि नव्यों के मत में स्वीकृत

लक्षण के स्थान पर साध्यवद्भिन्नवृत्तिर्यः तदधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव कहा जाय साध्याभाव पद देने का प्रयोजन लक्षण में क्या है, अर्थात् कोई प्रयोजन नहीं है। ऐसा भी नहीं कह सकते। साध्यवद्भिन्न में वृत्ति जो तदधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव लक्षण करने पर पर्वतपक्षक वह्निसाध्यक धूमहेतुक सद्धेतु स्थल में वह्निमद्भिन्न जल ह्रदादि में वृत्ति द्रव्यत्व उसका अधिकरण जो पर्वत उसमें धूम के रहने से असम्भव दोष हो जायेगा। सद्धेतु मात्र में लक्षण का समन्वय न होने के कारण असम्भव दोष कहा गया है। "साध्यवद् भिन्न वृत्ति जो" यहाँ पर साध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध से साध्यवद् भिन्न वृत्तित्व का निवेश कर देने पर तादृश सम्बन्ध से द्रव्यत्व की वृत्तिता ही अप्रसिद्ध हो जायेगी। अतः द्रव्यत्व को लेकर तादृश सद्धेतु स्थल में असम्भव नहीं होगा। इसलिए माथुरी ग्रन्थ में "द्रव्यत्वादिमद्" यहाँ पर आदि पद दिया गया है। आदि पद से प्रमेयत्व, वाच्यत्व आदि को समझना चाहिए। प्रमेयत्व या वाच्यत्व का साध्याभाववृत्तिसाध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध स्वरूप सम्बन्ध से पदार्थ मात्र में वृत्ति होने से असम्भव दोष होने लगेगा।

उक्त असम्भव दोष को वारित करने के लिए साध्याभावपद देना आवश्यक है। यहाँ पर पुनः विचार किया जाता है कि साध्यपद देने की आवश्यकता ही नहीं है। अपि तु साध्यवद्भिन्न वृत्ति जो अभाव तदधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव ही लक्षण करना श्रेयस्कर है। उक्त व्याप्ति का लक्षण करने से द्रव्यत्वादि भाव पदार्थ को लेकर "वह्निमान् धूमात्" यहाँ पर असम्भव दोष नहीं होगा। अतः साध्याभाव में घटकी भूत साध्यपद व्यर्थ है। ऐसा भी कहना ठीक नहीं है, क्योंकि साध्य पद न देने पर वह्निमद्भिन्न जलादिवृत्यभाव से द्रव्यत्वाभावाभाव का ग्रहण करेंगे, द्रव्यत्वाभावाभाव द्रव्यत्व स्वरूप है उसका अधिकरण पर्वत होगा तन्निरूपित वृत्तिता ही धूम में है अतः असम्भव पूर्ववत् ही हो जायेगा। यदि लक्षण में साध्यपद का निवेश करते हैं तो अभावरूप जो द्रव्यत्व वह वह्न्यभाव रूप नहीं है अतः साध्यपद के लक्षण में निवेश करने पर असम्भव दोष नहीं होगा।

पुनः शंका यहाँ पर उपस्थापित करते हैं कि लक्षण में साध्य पद के न देने पर भी वह्निमद्भिन्न जल ह्रदादिवृत्यभाव से द्रव्यत्वाभावाभाव

को भी लिया जाय तो असम्भव नहीं होगा क्योंकि अभाव के भेद से अधिकरण का भेद होता है। अतः जल में रहने वाला द्रव्यत्वाभावाभाव अर्थात् द्रव्यत्व उसका अधिकरण जल ही होगा पर्वत नहीं होगा। इसलिए असम्भव दोष न होने से साध्यपद व्यर्थ है। पुनः साध्य की सार्थकता को दर्शित करते हुए मथुरानाथ तर्क वागीश जी कहते हैं कि भाव रूप जो अभाव होता है वह अधिकरण के भेद से भिन्न नहीं होता हैं। अतः द्रव्यत्वाभावाभावस्वरूप जो द्रव्यत्व उसका अधिकरण जैसे जल है वैसे ही पर्वत भी तन्निरूपित वृत्तिता के धूम में रहने से असम्भव दोष पुनः होने लगेगा। अतः असम्भव दोष के निवारण हेतु साध्य पद का लक्षण में निवेश करना आवश्यक है। साध्यपद के लक्षण में निवेश करने पर साध्याभाव पद से द्रव्यत्वाभाव को न लेकर वह्न्यभाव को लिया जायेगा। उसका अधिकरण जल ही होता है पर्वत नहीं। अतः जल में वृत्ति मीन वृत्तित्वाभाव के धूम में रहने से सभी जगह लक्षण समन्वय हो जायेगा।

लक्षण घटक साध्यवद्भिन्नत्व पद का अर्थ साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन साध्यतावच्छेदकावच्छिन्नावच्छेदकताकप्रतियोगिताक भेदवत्त्व करना चाहिए "संयोगी द्रव्यत्वात्" इस स्थल में कालिक सम्बन्ध से संयोग काल में रहेगा उसके अभाव का अधिकरण गगनादि (नित्य द्रव्य) होंगे। अथवा समवाय सम्बन्ध से वृक्षादिवृत्तित्वविशिष्ट संयोगवद् भिन्न गगनादि जो संयोगाभाव का अधिकरण है उसमें द्रव्यत्व हेतु के रहने पर भी अव्याप्ति नहीं होगी।

साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्ना-वच्छेदकताकभेदवत्त्व यदि स्वरूप सम्बन्ध से कहा जाय तो "घटत्वाभाववान् पटत्वात्" इस स्थल में अव्याप्ति हो जायेगी। क्योंकि साध्यवद्भेद अर्थात् घटत्वाभाववद्भेद स्वरूप जो घटत्व उसका स्वरूप सम्बन्ध से अधिकरण ही अप्रसिद्ध है। सम्बन्ध सामान्य से तादृश भेदवत्त्व को यदि कहा जाय तो "संयोगी द्रव्यत्वात्" इस स्थल में अव्याप्ति दुष्परिहर हो जायेगी। क्योंकि संयोगवद्भेद का कालिकेन जो अधिकरण महाकाल उसमें विद्यमान जो संयोगाभावाधिकरण महाकाल में द्रव्यत्व। अतः साध्याभावाधिकरण महाकाल में द्रव्यत्व हेतु के रहने से अव्याप्ति हो जायेगी। तादृश भेदवत्त्व या तादृशभेदवद् वृत्तित्व एवं साध्याभावाधिकरण

को एक ही साध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध से समझना चाहिए। अतः उक्त स्थल में समन्वय हो जायेगा कहीं पर दोष नहीं होगा। सम्बन्ध सामान्य से साध्यवद् भिन्नवत्त्व का निवेश करने पर "द्रव्यत्वाभाववान् गुणत्वात्" इस सद्धेतु स्थल में द्रव्यत्वाभाववद्भिन्न जन्य द्रव्यादि में कालिक सम्बन्ध से द्रव्यत्वाभावाभाव स्वरूप जो द्रव्यत्व उसका कालिक सम्बन्ध से अधिकरण जन्यगुण उसमें गुणत्व हेतु के रहने से अव्याप्ति हो जायेगी। अतः पूर्वोक्त साध्याभाववृत्ति साध्यसामान्यीय प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध में साध्यवद्भेदवत्त्व का निवेश करना आवश्यक है। तादृश भेदवत्त्व का अर्थ साध्यवद्भेदत्वावच्छिन्न आधेयता निरूपित अधिकरणता करना चाहिए। उक्त तादृशभेदवत्त्व का अर्थ करने पर "संयोगी द्रव्यत्वात्" यहाँ पर संयोगवद्भेद द्रव्यत्वान्यतरत्वावच्छिन्न आधेयता निरूपित अधिकरणताश्रय द्रव्य में, जो कि संयोगाभाव का अधिकरण भी है उसमें द्रव्यत्व के वृत्ति होने पर भी अव्याप्ति नहीं होगी।

लक्षण घटक साध्याभाववत्त्व का अर्थ साध्यतावच्छेदक-सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव-त्वावच्छिन्न आधेयता निरूपक अधिकरणता करना चाहिए। उक्त निर्वचन करने पर समवाय सम्बन्ध से द्रव्यत्वाभाव को कालिकसम्बन्ध से साध्य करने पर महाकालत्व को हेतु बनाने पर साध्यवद्भिन्न गगनादि में वर्तमान द्रव्यत्वाभाव का स्वरूपसम्बन्ध से अभाव तादृश अभाव द्रव्यत्व के अधिकरण महाकाल में महाकालत्व के वृत्ति होने पर अव्याप्ति नहीं होगी।

साध्याभावत्वावच्छिन्नत्वेन आधेयता का प्रवेश करने पर विशिष्टसत्ताभावसाध्यक गुणत्वहेतुक स्थल में विशिष्टसत्ताभाववद् भिन्नद्रव्य में वर्तमान सत्तास्वरूप साध्याभाव का अधिकरण गुण के होने पर भी अव्याप्ति नहीं होगी।

साध्यवद्भिन्न वृत्ति साध्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव को व्याप्ति का लक्षण करने पर भी घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभावसाध्यक गगनत्व हेतुक स्थल में घटानधिकरणदेशावच्छेदेन अर्थात् जहाँ घट नहीं है तद्देशावच्छेदेन घटाकाशसंयोगाभाव का अधिकरण गगन के होने से

गगनत्व हेतु सद्धेतु है। यहाँ अव्याप्ति हो जायेगी अथवा घटानधिकरणदेशावच्छेदेन घटत्व का, या घटाकाशसंयोग का अभाव गगन में है वही पर गगनत्व हेतु भी है। भाव रूप जो अभाव वह अधिकरण के भेद से भिन्न होता है इस मत को न स्वीकार करते हुए यानी भाव रूप अभाव अधिकरण के भेद से भिन्न नहीं होता है इस मत को स्वीकार करके साध्य पद की सार्थकता को सिद्ध करने पर भी घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाव साध्यक गगनत्व हेतुक स्थल में घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभावाभाव तादृश अन्यतर स्वरूप है अतः साध्याभाव जैसे घट में है वैसे गगन में भी है एवञ्च घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाववद्भेद का अधिकरण जो घट उसमें वर्तमान घटाकाश-संयोगरूप साध्याभाव उसका अधिकरण आकाश भी हो जायेगा तन्निरूपित वृत्तिता गगनत्व हेतु में होने से अव्याप्ति दोष हो जायेगा।

यदि साध्यवद्भिन्नवृत्तित्वविशिष्ट जो साध्याभाव तदधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव को व्याप्ति का स्वरूप स्वीकार कर लिया जाय तो उक्त अव्याप्ति नहीं होगी। क्योंकि घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाववद्-भिन्नघटवृत्तित्वविशिष्टघटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभावाभाव घटाकाशसंयोग स्वरूप साध्याभाव का अधिकरण घट ही होगा गगन नहीं होगा क्योंकि विशिष्टाधिकरणता विलक्षण होती है। तादृश घट में घटत्व है गगनत्व हेतु के न रहने से अव्याप्ति नहीं होगी विशिष्ट अधिकरणता के विलक्षण होने पर "वह्निमान् धूमात्" इस स्थल में वह्निमद्भिन्न जल ह्रदादि वृत्तित्वविशिष्ट द्रव्यत्व का अधिकरण जल ही होगा पर्वत नहीं, तन्निरूपित वृत्तित्व का अभाव धूम में होने से असम्भव दोष नहीं होगा।

अतः असम्भव दोष वारण के लिए साध्याभाव पद का निवेश लक्षण में करना व्यर्थ है।

माथुरी

साध्यवद्भिन्नवृत्तित्वविशिष्टवदवृत्तित्वस्यैव सम्यक्-त्वादिति चेन्न। अभावाभावस्यातिरिक्तत्वमतेनैतल्लक्षणकरणात्। तथाच चाधिकरणभेदेनाभावभेदात्साध्यवद्भिन्ने घटे वर्तमानस्य

साध्याभावस्य प्रतियोगि व्यधिकरणस्य प्रतियोगिमति गगने-ऽसत्त्वादव्याप्तेरभावात्। न चैवं साध्याभावेत्यत्र साध्यपद-वैयर्थ्यम्, अभावाभावस्यातिरिक्तत्वेन द्रव्यत्वादेरभावत्वाभावात् साध्यवद्भिन्नवृत्तिघटाभावादेस्तु हेतुमत्यसत्त्वादधिकरण-भेदेनाभावभेदादिति वाच्यम्। यत्र प्रतियोगिसमानाधिकरणत्व-प्रतियोगिव्यधिकरणत्वलक्षणविरुद्धधर्माध्यासस्तत्रैवाधि' करणभेदेनाऽभावभेदाभ्युपगमो न तु सर्वत्र, तथाच साध्यवद्-भिन्नवृत्तिघटाभावादेर्हेतुमत्यपि सत्त्वादसम्भववारणाय साध्य-पदोपादानात्।

असम्भव दोष के वारित हो जाने पर साध्याभाव पद का निवेश व्यर्थ है इसका प्रतिपादन पूर्व में किया गया है। साध्याभाव पद की व्यर्थता होने के कारण साध्यवद् भिन्नवृत्तित्व विशिष्टवद् अवृत्तित्व ही व्याप्ति का स्वरूप होगा। ऐसा ही निर्वचन करना ठीक है। ऐसा भी नहीं कह सकते हैं। तत्तद् अभाव का जो अभाव होता है वह भाव स्वरूप न होकर सप्तम अभाव स्वरूप होता है यानी भाव से अतिरिक्त होता है इसी मत को स्वीकार करते हुए द्वितीय लक्षण किया गया है। इसलिए अधिकरण के भेद से अभाव का भेद स्वीकार करने पर घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाव स्वरूप जो साध्य तदधिकरण गगनभेदाधिकरण घट में विद्यमान जो तादृशान्यतराभावाभाव स्वरूप साध्याभावप्रतियोगिव्यधिकरण हो जायेगा। प्रतियोगिव्यधिकरण गगन नहीं होगा तन्निरूपित वृत्तिता घटत्व में, वृत्तित्वाभाव गगनत्व हेतु में होने के कारण अव्याप्ति नहीं होगी। इसी तरह पर्वत पक्षक वह्निसाध्यक धूमहेतुक स्थल में वह्निमद्भिन्न जल में विद्यमान जो वह्न्यभाव तदधिकरण जल ही होगा पर्वत नहीं। तन्निरूपित वृत्तित्वाभाव के धूम में रहने से असम्भव दोष भी नहीं होगा। अतः असम्भव दोष के वारण हेतु साध्याभाव यहाँ पर साध्य का निवेश करना व्यर्थ हो जायेगा। अभाव का अभाव (भाव स्वरूप) प्रतियोगी स्वरूप नहीं होता है। अपितु अभाव स्वरूप (सप्तम अभाव स्वरूप) होता है इस मत में वह्नि साध्यक धूम हेतुक स्थल में वह्निमद् भिन्न जलादिवृत्त्यभाव

पद से द्रव्यत्व का ग्रहण नहीं किया जा सकता है। अपितु वह्निमद्भिन्नवृत्ति घटाभाव का ग्रहण किया जा सकता है तादृश घटाभाव का अधिकरण जल ही होगा धूमाधिकरण पर्वत नहीं होगा। क्योंकि अधिकरण के भेद से अभाव का भेद होता है अतः जो घटाभाव जल में है वह पर्वतनिष्ठ घटाभाव से भिन्न है। इसलिए जल में रहने वाला घटाभाव का अधिकरण जल ही होगा तन्निरूपित वृत्तित्वाभाव के धूम में रहने से असम्भव दोष का निराकरण हो जायेगा। अतः साध्यपद का उपादान व्यर्थ है। ऐसा भी कहना समीचीन नहीं प्रतीत होता है। क्योंकि जहाँ पर प्रतियोगि-समानाधिकरणत्व-प्रतियोगी व्यधिकरणत्व स्वरूप दो परस्पर विरुद्ध धर्मों का अध्यास होता है वहीं पर अधिकरण के भेद से अभाव का भेद स्वीकार किया जाता है। सभी जगह अधिकरण के भेद से अभाव का भेद नहीं स्वीकार किया जाता है।

"तथाच" ग्रन्थ से साध्य पद की सार्थकता दिखाते हुए मथुरानाथतर्क वागीश जी कहते हैं कि सभी जगह अभाव में अधिकरण के भेद से अभाव का भेद न स्वीकार करने पर वह्निसाध्यक धूमहेतुक स्थल में वह्निमद् भिन्न जलादि वृत्ति वह्न्यभावाधिकरण में विद्यमान घटाभाव आदि का अधिकरण जैसे जलादि है वैसे धूमवत् पर्वत भी हो जायेगा। तन्निरूपित वृत्तिता ही धूम हेतु में उपलब्ध होने से असम्भव दोष हो जायेगा। तादृश असम्भव दोष निवारण हेतु साध्य पद का उपादान (लक्षण में निवेश) किया गया है। यहाँ पर किसी टीकाकार ने लिखा है कि संसार के अनादि होने के कारण वह्निसाध्यक धूमहेतुकस्थल में ही घटाभाव का प्रतियोगि समानाधिकरणत्व-प्रतियोगिव्यधिकरणत्व स्वरूप विरुद्धधर्माध्यास हो सकता है। अतः उक्त स्थल में विरुद्ध तादृश धर्माध्यास होने के कारण अधिकरण के भेद से अभाव का भेद स्वीकार किया जायेगा। अतः वह्निमद्भिन्न जलादिवृत्ति वह्न्यभाव के अधिकरण जल में विद्यमान घटाभाव का अधिकरण जल ही होगा धूमवत् पर्वत नहीं होगा। अतः उक्त स्थल में असम्भव की आपत्ति नहीं होगी, इसलिए **"यद्वा"** कल्प से मथुरानाथ वागीश जी साध्यपद की सार्थकता को दर्शित करते हुए कहते है।

माथुरी

यद्वा घटाकाशसंयोगघटत्वान्यतराभावाभावोऽतिरिक्त एव, घटाकाशसंयोगादीनामननुगततया तथात्वस्य वक्तुमशक्यत्वात्। घटत्वद्रव्यत्वाद्यभावाभावस्तु नातिरिक्तो घटत्वद्रव्यत्वादीनामप्यनुगतत्वात्, तथाच द्रव्यत्वादिकमादायासम्भववारणायैव साध्यपदमिति प्राहुरित्यास्तां विस्तरः।

कहीं पर अभाव के अभाव को अतिरिक्त स्वीकार किया जाता है तथा कही अभाव के अभाव को अतिरिक्त नहीं स्वीकार किया जाता है। यहाँ पर युक्ति प्रदर्शित करते हुए घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाव साध्यक स्थल में अव्याप्ति को वारित करते हुए कहते हैं कि घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाव का अभाव भाव स्वरूप न होकर अभाव स्वरूप यानी सप्तम अभाव स्वरूप होता है। क्योंकि घटाकाशसंयोग एक नहीं हो सकता है अनुगत न होने के कारण। यहाँ पर श्याम सुन्दर शर्मा जी कहते हैं कि घटाकाशसंयोग- घटत्वान्यतराभाव का अभाव, घटाकाशसंयोग रूप प्रतियोगी स्वरूप नही हो सकता है। क्योंकि घटाकाशसंयोग प्रति व्यक्ति के भिन्न होने से अनुगत नहीं है इसलिए तादृश अन्यतराभाव का अभाव घटाकाशसंयोग स्वरूप न होकर अतिरिक्त सप्तम अभाव स्वरूप ही होता है। घटाकाशसंयोग के एक न होने से घटाकाशसंयोग को अनुगत करना असम्भव हो जायेगा। अतः घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभाव के अभाव को अतिरिक्त स्वीकार करना ही होगा। तादृश अन्यतराभाव साध्यक गगनत्व हेतुक स्थल में अव्याप्ति नहीं होगी। क्योंकि अभावरूप अभाव के अधिकरण के भेद से भिन्न स्वीकार करने पर घटाकाशसंयोग-घटत्वान्यतराभावरूप जो साध्य तदधिकरणाभिन्न घट में वर्तमान घटाकाशसंयोग घटत्वान्यतराभाव के अभाव की अधिकरणता के घट में रहने से अव्याप्ति का वारण सम्भव होगा। प्रति व्यक्ति के भेद से प्रतियोगी जहाँ पर अनुगत नहीं होती है वहीं पर अभाव का अभाव अतिरिक्त होता है सभी जगह अभाव का अभाव अतिरिक्त नहीं होता है। घटत्वाभाव का अभाव घटत्वस्वरूप होता है द्रव्यत्वाभाव का अभाव द्रव्यत्वस्वरूप होता है। क्योंकि द्रव्यत्वाभाव का प्रतियोगी द्रव्यत्व अनुगत

है घटत्वाभाव का प्रतियोगी घटत्व अनुगत है एक होने के कारण। वामाचरण महोदय जी कहते हैं घटत्व एवं द्रव्यत्व जातित्वेन एक है इसलिए द्रव्यत्वाभाव घटत्वाभाव का अभाव द्रव्यत्व घटत्व स्वरूप ही होता है अतिरिक्त अभाव स्वरूप नहीं होता है। इसलिए "वह्नि साध्यक धूम हेतुक स्थल में वह्न्यादिमद्भिन्न जलादिवृत्ति जो अभाव तादृश अभावपद से द्रव्यत्वाभावाभावरूप द्रव्यत्व का भी ग्रहण किया जा सकता है। अधिकरण के भेद से अभाव का भेद उक्त स्थल में नहीं स्वीकार किया जा सकता है। इसलिए द्रव्यत्व का अधिकरण जैसे जल है वैसे पर्वत भी हो सकता है तन्निरूपित वृत्तिता के धूमहेतु में होने से असम्भव दोष पुनः आपतित हो जायेगा। अतः लक्षण में साध्यपद का निवेश करना आवश्यक है। साध्य पद का निवेश लक्षण में कर देने से वह्न्यादिमद् भिन्न जलादिवृत्ति जो साध्याभाव तादृश साध्याभाव पद से द्रव्यत्वा भावाभाव का ग्रहण नही कर सकते हैं। अपितु वह्न्यभाव का ही ग्रहण होगा तदधिकरण जल ही होगा। तन्निरूपितवृत्तित्वाभाव के धूम में रहने से असम्भव दोष का वारणसम्भव है। अतः साध्यपद का निवेश लक्षण में करना आवश्यक है। प्रकर्ष सूचित करने के लिए प्राहुः का प्रयोग ग्रन्थकार ने किया है।

।। इति शम् ।।

द्वितीय लक्षण का हिन्दी व्याख्यान सम्पन्न

गुणातीतोऽपीशस्त्रिगुणसचिवस्त्यक्षरमयः
त्रिमूर्तिर्यः स्वर्गस्थितिविलयकर्माणि तनुते।
कृपापारावारः परमगतिरेकस्त्रिजगताम्
नमस्तस्मै कस्मैचिदमितमहिम्ने पुरभिदे॥

–आचार्यः गङ्गेशोपाध्यायः

तृतीयं व्याप्तिलक्षणम्

तृतीयलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

प्रो० विष्णुपदमहापात्रः

साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्यम्

तृतीयव्याप्तिलक्षणम्

तृतीयलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

डॉ॰ विष्णुपदमहापात्रः

[न्याय-शास्त्र में प्रत्यक्ष, अनुमति, उपमिति और शाब्द भेद से चार प्रमा और उसके साधन के रूप में प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान और शब्द भेद से चार प्रमाण स्वीकृत हैं। प्रत्यक्षप्रमा के प्रति इन्द्रियाँ करण और इन्द्रियार्थसन्निकर्ष व्यापार होता है। अनुमिति के प्रति व्याप्तिज्ञान करण और परामर्श व्यापार है। उपमिति के प्रति सादृश्यज्ञान करण और अतिदेशवाक्यार्थस्मरण व्यापार है। शाब्दबोध के प्रति पदज्ञान करण और पदार्थस्मरण व्यापार है। यद्यपि प्रत्यक्षप्रमाण श्रेष्ठ प्रमाण है तथापि "प्रत्यक्षपरिकलितमप्यर्थमनुमानेन बुभुत्सन्ते तर्करसिकाः त.चि.पक्ष.प्र.पृ-56" इस उक्ति के अनुसार सभी नैयायिक अनुमान में विश्वास रखते हैं, एवं अनुमान से जन्य जो अनुमिति (व्याप्तिविशिष्टपक्ष-धर्मताज्ञानजन्यज्ञानमनुमितिः-त.चि.अनु.प्र.) उसका निरूपण तत्त्वचिन्तामणिकार गंगेशोपाध्याय ने अनुमिति प्रकरण में किया है। किन्तु जिससे जन्य अनुमिति, उसका करण जो व्याप्तिज्ञान उसके विषय या घटक जो व्याप्ति वह क्या है? इस आशय में मणिकार ने व्याप्तिपंचक के निरूपणारम्भ में कहा "नन्वनुमितिहेतु-व्याप्तिज्ञाने का व्याप्तिः-व्य.पं.मा.पृ-1"। अर्थात् इसके समाधान में उपोद्घातसंगति ("चिन्तां प्रकृतसिद्ध्यर्थामु-पोद्घातं विदुर्बुधाः") से पूर्वपक्ष के रूप में व्याप्ति के पाँचों लक्षणों का उपस्थापन किया-"**न तावद-व्यभिचरितत्वम्, तद्धि न साध्याभाववदवृत्तित्वम्,**

साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्वम्, साध्यवत् प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्यम्, सकल-साध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वम्, साध्यवदन्या-वृत्तित्वं वा।" किन्तु यह व्याप्ति लक्षण यथार्थ नहीं है, ऐसा स्वयं मणिकार ने स्वीकार किया है। "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" इत्यादि सद्धेतु (व्याप्तिविशिष्ट-पक्षधर्मतावत्त्वं सद्धेतुत्वम्) स्थलों में लक्षणसमन्वय होने से एवं "पर्वतो धूमवान् वह्नेः" इत्यादि असद्धेतु (व्याप्तिविशिष्ट-पक्षधर्मताभाववत्त्वम्) स्थलों में लक्षणसमन्वय न होने से पाँचों लक्षणों की कोई अव्याप्ति (लक्ष्यैकदेशावृत्तित्वम्) एवं अतिव्याप्ति (लक्ष्यवृत्तित्वे सति अलक्ष्यवृत्तित्वम्) तो नहीं होगी, किन्तु केवलान्वयि (सर्वत्रविद्यमानत्वम्) साध्यक "इदं वाच्यं ज्ञेयत्वात्" सद्धेतु में साध्याभाव-वाच्यत्वाभावों के अप्रसिद्ध होने से इस स्थल में पाँचों लक्षणों की अव्याप्ति होगी, एवं ऐसी अव्याप्ति स्वयं मणिकार को अभिमत है। इस आशय से मणिकार ने कहा–**"केवलान्वयिन्यभावात्-व्या.पं.मा.पृ-12")**।

तृतीयलक्षण की प्रयोजनीयता– व्याप्तिपञ्चक के प्रथम लक्षण **"साध्याभाववदवृत्तित्वम्"** अर्थात् साध्याभावाधिकरण निरूपित आधेयता का अभाव, ऐसा लक्षण स्वीकार करने पर अव्याप्यवृत्ति (निरवच्छिन्न-वृत्तिकान्यत्वमव्याप्यवृत्तित्वम्-व्या.पं.गंगा टी. पृ-60) साध्यक सद्धेतु "अयं[1] कपिसंयोगी[2] एतद्वृक्षत्वात्[3]" में

---

1. कपिसंयोगिन्येतत्पदार्थस्य साध्यताभ्रमनिरासार्थमयमिति पक्षनिर्देशः-सि.ल.जाग.पृ. 59, अयमित्यस्यानुपादाने कपिसंयोगी पक्षः एतदितिसाध्यमिति भ्रमनिरासार्थमयमिति पक्ष निर्देशः, सि.ल.गं.टी.पृ-59।
2. साम्प्रदायिकमते संयोगसामान्याभावस्य द्रव्येऽभावात् कपीति, सि.ल.जा.पृ-60।
3. वृक्षमात्रे कपिसंयोगाभावादेतदिति, सि.ल.जा. पृ-60।

प्रथम लक्षण की अव्याप्ति होगी, क्योंकि साध्य-कपिसंयोग, साध्याभाव-कपिसंयोगाभाव, साध्याभावाधिकरण-कपिसंयोगाभावाधिकरणमूलावच्छिन्न एतद्वृक्ष, मूलावच्छिन्न एतद्वृक्षनिरूपित वृत्तिता-आधेयता ही एतद्वृक्षत्वहेतु में विद्यमान है, तादृश आधेयता का अभाव एतद्वृक्षत्वहेतु में न होने से अव्याप्ति होती है, उसके वारण के लिए प्रथम लक्षण का परित्याग करके द्वितीय लक्षण **"साध्यवद्भिन्नसाध्याभाववदवृत्तित्वम्"** अर्थात् नव्यमत के अनुसार साध्यवद्भिन्न जो साध्याभाव तद्वन्निरूपित आधेयता का अभाव को व्याप्ति के रूप में स्वीकार किया गया है। और ऐसा स्वीकार करने पर "अयं कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" सद्धेतु स्थल में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी, क्योंकि साध्य-कपिसंयोग, साध्यवत्कपिसंयोगवद्-एतद्वृक्ष, एतद्वृक्ष से भिन्न साध्याभाव-कपिसंयोगाभाव, उसके अधिकरण-एतद्वृक्ष नहीं होगा, किन्तु गुणादि होंगे एवं गुण निरूपित आधेयता-वृत्तिता-गुणत्व में, गुणनिरूपित आधेयता का अभाव एतद्वृक्षत्व में विद्यमान होने से उक्त स्थल में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी। किन्तु यहाँ पर विशेष ध्यान रखना चाहिए कि– **"अधिकरण-भेदेनाभावभेदः"** अर्थात् अधिकरण के भेद से अभाव भी भिन्न भिन्न होता है। इस प्रकार नियम को यदि स्वीकार करते हैं तो "कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" इस सद्धेतु में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी, क्योंकि-साध्य-कपिसंयोग, साध्यवत्-कपिसंयोगवत्-एतद्वृक्ष, साध्यवद्भिन्न-कपिसंयोगवद् एतद्वृक्ष से भिन्न यावतीय पदार्थ गुणादि, "गुणे गुणानङ्गीकारात्" अर्थात् संयोग के गुण पदार्थ होने से और गुणों में गुण के न रहने से कपिसंयोगाधिकरण से भिन्न गुण ही होगा एवं कपिसंयोगाधिकरण से भिन्न में रहने वाला जो संयोगाभाव

उसका अधिकरण भी गुण होगा, एतद्वृक्ष नहीं होगा, अधिकरण के भेद से अभाव का भेद होने पर गुणों में रहने वाला कपिसंयोगाभाव एवं मूलावच्छिन्न एतद्वृक्ष में रहने वाला कपिसंयोगाभाव परस्पर भिन्न हैं, अतः तादृश कपिसंयोगाभाव का अधिकरण गुण है एवं गुणनिरूपित आधेयता गुणत्व में, गुणनिरूपित आधेयता का अभाव एतद्वृक्षत्वहेतु में विद्यमान होने से द्वितीयलक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी।

किन्तु जिनके मत में "**अधिकरणभेदेनाभावभेदे मानाभावात्**" अर्थात् अधिकरण के भेद होने पर भी अभाव भिन्न नहीं हैं, उनके मत में तो "अयं कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" इस सद्धेतु में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति होगी, क्योंकि साध्य-कपिसंयोग, साध्यवत्-कपिसंयोगवत्-एतद्वृक्ष आदि, साध्यवद्भिन्न-एतद्वृक्ष से भिन्न गुणादि, कपिसंयोगवत् एतद्वृक्ष से भिन्न गुणादि में रहने वाला साध्याभाव-कपिसंयोगाभाव, ऐसे कपिसंयोगाभाव का अधिकरण (साध्याभाववत्) गुणादि, किन्तु अधिकरण के भेद से अभाव के भेद न होने पर गुणों में रहने वाला कपिसंयोगाभाव एवं मूलावच्छिन्न एतद्वृक्ष में रहने वाला कपिसंयोगाभाव परस्पर अभिन्न होते हैं, अतः कपिसंयोगाभाव का अधिकरण जैसे गुण को लिया जा सकता है वैसे ही कपिसंयोगाभाव का अधिकरण मूलावच्छिन्न एतद्वृक्ष को भी लिया जा सकता है। वैसे मूलावच्छिन्न एतद्वृक्षनिरूपित वृत्तिता-आधेयता ही एतद्वृक्षत्व में विद्यमान है, एवं तन्निष्ठ आधेयता का अभाव एतद्वृक्षत्व हेतु में अविद्यमान होने से उक्त सद्धेतु में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति होती है। अतः "कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" इस स्थल में द्वितीय लक्षण की जो अव्याप्ति है उसके निवारण के लिए तृतीयलक्षण का प्रदर्शन करना अत्यन्त आवश्यक

है। इस सन्दर्भ में दीधितिकार पं. रघुनाथ शिरोमणि का कथन है "कर्मादौ संयोगाद्यभावस्य भिन्नत्वे मानाभावादाह "साध्यवद्" इति व्या.स.सा. पृ-223. अर्थात् कर्मवृत्तिसंयोगाभाव, गुणवृत्तिसंयोगाभाव, द्रव्यवृत्तिसंयोगाभाव ये तीन परस्पर भिन्न हैं, इसमें कोई प्रमाण नहीं है, अर्थात् सभी अभाव एक हैं। यहाँ पर प्रश्न उठता है कि दीधितिकारने "कर्मादौ" कैसे कहा, "गुणादौ" कहना चाहिए था। इसके समाधान में विवृतिटीकाकार पं. वामाचरण कहते हैं, "कर्मपदं द्रव्यभिन्नलक्षणकम्, आदिपदं तु तादृशार्थतात्पर्यग्राहकमित्याशयेन कर्मादावित्युक्तम्, तथा च द्रव्यभिन्नवृत्तिसंयोगाभावस्य द्रव्यवृत्तिसंयोगाभावाद्भिन्नत्वे मानाभावादित्यर्थः पर्यवसितः व्या.पं.जा. पृ-10" अर्थात् कर्मपद द्रव्यभिन्न का लक्षक है, एवं वक्ता का तात्पर्य से कर्मपद से द्रव्यभिन्न में रहने वाला संयोगाभाव और द्रव्य में रहने वाला संयोगाभाव परस्पर भिन्न हैं इसमें कोई प्रमाण नहीं है। व्युत्पत्ति की दृष्टि से भी "कर्मादौ" पद से गुण का ग्रहण हो सकता है, जैसे–"गुणादावित्युक्तौ गुणस्यादिरिति–व्युत्पत्त्या द्रव्यस्यापि लाभः स्यादतः कर्मादावित्युक्तम्। कर्मादावित्युक्तौ च कर्मणः आदिरिति व्युत्पत्त्या गुणस्य लाभसंभवेऽपि न क्षतिः" व्या.पं.मनो. पृ-100", इस प्रकार आशय को ग्रहण करते हुए पं. जगदीशतर्कालंकार कहते हैं–"'भिन्नत्वे' इति। द्रव्यनिष्ठसंयोगाभाववतो भिन्नत्व इत्यर्थः। मानाभावादिति। तथाचात्राव्याप्यवृत्तिसाध्यकसद्धेतावव्याप्तिरिति भावः। व्या.पं.जा.पृ-100"। गदाधर के मत में द्रव्यवृत्तिसंयोगाभाव और गुणवृत्तिसंयोगाभाव परस्पर भिन्न हैं इसमें प्रमाण भी है (एवञ्च द्रव्यवृत्तिसंयोगाभावगुणवृत्तिसंयोगाभावयोर्भेदः सप्रमाण एव गा.व्या.स.सा.पृ-224)। यह स्वीकार करते हुए भी "कर्मादौ" इस प्रकार दीधितिकार के कथन को ध्यान

में रखते हुए द्वितीय लक्षण की अव्याप्यवृत्तिसाध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति के निवारण हेतु तृतीयलक्षण का अवतरण किया गया।"....इत्यभिप्रायेणा-व्याप्यवृत्ति-साध्यकस्थलेऽव्याप्त्या लक्षणान्तरमवतारयति "कर्मादौ" इति गा.व्या.स.सा. पृ-224।" उपर्युक्त कारणों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि दीधितिकार, गदाधर, जगदीश एवं मथुरानाथ को अभिमत है कि अव्याप्यवृत्तिसाध्यक सद्धेतु "अयं कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्, अयं संयोगी द्रव्यत्वात्" स्थलों में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति होगी उसके निवारण के लिए तृतीय लक्षण की अत्यन्त प्रयोजनीयता है।

विशेष– नव्य के मत में "संयोगी द्रव्यत्वात्" इस प्रकार अव्याप्यवृत्ति साध्यकसद्धेतु में प्रथम लक्षण की अव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभाव में साध्यवद्भिन्नत्व को विशेषण के रूप में दिया गया है। इस संदर्भ में स्वयं मथुरानाथ ने कहा– "एवञ्च साध्यवद्भिन्नवृत्तीत्यनुक्तौ संयोगी द्रव्यत्वादित्यादाव-व्याप्तिः।" इसे पुष्ट करते हुए व्याप्तिपंचक के टीकाकार पं. वामाचरण भट्टाचार्य कहते हैं– "गुणादिवृत्ति-संयोगाभावस्य द्रव्यवृत्तिसंयोगाभावादतिरिक्तत्वे प्रमाणाभावाद् द्वितीयलक्षणे संयोगी द्रव्यत्वादित्यादावव्याप्तिरस्त्येव, अतस्तद्वारणायाभिधीयमानं तृतीयलक्षणं व्याख्यातुमुपक्रमते "साध्येति" व्या.पं.वि.टी. पृ-68। इसकी अत्यन्त पुष्टि व्याप्तिसिद्धान्तलक्षण में होती है–"यत्तु-इदं संयोगि द्रव्यत्वादित्यत्राव्याप्तिवारणाय तत् (प्रतियोग्यसमानाधि-करणान्तम्)-व्या.सि.ल.दी. पृ-60।" घटः संयोगी द्रव्यत्वात् यहाँ पर साध्य-संयोग, संयोगवत् (साध्यवत्)-द्रव्य, साध्यवत्-संयोगवत् द्रव्य भिन्न गुणादि में रहने वाला साध्याभाव-संयोगाभाव उसका अधिकरण गुण होता है किन्तु अधिकरण के भेद से अभाव का भेद

न मानने पर संयोगाभाव का अधिकरण जैसे गुण होता है वैसे ही संयोगाभाव का अधिकरण द्रव्य भी होता है (द्रव्ये संयोगसामान्याभावे मानाभावात्–व्या.सि.ल.दी. पृ–63)। अत: संयोगवद्भिन्न में रहने वाला संयोगाभाव का अधिकरण द्रव्य को लिया जा सकता है। तादृश द्रव्य निरूपित वृत्तिता के द्रव्यत्व हेतु में विद्यमान होने से उक्त स्थल में द्वितीय लक्षण की अव्याप्ति होगी। उसके निवारण हेतु तृतीय लक्षण का अवतरण किया गया है।

तृतीयलक्षण में अव्याप्तिवारण प्रकार– अधिकरण के भेद से अभाव भिन्न भिन्न नहीं है इस प्रकार नियम के स्वीकार करने पर द्वितीय लक्षण की उक्त स्थलों में जो अव्याप्ति, उसके वारण के लिए मणिकार व्याप्ति का तृतीय लक्षण बताते हैं–"**साध्यवत्प्रतियोगि-कान्योन्याभावासामानाधिकरण्यम्।**" "अयं कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" यहाँ पर साध्य-कपिसंयोग, साध्यवत्-कपिसंयोगवत् (एतद्वृक्ष), साध्यवत् प्रतियोगी है जिस अन्योन्याभाव का, अर्थात् साध्यवत्प्रतियोगि-कान्योन्याभावकपिसंयोगवान् न या कपिसंयोगवद् भेद:। इस प्रकार अन्योन्याभाव का प्रतियोगी (यस्याभाव: स प्रतियोगी) कपिसंयोगवान्। एवं "कपिसंयोगवान् न" इस प्रकार अन्योन्याभाव का अधिकरण एतद्वृक्ष नहीं होगा। क्योंकि कपिसंयोगवत्पदार्थ एतद्वृक्ष है, (स्वस्मिन् स्वभेदानभ्युपगमात्) स्व में स्व के भेद न होने से कपिसंयोगवद् एतद्वृक्ष का भेद एतद्वृक्ष में नहीं हो सकता, अत: कपिसंयोगवद् भेद (साध्यवत्प्रतियावेगिका-न्योन्याभाव) का अधिकरण गुणादि ही होंगे। एवं गुण निरूपित आधयेता (सामानाधिकरण्य-वृत्तित्व, असामानाधिकरण्य-अवृत्तित्व) गुणत्व में, गुणनिरूपित आधेयता का अभाव एतद्वृक्षत्व हेतु में विद्यमान होने

से उक्त सद्धेतु में तृतीयलक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी। एवं "संयोगी द्रव्यत्वात्" यहाँ पर साध्य-संयोग, साध्यवत्-संयोगवत्-द्रव्य, साध्यवत्प्रतियोगिकान्यो-न्याभाव-"द्रव्यं न" या द्रव्यभेद, उसका अधिकरण गुणादि, तन्निरूपित वृत्तिता-गुणत्व में तादृश वृत्तित्व के अभाव द्रव्यत्व में होने पर तृतीय लक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी।

विशेष– द्वितीय लक्षण में "अधिकरण के भेद से अभाव भिन्न भिन्न है" इस नियम की क्या आवश्यकता पड़ी? इसके समाधान में यह कहा जा सकता है कि द्वितीय लक्षण जो कि साध्यवद्भिन्न में जो साध्याभाव, तदधिकरण निरूपितवृत्तित्वाभाव है, उसमें साध्याभाव और अधिकरण का प्रवेश है, अर्थात् द्वितीयलक्षण अत्यन्ताभाव से घटित है और उसमें अत्यन्ताभावाधि-करणत्व का प्रवेश है, तृतीय लक्षण अन्योन्याभाव से घटित है, उसमें अत्यन्ताभावाधिकरण के प्रवेश न होने से तृतीय लक्षण में इस नियम की कोई आवश्यकता नहीं है। किन्तु द्वितीय लक्षण अत्यन्ताभावाधिकरणत्व से घटित होने के कारण द्वितीय लक्षण में उस नियम की आवश्यकता है।]

चिन्तामणिः

साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्यम्।

साध्यवान् प्रतियोगी यस्यासौ साध्यवत्प्रतियोगिकोऽन्योन्याभावः, तदसामानाधिकरण्यं-तदधिकरणवृत्तित्वाभाव, अर्थात् साध्यवत् है प्रतियोगि जिस अन्योन्याभाव का-साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव, तदधिकरण निरूपित आधेयता का अभाव व्याप्ति है।

विशेष– साध्यमस्यास्तीति साध्यवत्-वतुप् प्रत्ययः, प्रतियोगी (यस्याभावः स प्रतियोगी)- जिसका अभाव वह प्रतियोगी पदार्थ है, और जिसमें अभाव वह अनुयोगी पदार्थ है (यत्र)। जैसे "घटाभाववद्

भूतलम्" यहाँ पर घट प्रतियोगी और भूतल अनुयोगी है। "घटाभावः" या "घटो नास्ति" को न्याय की भाषा में "घटप्रतियोगिकोऽभावः" एवं "घटवान् नास्ति" को "घटवत्प्रतियोगिकोऽभावः" कहा जाता है। अन्योन्याभाव स्थल में भी "घटो न" को "घटप्रतियोगिक भेदः" एवं "घटवान् न" को "घटवत्प्रतियोगिक भेदः" (अन्योन्याभाव) कहा जाता है। क्योंकि एक पदार्थ में अपर पदार्थ का अन्वय होने में सम्बन्ध सापेक्षित होता है। जैसे घट या घटवान् पदार्थ का नञर्थ अभाव या भेद में स्वनिष्ठप्रतियोगिकत्व संसर्ग सापेक्षित है। अत्यन्ताभाव का प्रतियोगि के अधिकरण के साथ विरोध होता है, अर्थात् जहाँ घटात्यन्ताभाव रहता है वहाँ उसके प्रतियोगि घट नहीं रहता है। एवं अन्योन्याभाव का स्वप्रतियोगि के साथ विरोध होता है, अर्थात् "घटो न" इस अन्योन्याभाव का जो प्रतियोगि घट है उस घट में "घटो न" भेद नहीं रह सकता। अत्यन्ताभावः– "नित्य संसर्गाभावत्वम्", और यह अत्यन्ताभाव तादात्म्यातिरिक्तसम्बन्धावच्छिन्न होता है। अन्योन्याभावः–"तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताकाभावः", यह अभाव तादात्म्यसम्बन्धावच्छिन्न होता है। तादात्म्य का अर्थ अभेद है–अभेदस्तादात्म्यम्–व्यु. वा.।

माथुरी

"साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव" इति। हेतौ साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावाधिकरणवृत्तित्वाभाव इत्यर्थः।

मणिकार के तृतीय लक्षण की व्याख्या करते हुए मथुरानाथ जी कहते हैं, "हेतौ साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावाधिकरणवृत्तित्वाभाव इत्यर्थः।" अर्थात् साध्यवत्–साध्यविशिष्ट है प्रतियोगी जिसका, इस प्रकार का अन्योन्याभाव–भेद, उसका असामानाधिकरण अर्थात् अधिकरण निरूपित आधेयता का अभाव। अर्थात् उक्त अन्योन्याभाव के साथ हेतु यदि एक अधिकरण में नहीं रहता है तो तादृश असामानाधिकरण्य धर्म ही व्याप्ति होगी।

विशेष– भेद का अधिकरण और भिन्न इन दोनों के समानार्थक होने से तृतीय लक्षण का स्वरूप ध्वनित होता है–"साध्यवद्भिन्न-निरूपितवृत्तित्वाभाव" व्याप्ति। प्रकृत में भी साध्यवत्प्रतियोगिकान्यो–

न्याभावाधिकरण का अर्थ साध्यवद्भिन्न ही है। एवं तृतीयलक्षण का स्वरूप यदि साध्यवद्भिन्न- निरूपितवृत्तित्वाभाव है तो पञ्चम लक्षण के साथ तृतीयलक्षण का अभेद की आपत्ति आयेगी। क्योंकि पञ्चम लक्षण है "साध्यवदन्यावृत्तित्वम्" अर्थात् अन्य, भिन्न, भेदाधिकरण इन तीनों समानार्थक होने से पञ्चमलक्षण का स्वरूप बनता है "साध्यवद्भिन्ननिरूपित-वृत्तित्वाभाव। अतः दोनों लक्षणों में समानता होने के कारण अभेद की आपत्ति होती है। इसकी विस्तृत चर्चा अग्रिम प्रकरण में करेंगे।

तृतीयलक्षण में समन्वय प्रकार– "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" यह सद्धेतु स्थल है, यहाँ पर पर्वत पक्ष,[1] वह्नि साध्य,[2] और धूम हेतु[3] है। धूम हेतु में वह्नि साध्य की व्याप्ति रहती है। अर्थात् दोनों के बीच का सम्बन्ध-साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्य है। अर्थात् व्याप्ति सम्बन्ध से अतिरिक्त पदार्थ नहीं है। प्रकृत स्थल में साध्य-वह्नि, साध्यवत्-वह्निमत्-पर्वतादि, वह्निमत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव का आकार है "वह्निमान् न या वह्निमद् भेदः" इस प्रकार अन्योन्याभाव या भेद का अधिकरण पर्वतादि नहीं होंगे (स्वस्मिन् स्वभेदानभ्युपगमात्), किन्तु जलहृदादि होंगे, तादृश जलहृद निरूपित वृत्तिता-आधेयता मीनादि में, तादृश आधेयता का अभाव धूम में रहने से "वह्निमान् धूमात्" इस स्थल के धूम हेतु में तृतीय लक्षण की संगति होती है।

"पर्वतो धूमवान् वह्नेः" यह असद्धेतु (व्याप्तिविशिष्टपक्षधर्म-त्वाभाववत्त्वमसद्धेतुत्वम्) स्थल है, क्योंकि वह्नि हेतु की पर्वतवृत्तिता तो है किन्तु अयःगोलकादि में धूम साध्य के अविद्यमान होने से धूम की व्याप्ति वह्नि में नहीं होती है। अतः यह हेतु व्याप्तिलक्षण का लक्ष्य नहीं है। प्रकृत में साध्य-धूम, साध्यवत्-धूमवत्-पर्वतादि, साध्यवत्-धूमवत्-प्रतियोगिकान्योन्याभाव-धूमवान् न या धूमवद्भेद इस प्रकार का भेद का अधिकरण अयःगोलक ही होगा, न कि पर्वतादि, एवं अयःगोलकनिरूपित आधेयता के वह्निहेतु में विद्यमान होने से असद्धेतुस्थलीय

---

1. सन्दिग्धसाध्यवान् पक्षः।
2. साधनेन यत्साध्यते तत्साध्यम्।
3. हेतौ पञ्चमी।

वह्नि हेतु में तृतीय लक्षण के समन्वय नहीं होने पर कोई अतिव्याप्ति भी नहीं हुई।

"घट संयोगी द्रव्यत्वात्" यह सद्धेतु स्थल है। साध्य-संयोग, संयोगवत्-साध्यवत्-द्रव्य है, साध्यवत्-संयोगवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव-संयोगवान् न या संयोगवद् भेद, इस भेद का अधिकरण गुणादि है, गुणनिरूपित आधेयता गुणत्व में, गुणनिरूपित आधेयता का अभाव द्रव्यत्व में विद्यमान होने से द्रव्यत्व हेतु में तृतीयलक्षण की संगति होती है।

माथुरी

"अन्योन्याभावश्च प्रतियोग्यवृत्तित्वेन विशेषणीयस्तेन साध्यवतोव्यासज्यवृत्तिधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववति हेतोर्वृत्तावपि नाऽसम्भवः।"

"हेतौ साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभावः" इस प्रकार तृतीय लक्षण को यथाश्रुत रखा जाय तो "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" इस स्थल के धूमहेतु में व्याप्तितृतीयलक्षण की अव्याप्ति होगी। क्योंकि साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव पद से जैसे वह्निमद् भेद इस प्रकार अन्योन्याभाव ग्रहण किया जाता है, और यह भेद पर्वतादि में नहीं रहता है, वैसे ही "एकसत्त्वेऽपि द्वयं नास्ति" इस न्याय के आधार पर साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावपद से वह्निमद्घटोभयं न या उभय भेद को लिया जा सकता है, ऐसे वह्निमद्घटोभय भेद के अधिकरण पर्वतादि होंगे। तादृश पर्वत निरूपित आधेयता के धूमहेतु में विद्यमान होने से धूमहेतु में तृतीयलक्षण की अव्याप्ति होगी।

यहाँ पर प्रश्न उठता है कि मथुरानाथ ने असम्भव (लक्ष्यमात्रा-वृत्तित्वम्) शब्द का प्रयोग क्यों किया। इसका आशय यह है कि उभयवृत्तिधर्मावच्छिन्न (व्यासज्यवृत्तिधर्मावच्छिन्न) प्रतियोगिताकान्योन्याभाव, अर्थात् "वह्निमान् धूमात्" यहाँ पर जिस प्रकार उभयवृत्तिधर्मावच्छिन्न-प्रतियोगिताकभेद "वह्निमद्घटोभय भेद" को लेकर जैसे अव्याप्ति होती है, वैसे ही उभयवृत्तिधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकभेद अर्थात् साध्यवत्तद-तिरिक्तपदार्थ एतदुभय भेद को अङ्गीकार करके सर्वत्र सद्धेतु स्थलों में

तृतीय लक्षण का समन्वय नहीं हो पायेगा। अतः मथुरानाथ ने अव्याप्ति शब्द का उल्लेख न करते हुए असम्भव शब्द का प्रयोग किया है। इसको दृष्टि में रखकर मथुरानाथ ने लिखा है "साध्यवतो व्यासज्यवृत्तिधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववति हेतोर्वृत्तौ असम्भवः।"

विशेष– "व्यासज्यवृत्तित्वम्-एकत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकपर्याप्तिकान्यत्वम्। व्यासज्यवृत्तिधर्मः-उभयवृत्तिधर्मः-उभयत्वम्-न्या.सि.मु.कि.टी.पृ-233।" अर्थात् न्यायशास्त्रकारों ने उभयवृत्तिधर्म-उभयत्व को ही व्यासज्यवृत्तिधर्म कहा है। अर्थात् "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" यहाँ पर धूमाधिकरण पर्वतादि में वह्नि के विद्यमान होने से वह्न्यभाव नहीं रह सकता, किन्तु जल के पर्वतादि में अभाव होने पर "एकसत्त्वेऽपि द्वयं नास्ति" इस न्याय से वह्निजलोभयाभाव को पर्वतादि में लिया जा सकता है, ऐसे उभयाभाव की प्रतियोगी वह्निजलोभय हैं। प्रतियोगिता-उभय में, प्रतियोगितावच्छेदक-वह्नित्वजलत्वोभयत्व, तदवच्छिन्नवह्निजलोभय, वह्निजलोभयाभाव की प्रतियोगिता वह्निजलोभय में रहती है। अतः ऐसी प्रतियोगिता व्यासज्यवृत्तिधर्मावच्छिन्ना होती है। अन्योन्याभावघटित लक्षण में भी "वह्निमद्घटोभय भेद" की प्रतियोगिता वह्निमद्घटोभय में रहती है। अतः ऐसी प्रतियोगिता व्यासज्यवृत्ति उभयत्वधर्म से अवच्छिन्ना होती है।

असम्भव वारण प्रकार– व्यासज्यवृत्तिधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाव-वह्निमद्घटोभयं न इत्याकारक अन्योन्याभाव को लेकर सर्वत्र सद्धेतु स्थलों में जो असम्भव प्रदर्शन किया गया है उसके निवारण के लिए मथुरानाथ जी कहते हैं "अन्योन्याभावश्च प्रतियोग्यवृत्तित्वेनविशेषणीयस्तेन.....नासम्भवः।" अभिप्राय यह है कि–तृतीय लक्षण में प्रविष्ट साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव को प्रतियोग्यवृत्तित्व से विशेषित होना चाहिए। अर्थात् ऐसा साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव को ग्रहण करना होगा जो स्वप्रतियोगी में वृत्ति न हो। अर्थात् व्यासज्यवृत्तिधर्मावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाव न हो, अर्थात् व्यासज्यवृत्तिधर्मानवच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाव को ही ग्रहण करना होगा। एवं स्वप्रतियोग्यवृत्तित्व से विशेषित तादृश अन्योन्याभाव को ग्रहण करने पर असम्भव भी नहीं होगा। क्योंकि प्रतियोग्यवृत्तिवह्निमत्प्रतियोगिताकान्योन्याभाव पद से

"वह्निमद्घटोभयं न" इस प्रकार का अन्योन्याभाव को नहीं ले सकते। क्योंकि इस प्रकार का अन्योन्याभाव के प्रतियोगी वह्निमद् और घट उभय है, और यह अन्योन्याभाव अपने प्रतियोगि वह्निमद् पर्वतादि में रहता है, अतः अन्योन्याभाव को प्रतियोग्यवृत्ति अन्योन्याभाव पद से सिर्फ वह्निमान् न" इस प्रकार का अन्योन्याभाव ही लिया जा सकता है। वैसे वह्निमान् न इस भेद का अधिकरण जलहृदादि होंगे, तन्निरूपित आधेयता का अभाव धूमहेतु में विद्यमान होने से असम्भव नहीं होगा।

माथुरी

नन्वेवमपि नानाधिकरणकसाध्यके वह्निमान् धूमादित्यादौ साध्याधिकरणीभूततत्तद्व्यक्तित्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववति हेतोर्वृत्तेरव्याप्तिर्दुर्वारेति। प्रतियोग्यवृत्तित्वमपहाय साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभावविवक्षणे तु पञ्चमेन सह पौनरुक्त्यमिति चेत्-

स्वप्रतियोगिताश्रयावृत्तित्व (प्रतियोग्यवृत्तित्व) से विशेषित साध्यवत्प्रतियोगिताकान्योन्याभावाधिकरण निरूपित वृत्तित्वाभाव स्वरूप तृतीय लक्षण स्वीकार करने पर नानाधिकरणक साध्यक "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" स्थलीय धूमहेतु में व्याप्ति तृतीय लक्षण की अव्याप्ति होगी। क्योंकि साध्य-वह्नि, साध्यवत्-वह्निमत्-पर्वत, गोष्ठ, चत्वर महानसादि (वह्न्यधिकरण अनेक हैं)। प्रतियोग्यवृत्ति साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव पद से महानसं न इत्याकारक अन्योन्याभाव, अर्थात् प्रतियोग्यवृत्ति तत्तद्वह्निमत्प्रतियोगिताकान्योन्याभाव–महानसं न इस प्रकार का भेद, इसका प्रतियोगि महानस है, प्रतियोगिभूत महानस में महानस भेद नहीं रहता है, अतः प्रतियोग्यवृत्ति साध्यवत्-वह्निमत्-महानसप्रतियोगिकान्योन्याभाव-महानसं न इस प्रकार का अन्योन्याभाव, ऐसे महानस भेद के अधिकरण पर्वतादि, पर्वतनिरूपित वृत्तिता ही धूम में है, पर्वतनिरूपितवृत्तिता का अभाव धूमहेतु में अविद्यमान होने से धूमहेतु में तृतीयलक्षण की अव्याप्ति होती है। अर्थात् उभयाभाव को लेकर "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" स्थल के धूमहेतु में जो अव्याप्ति का प्रदर्शन किया गया था उसका वारण के लिए प्रतियोग्यवृत्तित्व विशेषित अन्योन्याभाव घटित लक्षण को स्वीकार किया

गया था, वैसे प्रतियोग्यवृत्तित्व विशेषित अन्योन्याभावघटित लक्षण को स्वीकार करने पर भी तत्तत्साध्यवद् व्यक्ति का भेद को लेकर नानाधिकरण साध्यक "वह्निमान् धूमात्, गुणवान् द्रव्यत्वात्" इत्यादि स्थलों में अव्याप्ति होगी ही, इसको दृष्टि में रखकर मथुरानाथ ने कहा—"नन्वेवमपि नानाधिकरणकसाध्यके.....हेतोर्वृत्तेरव्याप्तिर्दुर्वारेति।"

विशेष— "नानात्वं-स्वप्रतियोगिवृत्तित्व-स्वानुयोगिवृत्तित्वोभय-सम्बन्धेन भेदविशिष्टत्वम्। स्वपदेन तत्तदधिकरणभेदो ग्राह्यः। तथा च तादृशभेदविशिष्टाधिकरणताश्रयीभूतं यस्य साध्यतावच्छेदकावच्छिन्नस्य, एवम्भूतं नानाधिकरणं साध्यं यस्य धूमादेः, तादृशनानाधिकरणकसाध्यके वह्न्यादिसाध्यकधूमादावित्यर्थः—व्या.पं.मा.विवृ.टी.पृ-69।" अर्थात् जिस धूमादि का नानाधिकरण साध्य है वह नानाधिकरणक साध्यक, जैसे वह्निमान् धूमात्, गुणवान् द्रव्यत्वात् आदि।

माथुरीकार मथुरानाथ ने पूर्व में असम्भव दोष का प्रतिपादन किया था, वर्तमान अव्याप्ति कहा, आशंका होती है यहाँ भी ग्रन्थकार को असम्भव कहना चाहिए था। इसके समाधान में यह समझना चाहिए कि मथुरानाथ ने नानाधिकरणकसाध्यकस्थल के सन्दर्भ में कहा है, न कि एकाधिकरणकसाध्यक सन्दर्भ में, अर्थात् एकाधिकरणक साध्यकस्थल में प्रतियोग्यवृत्तित्व से विशेषित अन्योन्याभाव घटित तृतीयलक्षण स्वीकार करने पर भी कोई अव्याप्ति नहीं होगी, अतः असम्भव न कहकर अव्याप्ति कहा। जैसे "एतत्फलं एतद्रूपवान् एतद्रसात्" यहाँ पर एतत्फल पक्ष, एतद्रूप साध्य और एतद्रस हेतु है। साध्य और हेतु दोनों पक्ष मात्र में ही हैं। प्रतियोग्यवृत्ति-साध्य-एतद्रूप, साध्यवत्-एतद्रूपवत्-एतत्फल प्रतियोगिकान्योन्याभाव "एतत्फलं न" इस प्रकार का अभाव, इसका प्रतियोगि एतत्फल है, प्रतियोगिभूत एतत्फल में एतत्फल का भेद न होने से "एतत्फलं न" यह भेद प्रतियोग्यवृत्ति अन्योन्याभाव हुआ। तादृश "एतत्फलं न" इस भेद का अधिकरण अपरफल और घटादि, अपरफल एवं घटादि निरूपित वृत्तिता अपरफलत्व और घटत्वादि में, तन्निरूपित वृत्तित्वाभाव के एतद्रस हेतु में विद्यमान होने से एकाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में तृतीय लक्षण की अव्याप्ति नहीं होगी, इसलिए असम्भव का उच्चारण न करके अव्याप्ति कही गयी।

अव्याप्ति वारण प्रकार– नानाधिकरणक साध्यक "वह्निमान् धूमात्" सद्धेतु स्थल में अव्याप्ति वारण के लिए प्रतियोग्यवृत्तित्व विशेषण का परित्याग करके साध्यवत्त्वावच्छिन्न इत्यादि घटित तृतीय लक्षण स्वीकार करने पर उक्त स्थल में अव्याप्ति नहीं होगी, इस संदर्भ में मथुरानाथ ने कहा–"प्रतियोग्यवृत्तित्वमपहाय साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिता-कान्योन्याभाव विवक्षणे।" अर्थात् साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभा-वाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव के लक्षण करने पर अव्याप्ति नहीं होगी, क्योंकि साध्यवत्त्वावच्छिन्न का तात्पर्य है–साध्यवह्नि, साध्यवत्-वह्निमत्-पर्वतादि, साध्यवत्त्व-वह्निमत्व, साध्यवत्त्वावच्छिन्न-वह्निमत्वावच्छिन्न यावत् वह्निमान् पर्वतमहानसादि हैं। अतः वह्निमत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाव पद से वह्निमत्वावच्छिन्नं न (सकलवह्निमान् न) इस प्रकार का भेद ग्रहण किया जाएगा, एकवह्निमत् व्यक्ति का भेद ग्रहण नहीं किया जा सकता। तादृश वह्निमत्वावच्छिन्न भेद का अधिकरण जलहृदादि होंगे, पर्वतादि नहीं होंगे। जलहृदनिरूपित आधेयता मीनादि में, जलहृदनिरूपित आधेयता का अभाव धूम हेतु में विद्यमान होने से अव्याप्ति नहीं होगी।

विशेष– साध्यवत्त्वावच्छिन्ना-साध्यवत्त्वेतरधर्मानवच्छिन्ना या प्रतियोगिता तन्निरूपकान्योन्याभावस्य विवक्षणे त्वित्यर्थः। अर्थात् साध्यवत्त्व से जो इतर धर्म उससे अनवच्छिन्न जो प्रतियोगिता। प्रकृत में वह्निमान् धूमात् यहाँ पर वह्निमत्व धर्म से इतर धर्म घटत्वादि, तादृश धर्म से अनवच्छिन्न प्रतियोगिता वह्निमत्वावच्छिन्नभेदीय वह्निमन्निष्ठ प्रतियोगिता ही होगी।

पुनरुक्तिदोष प्रदर्शन– साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्यो-न्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव स्वरूप व्याप्ति के तृतीय लक्षण स्वीकार करने पर तृतीयलक्षण पञ्चमलक्षण के साथ अभिन्न हो जायेगा। इस सन्दर्भ में मथुरानाथ ने कहा– "साध्यवत्त्वावच्छिन्न.....विवक्षणे तु पञ्चमेन सह पौनरुक्त्यमिति।" क्योंकि मणिकार का पञ्चमलक्षण है "साध्यवदन्यावृत्तित्वम्"। इस लक्षण में प्रविष्ट अन्य पद का अर्थ भेदाधिकरण या भिन्न है, अर्थात् इन शब्दों के समानार्थक होने से, एवं नानाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में पञ्चम लक्षण की अव्याप्ति वारण के लिए पञ्चम लक्षण को भी साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्यो-

न्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव रूप स्वीकार करना है, अतः दोनों लक्षणों के पदपदार्थ समान होने से पुनरुक्ति दोष होगा।

विशेष– पुनरुक्तिः– एकार्थबोधकानेकपदोक्तिः– सर्वतन्त्र-सिद्धान्तपदार्थलक्षणसंग्रहः पृ. 127।

पुनरुक्तम् (निग्रहस्थानम्)– शब्दार्थयोः पुनर्वचनं पुनरुक्तमन्यत्रा-नुवादात्-(गौ.सू. 5/2/4)। अन्यत्रानुवादाच्छब्दपुनरुक्तमर्थपुनरुक्तं वा। तेन पुनरुक्तं शब्दपुनरुक्तार्थपुनरुक्तभेदेन द्विविधम् इति बोध्यते। नित्यः शब्दः नित्यः शब्दः इति शब्दपुनरुक्तम्। अर्थपुनरुक्तम्-नित्यः शब्दः निरोधधर्मको ध्वानः इति-वात्स्या. 5/2/4। "सकृदुच्चरितः शब्दः सकृदेवार्थं गमयति" "प्रत्युच्चारणं शब्दो भिद्यते" इत्यादि न्याय से जैसे "नीलो घटः" यहाँ पर नील पद के उत्तर "सु" विभक्ति, एवं घट पद के उत्तर "सु" विभक्ति उच्चारण के भेद से दोनों परस्पर भिन्न हैं, वैसे ही तृतीय लक्षण में प्रतिपादित शब्द एवं पञ्चम लक्षण में प्रतिपादित शब्द इन दोनों के उच्चारण में भेद होने से परस्पर भिन्न है। अतः पुनरुक्ति नहीं होगी। किन्तु ऐसा कहने पर माथुरीकार के कथन में न्यूनता आयेगी। ऐसी शंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि मणिकार, दीधितिकार, गदाधर, और जगदीश ने भी कहीं पर व्याप्तिपंचक में पुनरुक्ति दोष का उपस्थापन नहीं किया है तो कैसी पुनरुक्ति। इस सन्दर्भ गदाधर ने स्थल विशेष में दीधितिकार के मत को खण्डन करते हुए कहा–"न हि कस्यचिद्, ग्रन्थकृतो विपरीतलेखनं युक्तिबलाद्वस्तुसिद्धौ बाधकम्-व्यु.वा.पृ.38।"

माथुरी

न। वक्ष्यमाणकेवलान्वय्यव्याप्तिवदस्याप्यत्र दोषत्वात्।

पुनरुक्तिदोष का वारण–तृतीय लक्षण में पुनरुक्तिदोष का प्रदर्शन करना संगत नहीं है, क्योंकि साध्यवत्वावच्छिन्न आदि से घटित तृतीय लक्षण स्वीकार करने पर पुनरुक्ति की आपत्ति आयेगी, तृतीय लक्षण पूर्ववत् प्रतियोग्यवृत्ति साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावाधिकरण-निरूपितवृत्तित्वाभाव स्वरूप ही है। किन्तु ऐसा लक्षण के स्वीकार करने पर नानाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति तो बनी रहेगी। तव

मथुरानाथ कहते हैं जैसे "इदं वाच्यं ज्ञेयत्वात्" इति केवलान्वयि साध्यक सद्धेतु में ग्रन्थकार (मणिकार) को अव्याप्ति अभीष्ट है अर्थात् साध्य-वाच्यत्व, साध्यवत्-वाच्यत्ववत्, वाच्यत्व के केवलान्वयि होने से वाच्यत्ववत् समस्त संसार है, वाच्यत्ववत्प्रति- योगिताकभेद के अप्रसिद्ध होने से यहाँ पर अव्याप्ति जैसे अभिमत है, वैसे ही नानाधिकरणकसाध्यकसद्धेतु में तृतीयलक्षण की अव्याप्ति अभिमत है। अतः तृतीय और पञ्चम इन दोनों लक्षणों के परस्पर में भिन्न होने से पुनरुक्ति नहीं होगी।

माथुरी

न च तथापि साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावमात्रस्यै-वैतल्लक्षणघटकत्वे वक्ष्यमाणकेवलान्वय्यव्याप्तिरत्रासङ्गता, केवलान्वयिसाध्यकेऽपि साध्याधिकरणीभूततत्तद्व्यक्तित्वा-वच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभावस्य प्रसिद्धत्वादिति वाच्यम्।

प्रतियोग्यवृत्ति-साध्यवत्प्रतियोगिताकान्योन्याभावाधिकरणनिरूपित-वृत्तित्वाभाव यदि तृतीयलक्षण का स्वरूप है तो केवलान्वयिसाध्यक "इदं वाच्यं ज्ञेयत्वात्" सद्धेतु में अव्याप्ति नहीं होगी। क्योंकि साध्यवत्त्वावच्छिन्न-वाच्यत्ववत्त्वावच्छिन्न-प्रतियोगिताकान्योन्याभाव के अप्रसिद्ध होने पर भी "घटो न" "पटो न" इत्याकारक वाच्यत्ववत्प्रतियोगिकान्योन्याभाव के प्रसिद्ध होने पर केवलान्वयिसाध्यकसद्धेतु में अव्याप्ति नहीं होगी। एवं केवलान्वयिसाध्यकसद्धेतु में तृतीय लक्षण की अव्याप्ति को दृष्टान्त के रूप में स्वीकार करके नानाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में भी अव्याप्ति का प्रदर्शन करना संगत नहीं है। अर्थात् प्रसिद्ध कवेलान्वयिसाध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति के अभाव होने से उसको दृष्टान्त देकर नानाधिकरणकसाध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति प्रदर्शन करने से दृष्टान्तहानि दोष की प्राप्ति होती है।

माथुरी

तत्रापि तादृशान्योन्याभावस्य प्रसिद्धत्वेऽपि तद्वति हेतोर्वृत्तेरेवाऽव्याप्तेर्दुर्वारत्वात्।

"न च वाच्यम्" इत्यादि वाक्य से दृष्टान्तहानि दोष का निवारण करते हुए स्वयं ग्रन्थकार कहते हैं–"तत्रापि.....दुर्वारत्वात्।" अर्थात् साध्यवत्प्रतियोगिकान्योभाव से "इदं वाच्यं ज्ञेयत्वात्" यहाँ पर "घटो न" "पटो न" इत्याकारक अन्योन्याभाव तो प्रसिद्ध है किन्तु "घटो न पटो न" इस प्रकार अन्योन्याभाव के अधिकरण मठादि होंगे, मठादि निरूपित वृत्तिता ही ज्ञेयत्व में (ज्ञानविषयत्वं ज्ञेयत्वम्- सर्वत्र विद्यमान है, केवलान्वयि है) विद्यमान है, मठादि निरूपित वृत्तिता का अभाव ज्ञेयत्व में अविद्यमान होने से तृतीयलक्षण की अव्याप्ति का वारण नहीं कर सकते। अत: केवलान्वयिसाध्यक स्थल में अव्याप्ति का विद्यमान होने से उसको दृष्टान्त देकर नानाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति प्रदर्शन करना संगत है। अर्थात् दृष्टान्तहानि दोष नहीं होगा।

माथुरी

यद्वा– साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावपदेन साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाव एव विवक्षितः, न चैवं पञ्चमाभेदः, तत्र साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववत्त्वेन प्रवेशः, अत्र तु तादृशान्योन्याभावाधिकरणत्वेन, इत्यधिकरणत्वप्रवेशाप्रवेशाभ्यामेव भेदात्।

"यद्वा" कल्प के रूप में स्वयं ग्रन्थकार कहते हैं– "केवलान्वयिन्यभावाद्" इस प्रकार मणि ग्रन्थ से यह प्रतीत होता है कि मणिकार को सिर्फ केवलान्वयिसाध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति अभिमत है, एवं नानाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में तृतीय लक्षण की अव्याप्ति अनभिमत है। क्योंकि नानाधिकरणक साध्यक सद्धेतु में अव्याप्ति के निवारण के लिए साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वाभाव स्वरूप तृतीय लक्षण को स्वीकार करना होगा, और इस लक्षण में प्रतियोग्यवृत्तित्व का विशेषण का कोई आवश्यक भी नहीं है। एवं

साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावपद से साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाव को समझना होगा, और पंचम लक्षण का स्वरूप-साध्यवत्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववन्निरूपितवृत्तित्वाभाव है, साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वाभाव यह तृतीय लक्षण का स्वरूप है। तृतीय लक्षण में अधिकरणत्वपद का प्रवेश है जो पंचम लक्षण में नहीं है। एवं पंचम लक्षण में "वत्त्व" अंश का प्रवेश है जो कि तृतीय लक्षण में नहीं है, अतः वत्त्व एवं अधिकरणत्व पदों के भिन्न होने से पुनरुक्ति नहीं होगी।

माथुरी

अखण्डाभावघटकतया च नाधिकरणत्वांशस्य वैयर्थ्यमिति न कोऽपि दोष इति दिक्।

अधिकरणत्व" अंश का प्रवेश की अपेक्षा "वत्त्व" अंश का तृतीय लक्षण में प्रवेश करने से शरीरकृतलाघव होता। लाघवपक्ष को स्वीकार करके "साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववन्निरूपित वृत्तितवाभाव" को तृतीयलक्षण के रूप में मान लेना चाहिए था? इसके समाधान में ग्रन्थकार कहते हैं "साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभावाधिकरणनिरूपितवृत्तित्वं नास्ति "यह अभाव एक अखण्डाभाव है, अर्थात् साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभावाधिकरणनिरूपित वृत्तित्वं नास्ति, एवं साध्यवत्त्वावच्छिन्नप्रतियोगिताकान्योन्याभाववन्निरूपितवृत्तित्वं नास्ति" ये दोनों अभाव परस्पर भिन्न हैं, क्योंकि प्रतियोग्यंश में विलक्षणता ही अभावों की स्वतन्त्रता को निर्धारण करती है। अतः अधिकरण के स्थान पर वत्त्व, एवं वत्त्व के स्थान पर अधिकरणत्व का प्रवेश संगत नहीं है। इसलिए दोनों लक्षण परस्पर में भिन्न हैं।

विशेष– "अधिकरणत्व" और "वत्त्व" दोनों एक पदार्थ नहीं है। अधिकरणत्व व्याप्यधर्म है, और "वत्त्व" अर्थात् सम्बन्धित्व व्यापकधर्म है। जिस प्रकार वृत्यनियामकसम्बन्ध से अधिकरणत्व नहीं होता है, किन्तु वृत्यनियामकसम्बन्ध से वत्त्व या सम्बन्धित्व सम्भव है, जैसे "धनवान् चैत्रः" इस प्रतीति में वृत्यनियामक स्वामित्वसम्बन्ध से धनविशिष्ट या धनसम्बन्धि चैत्र का अन्वयबोध होता है, किन्तु स्वामित्व सम्बन्ध से

धनाधिकरण चैत्र का अन्वयबोध कदापि सम्भव नहीं है, क्योंकि उक्त स्थल में वृत्यनियामक स्वामित्व सम्बन्ध से धन सम्बन्धि पदार्थ का एकत्र अन्वय और धनाधिकरणत्व का उस सम्बन्ध से वहीं पर अनन्वय होने से "वत्त्व" और "अधिकरणत्व" परस्पर भिन्न पदार्थ हैं ऐसा सिद्ध होता है। यहाँ पर थोड़ा सा ध्यान देना चाहिए कि दोनों लक्षणों में 'वत्त्व' या अधिकरणत्व इनमें भले जिसका प्रवेश हो उसमें हमें कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए, क्योंकि दोनों लक्षणों में साध्यवद् भेद का वैशिष्ट्य स्वरूपसम्बन्ध ही है। स्वरूपसम्बन्ध वृत्तिनियामक सम्बन्ध है, अतः स्वरूपसम्बन्ध से जिस प्रकार अधिकरणत्व प्रसिद्ध है वैसे ही उस सम्बन्ध से सम्बन्धित्व भी प्रसिद्ध है, और पुनरुक्तिदोष के भय से तृतीयलक्षण की प्रतियोगिता में साध्यवत्त्वावच्छिन्नत्व का निवेश नहीं किया जा सकता, यह भी संगत प्रतीत नहीं होता, और इस पर विशेष चिन्तन की आवश्यकता है।

।। इति शम् ।।

तृतीय लक्षण का हिन्दी व्याख्यान सम्पन्न

चतुर्थं व्याप्तिलक्षणम्

चतुर्थलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

प्रो० झोपाह्वो महानन्दः

सकलसाध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वम्

चतुर्थं व्याप्तिलक्षणम्

चतुर्थलक्षणहिन्दीव्याख्याकारः

डॉ॰ महानन्द झा

[न्यायाभिमत चतुर्विध प्रमाओं में अन्यतम प्रमा अनुमितिप्रमा शब्द से व्यवहृत होती है। वह अनुमिति परामर्शजन्य ज्ञानात्मिका है। अतः व्याप्तिज्ञान के विना परामर्श की उत्पत्ति नहीं हो सकती। इसलिए व्याप्तिज्ञान अनुमितिप्रमात्व व्यवस्थापन का हेतु है। उस व्याप्तिज्ञान में विषय-विधया प्रविष्ट व्याप्तिज्ञान क्या है? इस प्रकार की अन्तेवासी को जायमान जो जिज्ञासा, तन्निवृत्यर्थ व्याप्ति के स्वरूप का परिज्ञान कराना आवश्यक है। इसी बात का चिन्तन कर मणिकार ने जिज्ञासा वाक्य का **नन्वनुमितिहेतुव्याप्तिज्ञाने का व्याप्तिः?** इस वाक्य से उत्थापन किया, जिसका आशय यह है कि अनुमानं प्रमाणम् अनुमितिकरणतावच्छेदक धर्मवत्वात्। यहाँ पर अनुमानोद्देश्यक प्रामाण्यविधेयक अनुमिति कारणतावच्छेदकीभूत अनुमिति करणतावच्छेदक धर्मवत्व का अनुमान में निश्चय आवश्यक है। वह अनुमित्यात्मक प्रमा जनकतावच्छेदकीभूत व्याप्ति अव्यभिचरितत्वस्वरूपा है ऐसा पूर्वपक्षत्वेन प्रतिपादन किया गया है।

वह पूर्वपक्षीयाव्याप्ति कहीं अन्वयव्याप्ति स्वरूपा है, यथा–साध्याभाववदवृत्त्वि, साध्यवद्भिन्न साध्याभाव-वदवृत्तित्व, साध्यवत्प्रतियोगिकान्योन्याभावासामानाधिकरण्य, साध्यवदन्यावृत्तित्व ये चारों व्याप्ति अन्वयव्याप्ति हैं। इनका खण्डन जिस प्रकार केवलान्वयिस्थल में समन्वित नहीं होने के कारण किया गया है उसी प्रकार व्यतिरेकव्याप्ति रूप अव्यभिचरितत्व के व्याप्ति का निराकरण के लिए अव्यभिचरितत्त्व की व्यतिरेकव्याप्तिस्वरूपता भी चतुर्थ लक्षण

में प्रतिपादित किया गया है। क्योंकि व्यतिरेकव्याप्ति साध्याभावव्यापकीभूताभावप्रतियोगित्व रूपत्वेन प्रसिद्ध है, जैसे–पर्वतो वह्निमान् धूमात् यहाँ पर वह्न्यभाव का व्यापकीभूत जो अभाव वह धूमाभाव होगा, तत्प्रतियोगित्व धूम में है इसी प्रकार का यह चतुर्थलक्षण है। इस लक्षण का समन्वय "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" यहाँ पर साध्यवह्नि, साध्या-भाववह्न्यभाव, तदधिकरण–जलह्रदनिष्ठ अत्यन्ताभाव–धूमाभाव, तत्प्रतियोगित्व धूम में जाएगा। धूमवान् वह्नेः यहाँ पर साध्य–धूम, साध्याभाव धूमाभाव, तदधिकरण–अयोगोलकनिष्ठअत्यन्ताभाव पद से वह्न्यभाव का ग्रहण सम्भव नहीं है अतः "धूमवान् वह्नेः" इस स्थल में अतिव्याप्ति दोष नहीं होगा।]

चिन्तामणिः

सकलसाध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वम्।

माथुरी

सकलेति। साकल्यं साध्याभाववतो विशेषणम्, तथा च यावन्ति साध्याभावाधिकरणानि तन्निष्ठाभावप्रतियोगित्त्वं हेतोर्व्याप्तिरित्यर्थः।

धूमाद्यभाववज्जलह्रदादिनिष्ठाभावप्रतियोगित्वात् वह्न्यादावतिव्याप्तिरिति यावदिति साध्याभाववतो विशेषणम्। साध्याभावविशेषणत्वे तत्तद्ह्रदावृत्तित्त्वादिरूपेण यो वह्न्याद्यभावस्तस्यापि सकलसाध्याभावत्वेन प्रवेशात् तावदधि-करणाप्रसिद्ध्या असम्भवापत्तेः।

साकल्यघटित चतुर्थलक्षण में सकल पद साध्याभावाधिकरण का विशेषण है ऐसा मथुरानाथ ने सकलं च तत्साध्याभाववत् ऐसी व्युत्पत्ति स्वीकृत कर सकल जो साध्याभावाधिकरण तन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व व्याप्ति है यही व्यतिरेक व्याप्तिस्वरूप हो जाता है। यदि साकल्यपद साध्याभावाधिकरण का विशेषण न दें तो धूमाभावाधिकरण जलह्रदवृत्ति वह्न्यभाव का प्रतियोगित्व वह्नि में भी चला जाएगा। अतः धूम साध्यक

वह्नि हेतुकस्थल "धूमवान् वह्नेः" यहाँ पर अतिव्याप्ति हो जाएगी। जब साध्याभावाधिकरण विशेषणत्वेन सकल पद का उपादान करते हैं तब उक्त स्थल में यावत्साध्याभावाधिकरण पद से आयोगोलक भी सङ्गृहीत हो जाएगा। अतः धूमाभावाधिकरण अयोगोलकनिष्ठ अत्यन्ताभाव पद से वह्न्यभाव का ग्रहण नहीं हो सकेगा। अतएव अतिव्याप्ति दोष नहीं होगा। इस प्रकार मथुरानाथ ने यावदर्थक सकल पद को साध्याभावाधिकरण का विशेषण प्रदर्शित किया है।

दीधितिकार रघुनाथ शिरोमणि ने साकल्यपद को साध्याभाववत् पद में तथा साध्य पद में भी विशेषण प्रदर्शित किया है। इस विषय में गदाधरभट्टाचार्य का यह कहना है कि साध्याभाववत् पद में सकल विशेषण के रहने पर ही साध्य में सकल पद की सार्थकता हो सकेगी। यदि साध्याभाववत् में सकल विशेषण नहीं कहेंगे तो नाना व्यक्ति साध्यक "पर्वतो वह्निमान् धूमात्" इत्यादि सद्धेतु स्थल में साध्याभाववत् यत्किञ्चित् एकाधिकरण महानसादि में पर्वतीय धूमाभाव के रहने से तत्प्रतियोगित्व धूम हेतु में चले जाने से साध्य में यावत् पद निवेश के विना ही लक्षण समन्वय होगा।

इसका आशय यह है कि यदि साध्य में यावदर्थक साकल्य पद का निवेश नहीं करेंगे तब नानाव्यक्ति साध्यकस्थल में पर्वतीय वह्नि व्यक्त्यभावाधिकरण महानस निष्ठ अभाव पद से धूमाभाव का ग्रहण नहीं हो सकता। अतः नानाव्यक्ति साध्यकस्थल में अव्याप्ति होगी। यदि यावदर्थक सकल पद को साध्य में विशेषण देते हैं तब यावत्साध्यान्तर्गत सकल वह्नि आ जायेंगे, तदभावाधिकरण कोई भी हेत्वधिकरण नहीं हो सकेगा अपितु जलह्रदादि होंगे तन्निष्ठाभाव पद से धूमाभाव का उपादान हो जाएगा, तत्प्रतियोगित्व धूम में जाने से लक्षण समन्वय हो जाएगा।

यदि साध्याभाववत् में यावदर्थक साकल्य का निवेश नहीं करेंगे तो धूमाभावाधिकरण जलह्रदनिष्ठ वह्न्यभाव प्रतियोगित्व के वह्नि में जाने से अतिव्याप्ति होगी। जब साकल्य को साध्याभावाधिकरण में विशेषण दे देंगे तो यावत् धूमाभावाधिकरण के अन्तर्गत तप्तायोगोलक भी आ जाएगा, तन्निष्ठाभाव पद से वह्न्यभाव नहीं लिया जा सकता। यही आशय

"साकल्यं साध्याभाववति साध्ये च बोध्यम्" दीधितिकार को अभिप्रेत है।

इस विषय में कि साध्याभाववत् में साकल्य विशेषण के रहने पर ही साध्य में साकल्य विशेषण की सार्थकता सम्भव है, यहाँ पर यह शंका उठती है कि साध्याभाववत् में साकल्य के विशेषण न रहने पर भी वह्निमान् पर्वतान्यत्वात् यहाँ पर साध्य में साकल्य विशेषण की सार्थकता हो सकती है। जैसे यदि साध्य में साकल्य विशेषण नहीं देते हैं तो यत्किञ्चित् वह्न्यभाव का अधिकरण पर्वत भी हो जाएगा उसमें पर्वतभिन्नत्व रूप हेतु का अभाव रहने से अतिव्याप्ति दोष होगा, क्योंकि यत्किञ्चित् वह्न्यभावाधिकरण पर्वतनिष्ठ पर्वतान्यत्वाभाव का प्रतियोगित्व ही पर्वतान्यत्व में चला जाएगा। जब साध्य में साकल्य विशेषण का उपादान कर देंगे तो सकल साध्य का अभाव पर्वत में न मिलकर ह्रद में ही मिलेगा, उस ह्रद में पर्वतान्यत्त्व ही विद्यमान है। अतः साध्याभावाधिकरणनिष्ठ अभाव पद से पर्वतान्यत्व का अभाव नहीं मिलेगा। अतएव तत्प्रतियोगित्व रूप व्याप्तिलक्षण के नहीं जाने से अतिव्याप्ति नहीं होगी, इस प्रकार की शंका कोई लोग उपस्थापित करते हैं लेकिन यह कहना उचित नहीं होगा। क्योंकि साकल्य विशेषण के साध्य में न रहने पर उक्तातिव्याप्ति वारण स्वरूप प्रयोजन होने पर जो साकल्य विशेषण का आगे वास्तविक प्रयोजन निर्दिष्ट किया गया है वह साध्याभाववत् में साकल्य विशेषण रहने पर ही सङ्गत हो सकता है। अतः प्रथम साध्याभाववत् का विशेषण साकल्य है तत्पश्चात् साध्य में साकल्य विशेषण दिया गया है।

यहाँ शङ्का उठती है कि जिस अतिव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभाववत् में साकल्य विशेषण दिया गया है उस अतिव्याप्ति का वारण यदि साध्याभाव में साकल्य विशेषण दे देने से ही हो जाए तो साकल्य विशेषण प्रथमोपस्थित साध्याभाव में ही समझना चाहिए न कि साध्याभावाधिकरण में। ऐसी आशंका होने पर जगदीश तर्कालंकार का यह कहना है कि यदि साकल्य को साध्याभाव का विशेषण दे देते हैं तो "वह्निमान् धूमात्" इसी स्थल में अव्याप्ति होगी वहाँ पर तत्तत्सपक्षावृत्तित्वावच्छिन्नाभाव (चत्वरावृत्तिर्नास्ति, महानसावृत्तिर्नास्ति) एवं

तत्तद्विपक्षावृत्तित्वाभाव (तद् ह्रदावृत्तिर्नास्ति) ये सभी सपक्षावृत्तित्वेन तथा विपक्षावृत्तित्वेन वह्निप्रतियोगिक अभाव है। इन समस्त अभावों का एकाधिकरण अप्रसिद्ध हो जाने से "वह्निमान् धूमात्" इत्यादि स्थलों में अप्रसिद्धि दोष हो जाएगा।

अतः साकल्य साध्याभाववत् में विशेषण है न कि साध्याभाव में। इस प्रकार से मथुरानाथ के मत में यावदर्थक साकल्य केवल साध्याभावाधिकरण में ही विशेषण प्रदर्शित किया गया है।

दीधितिकार ने साध्याभाववत् में तथा साध्य में भी साकल्य को विशेषण स्वीकार किया है। उनके मत की विवेचना करने वाले जगदीश तर्कालंकार तथा गदाधर भट्टाचार्य ने भी साध्य तथा साध्याभाववत् में इसकी विशेषणता स्वीकार किया है।

"सकलसाध्याभाववन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व" इस चतुर्थ लक्षण में साध्याभाव साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकधर्मावच्छिन्न साध्यनिष्ठप्रतियोगिताक अभाव स्वरूप कहना चाहिए। यदि साध्यनिष्ठ प्रतियोगिता में साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्नत्व का निवेश न करेंगे तो समवाय सम्बन्धेन वह्न्यभाव का अधिकरण पर्वत हो जाएगा, तन्निष्ठाभाव पद से संयोग सम्बन्धेन धूमाभाव नहीं लिया जा सकेगा अतः वह्निमान् धूमात् यहाँ पर अव्याप्ति हो जाएगी। साध्यनिष्ठ प्रतियोगिता में साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्नत्व के निवेश करने पर लक्षणघटक अभाव पद से समवायसम्बन्ध से वह्न्यभाव नहीं ले सकेंगे, क्योंकि प्रकृत में समवाय सम्बन्ध साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध नहीं है किन्तु संयोग सम्बन्ध से ही वह्न्यभाव लिया जाएगा, तदधिकरण पर्वतादि न होकर जलह्रदादि होंगे, तन्निष्ठाभाव प्रतियोगित्व धूम में चला जाएगा।

इसी प्रकार लक्षणघटक साध्यनिष्ठ प्रतियोगिता में साध्यतावच्छेदक धर्मावच्छिन्नत्व का निवेश नहीं करेंगे तो संयोग सम्बन्ध से वह्निघटोभयाभावाधिकरण पर्वतादि निष्ठ अभाव का प्रतियोगित्व धूम में नहीं जाने से उक्त स्थल में ही पुनरव्याप्ति हो जाएगी।

साध्यतावच्छेदक धर्मावच्छिन्नत्व विशेषण देने पर तादृश प्रतियोगिता में उभयत्वावच्छिन्नत्व है, न कि केवल साध्यतावच्छेदकधर्मावच्छिन्नत्व।

माथुरी

न च द्रव्यं सत्त्वादित्यादौ द्रव्यत्वाभाववति गुणादौ सत्वादेर्विशिष्टाभावादि सत्त्वादतिव्याप्तिरिति वाच्यम्, तादृशाभावप्रतियोगितावच्छेदक हेतुतावच्छेदकवत्वस्येह विवक्षितत्वात्। प्रतियोगिता च हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्ना ग्राह्या, तेन द्रव्यत्वाभाववति गुणादौ सत्तादेः संयोगादि-सम्बन्धावच्छिन्नाभावसत्त्वेऽपि नातिव्याप्तिः।

अतः अव्याप्तिदोष नहीं होगा। क्योंकि लक्षणघटक अभाव पद से संयोग सम्बन्ध से वह्न्यभाव ही होगा तदधिकरण ह्रदादिनिष्ठ अभाव प्रतियोगित्व धूम में रहने से अव्याप्तिदोष वारित हो जाएगा।

इस प्रकार साध्यनिष्ठ प्रतियोगिताक अभाव के परिष्कृत करने पर भी "द्रव्यं सत्त्वात्" यहाँ पर समवाय सम्बन्धेन द्रव्यत्वाभावाधिकरण गुणनिष्ठ विशिष्ट सत्ताभाव का प्रतियोगित्व विशिष्ट सत्ता में रह गया तथा विशिष्टं शुद्धान्नातिरिच्यते" इस न्याय से विशिष्ट सत्ता के शुद्ध सत्ता से अभिन्न होने के कारण द्रव्यत्वाभावाधिकरण गुण निष्ठ विशिष्ट सत्ताभाव की प्रतियोगिता सत्ता में भी चली गयी। अतः द्रव्यं सत्वात् यहाँ पर अतिव्याप्ति दोष होगा। इस दोष के परिहार के लिए **"यावत् साध्याभावाधिकरणनिष्ठ अभावप्रतियोगितावच्छेदक हेतुतावच्छेद-कवत्त्वम्"** ऐसी व्याप्ति बनानी पड़ेगी। ऐसा लक्षण बनाने पर उक्त स्थल में द्रव्यत्वाभावाधिकरण गुणनिष्ठ विशिष्ट सत्ताभाव का प्रतियोगितावच्छेदक विशिष्ट सत्तात्व ही होगा न कि सत्तात्व। यद्यपि विशिष्ट सत्ता और शुद्ध सत्ता एक ही है तथापि विशिष्ट सत्तात्वेन रूपेण विशिष्ट सत्ता द्रव्य में ही रहती है तथा सत्तात्वेन रूपेण सत्ता, द्रव्य-गुण-कर्म तीनों में रहती है।

प्रकृत स्थल में यदि सत्तात्व को हेतुतावच्छेदक न मानकर विशिष्ट सत्तात्व को स्वीकार किया जाएगा तब उक्त स्थल व्यभिचारी न होकर सद्धेतु हो जाएगा। यद्यपि तादृश हेतुतावच्छेदक हेतुतावच्छेदकवत्त्वम् ऐसा लक्षण करने पर भी द्रव्यं सत्वात् इसी स्थल में द्रव्यत्वाभावाधिकरण

गुणनिष्ठ अभाव पद से संयोग सम्बन्ध से सत्ताभाव लेकर पुनः अतिव्याप्ति हो जाएगी क्योंकि संयोग सम्बन्ध केवल दो द्रव्यों का ही होता है न कि जाति संयोग सम्बन्ध से कहीं रहती है। अतः संयोग सम्बन्ध से सत्ता का अभाव व्यधिकरण सम्बन्धावच्छिन्न प्रतियोगिताक अभाव है और व्यधिकरणसम्बन्धावच्छिन्न प्रतियोगिताक अभाव के केवलान्वयि होने से गुण में रहने में भी कोई बाधक नहीं है, अतः उक्त स्थल में अतिव्याप्ति होगी। अतएव "**यावत्साध्याभावाधिकरणनिष्ठाभावीय हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगितावच्छेदकवत्त्वं व्याप्तिः**" ऐसा कहना पड़ेगा।

यद्यपि साध्य में साकल्य विशेषण देने पर भी वह्निमान् धूमात् यहाँ पर वह्निघटोभयं नास्ति इस अभाव के साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक होने के कारण लक्षणघटक होने से तदधिकरण पर्वतनिष्ठ अभाव प्रतियोगित्व धूम में नहीं गया। अतः वह्निमान् धूमात् यहाँ अव्याप्ति लगी रहेगी। यदि साध्यनिष्ठ प्रतियोगिता में व्यासज्यवृत्तिधर्मानवच्छिन्न का निवेश कर इस अव्याप्ति के वारण का प्रयास करें तो "वह्नि धूमोभयवान् वह्नेः" यहाँ पर व्यासज्यवृत्तिधर्मानवच्छिन्न प्रतियोगिताक साध्याभाव पद से वह्न्यभाव तथा धूमाभाव का ही ग्रहण सम्भव है तदधिकरण ह्रदादिनिष्ठ अभाव का प्रतियोगित्व वह्नि में चला जाएगा। अतः अतिव्याप्ति होगी।

एतद्दोष परिहार के लिए साध्यतावच्छेदक भिन्नः यः व्यासज्यवृत्तिधर्मः तदनवच्छिन्न प्रतियोगिताकत्व का यदि साध्यनिष्ठ प्रतियोगिताकाभाव में निवेश करते हैं तब लाघवात् साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताकत्व को ही अभाव में विशेषण देना उचित होगा। इसी आशय से दीधितिकार ने "साध्याभावो वा साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न-प्रतियोगिताको ग्राह्यः" ऐसा कहा है। विपक्ष के एक देश में व्यभिचारी हेतु का अभाव लेकर अतिव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभाववत् में साकल्य विशेषण दिया गया है, ऐसा दीधितिकार ने प्रतिपादित किया है।

माथुरी

साध्याभावश्च साध्यतावच्छेदकावच्छिन्नसाध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नप्रतियोगिताको ग्राह्यः, अन्यथा पर्वतादावपि वह्न्यादेर्विशिष्टाभावादिसत्त्वेन समवायादिसम्बन्धावच्छिन्नवह्न्यादिसामान्याभावसत्त्वेन च यावदन्तर्गततया तन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वाभावाद् धूमस्यासम्भवः स्यात्।

साध्याभाव में साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताकत्व के निवेश न करने पर नानाव्यक्ति साध्यक सद्धेतु में एकैक साध्याभाव व्यक्त्यधिकरण निष्ठाभाव प्रतियोगित्व के हेतु में न रहने के कारण अव्याप्ति होगी, अतः साध्याभाव में साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताकत्व का निवेश है। इसी प्रकार यदि साध्य में साकल्य विशेषण नहीं देंगे तब अव्याप्यवृत्ति साध्यक व्याप्यवृत्ति सद्धेतु स्थल में अर्थात् "कपि संयोगी एतद्वृक्षत्वात्" यहाँ पर कपि संयोगत्वावच्छिन्न यत्किञ्चित् संयोगाधिकरण एतद्वृक्ष में एतद्वृक्षस्वरूप हेतु के अभाव नहीं होने के कारण साध्याभावाधिकरण निष्ठाभाव प्रतियोगित्व एतद्वृक्षत्व में नहीं गया। अतः अव्याप्ति दोष की आपत्ति होगी। साकल्य विशेषण देने पर सकल साध्य के अभाव का अधिकरण जो गुणादि, तन्निष्ठ अभाव पद से एतद्वृक्षत्वाभाव भी गृहीत हो जाएगा, अतः तत् प्रतियोगित्व एतद्वृक्षत्व में चले जाने से अव्याप्ति नहीं होगी।

यहाँ नानाव्यक्ति साध्यकत्व का अर्थ व्यधिकरण साध्यद्वयवृत्ति साध्यतावच्छेदककत्व है। जैसे पर्वतो वह्निमान् धूमात् यहाँ पर महानसीय वह्नि एवं पर्वतीय वह्नि दोनों ही व्यधिकरण है तथा साध्यान्तर्गत उनमें साध्यतावच्छेदक वह्नित्व विद्यमान है, अतः इस स्थल को नानाव्यक्तिसाध्यक स्थल कहते हैं। इसी कारण एतद् व्यक्तिवृत्ति यावद्धर्मवान् एतत्वात् इत्यादि नाना व्यक्तिसाध्यकस्थल में अव्याप्ति न होने पर भी कोई अनुपपत्ति नहीं होती।

माथुरी

न च कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् इत्यादौ एतद्वृक्षस्यापि तादृशसाध्याभाववत्त्वेन यावदन्तर्गततया तन्निष्ठाभावप्रतियोगित्वाभावादेतद्वृक्षत्वस्याव्याप्तिरिति वाच्यम्, किञ्चिदनवच्छिन्नायाः साध्याभावाधिकरणताया इह विवक्षितत्वात्। इत्थञ्च किञ्चिदनवच्छिन्नायाः कपिसंयोगाभावाधिकरणताया गुणादावेव सत्त्वात् तत्र च हेतोरप्यभावसत्त्वान्नाव्याप्तिः।

न च कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वादित्यादौ साध्याभावस्य कपिसंयोगादेर्निरवच्छिन्नाधिकरणत्वाप्रसिद्ध्या अव्याप्तिरिति वाच्यम्, केवलान्वयिन्यभावादित्यनेन ग्रन्थकृतैव एतद्दोषस्य वक्ष्यमाणत्वात्।

इस लक्षण में साध्याभाव तथा हेत्वभाव दोनों में ही प्रतियोगी व्यधिकरणत्व विशेषण आवश्यक है अन्यथा साध्याभाव में यदि प्रतियोगी वैयधिकरण्य का निवेश नहीं करेंगे तो कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् यहाँ कपिसंयोग रूप साध्याभावाधिकरण मूलावच्छिन्न एतद्वृक्ष में एतद्वृक्षत्वाभाव के नहीं रहने से अव्याप्ति हो जाएगी। साध्याभाव में प्रतियोगी वैयधिकरण्य विशेषण प्रदान करने से एतद्वृक्ष में प्रतियोगिव्यधिकरण होता हुआ कपिसंयोगाभाव नहीं रहेगा किन्तु प्रतियोगिव्यधिकरण कपिसंयोगाभाव का अधिकरण एतद् मूल होगा, तन्निष्ठाभाव एतद्वृक्षत्वाभाव, तत्प्रतियोगित्व के एतद्वृक्षत्व में रहने से अव्याप्तिदोष वारित हो जाएगा। इसी प्रकार यदि हेत्वभाव में प्रतियोगि वैयधिकरण्य विशेषण का उपादान नहीं करेंगे तो पृथिवी कपिसंयोगात् यहाँ पर पृथिवीत्वाभावाधिकरण जलनिष्ठ कपिसंयोगाभाव का प्रतियोगित्व ही कपिसंयोग रह जाएगा। अतः कपिसंयोगात्मक अव्याप्यवृत्तिहेतुक उक्त स्थल में अतिव्याप्ति होगी। तादृश विशेषण के हेत्वभाव में उपादान करने पर पृथिवीत्वाभावाधिकरण जल में प्रतियोगिव्यधिकरण कपि संयोगाभाव गृहीत नहीं हो सकेगा। जल में कालभेद से कपिसंयोग तथा कपिसंयोगाभाव दोनों ही विद्यमान है। इस प्रकार से साध्याभाव तथा हेत्वभाव में प्रतियोगिवैयधिकरण्य का निवेश

कर गदाधर भट्टाचार्य ने उक्त दोषों का परिहार किया है जो कि दीधितिकाराभिमत है।

"अभावद्वये प्रतियोगिव्यधिकरणत्वं बोध्यम्" ऐसा दीधितिग्रन्थ में स्पष्टतया उल्लिखित है। अभावद्वय में प्रतियोगी वैयधिकरण्य प्रतियोग्यधिकरणावृत्तित्वरूप नहीं कहा जा सकता। यदि प्रति-योग्यधिकरणावृत्तित्व ही प्रतियोगि वैयधिकरण्य पदार्थ हो तब कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् इत्यादि अव्याप्यवृत्ति साध्यकस्थल में प्रतियोग्यधिकरणावृत्ति कपिसंयोगात्मक साध्य का अभाव ही अप्रसिद्ध हो जाएगा। एवं द्रव्यं संयोगात् इत्यादि अव्याप्यवृत्ति हेतुकस्थल में प्रतियोग्यधिकरणावृत्ति संयोगाभाव रूप हेत्वभाव के अप्रसिद्ध होने से अव्याप्ति होगी। अतः प्रतियोगी व्यधिकरणत्व प्रतियोग्यधिकरणावृत्तित्व स्वरूप नहीं है। किन्तु प्रतियोग्यनधिकरणवृत्तित्व स्वरूप है, ऐसा स्वीकार करने पर लक्षण का स्वरूप "**प्रतियोग्यनधिकरणवृत्तित्त्वविशिष्टसाध्याभावाधिकरणेषु यावत्सु प्रतियोग्यनधिकरणवृत्तित्वविशिष्टः सन् वर्तते यः अभावः तत्प्रतियोगित्वं व्याप्तिः।**" अर्थात् अपने प्रतियोगी के अनधिकरण में रहने वाला जो साध्याभाव, उसके समस्त अधिकरण में प्रतियोग्यनधिकरणवृत्ति होता हुआ विद्यमान जो अभाव तत्प्रतियोगित्व ही व्याप्ति है। इस प्रकार से प्रतियोगी व्यधिकरण पदार्थ के निर्वचन करने से अव्याप्यवृत्तिसाध्यक कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् इस स्थल में कपिसंयोगानधिकरण गुणादिवृत्तित्वोपलक्षित कपिसंयोगाभाव के हेत्वधिकरण में रहने पर भी अव्याप्ति नहीं होगी। क्योंकि प्रतियोग्यनधिकरण गुण में रहने वाला कपिसंयोगाभाव कथमपि एतद्वृक्ष में नहीं रहेगा। इसका अधिकरण गुणादि ही होंगे, तन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व एतद्वृक्षत्व में रह गया। अतः अव्याप्ति दोष नहीं होगा। एवम् एतद्वृक्षत्ववान् कपिसंयोगात् इत्यादि व्यभिचारी स्थल में कपिसंयोगाभाव के सकल एतद्वृक्षत्वाभावाधिकरण में रहने पर भी अतिव्याप्ति नहीं होगी, क्योंकि एतद्वृक्षत्वाभावाधिकरणान्तर्गत अपर वृक्ष में प्रतियोगी व्यधिकरण कपि संयोगाभाव नहीं रह सकता। इस प्रकार से "प्रतियोग्यनधिकरण साध्याभावाधिकरण यावद् वृत्ति स्व प्रतियोग्यनधिकरणताक अभाव प्रतियोगित्वम्" ऐसा निष्कृष्ट लक्षण किया गया है।

एतल्लक्षण घटक प्रथम में प्रतियोग्यनधिकरणत्व साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से प्रतियोग्यनधिकरणत्व का प्रवेश किया गया है तथा द्वितीय प्रतियोग्यनधिकरणत्वघटक प्रतियोग्यनधिकरणत्व हेतुतावच्छेदकसम्बन्ध से निवेश किया गया है। यदि साध्याभावविशेषणीभूत प्रतियोग्यनधिकरणत्व घटक प्रतियोग्यधिकरणत्व साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से प्रविष्ट न करेंगे तो अयमात्मा आत्ममहाकालान्यतरत्वात् इस स्थल में आत्मत्वाभावाधिकरण काल में आत्मत्व रूप साध्य का अभाव कालिक सम्बन्ध से आत्मत्व रूप प्रतियोगी का समानाधिकरण ही हो गया। अतः साध्यतावच्छेदक समवाय सम्बन्ध से प्रतियोगी व्यधिकरण आत्मत्वाभाव का अधिकरण घट-पटादि हो गया, उसमें प्रतियोगी व्यधिकरण अभाव हेत्वभाव नहीं होगा। अतः अतिव्याप्ति नहीं होगी। इसी प्रकार हेत्वभाव घटकीभूत प्रतियोग्यनधिकरणत्व यदि हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से निविष्ट नहीं करेंगे तो वह्निमान् धूमात् यहाँ पर प्रतियोगि व्यधिकरण साध्याभावाधिकरण ज्ञान में विषयिता सम्बन्ध से धूमात्मक प्रतियोगी के रहने के कारण वह्न्यभावाधिकरण निष्ठ अभाव पद से धूमाभाव भी गृहीत नहीं हो सकेगा। अतः वह्निमान् धूमात् यहाँ पर भी अव्याप्ति हो जाएगी। जब हेत्वभावघटक जो प्रतियोग्यनधिकरणत्व तद्घटक प्रतियोग्यधिकरणता को हेतुतावच्छेदक सम्बन्ध से प्रविष्ट करते हैं तो संयोग सम्बन्ध से धूम का अनधिकरण वह्न्यभावाधिकरण ज्ञान हो जाएगा। अतः उसमें रहने वाला धूमाभाव प्रतियोगी व्यधिकरण हो जाएगा, तत्प्रतियोगित्व के धूम में चले जाने से अव्याप्ति वारित हो जाएगी।

इस प्रकार से गदाधरभट्टाचार्य ने चतुर्थ लक्षण घटक साध्याभाव अर्थात् हेत्वभाव में प्रतियोगी व्यधिकरणत्व का निवेश कर दोषों उद्धार किया। इसी प्रकार जगदीश तर्कालंकार ने भी साध्याभाव में प्रतियोगी वैयधिकरण्य का निवेश किया। उन्होंने **"साध्यतावच्छेदकसम्बन्धेन प्रतियोगिनो यदधिकरणं तद्वृत्तित्वं प्रतियोगिव्यधिकरणत्वम्"** ऐसा कहा। यदि इस प्रकार का प्रतियोगि वैयधिकरण्य साध्याभाव में निवेश न करेंगे तो धूमाभावाधिकरण अयोगोलक में कालिक सम्बन्ध से धूम के रहने के कारण धूमाभाव प्रतियोगि व्यधिकरण नहीं हो सकेगा, क्योंकि धूमाभाव के प्रतियोगी धूम का अधिकरण ही कालिक सम्बन्ध से

अयोगोलक हो जाएगा। जब साध्यतावच्छेदक सम्बन्ध से प्रतियोगि वैयधिकरण्य का निवेश करेंगे तो साध्यतावच्छेदक संयोग सम्बन्ध से धूम का अनधिकरण अयोगोलक हो जाएगा। अतः प्रतियोगिव्यधिकरण धूमाभाव का अधिकरण ही अयोगोलक हो गया, तन्निष्ठाभाव वह्न्यभाव के नहीं मिलने से अतिव्याप्ति होगी।

इसी प्रकार हेत्वभाव में प्रतियोगिवैयधिकरण्य भी प्रतियोगिता-वच्छेदक सम्बन्ध से प्रतियोग्यनधिकरणत्व घटित ही कहना चाहिए। यदि हेत्वभाव में प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध से प्रतियोग्यनधिकरणत्व का निवेश न करेंगे तब अयमात्मा ज्ञानात् यहाँ पर आत्मत्वाभावाधिकरण घट में विद्यमान ज्ञान रूप हेतु का अभाव विषयतासम्बन्ध से प्रतियोगी समानाधिकरण ही हो जाएगा। अतः प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध का प्रतियोगि व्यधिकरण की कुक्षि में प्रवेश आवश्यक है, ऐसा होने पर प्रकृत में समवाय सम्बन्ध से ज्ञानाभाव ही घट में गृहीत होगा उसका प्रतियोगितावच्छेदक सम्बन्ध समवाय है। उस समवाय सम्बन्ध से ज्ञान स्वरूप प्रतियोगी का अनधिकरण साध्याभावाधिकरण घट हो गया। अतः साध्याभावाधिकरण निष्ठ प्रतियोगि व्यधिकरण अभाव पद से ज्ञानाभाव का ग्रहण हो जाएगा, तत्प्रतियोगित्व के ज्ञान में चले जाने से लक्षण का समन्वय हो जाएगा। इस प्रकार से प्रतियोगि वैयधिकरण्य पदार्थ का निर्वचन जगदीश तर्कालंकार ने किया। इसी प्रकार जगदीश के मतानुसार भी साध्याभाव को साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न साध्यतावच्छेदकावच्छिन्न प्रतियोगिताक अभाव कहना चाहिए, तथा हेत्वभाव को भी हेतुतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न हेतुतावच्छेदका- वच्छिन्न प्रतियोगिताक कहना चाहिए।

साध्यनिष्ठ प्रतियोगिताकाभावस्वरूप साध्याभावीय साध्यनिष्ठ प्रतियोगिता में यदि साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्नत्व का प्रवेश नहीं करेंगे तो समवाय सम्बन्ध से वह्निर्नास्ति इत्याकारक वह्न्यभावाधिकरण पर्वत निष्ठ अभाव पद से धूमाभाव का ग्रहण न होने के कारण वह्निमान् धूमात् यहाँ अव्याप्ति होगी। साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्नत्व के प्रवेश करने पर संयोग सम्बन्धावच्छिन्न प्रतियोगिताकाभावाधिकरण पर्वतादि नहीं अपितु ह्रदादि होंगे तन्निष्ठाभावप्रतियोगित्व के धूम में रहने के कारण

लक्षण समन्वय हो जाएगा। इसी तरह संयोग सम्बन्ध से तत्तद् वह्निव्यक्तिर्नास्ति वह्निघटोभयं वा नास्ति इत्याद्याकारक अभाव को लेकर अव्याप्ति वारण करने के लिए साध्यनिष्ठ प्रतियोगिता में साध्यतावच्छेदक- मात्रावच्छिन्नत्व का प्रवेश किया गया है। इस तरह साध्याभाव पदार्थ का विवेचन तीनों ही व्याख्याकारों का एक समान ही है। हेत्वभाव को प्रतियोगितावच्छे-दकावच्छिन्न प्रतियोगि व्यधिकरण कहना चाहिए तथा हेतु निष्ठ प्रतियोगिता को भी हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न कहनी चाहिए।

एतल्लक्षणघटक हेत्वभाव में विद्यमान प्रतियोगि वैयधिकरण्यघटक स्वप्रतियोगितावच्छेकावच्छिन्नत्व का यदि निवेश नहीं करेंगे तो द्रव्यं विशिष्ट सत्वात् यहाँ अव्याप्ति होगी। प्रतियोगि व्यधिकरण साध्याभाव पद से द्रव्यत्वाभाव लिया जाएगा, इस द्रव्यत्वाभाव का अधिकरण गुण होगा, तन्निष्ठ जो विशिष्ट सत्ताभाव है उसका प्रतियोगी जो विशिष्ट सत्ता वह शुद्ध सत्ता से अनतिरिक्त होने के कारण विशिष्ट सत्ताभाव का प्रतियोगी शुद्ध सत्ता भी हो गया, उसका अधिकरण ही साध्याभावाधिकरण गुण हो गया। अतः प्रतियोगी व्यधिकरण साध्याभावाधिकरण निष्ठ अभाव पद से विशिष्टसत्ताभाव नहीं लिया जा सकेगा, अतः अव्याप्ति हो जाएगी।

जब प्रतियोगितावच्छेकावच्छिन्नानधिकरणत्व घटित निवेश करेंगे तब साध्याभावाधिकरण गुणनिष्ठ जो विशिष्ट सत्ताभाव तादृश अभाव प्रतियोगितावच्छेदक विशिष्ट सत्तात्वावच्छिन्न का अनधिकरण साध्याभावाधिकरण गुण हो गया अतः तादृश अभाव के प्रतियोगि व्यधिकरण होने के कारण तत्प्रतियोगित्व विशिष्ट सत्ता में चले जाने से अव्याप्ति वारित हो जाएगी।

साध्याभाव में जो प्रतियोगि वैयधिकरण्य है उसका भी अर्थ प्रतियोगितावच्छेदकावच्छिन्नानधिकरण वृत्ति करना चाहिए। यदि प्रतियोगितावच्छेदकावच्छिन्नानधिकरणवृत्ति अर्थ नहीं करेंगे तो गुणकर्मान्यत्व विशिष्ट जातेः यहाँ अतिव्याप्ति हो जाएगी। साध्याभावाधिकरण गुण में विद्यमान जो विशिष्टसत्ताभाव तत्प्रतियोगी जो विशिष्ट सत्ता, उससे अनतिरिक्त जो शुद्धसत्ता उसका सामानाधिकरण्य ही विशिष्ट सत्ताभाव

है। अतः साध्याभावाधिकरण गुण में विशिष्टसत्ताभाव प्रतियोगी व्यधिकरण नहीं होगा किन्तु जात्यादि में ही होगा, उसमें विद्यमान अभाव पद से जात्यभाव भी गृहीत हो जाएगा तत्प्रतियोगित्व जाति में चला जाएगा। अतः विशिष्ट सत्तावान् जातेः यहाँ अतिव्याप्ति हो जाएगी। जब साध्याभाव घटकीभूत प्रतियोगि वैयधिकरण्य का प्रतियोगितावच्छेदकावच्छिन्न वैयधिकरण्य अर्थ करेंगे तो विशिष्ट सत्ताभाव का प्रतियोगितावच्छेदक जो विशिष्ट सत्तात्व तदवच्छिन्न का वैयधिकरण्य गुणवृत्तिविशिष्ट सत्ताभाव में चला जाएगा। अतः गुण में प्रतियोगि व्यधिकरण विशिष्ट सत्ताभाव रह गया, उसमें जात्यभाव नहीं मिलेगा अतः तत्प्रतियोगित्व जाति में नहीं जाने से अतिव्याप्ति दोष नहीं होगा।

माथुरी

न च पृथिवी कपिसंयोगादित्यादौ पृथिवीत्वाभाववति जलादौ यावत्येव कपिसंयोगाभावसत्वादतिव्याप्तिरितिवाच्यम्, तन्निष्ठपदेन तत्र निरवच्छिन्नवृत्तिमत्त्वस्य विवक्षितत्वात्। इत्थञ्च पृथिवीत्वाभावाधिकरणे जलादौ यावदन्तर्गते निरवच्छिन्न-वृत्तिमान् अभावो न कपिसंयोगाभावः, किन्तु घटत्वाद्यभाव एव, तत्प्रतियोगित्वस्य हेतावसत्त्वान्नातिव्याप्तिः।

इस प्रकार साध्याभाव एवं हेत्वभाव में प्रतियोगिव्यधिकरणत्व का निवेश करना चाहिए। यदि हेत्वभाव में प्रतियोगि वैयधिकरण्य का निवेश नहीं करेंगे तब "एतद्वृक्षत्ववान् कपिसंयोगात्" यहाँ पर अतिव्याप्ति होगी। एतद् वृक्षत्वाभाव रूप साध्याभाव का अधिकरण जो घटादि है उसमें वृत्ति अभाव करके कपिसंयोगाभाव ले लिया जाएगा, तत्प्रतियोगिता-वच्छेदक ही हेतुतावच्छेदक कपिसंयोगत्व हो गया, तद्वत्व के कपिसंयोग में रहने से अतिव्याप्ति दोष हो जाएगा।

एवं साध्याभाव में यदि प्रतियोगि वैयधिकरण्य का निवेश नहीं करेंगे तो "कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात्" यहाँ पर कपिसंयोगाभाव का अधिकरण एतद्वृक्ष होगा, तन्निष्ठाभाव करके एतद्वृक्षत्व का अभाव गृहीत न हो सकेगा, अतः अव्याप्ति दोष का प्रसङ्ग होगा। जब साध्याभाव

में प्रतियोगि व्यधिकरणत्व का निवेश कर देंगे तब जिस वृक्ष में कपिसंयोग विद्यमान है उसमें रहने वाला कपिसंयोगाभाव प्रतियोगिव्यधिकरण नहीं होगा अपितु हेत्वधिकरण से भिन्न भूतलादि देश में ही कपिसंयोगाभाव होगा। उस भूतलादि देश में विद्यमान प्रतियोगिव्यधिकरण एतद्वृक्षत्व रूप हेतु का अभाव गृहीत हो जाएगा, तत्प्रतियोगित्व हेतु में चला जाएगा। अतः उक्त स्थल में अव्याप्ति नहीं होगी।

साध्याभाव में प्रविष्ट प्रतियोगि व्यधिकरण का अर्थ साध्यतावच्छेदक सम्बन्धावच्छिन्न यदभावीय प्रतियोगिनिष्ठ आधेयता का जो निरूपक हो उससे भिन्न में रहने वाला अभाव ही प्रतियोगि व्यधिकरण है ऐसा अर्थ अभिप्रेत है। लक्षण का स्वरूप है–**साध्यतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्न स्वप्रतियोगिनिष्ठ आधेयतानिरूपकाधिकरणभिन्ने वृत्तिः यः साध्याभावः तदधिकरणयावन्निष्ठप्रतियोगिव्यधिकरणाभावप्रतियोगित्वं व्याप्तिः।"** ऐसा लक्षण करने पर कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् यहाँ पर अव्याप्ति नहीं लगेगी। कपिसंयोगाभाव का प्रतियोगी जो कपिसंयोग, उसका अनधिकरण गुण है, उसमें विद्यमान जो कपिसंयोगाभाव रूप साध्याभाव, उसका अधिकरण जो गुणादि उसमें एतद्वृक्षत्व का अभाव विद्यमान है, तत्प्रतियोगित्व एतद्वृक्षत्व में रह गया। इस पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि कपिसंयोग का अनधिकरण जो गुण उसमें विद्यमान जो कपिसंयोगाभाव उसका अधिकरण एतद्वृक्ष भी हो गया। उसमें एतद्वृक्षत्वरूप हेतु का अभाव न मिलने के कारण अव्याप्ति बनी रहेगी, ऐसा नहीं कह सकते इस दोष के परिहार के लिए "स्वप्रतियोग्यनधिकरणवृत्तित्वविशिष्टत्व" विशेषण साध्याभाव में निविष्ट करेंगे। ऐसा करने पर कपिसंयोगाभाव का प्रतियोगी जो कपिसंयोग उसका अनधिकरण गुण हुआ, उसमें रहने वाला जो कपिसंयोग है उसका अधिकरण गुण ही होगा न तु एतद्वृक्ष। अतः प्रतियोगिव्यधिकरण साध्याभावाधिकरण पद से गुण ही लिया जाएगा। उसमें एतद्वृक्षत्वाभाव मिलने के कारण उक्त स्थल में अव्याप्ति दोष नहीं होगा।

कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् यहाँ पर अव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभावाधिकरणता में निरवच्छिन्नत्व का निवेश मथुरानाथ तर्कवागीश ने किया है। उनके अनुसार लक्षण का स्वरूप– **निरवच्छिन्ना या**

साध्याभावाधिकरणता तद्वन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगित्वं व्याप्तिः। इस प्रकार निवेश करने पर द्रव्य में रहने वाली कपिसंयोगात्मक साध्य के अभाव की अधिकरणता सावच्छिन्ना होती है अतः निरवच्छिन्न साध्याभाव की अधिकरणता गुण ही है तादृश साध्याभावाधिकरणीभूत जो गुण तन्निष्ठ अभाव पद से एतद्वृक्षत्व रूप हेतु का अभाव गृहीत हो जाएगा, तत्प्रतियोगित्व एतद्वृक्षत्व में चला जाएगा। अतः अव्याप्ति नहीं होगी। यद्यपि साध्याभावाधिकरणता में निरवच्छिन्नत्व का निवेश कर कपिसंयोगी एतद्वृक्षत्वात् यहाँ यदि अव्याप्ति दोष का वारण करे तो कपिसंयोगाभाववान् सत्त्वात् यहाँ पर साध्य हुआ कपिसंयोगाभाव, साध्याभाव कपिसंयोगाभावाभाव होगा वह कपिसंयोगस्वरूप होने के कारण अव्याप्य वृत्ति पदार्थ होगा, इसकी निरवच्छिन्नाधिकरणता अप्रसिद्ध हो जाएगी। यदि यह कहा जाए कि कपिसंयोगाभाव सर्वत्र विद्यमान होने के कारण केवलान्वयि है और केवलान्वयि साध्यकस्थल में इस लक्षण की अव्याप्ति ग्रन्थकार को सहमत है, कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् यहाँ पर साध्याभाव, कपिसंयोगिभेदाभाव होगा वह भी कपिसंयोगस्वरूप ही होगा, उसकी निरवच्छिन्न अधिकरणता अप्रसिद्ध होगी।

माथुरी

न चैवमन्योन्याभावस्य व्याप्यवृत्तितानियमनये द्रव्यत्वाभाववान् संयोगवद्भिन्नत्वादित्यादेरपि सद्धेतुतया तत्राव्याप्तिः, संयोगवद्भिन्नत्वाभावस्य संयोगरूपस्य निरवच्छिन्नवृत्तेरप्रसिद्धेरितिवाच्यम्, अन्योन्याभावस्य व्याप्यवृत्तितानियमनयेऽन्योन्याभावस्याभावो न प्रतियोगितावच्छेदकस्वरूपः, किन्त्वतिरिक्तो व्याप्यवृत्तिः, अन्यथा मूलावच्छेदेन कपिसंयोगिभेदाभावभानानुपपत्तेरिति संयोगवद् भिन्नत्वाभावस्यापि निरवच्छिन्नवृत्तिमत्वात्।

यहाँ पर मन्तव्य है कि जो लोग अन्योन्याभाव को व्याप्यवृत्ति मानते हैं उनके मत में यह स्थल व्याप्यवृत्तिसाध्यक होने पर भी केवलान्वयि नहीं हो सकता, क्योंकि स्व में स्व का भेद स्वीकार नहीं किया जाता, अतः कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् इस अव्याप्ति को

केवलान्वयिसाध्यकस्थलीय अव्याप्ति नहीं कह सकते। इस पर यह कहा जाता है कि अन्योन्याभाव को जो लोग व्याप्यवृत्ति मानते हैं उनके मत में घटादिभेदाभाव के घटत्वस्वरूप होने पर भी कपिसंयोगिभेदाभाव कपिसंयोगस्वरूप नहीं होता किन्तु अतिरिक्त अभाव रूप ही स्वीकार किया जाता है तथा उसकी निरवच्छिन्नाधिकरणता द्रव्य में प्रसिद्ध हो जाती है, उस द्रव्य में गुणत्वात्मक हेतु का अभाव मिलने से कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् यहाँ पर अव्याप्ति वारित हो जाएगी।

जिस प्रकार से अव्याप्यवृत्ति साध्यकस्थल में अव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभावाधिकरण में निरवच्छिन्नत्व का निवेश किया गया है उसी प्रकार अव्याप्यवृत्ति हेतुक पृथिवी कपिसंयोगात् इत्यादि स्थल में अतिव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभावाधिकरण निष्ठ अभाव को भी निरवच्छिन्न वृत्तिमान् कहना चाहिए। ऐसा कहने पर लक्षण का स्वरूप इस प्रकार होगा– **निरवच्छिन्ना या यावत् साध्याभावाधिकरणता तद्वन्निष्ठ निरवच्छिन्नवृत्तिमान् योऽभावः तत्प्रतियोगित्वं व्याप्तिः।**

लक्षणघटक साध्याभावाधिकरण निष्ठाभाव में यदि निरवच्छिन्न वृत्तिमत्त्व का निवेश नहीं करेंगे तो पृथिवीत्वाभावाधिकरण जलनिष्ठ अभाव पद से कपिसंयोगात्मक हेतु का अभाव भी गृहीत हो जाएगा, तत्प्रतियोगित्व कपिसंयोग में रह जाने से इस लक्षण की अतिव्याप्ति हो जाएगी। जब तादृशाभाव में निरवच्छिन्न वृत्तिमत्व का प्रवेश कर देंगे तब पृथिवीत्वाभावाधिकरण जल में निरवच्छिन्न वृत्तिमान् अभाव पद से कपिसंयोगाभाव गृहीत नहीं हो सकेगा। जल में देश, काल के भेद से कपिसंयोग विद्यमान है। अतः जल में रहने वाला निरवच्छिन्न अभाव कपिसंयोगात्मक हेतु का अभाव निरवच्छिन्न वृत्तिमान् नहीं होगा किन्तु तादृश जल में निरवच्छिन्न वृत्तिमान् अभाव घटत्वाभाव ही होगा, तत्प्रतियोगित्व घटत्व में रहेगा न कि कपिसंयोग में, अतः अतिव्याप्ति नहीं होगी।

माथुरी

वस्तुतस्तु सकलपदमत्राशेषपरम्, न त्वनेकपरम्, एतद्घटत्वाभाववान् पटत्वादित्याद्येकव्यक्तिविपक्षके साध्या-

भावाधिकरणस्य यावत्वाप्रसिद्ध्या अव्याप्त्यापत्तेः, तथा च किञ्चिदनवच्छिन्नाया निरुक्तसाध्याभावाधिकरणताया व्यापकीभूतो योऽभावः, हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नतत्प्रतियोगितावच्छेकहेतुतावच्छेकवत्वं लक्षणार्थः।

"न च सत्वादिसामान्याभावस्यापि प्रमेयत्वादिना निरुक्तसाध्याभावाधिकरणताया व्यापकत्वात् द्रव्यं सत्त्वादित्यादावतिव्याप्तिः। तद्वन्निष्ठान्योन्याभावप्रतियोगितानवच्छेदकत्वं व्यापकत्वमित्युक्तौ तु निर्धूमत्ववान् निर्वह्नित्वादित्यादावव्याप्तिः, निर्वह्नित्वाभावानां वह्निव्यक्तीनां सर्वासामेव चालनीयन्यायेन निर्धूमत्वाभावाधिकरणतावन्निष्ठान्योन्याभावप्रतियोगितावच्छेदकत्वादिति वाच्यम्, तादृशाधिकरणताया व्यापकतावच्छेदकं हेतुतावच्छेदकसम्बन्धावच्छिन्नयद्धर्मावच्छिन्नाभावत्वं तद्धर्मवत्वस्य विवक्षितत्वात्।

व्यापकतावच्छेदकत्वन्तु तद्वन्निष्ठात्यन्ताभावप्रतियोगितानवच्छेकत्वम्, न तु तद्वन्निष्ठप्रतियोगिव्यधिकरणाभावप्रतियोगितानवच्छेदकत्वम्, तद्वति निरवच्छिन्नवृत्तिमान् योऽभावस्तत्प्रतियोगितानवच्छेदकत्वं वा, प्रकृतव्यापकतायां प्रतियोगिवैयधिकरण्यस्य निरवच्छिन्नवृत्तित्वस्य वा प्रवेशे प्रयोजनविरहात्। तेन पृथिवी कपिसंयोगादित्यादौ नातिव्याप्तिः। कपिसंयोगाभावत्वस्य निरुक्तव्यापकतावच्छेदकत्वविरहादित्येव परमार्थः।

यहाँ पर यह प्रश्न उपस्थित होता है कि यदि पृथिवी कपिसंयोगात् में अतिव्याप्ति वारण करने के लिए साध्याभावाधिकरण निष्ठाभाव में निरवच्छिन्न वृत्तिमत्व का निवेश करेंगे तो "द्रव्यत्वाभाववान् संयोगवद् भिन्नत्वात् यहाँ पर द्रव्यत्व स्वरूप जो द्रव्यत्वाभावाभाव साध्याभाव है, उसका निरवच्छिन्नाधिकरण जो द्रव्य है, उसमें संयोगस्वरूप

संयोगवद्भिन्नत्वाभावरूप जो हेत्वभाव है, वह द्रव्य में अव्याप्यवृत्ति होकर रहता है, अतः निरवच्छिन्नवृत्तिमदभाव पद से उस अभाव का ग्रहण नहीं हो सकेगा। अतः द्रव्यत्वाभाववान् संयोगवद्भिन्नत्वात् इस स्थल में अव्याप्ति दोष होगा। यहाँ भी जो समाधान कपिसंयोगिभिन्नं गुणत्वात् में है वही समाधान यहाँ भी हो सकेगा। यहाँ भी अन्योन्याभाव को व्याप्यवृत्तित्व स्वीकार करने पर संयोगवद्भिन्नत्वाभाव रूप हेत्वभाव संयोगात्मक प्रतियोगितावच्छेदक स्वरूप नहीं हो सकेगा किन्तु अतिरिक्त अभावस्वरूप ही रहेगा। अथ च वह अभाव व्याप्यवृत्ति होगा। अतः साध्याभावाधिकरणतावन्निष्ठ निरवच्छिन्नवृत्तिमदभाव पद से संयोगवद् भिन्नत्वाभाव का भी ग्रहण हो जाने के कारण अव्याप्ति नहीं होगी।

प्रकृत लक्षण में यह भी विचारणीय है कि लक्षणघटकीभूत सकल पद अनेकार्थक है अथवा अशेषार्थक है। यदि सकल पद को अनेकार्थक मानेंगे तो "एतद् घटत्वाभाववान् पटत्वात्" इस एक व्यक्ति विपक्षकस्थल में एतद्घटत्वाभावाभावरूप साध्याभाव का अधिकरण चूँकि एक एतद्घट है उसमें सकल पदार्थ अनेकत्व अप्रसिद्ध हो जाएगा।

अशेष अर्थ करने पर समस्त साध्याभावाधिकरण लब्ध होता है। जहाँ अनेक साध्याभावाधिकरण लब्ध होता है। जहाँ अनेक साध्याभाव के अधिकरण हैं वहाँ सकल साध्याभावाधिकरण पद से समस्त साध्याभावाधिकरण का बोध होगा एवं जहाँ साध्याभाव का अधिकरण एक ही है वहाँ सकल साध्याभावाधिकरण से उसी का बोध कराएगा। अतः किसी प्रकार की अनुपपत्ति नहीं होगी।

अथ सकल पद का यावत् अर्थ नहीं करके अशेष अर्थ करेंगे तब लक्षण का स्वरूप–निरवच्छिन्न साध्याभावाधिकरणता का व्यापकीभूत जो अभाव तत्प्रतियोगितावच्छेदक हेतुतावच्छेदकवत् ही व्याप्ति का लक्षण बनेगा।

